शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar




Volume 3, Issue 5, September-October-2020

# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

**International Scientific Refereed Research Journal**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

ISSN : 2581-6306

Volume 3, Issue 5, September-October-2020

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board


**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia
- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda
- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom
- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)

- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland

- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA

- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia

- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA

- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova

- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas

- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt

- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan

- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia

- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria

- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia

- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania

- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh

- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq

- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng

- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya

- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India
- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India
- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India
- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India
- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India
- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India
- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India
- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India
- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India
- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India
- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India
- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India
- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India
- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **अनुकूल गुण परिणाम - एक समीक्षा**<br>स्निता देवी | 01-05 |
| 2 | **आधाराधेयविचारः**<br>विपिन कुमार | 06-13 |
| 3 | **संस्कृत साहित्य में वर्णित राजधर्म की वर्तमानकालिक प्रासंगिकता**<br>डॉ. दिनेश शर्मा | 14-20 |
| 4 | **भारत का अभ्युदय**<br>Kirit Debnath | 21-28 |
| 5 | **भट्टनागेशरीत्या लक्षणातत्त्वविमर्शः**<br>विदुषी बोल्ला | 29-37 |
| 6 | **पुरुषार्थचतुष्टयः**<br>साधुः मुनिवत्सलदासः | 38-43 |
| 7 | **मोनपा जनजाति में प्रचलित लोकविश्वास (शव काटनेवाला आदमी उपन्यास के विशेष संदर्भ में)**<br>दिगंत बोरा | 44-47 |
| 8 | **श्रीमद्भगवद्गीतायाः दार्षनिकसिद्धान्तानां वर्तमाने उपादेयता**<br>सुमन | 48-56 |
| 9 | **प्रेमचंद की ग्रामीण चेतना ('सद्गति' कहानी के विशेष संदर्भ में)**<br>प्रदीप कुमार साव | 57-60 |
| 10 | **'नौकर की कमीज़', व्यवस्था और मुक्तिबोध**<br>आराधना साव | 61-66 |
| 11 | Moral Implication of Jaspers Existentialism in Modern Society<br>Pandey Kumari Neelam Dayashankar | 67-69 |
| 12 | **सौन्दर्यसप्तशती में सांस्कृतिक तत्व**<br>खुशबू ठाकुर | 70-79 |
| 13 | **भारतीय संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव**<br>मदालसा मणि त्रिपाठी | 80-84 |
| 14 | Individual Private Initiative in Primary Education in Colonial Delhi (1910-1947)<br>Akanshi Vidyarthi | 85-95 |
| 15 | **बच्चों का नैतिक विकास**<br>(Moral Development of Children)<br>कमलावती कुमारी | 96-101 |
| 16 | **दिल्ली सल्तनत के अधीन ललित कलाओं का विकास (13वीं-14वीं शताब्दी)**<br>अंकुर वर्मा | 102-108 |

| | | |
|---|---|---|
| **17** | **सल्तनतकाल में औद्योगिक तकनीक का विकास**<br>साक्षी मिश्रा | 109-115 |
| **18** | **जीते-मरते गांधी : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधीवाद पर विचार**<br>गौरव | 116-121 |
| **19** | **कृदन्तविमर्श- आचार्य विश्वेश्वर की दृष्टि में**<br>भूपेन्द्र, डॉ.सत्यपाल सिंह | 122-126 |
| **20** | **छायावाद**<br>डॉ. राजेश कुमार मिश्र | 127-131 |
| **21** | **दैनिक जीवन की मनोविकृतियाँ : फ्रायड के नज़रिए से**<br>कमलावती कुमारी | 132-136 |
| **22** | **काव्य-शब्दशास्त्रयोः ध्वनिसिद्धान्तविमर्शः**<br>रामकुमारी | 137-144 |
| **23** | **हिन्दू विधि (लाॅ) के प्राचीन स्रोत के रूप में श्रुतियों और स्मृतियों का महत्त्व**<br>डॉ. सर्वेश कुमार | 145-150 |
| **24** | **शैक्षिक गुणवत्ता और शिक्षकीय कौशल**<br>डॉ. विनय कुमार | 151-155 |
| **25** | **कविव्यापारवक्रत्वप्रकारम्**<br>नर्मदा बेहेरा | 156-158 |
| **26** | **पातंजल योगदर्शन में प्राणायाम का स्वरूप**<br>डॉ० उमाकान्त यादव | 159-163 |
| **27** | **उत्तर प्रदेश में गरीबों हेतु योजनाँ: एक विश्लेषण**<br>डॉ. मनमोहन प्रसाद पाण्डेय | 164-187 |
| **28** | **भारतीयप्राचीनमूल्यविचार:**<br>डा. इक्कुर्ति वेङ्कटेश्वर्लु | 188-195 |
| **29** | **परिभाषानिसरनस्थानकृत आन्तर्यस्य बलीयस्यश्च विमर्शः**<br>डॉ. जगदीश प्रसाद जाटः | 196-211 |
| **30** | **राष्ट्रस्य महत्त्वं वैदिकग्रन्थेषु प्रायुख्येन वर्णितम्**<br>डॉ. मुकेश कुमार डागरः | 212-232 |
| **31** | **ब्राह्मणग्रन्थेषु गो महिमा**<br>डॉ. नानूराम जाटः | 233-260 |
| **32** | **राज्य के सप्तांगों में कोष की महत्ता**<br>डॉ. आरती यादव | 261-273 |
| **33** | **शिवराजविजय में प्रतिपादित भौगोलिक परिदृश्य**<br>डाॅ॰ सुजीत कुमार | 274-278 |
| **34** | **शक्तिनिरूपणम्**<br>डॉ. सुभाषचन्द्र मीणा | 279-286 |
| **35** | **उपसर्ग-निपातार्थ विवेचनम्**<br>डॉ. सांवरिया लाल शर्मा | 287-290 |
| **36** | **भारत द्वारा सुरक्षा की खोज**<br>मदन कुमार वर्मा | 291-294 |

| | | |
|---|---|---|
| **37** | **काव्यप्रकाश के आलोक में कालिदास समीक्षा**<br>डॉ. नंदिता मिश्रा | 295-303 |
| **38** | **भाषाविज्ञानदृष्ट्या मैथिलीसंस्कृतभाषयोः ध्वनितत्त्वानुशीलनम्**<br>गौतमकुमारराजहंस: | 304-314 |
| **39** | **वैदिक संस्कृति में चिकित्सा विज्ञान**<br>डॉ. ज्योति कपूर | 315-318 |
| **40** | **महाभारत के आदिपर्व में वर्णित राजधर्म: एक अध्ययन**<br>डॉ. अशोक कुमार वर्मा | 319-323 |
| **41** | **उपसर्गाः**<br>डॉ. सन्तोष माझी | 324-329 |
| **42** | **महाभाष्यवचनाच्च सर्वेषां शब्दानां धातुप्रत्यनिष्पन्नत्वात् को नाम धात्वर्थ ?**<br>डॉ. छगन लाल महोलिया | 330-331 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# अनुकूल गुण परिणाम – एक समीक्षा



**सरिता देवी (नेट)**
(शोधच्छात्रा) संस्कृत
शिब्ली नेशनल पी.जी. कालेज, आजमगढ़
यूनिवर्सिटी (पूर्वान्चल), उत्तर प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 01-05
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 01 Sep 2020
Published : 06 Sep 2020

**शोध आलेख सार**

आसन के अभ्यास के लिए आवश्यक शारीरिक और मानसिक स्थिरता पाने के लिए इस आसन का उपयोग होता है। इसमें मस्तिष्क की पेशियों में बिना बाधा के रक्त की आपूर्ति के कारण उसमें झोंके कम होती हैं, स्पंदन कम होते है, स्थिरता आ जाती है और तटस्थ वृत्ति उत्पन्न होती है। यहीं तटस्थता और निर्बाधता आगे के आसन अभ्यास की ठोस नींव बनती है। इस आसन से पूरा शरीर ताजा रहता है विशेष रूप से रीढ़ की हड्डियाँ और मज्जारज्जु तन जाने से शरीर का आलस्य दूर होकर मस्तिष्क फुर्तीला बनता है। अधोमुख श्वानासन के ये दो प्रकार के दोहरे लाभ ध्यान रखकर प्रातः अभ्यास के आरंभ में यह आसन करने से मन और शरीर तरोताजा बनकर कार्यशील हो जाता है। सायंकाल में आसनाभ्यास के आरंभ करने से शरीर और मन स्थिर होने में सहायता मिलती है।

**मुख्य शब्द** – अनुकूल, गुण, परिणाम, शारीरिक, मानसिक, प्रकृति, आसन, अभ्यास, मन।

---

आज के भाग–दौड़ भरे जीवन में मन की शांति के लिए संसार त्याग करके दूर कहीं एकांत में न जाकर क्या अपने भीतर ही उचित बदलाव लाना संभव है ? आसनकर्ता ऋषियों ने इस बात का विचार किया था।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

प्रकृति के त्रिगुण (सत,रज और तग) मनुष्य के शरीर मन, बुद्धि, चित्त, हृदय और स्वभाव पर अत्यंत सहज रूप में अलग–अलग प्रभाव डालते हैं। इनके कारण उसका आचार–व्यवहार, विचार, रूचि–अरूचि आदि में क्षण–क्षण बदलाव आता रहता है। एक प्रकार की अस्थिरता उत्पन्न हो जाती है। इसके विपरीत अध्ययन के लिए या साधना के लिए – चाहे व शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या आत्मिक एकाग्रता एवं स्थिरता की, तटस्थ वृत्ति और शांति की।

योगाभ्यास के लिए शरीर चुस्त और मन प्रसन्न होना चाहिए। अति उत्साहित शरीर और मन अभ्यास में अवरोध पैदा करता है। दैनिक जीवन में भी शरीर को चुस्त और मन शांत अर्थात शरीर क्रियाशील और मन शांतिशील रखने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए अधोमुख श्वानास, आसन उपयुक्त सिद्ध होते हैं। देहबल और मनोबल दोनों का विकास करके और उनमें समन्वय व संतुलन बनाये रखने के लिए, साथ ही इन दोनों के बल का प्रयोग अपनी जरूरत के अुनसार करने की क्षमता प्राप्त करने के लिए इन आसनों की उत्पत्ति हुई है।

**अधोमुख श्वानासन –**

अध यानी, मुख अर्थात् मुँह श्वान यानी कुत्ता। मुँह नीचे किए हुए शरीर को तानकर खड़े कुत्ते के समान यह आसन दीखता है।

रात भर रखवाली करके कुत्ता सो जाता है और नींद से उठने पर खड़ा होकर अगले पैरों से पीछे के पैरों की ओर शरीर को तानता है और क्षण भर में ताजा–फुरतीला होकर दौड़ने लगता है। तमोगुण छोड़कर रजोगुण स्वीकार करता है। प्रकृति के अत्यंत मामूली से लगने वाले प्राणी में स्थित इन गुणों को समझने पर उसकी ओर देखने की हमारी दृष्टि बदल देती है। अपने भीतर का अहं टूट जाता है और जिन्होंने कुत्ते जैसे प्राणी की गतिविधियों का इतनी बारीकी से निरीक्षण किया, उन ऋषियों के प्रति आदर की भावना जाग्रत हो जाती है।

**विधि –**

1. पैर के घुटनों को जरा सा मोड़कर साँस छोड़ते हुए दोनों हथेलियाँ कदमों के सामने जमीन पर टिकाइए। दोनों तलवों में एक से डेढ़ फीट का अंतर रखिए। हाथ की उँगलियाँ फैला दीजिए। बीच की उँगली सामने रखिए और अँगूठा व तर्जनी का बगल की तरफ फैलाइए।
2. जरा सी साँस लीजिए और फिर से छोड़िए। दायाँ और बायाँ पैर क्रम से हाथ से चार से साढ़े चार फीट का अंतर के फासले पर पीछे ले जाइये। दोनों कदमों में एक से डेढ़ फीट का अन्तर रखिए। कदमों की उँगलियाँ सामने और अंदर की तरफ के किनारे, साथ ही बायाँ हाथ और पैर एक–दूसरे के समान्तर रखिए। दायाँ और बायाँ पैर भी रेखा में रखिये। चाहे जमीन पर रेखा खींचकर उसपर खड़े रहें अथवा हाथ या पैर की ओर देखकर उन्हें एक सीध में लाइये। एक–दो सामान्य साँस लीजिए।

3. साँस छोडते हुए धड़ का भाग ऐसे कड़ा करके अंदर की तरफ धकेलिए कि कंधे के पंखे अवतल (कॉनकेव) हो जाएँगे और सिर अंदर की ओर अर्थात् पैरों की तरफ जायेगा। साथ ही धड़ कंधे से कूल्हों की ओर ऊपर उठाया जायेगा।
4. अब कुहनी और घुटनों को कड़ा करते हुए, दीर्घ (लंबी) साँस छोड़ते हुए जाँघों को पीछे धकेलिए, धड़ को ऊपर तानिए और पीठ की ओर से सीने को आगे फैलाते हुए तालू को जमीन पर टिकाइए।
5. इस पूर्ण स्थिति में सामान्य श्वासोच्छ्वास करते हुए 20 से 30 सेकण्ड रूकिए। आगे चलकर इसकाल को एक मिनट या उससे अधिक बढ़ाइए।
6. साँस लेते हुए सिर को जमीन से ऊपर उठाइये। घुटनें से पैर को झुकाकर क्रमशः पैरों को आगे लाइए और समस्थिति में आइए। इस आसन में अगले नियमों को ध्यान में रखिए।

हथेली को जमीन पर दबाकर धड़ का पैर की ओर धकेलने के लिए बगल का भाग ऊर्ध्वहस्तासन के समान तानिए और लंबा कीजिए। पैर को कड़ा बनाने की क्रिया प्रत्येक आसन में ध्यानपूर्वक करनी होगी। पैर को मात्र सीधा करना कड़ा करना नहीं है। पैर को कड़ा (सख्त) करते हुए उसे गोलाकार घुमाने की क्रिया महत्वपूर्ण है। उसके लिए जाँघ और पिंडली के मांसल भाग की गोलाई (वृत्ताकार) देते हुए हड्डियों को कड़ा करना होगा।

नव प्रशिक्षिओं को पहले पैरों के घुटनों को कड़ा करना पड़ता है। उससे मांसल भाग का हिलना–डुलना खुला हो जाता है, वरना स्नायुएँ कड़ी हो जाती है। पैरों को घुटना, पिंडली के आगे की हड्डी और जाँघ को क्रम से कड़ा करने की उच्छ्वास के बाद करनी चाहिए। घुटने की चकती (नी कॅप) को अन्दर की ओर धकेलिए और मंदिरशिरा को तानिए। पिंडलियाँ अंदर की ओर के किनारों से बाहरी किनारों की ओर गोलाकार घुमाइए और पिंडली के आगे के भाग के पीछे खुली तनी स्नायुओं की ओर धकेलिए।

हालाँकि जाँघ एकावयव होती है, फिर भी उसे तानते समय जाँघ का शारीरिक विभाजन करना है – जैसे जाँघ का अगला हिस्सा और पिछला भाग, अंदर के और बाहरी किनारे। पहले जाँघों के पिछले भाग अंदर से बाहर के किनारों की ओर और अगले भागों को अंदर के किनारों की ओर गोलाकार घुमाइये और किनारों को आगे से पीछे धकेलिए। लेकिन जाँघ, घुटना और पिंडली के मध्य को एक सीध में रखिए। परन्तु गोलाकार घुमाते समय इस मध्य को हिलने न दें।

पिंडली में नस चढ़ना, दर्द होना, मरोड़ आना, मोच आना या सिकुड़न जाना या साइटिका जैसे विकारों में भी पैर को खींचने की क्रिया को ध्यान में रखना जरूरी है। इस क्रिया से शरीर में रक्त–संचरण ठीक हो जाता है और शक्ति का प्रवाह बना रहता है। पैरों को खींचने की क्रिया को कम महत्व मानकर उसे दुर्लक्षित करने का असर विपरीत होता है, जो रीढ़ और स्नायु पर दिखने लगता है। इसलिए कोई भी आराम

करते समय लापरवाही न बरतें। प्रत्येक स्थिति को ध्यानपूर्वक और लगन से करें। जैसे – सिर को जमीन पर टिकाने की आखिरी क्रिया जल्दबाजी में न करें। पहले पैर को व्यवस्थित रूप से रखकर उसे कड़ा करने पर ध्यान दें।

कूल्हों को ऊपर खींचते समय उन्हें ऊँचा करके चौड़ाई में फैलाना है। हाथ कड़ा करते समय हथेली को सिकुड़ने न दें। उसे पूर्णतः फैला हुआ रखकर कुहनी–संधि को ऊपर उठाँए। पीछे से सीने को आगे धकेलने की और सीने को फैलाने की क्रिया हाथों का उचित उपयोग करके करनी होगी। हाथ को इस क्रिया से छाती का विस्तार अपने आप होता है।

नीचे जमीन की ओर गिरने वाले हाथ को ऊपर उठाकर रखें और बगल को तानें कंधे के पंखे को अंदर की तरफ दबाकर सीने और उदर को ऊपर की ओर खींचिए। धड़ छत की ओर और सिर जमीन की ओर, इस प्रकार विपरीत तनाव से यह क्रिया पूरी करनी है। यानी गर्दन की स्नायुओं पर या रीढ़ की हड्डियों पर ज्यादा तनाव नहीं आता। इस सबको साधते हुए मुख्य कठिनाई आती है जमीन पर हाथ या पैर फिसलने की। उसके उपाय है – दो प्रकार से आधार लेना – 1, एड़ियाँ दीवार पर सटाकर, 2. हथेली दीवार से लगाकर।

**आधार (सहारा) लेकर अगली तीन क्रियाएँ कीजिए –**

**(क)** हाथ जमीन पर टिकाएँ और पैरों को दीवार पर लगाएँ। एड़ियेँ को दीवार की ओर, तलवे का अगला हिस्सा जमीन पर टिकाएँ। इससे फिसलने वाले पैरों को ब्रेक लगाया जाता है और ऊपर की क्रियाएँ की जाती हैं। एड़ियाँ जमीन पर अगर टिक नहीं सकतीं तो उनके लिए भी उपाय है। पैरों के पीछे का पिछला भाग तन जाने पर एड़ियों को टिका सकते हैं।

**(ख)** हाथ के पंजे जरा सा बाहर घुमाकर, अँगूठा और उसके पास की उँगली, तर्जनी को पूरी तरह से फैलाकर दीवार से लगाइये/ टिकाइए या दो ईटें अथवा उस आकार का संदूक दीवार से सटाकर हथेली की कलाई के पास का किनारा ऊपर की वस्तुओं के किनारे पर दबाकर धड़ के सन्दर्भ में ऊपर बताई हुई क्रियाएँ की जा सकती हैं।

**(ग)** सहारा लेकर की गई ऊपर की तीनों क्रियाओं के कई असर होते हैं। पैरों के आकार में सुघड़ता और चपलता आती है। सीना फैलाकर चौड़ा होने के कारण दमे के रोगी को या शारीरिक परिश्रम से थके हुए व्यक्ति की श्वसन–क्रिया दीर्घ, खुली और सहज हो जाती है। छात्र और बुद्धिजीवियों को भी मस्तिष्क की थकान मिटाने में यह आसन लाभकारी है। सिर का सहारा लेकर टेकने से मस्तिष्क में रक्त–संचार होकर उत्पन्न होता है। परिश्रम से बढ़ा हुआ हृदय स्पंदन या उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण हो जाता है। सिरदर्द (माइग्रेन), अम्लपित्त आदि विकारों पर भी यह उपयोगी है। मासिक धर्म के समय शरीर दर्द, स्तनभार, अतिस्राव जैसे विकारों पर महिलाओं के लिए यह आसन उपयुक्त है। दफ्तर में काम करने से आई मानसिक

थकान, लंबी बीमारी के बाद की अशक्तता, दुर्बलता अथवा पढ़ाई के कारण आई दिमागी थकान को दूर करने के लिए और अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए यह आसन उपयुक्त है।

आरंभिक उल्लेख के अनुसार आसन के अभ्यास के लिए आवश्यक शारीरिक और मानसिक स्थिरता पाने के लिए इस आसन का उपयोग होता है। इसमें मस्तिष्क की पेशियों में बिना बाधा के रक्त की आपूर्ति के कारण उसमें झोंके कम होती हैं, स्पंदन कम होते है, स्थिरता आ जाती है और तटस्थ वृत्ति उत्पन्न होती है। यहीं तटस्थता और निर्बाधता आगे के आसन अभ्यास की ठोस नींव बनती है। इस आसन से पूरा शरीर ताजा रहता है विशेष रूप से रीढ़ की हड्डियाँ और मज्जारज्जु तन जाने से शरीर का आलस्य दूर होकर मस्तिष्क फुर्तीला बनता है। अधोमुख श्वानासन के ये दो प्रकार के दोहरे लाभ ध्यान रखकर प्रातः अभ्यास के आरंभ में यह आसन करने से मन और शरीर तरोताजा बनकर कार्यशील हो जाता है। सायंकाल में आसनाभ्यास के आरंभ करने से शरीर और मन स्थिर होने में सहायता मिलती है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

(1) पुरी अंजलि, योग मंजरी।

(2) पाण्डेय, गोविन्द चन्द, वैदिक संस्कृति माण्डूक्योपनिषद्।

(3) उमेश जोशी, भारतीय संगीत का इतिहास ।

(4) रावत,, रामदयाल, योग साधना।

(5) स्वात्मराम, स्वामी, हठ प्रदीपिका।

(6) मनुस्मृति।

(7) वैदालकार, जगन्नाथ, श्री अरविन्द योग समन्वय, श्री भरविन्द आश्रम, पाण्डिचेरी, 1990।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# आधाराधेयविचारः



विपिन कुमार
शोधच्छात्रः,
श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः,
गुजरात, भारतम्।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 06-13
Publication Issue :
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 23 Sep 2020

**शोध आलेख सार**

संस्कृतभाषा विभक्तिप्रधाना अर्स्ति, तथा च वाक्यार्थः विभक्त्याधीनं भवति। पाणिनीय व्याकरणे प्रस्तुतेषु बहुषु प्रकरणेषु अन्यतमं प्रकरणं व्याकरणशास्त्रस्य हृदयभूतं चकास्ति कारकप्रकरणम्। इदं कारकम् षड्विधम्। एतेषु कारकेषु अन्तिमं कारकाधिकरणं अधिकरणकारकमिति।

**मुख्यशब्दः –** आधाराधेयविचारः, संस्कृतभाषा, विभक्तिः,पाणिनिः,कारकप्रकरणम्।

---

संस्कृतभाषा विभक्तिप्रधाना अर्स्ति, तथा च वाक्यार्थः विभक्त्याधीनं भवति। विभक्त्याः विषये उक्तम्–**संख्याकारकबोधयित्री विभक्तिः** अर्थात् यया संख्याकारकयोः बोधः जायते सा विभक्तिः। विभक्तिः यस्य कारकस्य बोधं कारयति तदेव कारकस्य पृथक्–पृथक् रूपेण वर्ण्यते–**क्रियाजनकत्वं कारकत्वम्** यः क्रियां निष्पादयति तदेव कारकम्। एतेषु अन्वयार्थं कारकाणां क्रियासु साक्षादन्वयः आवश्यकमस्ति।अतः उच्यते–**साक्षात् क्रियान्वयित्वं कारकत्वम्**। आचार्यः पाणिनिः कारकस्य कापि स्पष्टा परिभाषा नैव चकार परत्रच **"कारके"** इत्यनेन कारकपदार्थं दर्शयति।**'कारके'** इत्यारभ्य **'तत्प्रयोजको हेतुश्च'** इति यावत् कारकाणां संख्या षड् सन्ति।तद्यथा–**1.कर्ता 2.कर्म 3. करणम् 4.सम्प्रदानम् 5.अपादानम् 6.अधिकरणम्**

एतानि कारकाणि क्रियाभिः साक्षात्सम्बन्धकारणेन मन्यन्ते। 'सम्बन्ध' इत्यस्य क्रियया साक्षात्सम्बन्धःन भवति। अतः कारकं न मन्यते। एवमेव सम्बोधनमपि कारकं न मन्यते।तद्यथा–

**कर्ता कर्म च करणं च सम्प्रदानं तथैव च ।**

**अपादानाधिकरणमित्याहुः कारकाणि षट्।।**[1]

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वाक्यपदीये कारकम् 'साधनम्'इत्यपि नाम्ना भर्तृहरिः उवाच–

**स्वाश्रये समवेतानां तद्वदेवाश्रयान्तरे।**

**क्रियाणामभिनिष्पत्तौ सामर्थ्यं साधनं विदुः।।**[2]

कारकम् 'सुबर्थः' 'विभक्त्यर्थः'च नामयोरपि अभिधीयते।कारकम् विभक्त्यर्थः,विभक्तयः कारकाणि स्पष्टीकरणाय चिह्नानि सन्ति।कारकविभक्त्यौ चान्तरा एवमपि वैभिन्यता भवति यत् कुत्रचित् कारकाणि भिन्नानि भवन्ति,कुत्रचित् विभक्तयः पृथगेव भवन्ति।यथा–कर्तृवाच्ये कर्तरि प्रथमा विभक्तिः,कर्मणि द्वितीया तथा च क्रिया कर्त्रनुसारं भवति।कर्मवाच्ये कर्तरि तृतीया विभक्तिः,कर्मणि प्रथमा विभक्तिः,क्रिया च कर्मानुसारं भवति।एतादृशेषु वैषम्यस्थलेष्वपि सम्यगवबोधनाय कारकज्ञानमावश्यकम्। सहैव वाक्यनिर्मितसाहित्यिकरचनाः कारकज्ञानेन सारल्येनावगन्तुं शक्नुमः।

पाणिनीय व्याकरणे प्रस्तुतेषु बहुषु प्रकरणेषु अन्यतमं प्रकरणं व्याकरणशास्त्रस्य हृदयभूतं चकास्ति कारकप्रकरणम्। इदं कारकम् षड्विधम्। एतेषु कारकेषु अन्तिमं कारकाधिकरणं अधिकरणकारकमिति।

अधिकरणकारकमधिकृत्य स्तोकमिव विषयः उपस्थाप्यते।

**किन्नाम अधिकरणम्?** इति प्रश्नस्य समाधाने भगवता पाणिनिना प्राह **'आधारोऽधिकरणम्'**[3]। सूत्रमिदं अधिकरण कारकस्य लक्षणप्रतिपादकमस्ति।

**यः आधारस्तदधिकरणम्**[4]

**<u>सूत्रविमर्शः–</u>आधारोऽधिकरणम**

पदच्छेदः– आधारः प्रथमैकवचनम्, अधिकरणम् प्रथमैकवचनम्

अनुवृत्तिः –कारके

सूत्रार्थः– कर्तृकर्मद्वारा तन्निष्ठक्रियायाः आधारः कारकम् अधिकरणसंज्ञः स्यात्।[5] कर्तृरि विद्यमान क्रियायाः कर्मणि विद्यमान फलस्य वा आधारः अधिकरणसंज्ञको भवतीति फलितार्थः।

अधिकरणसंज्ञा एकेनैव सूत्रेण विहिता। यदा अधिकरणसंज्ञा प्रवृत्ता भवति तदा 'सप्तम्यधिकरणे च' इत्यनेन सूत्रेण अधिकरणे सप्तमी भवतीति। चकारात् दूरान्तिकार्थेभ्यः।

यद्यपि साक्षात् क्रियान्वयित्वं कर्तृकर्मणोरेव तथापि 'क्रियाश्रयोः कर्तृकर्मणोः धारणाद् परम्परया क्रियां प्रति आधारः यत्कारकं तदधिकरणसंज्ञामिति सूत्रार्थः भट्टोजिदीक्षितानामभिमतम्।

नागेशभट्टरीत्या अस्य सूत्रस्य कारकाधिकारे पाठात् क्रियाजनके एव एतत्प्रवृत्या उपस्थिततत्वादेव आधारः क्रियायाः एव गृह्यते।

नागेशभट्टस्तु एतस्य साक्षात्क्रियापरिच्छेदकत्वेन तस्य क्रियाधिकरणत्वसम्भवेपि कर्तृकर्मद्वारैव अधिकरणसंज्ञा भवति, न तु साक्षात् क्रियाधारस्य कालस्येति विशेष्य प्रदर्श्यते,अत्र च तद्रीत्यानुभवो हेतुः।

आधारभेदेऽपि नागेशभट्टस्तु स्वमतं भट्टोजिदीक्षितमतपेक्षया किंचित् पृथक् प्रतिपाद्यते।

भट्टोजिदीक्षितोक्तप्रकारेण आधारस्य त्रैविध्येऽपि नागेशभट्टरीत्या 'सकलत्वाभावः व्याप्तौ यत् व्यापकाधारत्वं तदेवमुख्यधिकरणं बोध्यम्।

**कर्तृनिष्ठक्रियायाः उदाहरणम्–**

बालः कटे उपविशति। उप उपसर्गपूर्वकविश् धातोः अर्थः यत्किंच्चिद्देशसंयोगरूपं फलम्,तदनुकूलक्रिया च। उपवेशनक्रियायाः आश्रयः बालः कर्ता। बाले विद्यमानायाः क्रियायाः आधारः कटः। अतः कटःअधिकरणम्।

**कर्मनिष्ठक्रियायाः उदाहरणम्–**

सूदः ओदनं पचति। पच् धातोः अर्थः विक्लित्तिरूपफलं,तदनुकूलक्रिया च। पाकक्रियाश्रयः सूदः कर्ता। विक्लित्तिरूपफलाश्रयः ओदनः कर्म। अतः स्थाली अधिकरणम्।

**एतच्चाधिकरणं त्रिविधम् भवति।[6]तद्यथा–**

क. अभिव्यापकम्

ख. औपश्लेषिकम्

ग.वैषयिकम्

**अभिव्यापकस्योदाहरणम् अर्थश्च–**

अभि=सर्वात्मा व्याप्नोति इति अभिव्यापकम्। आधेयस्य व्याप्तिः आधारस्य समस्तावयवे चेत् अभिव्यापकमधिकरणम्।

1.दिक्कालाकाशेषु पदार्थाः सन्ति।

2. ईश्वरे सर्वं जगद्वर्तते।

3. तिलेषु तैलम्।

एतेषु उदाहरणेषु सर्वत्र संयोगसमवायमूलकः सकलावयवव्यापिरूपःअभिव्यापकः। यथा–तिलेषु तैलम् अस्ति। अत्र आधारः तिलानि। तिलानां सकलावयवेषु तैलम् अस्ति। सम्बन्धश्च समवायः। अतः अयम् अभिव्यापकःआधारः। एवं सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति। दध्नि सर्पिः अस्ति। इत्यादीनि।

**औपश्लेषिकस्योदाहरणम् अर्थश्च–**

त्रिविधोऽत्र विग्रहो व्याख्याकृद्भिः प्रदर्शितः[7]–

क.उपगतः श्लेषः उपश्लेषः=संयोग इति यावत्। अत्र 'उप' इत्यविवक्षितम्।

ख. उप=समीपे श्लेषःसंयोग उपश्लेषस्तत आगतमौपश्लेषिकम्।

ग.श्लेषस्य समीपमुपश्लेषम्,आरोपितश्लेष इत्यर्थः।

1.खट्वायां शेते

2.गृहे निवसति

3.शिशुः कटे शेते

अत्र सर्वत्रोदाहरणेषु एकदेशव्याप्तिरूपः आधारःऔपश्लेषिकः। सः च संयोगमूलकः समवायमूलको वा भवति। अयम् आधारः स्वस्य एकदेशव्याप्तिरूपो भवति,न तु सकलावयवव्याप्तिरूपः। यथा–कटे उपविशति।

अत्र कटः उपवेशनक्रियायाः आधारः। किन्तु उपवेशनक्रिया कटस्य एकदेशे भवति, न तु कृत्स्ने कटे। अत्र सम्बन्धः संयोगः। अतः अयम् औपश्लेषिकःआधारः। 'पाचकः स्थाल्याम् ओदनं पचति' इत्यत्र तु ओदनं कर्म। तन्कर्मनिष्ठक्रियायाः आधारः स्थाली। एषोऽपि औपश्लेषिकः एव।

**वैषयिकोदाहरणम् अर्थश्च–**

विषयो नाम अनन्यभावः,तत्कृतं वैषयिकम्। अप्राप्तिपूर्वकप्राप्तिरूपसंयोगसमवायैतद्भि सम्बन्धेन यदधिकरणं तत् वैषयिकम्।[8]

1.धर्मे प्रतिष्ठते

2.विद्यायां यतते

3.मोक्षे इच्छा अस्ति

विषयतादिसम्बन्धमूलकः आधारः वैषयिकः।

अत्र संयोगः समवायो वा न भवति। अतः औपश्लेषिकाभिव्यापकातिरिक्तःसर्वःअपि आधारः वैषयिकः इति ज्ञेयम्। यथा–पठने इच्छा अस्ति। पठनविषयिणी इच्छा इत्यर्थः। अत्र पठनम् आधारः। सम्बन्धश्च विषयता,न संयोगः समवायो वा।

इदं ज्ञेयम्–पक्षिणः आकाशे डयन्ते। शिष्यः गुरौ वसति। इत्यादीनि वैषयिकस्यैव उदाहरणानि। न हि अत्र संयोगः समवायो वा सम्बन्धः। अतो अत्र संयोगसमवायसम्बन्धौ न भवतः तत्र सर्वत्रापि वैषयिकः आधारः इति निश्चेतव्यम्।

अथ च इदं कारकम् कारकसम्बन्धोद्द्योतानुसारं

**षट् कारकाणिसम्बन्ध उक्तानुक्ततया द्विधा।**[9]

**विभक्तिश्चेति निश्चेयमवश्यं योगमिच्छता।।**

षट् कारकाणि –कर्तृ–कर्म–करण–सम्प्रदानापादानाधिकरणनामानि प्रत्येक–मुक्तानुक्ततया द्विधा अर्थात् द्विप्रकाराणि वर्तन्ते। तथा सम्बन्धोऽपि । तद्यथा–उक्तः कर्त्ता, अनुक्तः कर्त्ता,उक्तं कर्म,अनुक्तं कर्म,उक्तं करणम्,अनुक्तं करणम्,उक्तं सम्प्रदानम्,अनुक्तं सम्प्रदानम्,उक्तमपदानम्,अनुक्तमपदानम्, उक्तमधिकरणम्,अनुक्तमधिकरणम्,उक्तः सम्बन्धः, अनुक्तः सम्बन्धः।

एतासु कारकोक्तानुक्तव्यवस्थासु आधाराधेय सम्बन्धः अधिकरणोऽपि द्विविधः[10]।

**उक्तमधिकरणम्–**

आसनं पीठम्। आस्यते यस्मिन् इति आसनम्। करणाधिकरणयोश्च इत्यनेन अधिरणे युट्। एवं वटकिनी पूर्णमासी। प्रायेण वटका भुज्यन्ते यस्यां पूर्णमास्यां सा वटकिनी पूर्णमासी। अधिकरणे तद्धितो रूढित इतीन्। एवमादिषूक्तत्वादधिकरणे प्रथमा।

**अनुक्तमधिकरणम्–**

आस्ते पीठे। अथवा आस्यते पीठे। आसितं पीठे,गङ्गायां घोषः,तिलेषु तैलम्,दिवि देवाः। एवमादिषु न कश्चिदधिकरणे प्रत्ययो विहित इत्यनुक्तत्वादधिकरणे सप्तमी।

अधिकरणकारके 'कारके'इत्यधिकारे 1.4.45 –1.4.48 पर्यन्तं चत्वारि सूत्राणि वर्तन्ते। विभक्ति प्रकरणे च 2.3.36 तः 2.3. 45 पर्यन्तं यानि सूत्राणि सन्ति तानि अथ च सप्तमीविभक्तसम्बद्धानि सूत्राणि क्रमेण संक्षेपेण च विवेचनं अर्थपुरस्सरं ससूत्रं प्रस्तूयते।

**अधिकरणकारकविधायकानि सूत्राणि –**

**1.सप्तम्यधिकरणे च।** अ. 2.3.36

अनुवृत्तिः–दूरान्तिकार्थेभ्यः, अनभिहिते

सूत्रार्थः–अधिकरणे सप्तमी स्यात्। चकाराद् दूरान्तिकार्थेभ्यः।

उदा.–कटे आस्ते। स्थाल्यां पचति। दूरान्तिकार्थेभ्यः–दूरे ग्रामस्य। विप्रकृष्टे ग्रामस्य। अन्तिके ग्रामस्य।

**2.यस्य च भावेन भावलक्षणम्।** अ. 2.3.37

अनुवृत्तिः–सप्तमी

सूत्रार्थः–यस्य क्रियया क्रियान्तरं लक्ष्यते ततः सप्तमी स्या। अर्हाणां कर्तृत्वेऽनर्हाणामकर्तृत्वे तद्वैपरीत्ये च।

उदा.–गोषु दुह्यमानासु गतः। सत्सु तरत्सु असन्त आसते। असत्सु तिष्ठत्सु सन्तस्तरन्ति। सत्सु तिष्ठत्सु असन्तस्तरन्ति। असत्सु तरत्सु सन्तस्तिष्ठन्ति।

**3.षष्ठी चानादरे।** अ.2.3.38

अनुवृत्तिः–यस्य च भावेन भावलक्षणम्,सप्तमी

सूत्रार्थः–अनादराधिक्ये भावलक्षणे षष्ठीसप्तम्यौ स्तः।

उदाहरणानि –रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत्। रुदन्तं पुत्रादिकमनादृत्य संन्यस्तवानित्यर्थः।

**4.स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैश्च।** अ.2.3.39

अनुवृत्तिः–षष्ठी,सप्तमी

सूत्रार्थः–एतैःसप्तभिर्योगे षष्ठीसप्तम्यौ स्तः। षष्ठयामेव प्राप्तायां पाक्षिकसप्तम्यर्थं वचनम्।

उदा.–गवां गोषु वा स्वामी। गवां गोषु वा प्रसूतः।

**5.आयुक्तकुशलाभ्यां चासेवायाम्।** अ.2.3.40

अनुवृत्तिः–षष्ठी,सप्तमी

सूत्रार्थः–आभ्यां योगे षष्ठीसप्तम्यौ स्तः तात्पर्येऽर्थे।

उदा.–आयुक्तो व्यापारितः। आयुक्तः कुशलो वा हरिपूजने हरिपूजनस्य वा।

आयुक्तो गौः शकटे।

**6.यतश्च निर्धारणम्।** अ.2.3.41

अनुवृत्तिः–षष्ठी,सप्तमी

सूत्रार्थः–जातिगुणक्रियासंज्ञाभिः समुदायादेकदेशस्य पृथक्करणं निर्धारणं यतस्ततः षष्ठीसप्तम्यौ स्तः।

उदा.–नृणां नृषु वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः। गवां गोषु वा कृष्ण बहुक्षीरा। छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः।

**7.पञ्चमी विभक्ते।** अ.2.3.42

अनुवृत्तिः–यतश्च निर्धारणम्

सूत्रार्थः–विभागो विभक्तम्। निर्धार्यमाणस्य यत्र भेद एव तत्र पञ्चमी स्यात्।

उदा.–माथुराः पाटलिपुत्रकेभ्यःआढ्यतराः।

**8.साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः।** अ.2.3.43

सूत्रार्थः—आभ्यां योगे सप्तमी स्यादर्चायाम्, न तु प्रतेःयोगे।

उदा.— मातरि साधुर्निपुणो वा। निपुणो राज्ञो भृत्यः।

**9.प्रसितोत्सुकाभ्यां तृतीया च।** अ.2.3.44

अनुवृत्तिः—सप्तमी

सूत्रार्थः— आभ्यां योगे तृतीया स्यात् चात्सप्तमी च।

उदा.—प्रसित उत्सुको वा हरिणा हरौ वा।

**10.नक्षत्रे च लुपि।** अ.2.3.45

अनुवृत्तिः—तृतीया,सप्तमी

सूत्रार्थः—नक्षत्रे प्रकृत्यर्थे यो लुप्संज्ञया लुप्यमानस्य प्रत्ययस्यार्थस्तत्र वर्तमानात्तृतीयासप्तम्यौ स्तोऽधिकरणे।

उदा.—पुष्येण पायसमश्नीयात्। पुष्ये पायसमश्नीयात्।

**11.सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये।** अ.2.3.7

अनुवृत्तिः—कालाध्वनोः

सूत्रार्थः—शक्तिद्वयमध्ये यौ कालाध्वानौ ताभ्यामेते स्तः।

उदा.— अद्य भुक्त्वायं द्व्यहे द्व्यहाद्वा भोक्ता।

**12.अधिरीश्वरे।** अ.1.4.96

अनुवृत्तिः—कर्मप्रवचनीयाः,निपाताः

सूत्रार्थः—स्वस्वामिसम्बन्धे अधिःकर्मप्रवचीयसंज्ञःस्यात्।

उदाहरणम्—अधि देवदत्ते पञ्चालाः,अधि पञ्चालेषु देवदत्तः।

**13.यस्मादधिकं यस्य चेश्वरवचनं तत्र सप्तमी।** अ.2.3.9

अनुवृत्तिः—कर्मप्रवचनीययुक्ते

सूत्रार्थः—अत्र कर्मप्रवचनीययुक्ते सप्तमी स्यात्।

**14. विभाषा कृञि।**अ.1.4.97

अनुवृत्तिः—अधि, कर्मप्रवचनीयाः,निपाताः

सूत्रार्थः—अधिः करोतौ प्राक्संज्ञो वा स्यादीश्वरेऽर्थे।

उदा.यदत्र मामाधिकरिष्यति। पक्षे—यदत्र माम् अधि करिष्यति।

एवं प्रकारेण च पञ्चदशभिः सूत्रैः अधिकरणसंज्ञा उक्ता, एवमेव यानि अधिकरणसंज्ञाविधायकानिसम्बद्धानि वार्तिकानि चर्चितानि तानि अत्र प्रस्तूयते—

**वार्तिकानि—**

**1.सप्तमीविधाने क्तस्येन्विषयस्य कर्म्मण्युपसंख्यानम्।** अ.2.3.36

वार्तिकार्थः—यत्र क्तप्रत्ययान्तशब्दैः इन् प्रत्ययो विधीयते,तत्र कर्मकारके सप्तमीविभक्तिः भवति।

उदाहरणम्—असावधीती व्याकरणे। परिगणिती याज्ञिके।

**2.साध्वसाधुप्रयोगे च।** अ.2.3.36

वार्तिकार्थः—साध्वसाधु शब्दयोः प्रयोगे सप्तमी विभक्तिः स्यात्।

उदा.—साधुर्देवदत्तो व्याकरणे, असाधव आर्येषु दस्यवः।

**3.कारकार्हाणां च कारकत्वे।** अ.2.3.36

अर्थः—यत्र कारकाणि स्वकृत्यकर्मं सुचारुतया प्राप्यन्ते तत्रापि सप्तमी विभक्तिः भवेत्।

उदा.—ऋद्धेषु भुञ्जानेषु दरिद्रा आसते।

**4. अकारकार्हाणां चाकारकत्वे।** अ.2.3.36

अर्थः—यत्र कारकाणि स्व अयोग्यता सुचारुतया प्राप्यन्ते तत्रापि सप्तमी विभक्तिः भवेत्।

उदा.—मूर्खेष्वासीनेषु ऋद्धा भुञ्जते।

**5.तद्विपर्य्यासे च।** अ.2.3.36

अर्थः—अकारकार्हाणां कारकार्हाणां च उभयोः योगे सप्तमी विभक्तिः भवति।

उदा.—ऋद्धेष्वासीनेषु मूर्खा भुञ्जते। ब्राह्मणेष्वासीनेषु वृषलास्तरन्ति।

**6.निमित्तात्कर्मसंयोगे।** अ.2.3.36

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति,दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्।
केशेषु चमरीं हन्ति,सीम्नि पुष्कलको हतः।।

हेतौ तृतीयात्र प्राप्ता,तन्निवारणार्थमिदम्। सीमाऽण्डकोशः पुष्कलको गन्धमृगः,योग विशेषे किम्? वेतनेन धान्यं लुनाति। सीम्नि पुष्कलको हतः। इत्यत्र हेतौ तृतीया तादर्थ्ये चतुर्थी च प्राप्ता। तयोः निषेधात् 'निमित्तात्कर्मयोगे' इति वार्तिकेन सप्तमी।

**7.अप्रत्यादिभिरिति वक्तव्यम्।** अ.2.3.43

अर्थः—प्रत्यादिभिः योगे सप्तमी न स्यात्।

उदा.—साधुर्देवदत्तो मातरं प्ररि।

## सहायकग्रन्थसूची—

1.परमलघुमञ्जूषा,प्रो.बोधकुमार झा, हंसा प्रकाशनम्,जयपुरम्,2018

2.वाक्यपदीयम् 3.7.1

3.अष्टाध्यायी 1.4.45 वै.सि.कौ.सूत्र—634

4.कातन्त्रव्याकरणम्, 2.4.11

5.वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी—विभक्त्यर्थप्रकरणम्,व्याख्याकार—श्रीधरानन्दः, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशनम्,अष्टमसंस्करणम्,2017

6.परमलघुमञ्जूषा,प्रो.बोधकुमार झा, हंसा प्रकाशनम्,जयपुरम्,2018
वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी

7.परमलघुमञ्जूषा,प्रो.बोधकुमार झा, हंसा प्रकाशनम्,जयपुरम्,2018

8.परमलघुमञ्जूषा,प्रो.बोधकुमार झा, हंसा प्रकाशनम्,जयपुरम्,2018

9.कारकसम्बन्धोद्द्योतः,हिन्दी विवृत्तिकारः–प्रो.कृष्ण शर्मा,राजस्थानी ग्रन्थागारः,जोधपुरम्,प्रथमं संस्करणम्,2008

10.कारकसम्बन्धोद्द्योतः,हिन्दी विवृत्तिकारः–प्रो.कृष्ण शर्मा,राजस्थानी ग्रन्थागारः,जोधपुरम्,प्रथमं संस्करणम्,2008

## अन्यग्रन्थ–पत्रपत्रिकादिसूची–

1.कारकीये,स्वामी दयानन्द,परोपकारीणि सभा,अजमेर

2.कारकम्,जि.महाबलेश्वरभट्टः,संस्कृतभारती,बेंगलूरु,2010

3.अष्टाध्यायी भाष्य प्रथमावृत्ति,श्री पं.ब्रह्मदत्त जिज्ञासु,रामलाल कपूर ट्रस्ट,हरियाणा,2008

4.संस्कृतविमर्शः,राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, वर्षम् 2019

5.अष्टाध्यायीप्रवेश,रामलाल कपूर ट्रस्ट,हरियाणा,2008

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# संस्कृत साहित्य में वर्णित राजधर्म की वर्तमानकालिक प्रासंगिकता



**डॉ. दिनेश शर्मा**
**सहायकाचार्य (साहित्य विभाग )**
**राजकीय संस्कृत महाविद्यालय-क्यार्टू**
**जिला-शिमला (हि. प्र.) भारत।**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 14-20
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 23 Sep 2020

**शोध आलेख सार**

संस्कृत काव्यों में अनेकत्र वर्णित इन उपदेशों का अनुपालन करते हुए तत्कालीन राजवर्ग की नैतिकता, चरित्रों की पावनता तथा प्रजावत्सलता ज्ञात होती है। वस्तुतः वर्तमान शासन प्रणाली का मूल उत्स धर्मसूत्र एवं धर्मशास्त्र है, जिसका उपबृहण संस्कृत साहित्य में हुआ है।सहस्रों वर्षों के बाद भी स्मृति ग्रन्थों में निर्दिष्ट तथा संस्कृत काव्यों में राजाओं की राजव्यवस्था में अनुपालित राजधर्मविषयक सूत्रों का वर्तमान शासन व्यवस्था में महनीय योगदान परिलक्षित होता है। हजारों वर्ष पूर्व निर्मित ये सिद्धान्त यद्यपि भिन्न परिस्थितियों में लिखे गए थे किन्तु आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। वर्तमान शासन व्यवस्था में धर्मशास्त्र प्रोक्त इन राजधर्म विषयक गुणों का अनुकरण यदि वर्तमान शासक करें तो निश्चित रूप से प्रजा का हित हो सकता है। किञ्च संस्कृत साहित्य में वर्णित राजव्यवस्था के सूत्रों की हजारों वर्षों के उपरांत प्रासंगिकता से यह भी सिद्ध होता है कि ये रचनाएं कालजयी है।

**मुख्य शब्द** – संस्कृत, साहित्य, राजधर्म, वर्तमानकालिक, नैतिकता, सार्वकालिक, सार्वभौमिक, सार्वजानिक।

संस्कृत साहित्य विश्व का प्राचीनतम साहित्य है। सहस्र-वर्षों से संस्कृत वाङ्मय ने अपने उज्ज्वल ज्ञान से विश्व की अनेक सभ्यता और संस्कृति के उन्नयन और विकास में अपनी भूमिका अदा की है। सार्वकालिक, सार्वभौमिक और सार्वजानिक उपदेशों के अतिरिक्त संस्कृत वाङ्मय की एक और विशेषता यह है कि शायद ही जीवन का कोई पहलू है जो यहाँ अछूता रहा हो। राष्ट्र को समृद्ध और संगठित बनाने के लिए मनु आदि

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

स्मृतिकारों ने राजधर्म के सूत्रों का प्रणयन किया। मनुस्मृति के सप्तम अध्याय में राजधर्म वर्णन प्रसङ्ग में राजाओं के आवश्यक गुणों का उल्लेख करते हुए आदिपुरुष मनु कहते है कि राजाओं का चारीत्रिक स्तर इतना ऊंचा हो कि जनता उसका अनुकरण करें तथा कोई उस पर उंगली न उठा सके। किसी भी देश का शुभाशुभ राजा के आचार-व्यवहार पर निर्भर होता है। राजा और प्रजा के परस्पर सहयोग और समन्वय से सबका कल्याण निश्चित है। **"राजा प्रकृतिरंजनात्"** के अनुसार राजा का मुख्य कर्तव्य प्रजा की सेवा करना होता है। राजकार्य के संचालन में राजा का आचार और उसकी प्रजापालन की व्यवस्था के सम्बंध में स्मृतिग्रन्थों में (राजधर्म की) चर्चा की गई है। संस्कृत वाङ्मय में वर्णित राजाओं की कार्यशैली और राजव्यवस्था में स्मृतिकारों के द्वारा निर्दिष्ट राजधर्म का अनुपालन दिखाई देता है। संस्कृत साहित्य के काव्य तथा नाटकों में राजा, मंत्री, दण्डविधान, करव्यवस्था, न्यायव्यवस्था आदि का यथावसर सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। राजव्यवस्था चलाने में प्राचीन भारत में राजाओं की महती भूमिका रही है। धर्मशास्त्रों में निर्दिष्ट तथा संस्कृत काव्यों में प्रतिपादित राजधर्म की वर्तमान शासनव्यवस्था में महती प्रासंगिकता है। धर्मशास्त्र और काव्यों में हजारों वर्ष पूर्व निर्दिष्ट एवं वर्णित ये राजसिद्धांत हमारे लिए मात्र धरोहर नहीं हैं अपितु ये हमारी बौद्धिकता और संवेदना को उत्प्रेरित भी करते हैं। काव्यों में प्रतिपादित राजाओं के पुनीत चरित्रों में आचरणशुद्धि की प्रेरकता, प्रजावत्सलता तथा विनयशीलता पदे-पदे दृष्टिगोचर होती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिविषयक दण्डव्यवस्था और न्यायपथ का भी सुन्दर उपदेश मिलता है। रघुवंश में वर्णित राजधर्म न केवल रघुवंशी राजाओं के राजधर्म को व्यक्त करता है अपितु वर्तमान शासनव्यवस्था के शासक को प्रजा के कल्याण हेतु मार्ग भी प्रशस्त करता है। रघुवंशी राजा शास्त्रसम्मत राजकाज व्यवस्था के संवाहक थे। इस दृष्टि से यदि विचार किया जाए तो रघुवंशी राजाओं का चरित्र वास्तव में अनुकरणीय है। कालिदास ने रघुवंशी राजाओं के चरित्र की पवित्रता, कार्य के प्रति दृढ़ता तथा साम्राज्य की विशालता, शास्त्र के अनुसार आचरण, मितभाषिता एवं धर्मपरायणता का वर्णन किया है-

**सोऽहम् आजन्मशुद्धानाम् आफलोदयकर्मणाम् ।**
**आसमुद्रक्षितीशानाम् अनाकरथवर्त्मनाम् ।।**
**यथाविधिहुताग्नीनां यथाकामार्चितार्थिनाम् ।**
**यथापराधदण्डानां यथाकालप्रबोधिनाम् ।।**
**त्यागाय संभृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम् ।**
**यशसे विजिगीषुणां प्रजायै गृहमेधिनाम् ।।**[1]

महाकवि कालिदास की कालजयी रचना रघुवंश में राजधर्म बहुत्र वर्णित है। रघुवंश के प्रथम, पञ्चम, अष्टम और चतुर्दश सर्ग में कालिदास ने राजधर्म का वर्णन किया है। रघुवंशी राजा अपनी प्रजा का कल्याण करने हेतु

सतत प्रयत्नशील थे। रघुवंश के प्रथम सर्ग में कहा गया है कि जिस प्रकार सूर्य हजारों गुना जल लौटाने के लिए पृथ्वी से जल ग्रहण करता है राजा दिलीप प्रजा के कल्याण के लिए प्रजा से कर लेकर उनके विकास कार्यों में लगाकर उन्हें लौटा देते थे-

**प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत् ।**
**सहस्रगुणं उत्स्रष्टुं आदत्ते हि रसं रविः ।।[2]**

राजधर्म के अंतर्गत आने वाले **"सामदानाद्युपाय"** भी राजा दिलीप के गुप्तविचारों से तथा हर्षशोकादि चिन्हों को छिपाने से अनुमान किये जाते थे-**तस्य संवृतमन्त्रस्य गूढ़ा कारेंगितस्य च।[3]** राजा दिलीप प्रजा को विनम्रता का पाठ पढ़ाने तथा उनका भरण-पोषण करने के कारण उनका वास्तविक पिता था-

**प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणादपि ।**
**स पिता पितरस्तासां केवलं जन्महेतवः ।।[4]**

किसी भी साम्राज्य की सफलता या असफलता प्रशासनिक व्यवस्था पर निर्भर करती है। प्रशासन यदि गतिशील, व्यवस्थित एवं संगठित है तो साम्राज्य सुदृढ़ होगा। रघुवंशी राजाओं में अन्यतम, प्रजाहित के प्रबल चिंतक **'रघु'** अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण सफल शासक हुए। राजा दिलीप और राजा रघु द्वारा प्रजाहित में किये गए कार्यों का बखान ग्राम्य बालाओं के गीतों में गूँजता है। राम ने सीता के प्रति प्रजा द्वारा शंका व्यक्त किए जाने के पश्चात अपने व्यक्तिगत संबंध का (रिश्ते का) विचार न कर, राजधर्म के पालन हेतु उन्होंने अपनी धर्मपत्नी का त्याग कर दिया। इस विषय में महाकवि कालिदास मार्मिक भाव व्यक्त करते हुए कहते है – **'कौलीनभीतेन गृहन्निरस्ता न तेन वैदेहसुता मनस्तः ।'**[5]अर्थात् लोकनिंदा के भय से श्रीराम ने सीताको घर से तो बाहर भेज दिया, परंतु मन से नहीं । प्रजा में वर्णाश्रम धर्म की व्यवस्था करना राजा का अन्य प्रमुख धर्म है। रघुवंश में महाकवि कहते है-**"नृपस्य वर्णाश्रमपालनम् यत् स एव धर्मो मनुना प्रणीतः"।[6]** आश्रम धर्म के अनुपालन में रघुवंशी राजा प्रजा के लिए आदर्शस्वरूप थे-

**शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।**
**वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ।।[7]**

इस प्रकार कालिदास ने स्मृतियों ने प्रतिपादित राजधर्म के द्वारा प्रजा तथा राजा के राजनीतिक सम्बन्ध को नैतिक तथा धार्मिक रूप देकर उसे दृढ़ स्वरूप प्रदान किया है।

कालिदास के पश्चात भारवि ने भी राजधर्म को अपने काव्य में पर्याप्त स्थान दिया। भारवि राजनीति में निष्णात है, उनका राजधर्मविषयक व्यापक ज्ञान युधिष्ठर की उक्तियों में मूर्तिमान हो उठा है। भीम को

समझाते हुए युधिष्ठर कहते है कि बिना विचार किया गया कार्य विपत्ति देने वाला होता है। जो व्यक्ति विचारपूर्वक कार्य करता है, उसके गुणों से आकृष्ट सम्पत्ति स्वयं उसके पास चली जाती है-

**सहसा विदधीत न क्रियामविवेक परमापदाम् पदम्।**
**वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः।।[8]**

शत्रु द्वारा अपमान का स्मरण करने के कारण क्षुब्ध भीम को न्याय पथ का सुन्दर उपदेश देते हुए युधिष्ठर कहते है कि जो राजा उचित समय पर मृदुता और तीक्ष्णता धारण करता है वह सूर्य के समान अपने तेज से समस्त जगत को अपना वशवर्ती बनाता है। भीम को नीतिशास्त्र का उपदेश देते हुए धर्मराज कहते है कि यद्यपि इस समय दुर्योधन का उत्कर्ष हो रहा है फिर भी उसकी उपेक्षा करनी चाहिए क्योंकि अविनयी शत्रु को उपेक्षा से ही जीता जा सकता है-**"विपदन्ता ह्यविनीतसंपदः"।[9]**

नीतिज्ञों की राज्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक नीतियों को प्रतिपादित करते हुए कवि माघ ने कहा है कि सहायादि समस्त कार्यों में पाँच अंगों के अतिरिक्त राजा का उस प्रकार दूसरा कोई मन्त्र नहीं है, जिस प्रकार उस शरीर में पाँच स्कन्धों के अतिरिक्त बौद्धों के मत से दूसरा कोई आत्मा नहीं है। राजा के पाँच अंग हैं-1. कार्यों के आरम्भ करने का उपाय, 2. कार्यों की सिद्धि में उपयोगी वस्तुओं का संग्रह, 3. देश तथा काल (स्थान और समय) का यथा योग्य विभाजन, 4. विपत्तियों के दूर करने के उपाय, 5. कार्यों की सिद्धि।

**सर्व कार्यशरीरेषु मुक्त्वाङ्गस्कन्धपञ्चकम्।**
**सौगतानामिवात्मान्यो नास्ति मन्त्रों महीभृतांम्॥[10]**

राजाओं के सहाय आदि में पाँच अंग समायोजित रहते हैं तो उनके सन्धि, विग्रह के साथ मन्त्रणा करने की आवश्यकता नहीं रहती है। प्रत्येक राजा को अपने राज्य में इन पाँचों अंगों पर ही विशेष ध्यान देना चाहिए। कवि माघ ने पूर्व बौद्ध दर्शन की मान्यता को प्रतिपादित करते हुए राजनीति का यह उपदेश दिया है।

काव्यों के अतिरिक्त संस्कृत नाटकों में भी राजधर्म का यत्र तत्र वर्णन हुआ है। मुद्राराक्षस नाटक में विशाखदत्त ने राजशास्त्र का विशद परिचय दिया है। विशाखदत्त न केवल कौटिल्य के अर्थशास्त्र एवं अन्य नीतिशास्त्रों से परिचित थे बल्कि उसके प्रकांड पण्डित थे। अर्थशास्त्र के राजनीति विषयक विचारों व गजाध्यक्ष, षाडगुण्य, द्रव्य, उपाय, बाह्यकोप, अन्तःकोप जैसे पारिभाषिक शब्दों को विशाखदत्त ने मुद्राराक्षस में यत्र-तत्र प्रयुक्त किया है। मुद्राराक्षस के तृतीयांक में सफल शासनव्यवस्था की चर्चा की गई है। चाणक्य कहता है कि-
**"वृषल ! श्रूयताम् । इह खल्वर्थ शास्त्रकारास्त्रिविधां सिद्धिमुपवर्णयन्ति राजायतां सचिवायतामुभयायतां चेति।[11]**

राज्य के विषय में चन्द्रगुप्त का विचार है-**राज्यं हि नाम राजधर्मानुवृत्तिपरस्य नृपतेर्महदप्रीतिस्थानम्।**[12] राजधर्म का पालन करने में तत्पर राजा के लिए राज्य सुख के स्थान पर दुःख की सृष्टि करने वाला है क्योंकि - दूसरों का हित साधने के लिए राजा को अपना हित छोड़ना पड़ता है, अपने इच्छित आमोद-प्रमोद का त्याग करने के लिए विवश राजा किस बात का 'राजा' ! यदि उसके लिए दूसरों का प्रयोजन अपने प्रयोजन से अधिक अभीष्ट है, तो वह तो पराधीन हुआ. और पराधीन व्यक्ति कैसे जान सकता है कि सुखानुभूति का आनंद क्या चीज़ है-

**परार्थानुष्ठाने रहयति नृपं स्वार्थपरता**
**परित्यक्तस्वार्थो नियतमयथार्थः क्षितिपतिः।**
**परार्थस्चेत्स्वार्थादभिमततरो हन्त परवान्**
**परायत्तः प्रीतेः कथमिव रसं वेत्ति पुरुषः"।।**[13]

आचार्य दण्डी ने दशकुमारचरित में विश्रुतचरित में राजनीति का सुंदर उपदेश स्वाभाविक शैली में प्रस्तुत किया है। वृद्धमंत्री वसुरक्षित अनंतवर्मा को उपदेश देते हुए कहते है "बुद्धिशून्य राजा उन्नतिशील होने पर भी दूसरों के द्वारा आक्रांत होने पर अपने आप को संभाल नही पाता। वह साध्य और साधन का विभाग कर किसी कार्य को करने में समर्थ नहीं होता। निश्चित व्यवहार में दक्ष न होने के कारण प्रत्येक काम में असफल होकर वह अपने और दूसरों से अपमानित होता है। लोग उसका अनादर करने लगते है और उसकी आज्ञा प्रजा के योगक्षेम में असफल रहती है। इसलिए बाहरी विद्याओं में दिलचस्पी छोड़कर तुम अपनी कुलविद्या राजनीति (दण्डनीति) का सेवन करो। इसका सेवन करने से तुम्हें समस्त शक्तियों और सिद्धियों की प्राप्ति होगी और तुम बिना किसी विघ्न के अस्खलित शासन होकर आसमुद्र पृथ्वी का पालन करो।"[14]

संस्कृत साहित्य के आधुनिक नाटक भारतविजयनाटक के प्रथम अंक में भी राजधर्म वर्णित है। दानाशाह शिराज को प्रजा-व्यभिचारी, कलुषित मनोवृत्ति तथा राजधर्म से शून्य बताते है। प्रत्युत्तर में शिराज दानाशाह को कहते है कि इस समय मैं मायावियों के जाल से सम्भ्रान्त हूँ अन्यथा राजधर्म को भली भाँति जानता हूँ। स्वयं को राजधर्मवेत्ता बताते हुए शिराज कहता है कि बुद्धिमान को चाहिए कि धर्म से अर्थ और काम मे रुकावट न डाले, और अर्थ से धर्म और काम में, एवं काम से धर्म और अर्थ में बाधा न डाले। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आक्रमण और आपत्ति के समय प्रजा का पालन करना चाहिए-यह राजा का धर्म है-

**अर्थकामौ न धर्मेण प्रबाधेत विचक्षणः।**
**धर्मकामौ न चार्थेन न कामेनेतेरद् द्वयम्।**
**ईतावापत्तिकाले च प्रजानां पालनं चरेत्।**

**व्यसनाद् भयतो रक्षेदेष धर्मो महीपतेः।।**[15]

अंत मे कौटिल्य के वचनों में कि "प्रजा के सुख में राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित दिखना चाहिए । जो स्वयं को प्रिय लगे उसमें राजा का हित नहीं है, उसका हित तो प्रजा को जो प्रिय लगे उसमें है-

**प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां तु हिते हितम् ।**
**नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम् ॥**[16]

संस्कृत काव्यों में अनेकत्र वर्णित इन उपदेशों का अनुपालन करते हुए तत्कालीन राजवर्ग की नैतिकता, चरित्रों की पावनता तथा प्रजावत्सलता ज्ञात होती है। वस्तुतः वर्तमान शासन प्रणाली का मूल उत्स धर्मसूत्र एवं धर्मशास्त्र है, जिसका उपबृहण संस्कृत साहित्य में हुआ है।सहस्रों वर्षों के बाद भी स्मृति ग्रन्थों में निर्दिष्ट तथा संस्कृत काव्यों में राजाओं की राजव्यवस्था में अनुपालित राजधर्मविषयक सूत्रों का वर्तमान शासन व्यवस्था में महनीय योगदान परिलक्षित होता है। हजारों वर्ष पूर्व निर्मित ये सिद्धान्त यद्यपि भिन्न परिस्थितियों में लिखे गए थे किन्तु आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। वर्तमान शासन व्यवस्था में धर्मशास्त्र प्रोक्त इन राजधर्म विषयक गुणों का अनुकरण यदि वर्तमान शासक करें तो निश्चित रूप से प्रजा का हित हो सकता है। किञ्च संस्कृत साहित्य में वर्णित राजव्यवस्था के सूत्रों की हजारों वर्षों के उपरांत प्रासंगिकता से यह भी सिद्ध होता है कि ये रचनाएं कालजयी है।

**पादटिपण्णी-**

---

[1] रघुवंश,१/५-७
[2] रघुवंश,१/१८
[3] रघुवंश,१/२०
[4] रघुवंश, १/२४
[5] रघुवंश,१४/ ८४
[6] रघुवंश,१४/६७
[7] रघुवंश-१/८
[8] किरातार्जुनीयम्-२/३०
[9] किरातार्जुनीयम्-२/५२

[10] शिशुपालवध-२/२६

[11] मुद्राराक्षस, पृ.१७६,

[12] मुद्राराक्षस, अंक-३

[13] मुद्राराक्षसम्, ३/४

[14] दशकुमारचरितम्,अष्टमउच्छ्वास, पृ-255,56

[15] भारतविजयनाटकम्-१/१८-१९

[16] अर्थशास्त्रम्-१/१९/३४

## सन्दर्भग्रन्थसूची :-


1. अर्थशास्त्रम्, वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान वाराणसी २०००
2. किरातार्जुनीयम्,पंडित दुर्गा प्रसाद ,निर्णय सागर प्रेस बम्बई -१८९५
3. दशकुमारचरितम्, श्री कृष्ण मणि त्रिपाठी ,चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन -२०१०
4. मुद्राराक्षसम्,जगदीश चन्द्र मिश्र , चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान वाराणसी २०१३
5. रघुवंश,श्री कृष्ण मणि त्रिपाठी ,चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन ,२०१८
6. शिशुपालवध, राम जी लाल शर्मा , चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन -२०११
7. भारतविजयनाटकम्, मोतीलालबनारसीदास नई दिल्ली -२००६

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# भारत का अभ्युदय

Kirit Debnath,
Senior Research Scholar,
Department of Hindi
Presidency University, Kolkata,
India



**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 21-28
Publication Issue :
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 23 Sep 2020

**शोध आलेख सार**

इस आलेख में मैंने भारत के प्रख्यात अयाचक ऋषि अखंडमंडलेश्वर श्री श्री स्वामी स्वरूपानंद परमहंस देव (श्री श्री बाबामणि) के ब्रह्मचर्य और स्वदेश की सेवा, ब्रह्मचर्य और अन्य धर्मों आदि प्रति सहिष्णुता आदि पर उनके विचारों की आलोचना की है।
**मुख्य शब्द** – ब्रह्मचर्य, आधुनिकता, अभ्युदय।

भूमिका :- भारत की जागृति में ब्रह्मचर्य, विधा :- आलोचनात्मक

अर्थे एव सर्वेऽपि गुणाः समाहिताः सन्ति । अर्थसत्त्वे तद्दोषा अपि कुत्रचित् गुणाः प्रतीयन्ते । यस्य पार्श्वे धनमस्ति स एव समाजे प्रतिष्ठितः उच्चकुलोत्पन्नः स एव पण्डितः वक्ता गुणवान् दर्शनीयश्च । अत एव भर्तृहरिणा नीतिशतके निरूपितं यत् –

**यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः, स पण्डितः स श्रुतवान् गुणज्ञः ।**
**स एव वक्ता स च दर्शनीयः, सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति ।।**[4]

चाणक्यः अपि वर्णयति यत् **अर्थार्थं प्रवर्तते लोकः ।**[5] अर्थात् गतानुगतिकं जगत् वर्तते, तस्मिन् समुपस्थिताः ये जनाः वर्तन्ते तेषां अर्थप्राप्तौ स्वाभाविकी प्रवृत्तिः ।

**कामः-**

काम इति शब्दः पुल्लिङ्गे वर्तते । काम्यते असौ इति कामः नाम इच्छा । कर्मणि घञ् प्रत्यये कृते कामशब्दनिष्पत्तिः । रघुवंशे कविकुलगुरुः महाकविः कालिदासः वक्ति यत् –

**सन्तानकामाय तथेति कामं राज्ञे प्रतिश्रुत्य पयस्विनी सा ।।**[6]

अत्र कामं वरं प्रतिश्रुत्य प्रतिज्ञाय इत्यर्थः । कामो नाम मनोरथः ।

**Kama is fulfilling ones desires. Desires are in various forms – to be wealthy, powerful, recognition, service, etc. The Kama purushartha advocates that one's desires in this lifetime need to be fulfilled, albeit in a state of awareness and without harming anyone in the process.**

मनुमहर्षिणा स्मृतौ उक्तम् यत् –

**न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।**

**हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्द्धते ।।**[7]

प्रायः जनाः मन्यन्ते यत् – विषयोपभोगेन कामः शाम्यति, किन्तु जन्तोः कामाः उपभोगेन न शाम्यति, अपितु वर्धते एव । अत्र मनुना दृष्टान्तं प्रदत्तं तद्यथा प्रज्वलिते अग्नौ घृतहोमेन अग्निः न शाम्यति अपितु विवर्धते तथैव विषयोपभोगेन कामः न शाम्यति अपितु विशेषेण वृद्धिमवाप्नोति । अतः कामशान्तये विषयोपभोगवृत्तिं परित्यज्य शमदमादिसाधनेन संयमो पालनीयः ।

भगवतो ध्यानाभ्यासनतत्परः भक्तः श्रीहरेरक्षरपरत्वादिमहिमानं ज्ञात्वा आत्मबुद्ध्या स्वं सम्प्राप्तसकलमनोरथं मन्येत् । तदुक्तं च हरिवाक्यसुधासिन्धोः दुर्गपुरप्रथमप्रकरणस्य पञ्चदशतरङ्गे यथा –

**महन्माहात्म्यमीशस्य विबुध्यात्मानमात्मना ।**

**मन्येत पूर्णकामं च ध्यानाभ्यासपरायणाः ।।**[8]

सकामिनिष्कामिनोः मध्ये निष्कामिनो नाम पूर्णकामो भक्तः श्रेष्ठः ।

**मोक्षः-**

धर्मार्थकाममोक्षेषु चतुर्विधेषु पुरुषार्थेषु मानवजीवनस्य अन्तिमं प्रमुखं लक्ष्यं मोक्षप्राप्तिरेव कल्पिता भारतीयसंस्कृतौ । यावदायुष्यं मनुष्यः विविधासु समस्यासु निमग्नो भूत्वा दुःखमवाप्नोति, एतासां सर्वासां समस्यानां मूलं तुं जन्ममरणचक्रमेव वर्तते ।

भारतीयैः ऋषिमुनिभिः बहूनि शास्त्राणि विरचितानि । साम्प्रतकालेऽपि आधुनिकाः बौद्धिकाः लौकिकार्थदर्शकानि अलौकिकविचारविमर्शकाणि च शास्त्राणि विरचन्ति । एतेषु सर्वेषु ग्रन्थावलिषु लौकिकविषयदर्शकानि शास्त्राणि बहुसङ्ख्यकानि सन्ति । जीवानां कल्याणपथप्रदर्शकाणि शास्त्राणि अल्पसङ्ख्यकानि भवन्ति । मोक्षस्वरूपनिरूपकेषु शास्त्रेष्वपि विभिन्नानि मतानि सन्ति । अतः मोक्षमार्गः गहनः प्रोक्तः । मोक्षस्य परिभाषानुगुणं साधनविचारः शास्त्रेषु दृश्यते ।

मोक्षप्राप्तिस्तु भगवद्कृपया भवति । केवलं स्वात्मबलेन प्राप्तुं न शक्यते । परमात्मप्राप्तिरूपो मोक्षः परमात्मकृपया एव प्राप्यते न तु केवलं स्वपुरुषार्थेण । तत्र प्रमाणं वर्तते कठोपनिषदि यत् –

**नाऽयमात्मा प्रवचनेन लभ्यः न मेधया न बहुना श्रुतेन ।**

**यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम् ।।**[9]

अयं परमात्मा बहुकृतेन प्रवचनेन बुद्ध्या वा बहुकथाश्रवणेन न लभ्यः, यमुपासकं एषः परमात्मा चिनोति तस्य कृते सः भगवान् स्वकीयां तनूं संदर्शयति । अर्थात् केवलं स्वपुरुषार्थेण परमात्मप्राप्तिः न अपितु परमात्मकृपया परमात्मप्राप्तिरूपो मोक्षः इति ।
संसारेऽस्मिन् सर्वेषां कृते परं प्राप्यः एक एव परमेश्वरः । महर्षिः बादरायणः ब्रह्मसूत्रे लिखति यत् – **अत एव चानन्याधिपतिः ।।**[10]

मुक्त्यवस्थायामपि **ब्रह्माऽहं कृष्णदासोऽस्मि** इति भावः मुक्तस्य तथैव तिष्ठति । एषः मम स्वामी, अहं तु सेवकः इति भावस्तु भगवद्धाम्नि अपि वर्तते । मुक्तस्तु भगवत्किङ्करः खलु । मुक्तः भगवद्धाम्नि दासभावेन यथेच्छरूपेण परमात्मनः सेवां विदधाति ।
भगवता श्रीस्वामिनारायणेन स्वलिखितशिक्षापत्र्यां मुक्तेः स्वरूपं स्पष्टीकृतं यत् –

**तत्र ब्रह्मात्मना कृष्णसेवामुक्तिश्च गम्यताम् ।।**[11]

भगवदाज्ञया तत् प्रसन्नतार्थे निष्कामभावेन यानि कर्माणि आचरितानि तानि सर्वाण्यपि क्रियमाणकर्माणि भक्तिरूपतामैति । अतः तानि कर्माणि बन्धनरूपाणि न भवन्ति ।

**सम्प्रति पुरुषार्थचतुष्टयस्य आवश्यकताः-**

अस्माकं समाजोपरि कर्तव्यस्य प्रगाढप्रभावो दरीदृश्यते । यावत्पर्यन्तं समाजे सर्वेऽपि जनाः स्वकर्तव्यपालनं न करिष्यन्ति, तावत् समाजस्योन्नतिः अशक्या एव । यदि वयं आदर्शसमाजनिर्माणं वाञ्छामश्चेत् प्रथमन्तावत् सर्वैः स्वकर्तव्यपालनम् सम्यक्तया कर्तव्यम् आपतति । तच्च धर्मावबोधं विना कथं कर्तव्याकर्तव्यज्ञानम् ? आदर्शसमाजनिर्माणे अस्माभिस्सर्वैः देवसदृशैः भाव्यम् । धर्मावलम्बनेन विना कथं विवेकबुद्धिः समुदेति । तत एव देवसदृशं मानवजीवनम् ।

अर्थनिर्भरं सकलं जगत् । विनार्थं न किमपि सिद्ध्यति । लोकेऽस्मिन् अर्थेनैव गौरवं दरीदृश्यते । सार्थं मनुष्यमेव सर्वे जनाः पूजयन्ति । स्वार्थपरार्थहेतवेऽपि अर्थसिद्धिरावश्यकी ।

शुभाशुभकामनया प्रवर्तितोऽयं प्रपञ्चः । विना कामनया न कोऽपि प्रवर्तते कर्मणि मनुष्यः । स्वपरकामनयैव मनुष्याणां प्रवृत्तिः ।

चतुर्विधपुरुषार्थेषु वास्तविकरूपेण मोक्ष एवाऽस्माकं परमं लक्ष्यम् । जन्मनैव दुःखसंश्लेषः, यदा जन्ममरणशून्यो भवत्युपासकः तदैव दुःखानामत्यन्ताभावः ।

शास्त्रानुरीत्या चतुर्विधपुरुषार्थप्राप्तये सर्वेषामपि मनुष्याणां प्रवृत्तिस्स्यात् चेत् पुरुषार्थसिद्ध्या सहास्माकं राष्ट्रस्यार्थिकविकासः, सामाजिकविकासः, स्त्रीणां गौरवहानिकारकव्यवहारत्यागः, एकतायाः समर्थनं तद्रक्षणञ्च, प्रादेशिकधार्मिकभेदेभ्यः परं स्थित्वा **वसुधैव कुटुम्बकम्** इति समानबन्धुत्वभावनायाः वृद्धिः, प्राकृतिकपर्यावरणरक्षा तत्सुधारणा च अवश्यंभाविनी ।

**सन्दर्भग्रन्थाः-**


(1) श्रीमद्भागवतम् – स्कन्धः-10, अध्यायः-87, श्लोकः-2

(2) शिक्षापत्री – 103

(3) श्रीमद्भगवद्गीता – अध्यायः-3, श्लोकः-21

(4) नीतिशतकम् – श्लोकः- 37

(5) चाणक्यसूत्रम् – 509

(6) रघुवंशः –_सर्गः-2, श्लोकः-67

(7) मनुस्मृतिः -_अध्यायः-2, श्लोकः-94

(8) श्रीहरिवाक्यसुधासिन्धुः- तरङ्गः-15, श्लोकः-8

(9) कठोपनिषत् - वल्ली-2, मन्त्रः-23

(10) ब्रह्मसूत्रम् -_अध्याय-4, पाद-4, सूत्र-9

(11) शिक्षापत्री – श्लोक- 121

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# मोनपा जनजाति में प्रचलित लोकविश्वास (शव काटनेवाला आदमी उपन्यास के विशेष संदर्भ में)



**दिगंत बोरा**
**सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग**
**जे.डी.एच.जी. महाविद्यालय**
**बोकाखाट, असम, भारत।**

**Article Info**

Volume 3, Issue 5

Page Number: 44-47

Publication Issue :

September-October-2020

**Article History**

Accepted : 01 Oct 2020

Published : 08 Oct 2020

**शोध सारांशिका : –** सभी समाज में धर्म, जीव, जन्म, मृत्यु आदि से संबंधित लोक-विश्वास युगों-युगों से चली आ रही हैं। लोकविश्वास लोक-संस्कृति का ही एक अंग है। जन जीवन में बहुत से ऐसे विश्वास जड़े जमाए हुए हैं, जिनके फल-फूल-पत्र के रूप में बहुत सी प्रथा-परंपराएँ विकसित होती हैं। मोनपा जनजाति अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख जनजातियों में से एक है। मोनपा जनजाति के लोग अपनी सामाजिक परंपरा का पालन करनेवाले विनम्र किंतु अपने धर्म पर दृढ़ आस्था रखने वाले लोग है। अरुणाचल प्रदेश की मोनपा जनजाति के लोग सबसे अधिक धर्म पर आस्था रखते हैं। किसी बच्चें के जन्म पर लामा को जन्म कुंडली दिखाकर ही उसका नामकरण करते है। मोनपा जनजाति में कुंडली का पाठ केवल नामकरण में ही नहीं किया जाता है, किसी के सत्कार के लिए भी जन्म कुंडली देखा जाता है। मोनपा समाज के लोग व्यक्ति के पूनर्जन्म पर विश्वास रखते है। उन लोगों क विश्वास है कि व्यक्ति का पृथ्वी पर जन्म लेना पूर्वजन्म का फल है। उसी पूण्य पर आस्था रखते हुए दारगे नरबू आजीवन शव का सत्कार करते रहते है। इसके अतिरिक्त वे लोग भूत-प्रेत, आत्मा-प्रेतात्मा आदि पर भी विश्वास रखते है। ज्यादातर लोकविश्वास जन्म, मृत्यु, कर्मफल, मुक्ति आदि से ही संबंधित है।

**बीज शब्द :** पूर्वजन्म, भाग्यवाद, लोक-संस्कृति, लोक-विश्वास, मोनपा जनजाति, बौद्ध धर्म आदि

**प्रस्तावना : –** लोक-विश्वास का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। ब्रह्मांड में यावत् वस्तुएँ दृष्टिगोचर होती है, इस जगत में जितनी वस्तुएँ उपलब्ध होती है, उनमें से प्रत्येक के संबंध में लोक-विश्वास निश्चित रूप से प्रचलित है। सभी समाज में धर्म, जीव, जन्म, मृत्यु आदि से संबंधित लोक-विश्वास युगों-युगों से चली आ रही हैं। इन लोक-विश्वासों के मूल में मनुष्य के अलौकिक शक्ति के प्रति डर, श्रद्धा और दीर्घ जीवन लाभ की आशा प्रमुख हैं। आदिम समय में बड़े वृक्ष, पत्थर आदि

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

को डर की दृष्टि से देखा जाता था, इसी के आधार पर समाज में बहुत सारी धारणाएँ प्रचलित हो गयी थी, जिसे बाद में लोक-विश्वास के रूप में मान्यता मिली । लोक-विश्वास और अंधविश्वास दोनों शब्द एक दूसरे के ही पर्याय है। अंधविश्वास शब्द अंग्रेजी के 'Superstition' का हिंदी पर्याय है, 'Superstition' के पर्याय ग्रीक शब्द 'deisidaimonia' का अर्थ है 'अलौकिक शक्ति प्रति डर'। फिर भी लोक-विश्वास और अंधविश्वास में थोड़ी बहुत अंतर है। लोक-विश्वास युक्तिसंगत होते हैं, परंतु अंधविश्वास में कोई तर्क नहीं होते है। फिर भी युगों-युगों से प्रचलित होने के कारण बहुत सारी अंधविश्वास भी लोक-विश्वास में रूपांतरित हो जाती है। जैसे- बारिश का न आना सुखा पड़ना परिस्थितिगत है। परंतु लोक में विश्वास है कि मेढक की विवाह करने से बारिश आयेगी। यह एक अंधविश्वास है कि मेढक की विवाह आयोजित करने से बारिश आयेगी। परंतु प्राचीन काल से प्रचलित रहने के कारण यह आज लोक-विश्वास में परिवर्तित हो गयी है। प्रत्येक समाज की अपनी कुछ मान्यताएँ होती हैं, तदनुरूप उनके विश्वास होते हैं । उन विश्वासों के अनुसार ही जीवन चलते है ।

डॉ. हरीशकुमार शर्मा लिखते है - "जन विश्वास जन जीवन के आधार है । यह लोक जीवन के सामान्य निकष एवं लोक-संस्कृति के आवश्यक अंग है । जन जीवन में बहुत से ऐसे विश्वास जड़े जमाए हुए हैं, जिनके फल-फूल-पत्र के रूप में बहुत सी प्रथा-परंपराएँ विकसित होती हैं ।"

डॉ. बलदेव उपाध्याय के अनुसार – लोक-विश्वास का साम्राज्य इस विश्व में सर्वत्र विराजमान है। ऐसा कोई भी देश नहीं है जहाँ के निवासियों के जीवन को लोकविश्वास प्रभावित नहीं करता है । शिक्षित-अशिक्षित, सभ्य-असभ्य, बालक-वृद्ध, स्त्री-पुरुष ऐसा कोई प्राणी दृष्टिगोचर नहीं होता जो अपने जीवन में इन लोक-विश्वासों की उपयोगिता का अनुभव नहीं करता । साधारण विश्वास है कि भारत के ही निवासियों की दृढ़ मान्यता इन पर है । परंतु विदेशों में अमेरिका तथा यूरोप में, अफ्रीका तथा एशिया में भी इनकी प्रमुख व्यापकता देखकर आलोचकों को नितांत आश्चर्य होता हैं।"

मूल विषय :

शव काटनेवाला आदमी उपन्यास में हमें मोनपा जनसमूदाय में प्रचलित लोक-विश्वासों को देखने को मिलते है । विश्वासों के स्वरूप निर्धारण में धर्म का बहुत बड़ा योगदान होती है और बहुत से विश्वासों का आधार धार्मिक मान्यताएँ ही होती हैं । शव काटनेवाला आदमी उपन्यास का आधार मोनपा जनजाति है । इस जनजाति के लोग धर्मनिष्ठ, अपने विश्वासों के प्रति दृढ़, सामाजिक-सांस्कृतिक मान्यताओं का अनुपालन करने वाले हैं । उपन्यास आधार पर मोनपा जनजाति में प्रचलित जो लोक-विश्वास उभरकर सामने आते हैं, उनको संक्षेप में निम्नबिंदुओं में देख सकते हैं –

भूत-प्रेत :

भूत-प्रेत संबंधी बाते ग्रामीण समाज के लोगों के बीच प्रायः प्रचलित है । इस उपन्यास में भूत-प्रेत संबंधी कोई बाते सामने आये हैं । घुरवा गाँव के पास जहाँ शव का सत्कार किया जाता है, वहाँ पर भूत-प्रेत, पिशाच आदि का निवास है । इन भूत-प्रेतों को लोगों ने दिन में भी देखा है। इन भूत-प्रेत, पिशाच से बचने के लिए वहाँ पर एक मने स्तुप का निर्माण किया जाता है । "वहीं पर एक स्तुपमने का निर्माण भी किया गया था ताकिवह स्थान भूत-प्रेत, चुड़ैल आदि से आक्रांत न हो सके । मगर मने रहने के बावजुद भी कहा जाता है कि वह स्थान भूत-प्रेत आदि का अड्डा बन चुका है । 'ऊँ मने पेमे हूँ' मंत्र जिस शिलापर लिखा हुआ है वहाँ पर दिन में ही शव काटने के लिए आदमी के न जाने पर भूत-प्रेत ताश निकालकर

जुआ खेलने बेठ जाते है । ..........गलती से भी कई आदमी अकेले उस तरफ नहीं जाता, जब भी जाना होता है, समूह बनाकर लोग जाते हैं। 'ऊँ मने पेमे हूँ' मंत्र पढ़ते हुए ।"[5]

लोगों की यह भी मानना है किआऊ थांपा की बेटी रिजोम्बा के गूँगी और मंद बुद्धि होने का कारण भी वहाँ के भूत-प्रेत ही है । "जिस समय आऊ थांपा उन मृतकों के शवों को काटकर नदी में बहा रहा था, उसी समय लड़की का जन्म होने के कारण उन सारी प्रेतात्माओं का प्रभाव पड़ने के कारण वह मंद बुद्धि वाली बन गयी । "[6]

सभी समाज में इस तरह की मान्यता प्रचलित है । जब भी किसी व्यक्ति का कोई अशुभ होता है उसमें किसी बुरी आत्मा या भूत-प्रेत का प्रभाव मानकर उस बुरी आत्मा को दूर करने का उपाय किया जाता है । चीनी हमले में अपने दोस्त, प्रेमिका को खोकर दारगे नरबु पागल हो जाता है । यहाँ तक कि अपने माँ की हत्या कर देता । इस्के पीछे लोग किसी बुरी आत्मा का प्रभाव मानते है । "युद्ध के समय इतनी मारा-मारी, इतने मृतक-मृतकों की प्रेतात्माएँ, चारों तरफ सिर्फ केन(अशुभ शक्ति, भूत-प्रेत), वहीं केन आजांग दारगे के भीतर समा गया था । तुम्हारा आजांग पागल हो गया था । उसके लिए मामा-मामी ने कितने पूजा-पाठ किये, मगर उसका केन दूर नहीं हुआ । उसी केन के प्रभाव में एक दिन मामी को लाश समझकर काट डाला।" [7]

शकुन-अपशकुन :

शकुन-अपशकुन संबंधी मान्यताएँ सभी समाजों में होती है । शव काटनेवाला आदमी उपन्यास में मोनपा समाज में प्रचलित शकुन-अपशकुन संबंधी विचार देखने को मिलते है ।

आँख का फड़कना भी शुभ-अशुभ दोनों तरह के परिणाम होते है । उपन्यास एक स्थान में रिजोम्बा दारगे से कहती है -"मेरी दायी आँख फड़क रही है । माँ के मरने से पहले भी मेरी दायी आँख इसी तरह फड़क रही थी ।"[8]

कुत्तों का रात में रोना भी अशुभ माना जाता है । इस उपन्यास में रोने के स्थान पर कुत्तों का भौंकना भी अशुभ माना गया है । "गाँव के बाहर रात के अंधेरे को चीरकर कुत्तों के सामूहिक रूप से भौंकने की आवाज के पीछे किसी भयानक घटना का पूर्व संकेत महसूस होने लगा और उसका दिन जोर-जोर से धड़कने लगा ।"[9]

सपने के भीस शुभ–अशुभ फल देने के विशय में समाज में लोकविश्वास प्रचलित हैं। कुछ स्वप्न सुफलदायक और कुछ स्वप्न अशुभ फलदायक माने जाते हैं । चीन के लड़ाई के समय अपने परिवार से बिछड-अने से पहले एक ऐसा ही स्वप्न देखता है – "बीच-बीच में सपने देखा रहा था, अजीब सपने.. भयानक सपने- रिजोम्बा आसमान में उड़ती हुई जा रही है और वह उसे पकड़ने के लिए दौड़ रहा है । रिजोम्बा से न जानेके लिए कह रहा है, मगर उसके गले से आवाज नहीं निकल रही है .... जिग्मे को बुखार है..... सोती हुई जगह से वह दोनों प्रेतात्माओं को देख रहा है।"[10]

पूर्वजन्म एवं भाग्यवाद :

मोनपा लोग बोद्ध धर्म के अनुयायी हैं । बोद्ध धर्म पुनर्जन्म पर विश्वास करता हैं । शव काटनेवाला आदमी उपन्यास के नायिका रिनचिन जोम्बा जो कि बाद में पूर्णता प्राप्त करती है और आने बनती है । वह कई जन्मों की साधना के पश्चात इस जन्म में पूर्णता को प्राप्त करती है और मोक्ष पाती है । पिछले जन्म में तिब्बत के छारिंग गोम्पा की मठाधिकारी रिनचिन जोम्बा को इस जन्म में दलाई लामा बचपन में एक ही दृष्टि से पहचान लेते हैं और अंततः उसका आने सांगे के रूप में भविष्य सुनिश्चित होता है । किंतु इस जन्म में वह मृत्यु से पूर्व ही सारी व्यवस्थाएँ करने के बाद अपने अनुयायियों

को बता देती है कि अब पुनः पृथ्वी पर उसका जन्म नहीं होगा । "आने सांगे ने सभी लोगों को बता दिया कि उसका पृथ्वी पर यह आखिरी जन्म था, इस मृत्यु के पश्चात उसकी आत्मा कईपेमे में जाने वाली थी अर्थात उसकी आत्मा को निर्वाण प्राप्त होनेवाली थी । इसलिए उसकी मृत्यु के बाद उसने फिर कहाँ जन्म लिया है, इसके बारे में खोजबीन कर किसी को गोम्पा का मठाधिकारी बनाने की आवश्यकता नहीं है।...............इसलिए अस्थायी मठाधिकारी चुनकर उसके माध्यम से नयी रिम्पोछे ने कहाँ जन्म लिया है, इस बात का पता लगाकर शिक्षा-दीक्षा नये सिरे से देकर फिर गोम्पा में बिठाने की जरूरत नहीं है ।"[11]

इतना ही नहीं आने सांगे ने अपने बचपन के प्रेमी दारगे नरबू से आने सांगे नोरजोलम का जन्म-जन्मांतर का संबंध बताकर वह अंतिम समय में उपस्थित जनों के समक्ष यह रहस्य खोल देती है कि -"कई जन्मों तक तुमने मेरी भक्ति की, मेरे कुत्ते के रूप में, मेरा सामान उठाने वाले के रूप में, मेरे भृत्य के रूप में और अंत में मेरी प्रेमी और शव सत्कार करने वाले थांपा के रूप में । तुम्हारा भी इस धरती पर यह आखिरी जन्म था । मेरा शव सत्कार करने के बाद तुम भी इस धरती से मुक्ति पाकर कईपेमे की यात्रा करोगे।"[12]

पुनर्जन्म के अलावा मोनपा समाज के लोग भाग्यवाद में भी विश्वास करते है । मोनपा लोग मानते है कि बहुत कुछ पहले से ही भाग्यमें तय होकर सभी व्यक्ति का जन्म पृथ्वी में होते हैं । विभिन्न कठिन परिस्थितियों में लोग भगवान का मर्जी कहकर अपने मन को समझाने का प्रयास करते है । जब दारगे नरबू अपने मातृ का हत्या करते है । मातृहत्या से ग्रस्त दारगे को आने सांगे नोरजोलम सांत्वना देती है कि – "सब अपने कर्मों का फल होता है । दिल दुखाने से फायदा नहीं होगा ।"[13]

इस तरह निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि मोनपा समाज में अनेक लोकविश्वास प्रचलन में है। मोनपा जनजाति के लोग पूर्वजन्म या भाग्यवाद पर विश्वास रखते है । उन लोगों की मान्यताएँ है कि मनुष्य जीवन में जो भी कार्य घटित होती सब मनुष्य के कर्मो का ही फल है । इसके अतिरिक्त वे लोग भूत-प्रेत, आत्मा-प्रेतात्मा आदि पर भी विश्वास रखते है । मोनपा जनजाति के लोगों में मान्यताएँ है कि मनुष्य कई जन्म लेते है और अपने पूर्वजन्मों के कर्मों का फल उसे परवर्ती जीवन में भोगना ही पड़ता है । उन लोगों में मान्यताएँ है कि किसी व्यक्ति में मृत शरीर को एक सौ आठ टुकड़ों में काटकर नदी में बहाने से ही मृतक के आत्मा को स्वर्ग यानि मुक्ति मिलती है । इस तरह देखते है कि मोनपा जनजाति में अनेक लोकविश्वास प्रचलित है । ज्यादातर लोकविश्वास जन्म, मृत्यु, कर्मफल, मुक्ति आदि से ही संबंधित है ।

**संदर्भ सूची :**


1. शव काटनेवाला आदमी, येसे दोरजे थोंगछी,, पृष्ठ – 29
2. वही, पृष्ठ – 46
3. वही, पृष्ठ – 224
4. वही, पृष्ठ – 111
5. वही, पृष्ठ – 156
6. वही, पृष्ठ – 138
7. वही, पृष्ठ – 264-265
8. वही, पृष्ठ – 266
9. वही, पृष्ठ – 106

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# श्रीमद्भगवद्गीतायाः दार्शनिकसिद्धान्तानां वर्तमाने उपादेयता



सुमन
असिस्टेन्ट प्रोफेसर
राजकीय महिला महाविद्यालय जींद,
भारत।

Article Info

Volume 3, Issue 5

Page Number: 48-56

Publication Issue :

September-October-2020

**शोध सारांशिका : –**

श्रीमद्भगवद्गीता विश्वपटले तदा अवतरिता यदा युद्धस्य मृत्योः भयाशान्तेश्च वातावरणमासीत्। श्रीमद्भगवद्गीता वर्तमाने धर्मस्य कृते न प्रत्युत जीवनं प्रति स्वदार्शनिकसिद्धान्तानां कारणाद् विश्वस्य मानवानां ध्यानमाकर्षयति। निष्कामकर्मणः संदेशः प्रबन्धनगुरूनपि प्रलोभयति। अद्य वर्तमानजीवने मानवस्य प्रमुखावश्यकता स्वाभ्यन्तरबाह्यसंतुलनस्य विद्यते। एतद्कर्म स दैनन्दिनकार्येषु स्थापयति चेत् कामक्रोधलोभमोहेर्ष्याद्वेषादिभ्यः दूरीभवति। येन तस्य कार्येषु सामंजस्यं जायते तेन स सर्वान् प्रेमभावनया पश्यति। कालक्रमेण तदेव निष्कामकर्मणि परिणमति। तदेव दर्शनस्य साफल्यं गीतायाश्च।

Article History

Accepted : 03 Sep 2020

Published : 20 Sep 2020

**बीज शब्द :** श्रीमद्भगवद्गीता, वर्तमानजीवनः, दार्शनिकसिद्धान्तानः, मानवः, विश्वः।

भगवद्गीताया महत्तां प्रतिपादयन् आचार्यशंकरो गीताभाष्यस्य भूमिकायां लिखति–"इदं गीताशास्त्रं समस्तवेदार्थसारसंग्रहभूतम्"।। गीता उपनिषद्दर्शनानां च सारसंक्षेप एवास्ति।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वर्तमानकाल एते सिद्धान्ताः कथमुपयोगिनः स्युरिति विचारणायाः प्राग् वयं वर्तमानपरिप्रेक्षे दृष्टिपातं कुर्मः।

सृष्टेरारम्भतोऽधुनापर्यन्तं सर्वत्र पातोत्पातो दृश्यते। पातोत्पातस्य केन्द्रबिन्दुमनुष्य एव यतोहि अस्मिन् भूतले सैव विवेकशीलः। अन्ये पदार्था वस्तुनो ग्रन्थाः शास्त्रास्तदर्थमेव सन्ति। मनुष्यसहिताः सर्वे प्राणिनः सुखं इच्छन्ति दुखस्य च निवृत्तिम्। तदर्थमेव तषां सर्वाश्चेष्टाकियाश्च भवन्ति। मनुष्य स्वज्ञानानुसारं सुखप्राप्त्यर्थं दुखनिवृत्यर्थं च सुकरं मार्गं स्वीकरोति। सामान्यमनुष्यस्य ज्ञानं अपूर्णं भ्रान्तियुक्तं च भवति। सुखप्राप्तिकामोऽपि स विपरीतमार्गाश्रयेण दुखमेव प्राप्नोति। स पञ्चज्ञानेन्द्रियैः संसारे सुखं अन्विष्यति। तेनापि तस्य जीवने प्रसन्नताया अभाव एव। अपि च कामकोधलोभमोहेर्ष्याद्वेषादयः प्रवर्धन्तः सन्ति यस्य परिणामरूपेण भ्रष्टाचार आतंकवादो अश्वेतधनमनियन्त्रितोपभोगप्रवृत्ति चौर्य लुण्ठनं परद्रव्यापहरणं स्त्रीणामसुरक्षितं जीवनं पितृगुरुजनानां च तिरस्कारः भूमण्डलेऽत्यधिकोष्णताया वृद्वि ( ग्लोबल वार्मिंग ) ओजोनस्तरे छिद्रः समुद्रजलेषु वृद्धि विविधा रोगव्याधयश्च सर्वत्र जरीजृम्भन्तः सन्ति। एतासां समस्यानां प्रमुखकारणमविद्या अस्ति। ज्ञानस्य स्रोतो दर्शनेषूपनिषत्सु च विद्यते। दर्शनेषु दुखं दुखकारणं तस्य समाधानं च व्याख्यातमस्ति। अस्मिन् शोधपत्रे गीतामधिकृत्य दार्शनिकसिद्धान्तानामेव विवेचनं करिष्याम्यहं।।

आसक्तिः— सर्वेषां दुखानां मूलं कारणं आसक्तिरेव। आसक्तिः सङ्ग— नाम्नाप्युच्यते। कस्यापि वस्तुनो व्यक्तिनो वा सार्धं स्वस्वामीभावसम्बन्ध एव सङ्गः। मनुष्यः पुत्रपौत्रधनज्ञातिषु सर्वत्र ममत्वमेव पश्यति यदा कुत्रापि तस्य ममत्वे शिथिलता जायते तदा स दुखी भवति। अत एव भगवान् श्रीकृष्णो मोहग्रस्तमर्जुनं सङ्गस्य परित्यागायोपदिशति।

योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ।।[1]

आसक्तेरुत्पत्ति कस्यचिद् वस्तुनो ध्यानात् भवति। अधिकध्यानकारणेन तस्मिन् व्यक्तिनि वस्तुनि वा सङ्ग उत्पद्यते। सङ्गकारणेन कामः समुत्पद्यते कामस्यापूर्तौ क्रोधो अभिजायते क्रोधकारणेन मनुष्यः सम्मोहितो भवति सम्मोहनेन अधीतं स्मृतं सर्वं नष्टं भवति। कामक्रोधमोहादयः समुत्पद्यन्ते । क्रोध एव पारम्पर्यक्रमेण बुद्धिभ्रंशं करोति । बुद्धिनाशे सति मनुष्यपशोः भेद एव समाप्नोति । अतः गीतायामुक्तमस्ति––

ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते
सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।।
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहत्स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ।।[2]

इन्द्रियाणां नियन्त्रणम्–– इन्द्रियशब्दं आचार्यपाणिनिः अष्टाध्याय्यां ''इन्द्रियमिन्द्रलिंगमिन्द्रदृष्टमिन्द्रजुष्टमिन्द्रदत्तमिति वा''[3] इत्यत्र इन्द्रियमित्यन्तोदात्तं शब्दरुपं घच् प्रत्ययान्तं निपातितमस्ति । ''इन्द्रस्य लिंगम् इन्द्रियम् '' इन्द्र इति आत्मा तस्य साधनं चक्षुरादिः इन्द्रिय नाम्ना उच्यन्ते । आत्मनः सहायार्थं ईश्वरेण एकादश इन्द्रियाणि प्रदत्तानि । तेषां नामानि–

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषो जिह्वा नासिका चैव पंचमी।
पायूपस्थं हस्तपादं वाक्चैव दशमी स्मृता ।।[4]

एतेषु पंच श्रोत्रादीनि बुद्धीन्द्रियाणि नाम्ना तथा पाय्वादीनि पंच कर्मेन्द्रियाणि नाम्ना उच्यन्ते। ''एकादशं मनो ज्ञेयं'' ज्ञानकर्मेन्द्रियरुपेण मन उभयात्मकं वर्तते। ''इन्द्रियाणां विषयेष्वप्रतिपत्तिरिन्द्रियजय उच्यते ''। इन्द्रियाणि स्वस्वविषयं प्रति वेगेन गच्छन्ति विषयसेवनेन एतासां तृष्णा न शाम्यति । अपितु वर्धते एव––

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।

हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाऽभिवर्धते ।।[5]

एतासां बुद्धिद्वारा नियन्त्रणमत्यावश्यकमस्ति ।''बुद्धिं तु सारथिं विद्धि'' बुद्धि सदैव सारथिरिव मनादि इन्द्रियाणि नियम्येत। अभ्यासवैराग्याभ्यामेव इन्द्रियाणां नियन्त्रणं भवितुमर्हति। गीतायामपि उक्तमस्ति——

तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ।।[6]

अभ्यास—वैराग्य— इन्द्रियाणां निरोधो अभ्यासवैराग्याभ्यामेव भवति । कोऽयं अभ्यास इति जिज्ञासायां ''तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः ''[7] वृत्तिरहितस्य चित्तस्य स्वरुपनिष्ठः परिमाणः स्थितिस्तस्यां यत्न उत्साहः पुनः पुनस्तत्वेन चेतसि निवेशनमभ्यास इत्युच्यते । अभ्यास : तपसा ब्रह्मचर्येण विद्यया श्रद्धया च संपादितः सत्कारवान्दृढभूमिर्भवति । श्रद्धा चेतसः संप्रसादः सा हि जननीव कल्याणी योगिनं पाति। श्रद्धायाः महत्ता गीतायां—

श्रद्धावाननसूयश्च श्रृणुयादपि यो नरः ।
सोऽपि मुक्तः शुभॉल्लोकान्प्राप्नुयात्पुण्यकर्मणाम् ।।[8]

द्वितीयो वैराग्यम्— ''दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम्''[9] विरागस्य भावः कर्म वा वैराग्यम् । दृष्टेभ्यः श्रुतेभ्य अनुभूतेभ्यः विषयेभ्यः इन्द्रियाणां वशीकरणमव वराग्यम्। वैराग्यं यमनियमासनप्रणायामप्रत्याहारधारणाभ्यां एव सिद्धयति। एतेषां श्रद्धापूर्वकाभ्यासेन एव परब्रह्मणः प्राप्तिर्भवितुमर्हति । गीतायां प्रोक्तम्—

अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोति मयि स्थिरम्। अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनंजय ।।[10]

ये जनाः ईश्वरं प्राप्तुमिच्छन्ति परं ज्ञानवैराग्यशून्याः सन्ति तेषां कृते योगाभ्यास एव श्रेष्ठतमोऽस्ति । पूर्वजन्मनः संस्कारकारणात् येषां मन वायुरिव चंचलो वर्तते । मनस

अस्थिरताया कारणेन ते विषयेषु लिप्ताः भवन्ति । एते विषया एव दुखस्य मूलकारणानि सन्ति । योगाभ्यास दुखस्य परिहारः –

अभ्यासाद्रमते यत्र दुखान्तं च निगच्छति ।[11]

स्थितप्रज्ञ—– परब्रह्मपरमात्मनि समाधौ वा स्थिता प्रज्ञा यस्य सः स्थितप्रज्ञ उच्यते । भगवद्गीतायां श्रीकृष्णं किंकर्त्तव्यविमूढमर्जुनः स्थितप्रज्ञस्य स्वरुपं पृच्छति–

स्थितप्रज्ञस्य का भाषा समाधिस्थस्य केशव। स्थितधीः किं प्रभाषेत किमासीत व्रजेत किम् ।।[12]

परमकारुणिको भगवान् स्वशिष्यस्य जिज्ञासां समादधति–

दुखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीमंनिरुच्यते ।।[13]

सर्वान् कामान् यः प्रकर्षेण जहाति, त्यक्तपुत्रवित्तलोकैषणः, आत्मारामः स्थितप्रज्ञ उच्यते। य आध्यात्मिकादिषु दुखेषु प्राप्तेषु न प्रक्षुभति , सुखेषु प्राप्तेषु विगतस्पृहो भवति । यस्य रागद्वेषभयक्रोधादयः कल्मषाः दग्धाः ,सर्वेभ्यः सम्बन्धेभ्यः आत्मानं पृथक् पश्यति सैव स्थितिधीः । ईशोपनिषद् अपि इमम् पक्षं दृढीकरोति।

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति । सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते ।।[14]

एतादृशी स्थितिः यदा मनुष्यस्य भविष्यति। तदा आत्महननं सम्बन्धविच्छेदं कलहं परदोषाविष्करणं न कोऽपि करिष्यति ।

त्रिगुणाः– त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत् ।।[15]

अयं सम्पूर्ण चराचरात्मक संसारः त्रिगुणात्मकमस्ति। सत्वरजस्तमस इत्येते गुणाः प्रकृतिसम्भवाः सन्ति । एतेषां वियोगावस्था एव प्रलयनाम्ना उच्यते । सृष्टिदशायां एते गुणाः सर्वदा सम्पृक्ता एव उपलभन्ते । सांख्यदर्शनेऽप्युक्तमस्ति ’’सत्वरजस्तमसां साम्यावस्था

प्रकृतिः''[16] सृष्टेः रचनायां गुणा एव कारणाः सन्ति । वैशेषिकदर्शने उक्तः– ''कारणगुणपूर्वकः कार्यगुणो दृष्टः''[17] इममेव सिद्धान्तं गीतापि दृढीकरोति। नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः ।

उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्वदर्शिभि : ।।[18]

अर्थात् विद्यमानस्य (सत्) अभाव अविद्यमानस्य ( असत् ) च भावो न कदापि भवति । जडचेतनरुपेण संसार उभयात्मकस्ति। जडपदार्थेषु तमोगुणस्य प्रमुखता भवति । मनुष्येषु रजो गुणस्य देवेषु च सत्वगुणस्य। एते गुणाः गतिशीलाः सन्ति अतः क्षणे क्षणे मनसः स्थितिपरिवर्तनं कुर्वन्ति। यदा सुखज्ञानयो अनुभूतिर्जायते तदा सत्वस्योद्रेको भवति । यथा –

तत्र सत्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम् ।
सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चानघ ।।[19]

रजो रागात्मकं विद्धि यतोहि अस्य वर्तमानतायां मनुष्यः रागी कर्मफलप्रेप्सुर्लुब्धो हिंसात्मकोऽशुचिः हर्षशोकान्वितो भवति। तमसः स्थितौ मनुष्यः अयुक्तः प्राकृतः स्तब्धः शठोऽनैष्कृतिकोऽलसः विषादी दीर्घसूत्री भवति। सुखैश्वर्यं दुखदारिद्रयं धर्माधर्मं प्रवृत्तिं निवृत्तिं बन्धं मोक्षं कार्याकार्यं भयाभयं एतेषां कारणादेव भवति । सत्वगुणेन मनुष्यः ऊर्ध्वं गच्छति । इन्द्रियनिग्रहयोगाङ्गानुष्ठानेन च कोऽपि मनुष्यः सात्विकीं स्थितिं लब्धुमर्हति । सम्पूर्णजगतः वर्णनं अस्मिन् श्लोके वर्तते––

ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृतिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ।।[20]

मुक्ति– ''मुन्चन्ति पृथग्भवन्ति जना यस्यां सा मुक्तिः निश्रेयसमोक्षापवर्गाः मुक्ते एव अपरनामानि सन्ति । ''तदत्यन्तविमाक्षोऽपवर्गः –दुखजन्मप्रवृतिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः''[21]

दुखजन्मप्रवृति इत्यादीनामत्यन्त अर्थात् पूर्णरुपेण अपायविघातो वा मुक्तिः । गीतायां मुण्डकोपनिषदि च मुक्तिविषये साम्यमस्ति । गीतायां यथा –

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं

क्षीणे पुण्य मर्त्यलोकं विशन्ति ।[22]

मुण्डकोपनिषदि च–

ते ब्रह्मलोके ह परान्तकाले परामृतात् परिमुच्यन्ति सर्वे।।[23]

मुक्तात्मा परान्तकालपर्यन्तं मोक्षसुखमनुभूय पुनः प्ण्यक्षये सति अस्मिन् जगति जन्म लभते । गीतायां शुभाशुभफलानां परिणाम एव मुक्ति ।

शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्म बन्धनैः ।
सन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यसि।।[24]

अर्थात् यो जनः शुभाशुभकर्मणां बन्धनात् विमुक्तो भूत्वा निष्कामभावेन कार्याणि सम्पादयति स कर्मफलैर्मुच्यते। कर्मेष्वासक्तिः बन्धनकारिका विरक्तिश्च मुक्तिविधायिका भवति। एतदेव योगदर्शने ईश्वरप्रणिधाननाम्ना उच्यते 'ईश्वरप्रणिधानं च सर्वक्रियाणां परमगुरावर्पणं तत्फलसंन्यासो वा'।

निष्कर्षः– श्रीमद्भगवद्गीता विश्वपटले तदा अवतरिता यदा युद्धस्य मृत्योः भयाशान्तेश्च वातावरणमासीत्। श्रीमद्भगवद्गीता वर्तमाने धर्मस्य कृते न प्रत्युत जीवनं प्रति

स्वदार्शनिकसिद्धान्तानां कारणाद् विश्वस्य मानवानां ध्यानमाकर्षयति। निष्कामकर्मणः संदेशः प्रबन्धनगुरूनपि प्रलोभयति। अद्य वर्तमानजीवने मानवस्य प्रमुखावश्यकता स्वाभ्यन्तरबाह्यसंतुलनस्य विद्यते। एतद्कर्म स दैनन्दिनकार्येषु स्थापयति चेत् कामकोधलोभमोहेर्ष्याद्वेषादिभ्यः दूरीभवति। येन तस्य कार्येषु सामंजस्यं जायते तेन स सर्वान् प्रेमभावनया पश्यति। कालक्रमेण तदेव निष्कामकर्मणि परिणमति। तदेव दर्शनस्य साफल्यं गीतायाश्च।

सन्दर्भाः –


1. श्रीमद्भगवद्गीता 2/48
2. तदेव 2/62–63
3. अष्टाध्यायी 5/2/93
4. मनुस्मृति 2/90
5. तदेव 2/94
6. श्रीमद्भगवद्गीता 2/68
7. योगदर्शन 1/13
8. श्रीमद्भगवद्गीता 18/71
9. योगदर्शन 1/15
10. श्रोमद्भगवद्गीता 12/09
11. तदेव 18/36
12. तदेव 2/54
13. तदेव 2/56
14. इशोपनिषद् 6
15. श्रोमद्भगवद्गीता 07/13
16. सांख्यदर्शन 1/61

17. वशेषिकदर्शन 1/1/24
18. श्रोमद्भगवद्गीता 02/16
19. तदेव 14/06
20. तदेव 14/18
21. न्यायदर्शन 1/1/21
22. श्रोमद्भगवद्गीता 9/21
23. मुण्डकोपनिषद् 3/2/6
24. श्रोमद्भगवद्गीता 09/28

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# प्रेमचंद के नजर में दलित चेतना : समस्याएँ और समाधान (‘सद्गति’ कहानी के संदर्भ में)

**प्रदीप कुमार साव**

**शोध छात्र, हिंदी विभाग,काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 57-60
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 23 Sep 2020

**शोध आलेख सार**

प्रेमचंद ने ‘सद्गति’ कहानी के माध्यम से समाज के यथार्थ को उजागर किया है। प्रेमचंद के समकालीन समाज में प्रखर रूप से जाति-पाति, वर्गो का भेदभाव था। उस समय में ब्राह्मणों का आदर सत्कार था। बाहरी रूप से दिखावा करते थे पर आंतरिक रूप से धर्म संस्कार के नाम पर निम्न जातियों पर शोषण करता था। इस कहानी के माध्यम से प्रेमचंद ने समाज की कुरीतियों के साथ-साथ उस वर्ग को उभारते हैं जो हाशिए पर पड़ा है।

**मुख्य शब्द** – सद्गति, भेदभाव

समाज में ब्राह्मणों ने अपने फायदे के लिए धर्म के मूल बातों को हटाकर अपने द्वारा बनाए गए बातों को रखा। जिससे उसका समाज पर वर्चस्व रहे और उसे मान- सम्मान मिलता रहे।इन बातों से ब्राह्मणों द्वारा पाखंड नजर आता है जब दुखी चमार पंडित के घर आता है जो पंडिताइन कहती है **"चमार हो, धोबी हो, पासी हो, मुंह उठाए घर में चला आए।हिंदू का घर ना हुआ, कोई सराय हुई।"**[1] दुखी से काम कराते समय छुआछूत की भावना नहीं आती, जहां अपना नुकसान होने की बात हो वहां छुआछूत की भावना ले आता है। जब दुखी चमार पंडित का काम करते हुए 'सद्गति' प्राप्त कर लेता है तब किसी ने भी लाश को नहीं उठाया तब मजबूरन सुबह-सुबह कोई ना देखें, उस समय लाश को घसीटते हुए ले जाता है। सद्गति कहानी में मानवीयता का अभाव पंडित और पंडिताइन में दिखाया गया है जहां प्रेमचंद संकेत करते हैं ब्राह्मण के पास और अमानवीयता का भाव भी होता है। जब दुखी चमार पंडित के घर अपनी बेटी की सगाई हेतु नजराने के साथ साइत-सगुन निकलवाने जाता है तब उसे अपने काम करने को कहता है जिससे झाड़ू लगाना, गोबर से बैठक के स्थान पर लिपना , फिर लकड़ी चीरने को भी कहा गया। भूखे पेट दुखी चमार पंडित के घर आया था। दोपहर हो चली थी खाना तक नहीं दिया गया जब लकड़ी चीरने पर

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

आराम करने लगा उस पर दुखी चमार को कहा **"अरे दुखिया तू सो रहा है ?लकड़ी तो अभी ज्यों की त्यों पड़ी हुई है। इतनी देर तक तो क्या करता रहा? मुट्ठी भर भूषा ढोने में सांझ कर दी, उस पर सो रहा है तुझसे जरा सी लकड़ी भी नहीं फटती"**[2] फिर साइत भी वैसी निकलेगी। मुझे दोष मत देना यह बात सुनकर चमार के हाथों में ना जाने कहां से 'अदृश्य शक्ति' आ गई थी वह लकड़ी पर प्रहार करने लगा हुआ।वह सुध बुध खो कर प्रहार करता रहा अंत में उसकी मृत्यु हो जाती है। पंडिताइन में अमानवीयता का भाव दिखता है। जब दुखी चमार चिलम जलाने को आग मांगता है तो पंडिताइन चिमटे से पकड़ कर आग लाती है। पांच हाथ की दूरी से घूंघट की आड़ से दुखी की तरफ आग की बड़ी चिंगारी दुखी के सिर पर लगी।जिसके घर का काम कर रहा हूं वहां इस तरह का व्यवहार करना अमानवीय है। पंडिताइन की दूसरी बात से पता चलता है उसमें संवेदनशीलता एवं सहानुभूति भी नहीं दिखती। यथा **"जब पंडित कहता है वह दुखी चमार लकड़ी चीरते-चीरते मर गया। अब क्या होगा? तब पंडिताइन कहती है होगा क्या,चमरौने में कहला भेजो, मुर्दा उठा ले जाए।"**[3] अगर स्वभाविक रूप से दया य सहानुभूति आती भी है तो वहां स्वार्थ का पर्दा उसे ढक देता है। जैसे पंडिताइन कहती है **"चमरवा को भी कुछ खाने को दे दो, बेचारा कब से काम कर रहा है। भूखा होगा"। "पंडित पूछता है रोटियां है? तो पंडिताइन कहती है दो-चार बची है। पंडित करता है दो-चार से क्या होगा चमार है उसे तो शेर भर चाहिए ऐसा करो की भूसी चौकर मिला कर दो मोटी रोटियां बना दो पर पंडिताइन बोलती है पत्नी रोटियों से इन नीचों का पेट नहीं भरता, अब जाने भी दो धूप में कौन मरे।"**[4]

दूसरी तरफ प्रेमचंद ने दिखाया है समाज के पीड़ित तबके में संवेदनशीलता होती है जैसे चमार का साथी गोड़ जिसे पता था कि यह पंडित लोग काम तो करवा लेते हैं पर खाने को या दूसरे के काम के समय साथ नहीं देते हैं इसलिए दुखी चमार को देख दया आती है तो उसके लकड़ी चीरने में सहायता भी करता है जो कि चमार के अंदर ब्राह्मणों के प्रति जो आस्था है और भाई आधारित है उसके आदर सत्कार करता है जो समाज पुराने समय से ब्राह्मणों को मान सम्मान करते आ रहे थे वह संस्कार, कर्म बन गया था। उसी बात को लेकर दुखी चमार समाज भी कर्मों से छूटा नहीं था। दुखी चमार की सामाजिक व्यवहारिक सोच बनी हुई थी। जो एक सामाजिक व्यक्ति का परिचय देता है। दुखी चमार समाज व्यवस्था को इतनी तन्मयता से अपनाया हुआ है कि वह पंडित जी के घर खाली हाथ जाने से भी डरता है। प्रेमचंद कहते हैं **"उस खाली हाथ देखकर तो पंडित जी उसे दूर से ही दुत्कार देते"**[5] दुखी चमार इतना डरता है, वह खाना खाने के लिए वह वापस घर नहीं जाता बल्कि पंडित का ही काम करता है क्योंकि पंडित जी भड़क जाए। मानसिकता को दिखाएं है पहली जो निराशा को दिखाते हैं वहीं दूसरी तरफ आशा की बात करते हैं। पहली निराशा को दिखाते हैं ब्राह्मण धर्म पाखंड और अंधविश्वास जैसी चीजों को मानकर दुखी चमार जैसे लोग फंस जाते हैं। दुखी अछूत कहे जाने वाले वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। वह मानता है कि मैं पिछले जन्म में पाप किया है तभी नीच जाति में जन्म हुआ और अगर ब्राह्मण की सेवा करे तो हमें सद्गति प्राप्त होगी क्योंकि चमार जानता है कि उस पर अन्याय हो रहा है वो नियति मान लेता है। जो स्वयं सोचता है **"साइत का ही सब खेल है जिस चाहे बना दे जिस चाहे बिगाड़ दे"**[6] यहां प्रेमचंद निम्न वर्ग को ही जिम्मेदार ठहराया। पिछड़े वर्ग विरोध नहीं करता है। नियति को मान लेता है जिससे ब्राह्मण इसी का फायदा उठाकर उस पर शोषण करता है। यह मान लेता है कि मैं पंडित के घर में घुस गया हूं क्योंकि यह गलत है और जो पंडिताइन के

आग मांगने पर उसके तरफ आग फेकता है तो चिंगारी दुखी के सिर पर जा लगा उसके मन ने कहा यह एक पवित्र ब्राह्मण के घर को अपवित्र करने का फल है भगवान ने कितने जल्दी फल दे दिया। एक और बात से और पता चलता है कि वह कितने अपने आप को छोटा समझता है जिसमें स्वाभिमान की भावना नहीं है। जब गोड़ पूछता है **"कुछ खाने को मिला कि काम ही कराना जानते हैं जाकर मांगते क्यों नहीं ?तब दुखी कहता है कैसे बात करते हो ,चिखुरी ब्राह्मण की रोटी हमको पचेगी।"**[7]

दूसरी तरफ प्रेमचंद ने गोड़ के माध्यम से आशा की किरण को जीवित रखा है।वह इस बात को भलीभांति जान गया है ब्राह्मण केवल नाम का है जो दूसरों पर शोषण करता है काम करवाता है बेगारी करवाता है खाने को कुछ देता नहीं है हकीम भी बेगारी लेता है तो थोड़ी बहुत मजबूरी दे देता है।यह तो उनसे भी बढ़ गए, उस पर परमात्मा बनते हैं इसलिए दुखी चमार को काम करने से मना करता है और जब दुखी चमार लकड़ी चीरते-चीरते मृत्यु प्राप्त कर लेता है। तब **"गोड़ ने चमरौधे में जाकर सबसे कह दिया खबरदार मुर्दा उठाने मत जाना। अभी पुलिस की तहकीकात होगी दिललगी है कि गरीब की जान ले ली। पंडित अपने घर के होंगे।उठाओगे तो तुम भी पकड़े जाओगे ।इस तरह गौड़ ने लोगों को बोल दिया।"**[8] पंडित जी ने चामारों को बहुत धमकाया, समझाया पर चमारों के दिल पर पुलिस का रोब छाया हुआ था।आखिर इस बार पंडित निराश होकर लौट आए। इस तरह पंडित के प्रति विरोध जाहिर किया गया, ऐसा प्रतीत होता है कि समाज में भी ऐसे लोग सामने आए हैं जो सोशल पंडितों के द्वारा नहीं होना चाहते हैं। जो समाज में साम्यवाद चाहते हैं,जो समाज में बदलाव चाहते हैं यह प्रेमचंद द्वारा समाज के बदलाव होने का संकेत है।

इस कहानी में प्रेमचंद ने कहीं कहीं एक का जगह व्यंग किए हैं जैसे जिसमें पर हुआ समाज में ब्राह्मणों के प्रति कहे गए हैं जैसे उसके पूजा पाठ की बातों को उसके खेती कहते हैं। पर जो सबसे बड़ा व्यंग दिखता है वह **'सद्गति'** शीर्षक में ही है में है। सद्गति प्राप्त कर लिया यानी मोक्ष प्राप्त कर दिया जो जन्म जन्मांतर से एक धारणा बनी हुई है पंडित अंतिम संस्कार के समय छूने से प्राप्त कर लेता है। जब पंडित ने दुखी चमार की लाश को गांव के बाहर ले जाता है। प्रेमचंद कहते हैं कि उसकी सद्गति प्राप्त हो गई। इस तरह दुर्गति को प्रेमचंद जी सद्गति कहकर व्यंग करते है। यही जीवन पर्यन्त की भक्ति, सेवा और निष्ठा का पुरस्कार था।

निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि प्रेमचंद ने इस कहानी में अपने समय के यथार्थ के एक पक्ष को उतारते हैं। जिसमें समाज के उच्च जाति के प्रति विरोध का भाव को दिखाते हैं।तथा दुखी चमार जैसे लोगों की स्वाभिमान समाप्त हो रहे हैं तथा अपने आप नीच मान लेना, नियतिवाद में जीना एक स्वयं शोषण होने के जिम्मेदार हैं। दूसरी तरफ जैसे लोगों से प्रेमचंद ने समाज के बदलाव होने का संकेत किया है।

**मूल ग्रंथ**

1. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-111
2. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-114
3. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-115
4. प्रतिनिधि कहानियाँ –प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-112
5. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-111
6. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-112
7. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-113
8. प्रतिनिधि कहानियाँ – प्रेमचंद, सम्पादन- भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, 2018,पेज-115

**सहायक ग्रंथ :**

1. हिन्दी कहानी का विकास- मधुरेश, समित प्रकशन, इलाहाबाद – 2018
2. हिन्दी कहानी का इतिहास – गोपाल राय-राजकमल प्रकाशन -2018
3. परिकथा, द्विमासिक हिन्दी पत्रिका, गाँव–किसान अंक, जुलाई –अगस्त, 2019
4. हंस, मासिक हिन्दी पत्रिका, संपादक- राजेंद्र यादव,अगस्त,-2006
5. आजकल, हिन्दी पत्रिका,संपादक- फरहत परवीन, जुलाई-2015

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# 'नौकर की कमीज़', व्यवस्था और मुक्तिबोध

आराधना साव
नेट/जेआरएफ़, शोधार्थी, हिन्दी विभाग, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता

Article Info
Volume 3, Issue 5
Page Number: 61-66
Publication Issue :
September-October-2020

Article History
Accepted : 01 Oct 2020
Published : 09 Oct 2020

**शोध-सार** - हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकर, कथाकार तथा कवि विनोद कुमार शुक्ल काफी लंबा समय कवि मुक्तिबोध के साथ बिताए थे, यही कारण है कि उनपर मुक्तिबोध का काफी प्रभाव पड़ा । उन्होने स्वयं कई साक्षात्कारों में यह तथ्य स्वीकार किया है कि उनके लेखन पर मुक्तिबोध का काफी प्रभाव है । अतः इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मैंने प्रस्तुत शोध-पत्र में विनोद कुमार शुक्ल के प्रसिद्ध उपन्यास 'नौकर की कमीज़' पर मुक्तिबोध के प्रभाव की पड़ताल करने की कोशिश की है एवं इसी आधार पर निष्कर्ष तक पहुंची हूँ ।
**मूल-शब्द** - व्यवस्था, निम्नमध्यवर्ग, संघर्ष, शोषण, नौकरशाही, नौकर, विनोद कुमार शुक्ल, मुक्तिबोध ।

हिन्दी के प्रसिद्ध आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'कविता क्या है ?' निबंध में लिखा है कि "सभ्यता की वृद्धि के साथ-साथ ज्यों-ज्यों मनुष्यों के व्यापार बहुरूपी और जटिल होते गए त्यों-त्यों उनके मूल रूप बहुत कुछ आच्छन्न होते गए ।"१ 1979 में प्रकाशित विनोद कुमार शुक्ल जी के पहले उपन्यास 'नौकर की कमीज़' पर उपरोक्त पंक्तियाँ बिल्कुल सटीक बैठती है । इस उपन्यास में भारतीय नौकरशाही तंत्र के मकड़जाल एवं बाबुओं के घर और बाहर की दयनीय एवं विवश ज़िंदगी तथा अफसरशाही की क्रूर एवं संवेदनहीन मानसिकता के चित्रण में विनोद कुमार शुक्ल जी ने अपने गहरे अनुभव और संवेदनशीलता का परिचय दिया है । सभ्यता के आधुनिक दौर में शोषण का रूप भी सभ्य हो गया है जहां मनुष्य के लोभी, कपटी, अहंकारी आदि रूप सभ्यता के आवरण के पीछे छिप जाता है । इसी आवरण को विनोद कुमार शुक्ल जी 'नौकर की कमीज़' उपन्यास में उधेड़ते-बुनते हैं और इस उधेड़बुन के दौरान उपन्यास के कुछ धागे अप्रत्यक्ष रूप से मुक्तिबोध से जाकर भी जुड़ जाते हैं जिसकी हम यहाँ पड़ताल करेंगे लेकिन उससे पहले 'नौकर की कमीज़' उपन्यास के संबंध में थोड़ा जान लेना आवश्यक होगा ।

'नौकर की कमीज़' उपन्यास की पूरी कहानी उपन्यास के नायक संतू बाबू के इर्द-गिर्द घूमती है । उपन्यास की शुरुआत संतू बाबू की मनस्थिति के चित्रण के साथ होती है जहां वे अपनी जीवन की विभिन्न परिस्थितियों और संघर्षों के साथ चिंतन-मनन करते हुए थोड़ी सुकून और शांति पाने की लगातार जद्दोजहद करते दिखाई पड़ते हैं । वे जिस दफ्तर में काम करते हैं वहाँ कमोबेश हर अधीनस्थ कर्मचारी का यही हाल होता है जहां वे अपने से ऊपर अफसर की गुलामी करने के लिए मजबूर होते हैं । यहाँ तक की संतू बाबू को किराए के घर में रहने के लिए भी मालिक और मालकिन की जी हुज़ूरी करनी पड़ती है । संतु बाबू के साहब ने अपने घर के नौकर के लिए एक

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**कमीज़ बनवा रखी थी और उसे पहनने वाला उनका नौकर पूरी तरह से उनका गुलाम था । एक दिन वह नौकर गायब हो जाता है और परिस्थिति उस नौकर की कमीज़ को पहनने के लिए संतु बाबू को सामने ला खड़ा करता है । इन सारी परिस्थितियों से संतू बाबू और उनके दफ्तर के बाकी कर्मचारी कैसे जूझते हैं और इनसे कैसे संघर्ष करते हैं तथा पार पाते हैं, उपन्यास इसी को लेकर आगे बढ़ता है ।**

**विनोद कुमार शुक्ल जी के लेखन के विशिष्ट अंदाज़ ने साहित्य-लेखन परंपरा को एक नई दिशा दी है । इसके साथ ही उनका लेखन समकालीनता को एक नई परिभाषा देता है । उन्होने 'नौकर की कमीज़' उपन्यास से भारतीय मध्यवर्गीय नौकरी पेशा जीवन की विसंगतियों और विडंबनाओं को नया स्वर दिया है । इस उपन्यास के संबंध में डॉ. रामचन्द्र तिवारी ने लिखा है, "कुल घटना घर से दफ्तर जाने और दफ्तर से घर आने तक सीमित है । पति दफ्तर में साहब का बेगार करता है और पत्नी घर में मकान-मालकिन का हुक्म बजाती है । आज का निम्नवर्गीय व्यक्ति अभाव, घुटन और दैन्य को भोगते हुए भी संभ्रांत जीवन बिताने की ललक पाले रहता है । उसकी छोटी-छोटी इच्छाएँ भी पूरी नहीं हो पातीं । लेखक ने निम्नमध्यवर्ग की इसी पीड़ा और अंतर्विरोध को संवेदना के स्तर पर पूरी मार्मिकता के साथ व्यंजित किया है ।"[२] वस्तुतः इस उपन्यास में कमीज़ वह संरचना है जो हमें व्यवस्था की सच्चाईयों को दिखलाती है और यह भी स्पष्ट करती है कि नौकर की कमीज़ पहनने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग आतुर नहीं तो कम से कम मजबूर अवश्य है । इस उपन्यास में बड़े साहब ने जो कमीज़ बनवा रखी है उसमें एक आदमी ही नहीं बल्कि एक पूरा का पूरा वर्ग फिट होता दिखाई देता है । दरअसल 'कमीज़' उस क्रूर व्यवस्था का प्रतीक है जिसमें बेगारी प्रथा चरम पर है, नौकरशाही तंत्र के ताने-बाने से निर्मित 'कमीज़' वह साँचा है जिसमें इस व्यवस्था में आने वाले प्रत्येक नौकर के लिए फिट होना या ढलना अनिवार्य है । फलतः संवेदनहीन अफसरशाही के शिकंजे में हजारों संतू बाबू जैसे लोग मजबूरी में कुढ़ते रहते हैं । विनोद कुमार शुक्ल जी ने इस उपन्यास में स्वतंत्र्योत्तर भारतीय नौकरशाही में मौजूद गुलामी के इसी मनोविकास की गहरी छानबीन की है और इसी प्रयास में संवेदना एवं अनुभूति के धरातल पर निम्न मध्यवर्गीय ज़िंदगी में बहुत अंदर तक चले गए हैं । रमेशचन्द्र शाह ने लिखा है, "एक हिंदुस्तानी निम्न-मध्यमवर्गीय घर की जो भी स्थितियाँ होती हैं, हो सकती हैं, विनोदकुमार शुक्ल ने उनका लघुतम समापवर्त्य इस उपन्यास में रच दिया है और वह हमारे अपने अनुभव से सिर्फ मेल ही नहीं खाता- उसे रूपांतरित भी कर देता है- हमारे आँख-कान लगा देता है ।"[३] यही कारण है कि हम इस उपन्यास के प्रत्येक उस पात्र से जुड़ाव महसूस करते हैं जो जीवन जीने के लिए संघर्ष और अपनी परिस्थियों से जद्दोजहद करते नज़र आते हैं ।**

**'काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था' निबंध में आचार्य रामचंद्र शुक्ल कहते हैं कि यदि रचनाकार केवल नायक की सफलता का पक्ष दिखाए तो नायक का सौंदर्यत्व एवं नायकत्व उभरकर सामने नहीं आ पाएगा । उदाहरण के लिए, श्रीराम का नायकत्व एवं सौंदर्य रावण से युद्ध के बाद ही अधिक उभरकर सामने आ पाता है । विनोद कुमार शुक्ल भी मध्यवर्गीय परिस्थितियों से जूझते संतू बाबू का संघर्ष 'नौकर की कमीज़' उपन्यास में दिखाते हैं जो उसके नायकत्व को उभारकर पाठकों के समक्ष रखता है । निम्नमध्यवर्गीय व्यक्ति या संतू बाबू जैसे लोग जीवन के एक-एक क्षण को समेटने और उसे जीने के लिए तड़पता है लेकिन समाज, व्यवस्था और उसकी विडंबनाओं में इस प्रकार फँसता चला जाता है कि उसके दोनों हाथ समय को पकड़ने के लिए बस उठे के उठे रह जाते हैं । इस प्रक्रिया में एक इंसान दूसरे इंसान का जबड़ा कब, कैसे और कितना कसता चला जाता है, समझना मुश्किल है और उसका विरोध करना तो उससे भी मुश्किल है । उपन्यासकर संतू बाबू के इन निम्न्मध्यवर्गीय स्थितियों, विडंबनाओं एवं शोषण को दिखाकर नौकरशाही में संतू बाबू की दयनीय स्थिति को और मजबूत करते हैं ।**

**संतू बाबू के घर का टपकता छत, मंहगाई, परिवार की ज़िम्मेदारी आदि परिस्थितियों के कारण ही संतू बाबू का वेतन उनके लिए कटघरा बन जाता है जिसे तोड़कर वे पार नहीं कर पाते हैं, क्योंकि आधुनिक दौर में मनुष्य की आर्थिक सुरक्षा उसकी मूलभूत आवश्यकताओं में से एक बन गया है । उपन्यास में संतू बाबू कहता है, "मेरा वेतन एक कटघरा था, जिसे तोड़ना मेरे बस में नहीं था । यह कटघरा मुझमें कमीज़ की तरह फिट था । और मैं अपनी पूरी ताकत से कमजोर होने के हद तक अपना वेतन पा रहा था ।"४ यहाँ कटघरा यानि वेतन और कमीज़ प्रतीक रूप में दिखाई पड़ता है जो वेतन भोगी नौकर का दायरा और हैसियत बताता है । यह वेतन ही है जो व्यवस्था के खिलाफ व्यक्ति की जुबान पर ताला जड़ देता है । उपन्यास में बड़े बाबू कहते हैं कि दफ्तर में जबान को मुंह में नहीं, टेबिल की ड्रार में रखकर काम करना पड़ता है । उपन्यास की यह पंक्ति बाबुओं और नौकरीपेशा लोगों की दयनीय स्थिति को साफ करती है और उनकी स्थिति पर एक ज़बरदस्त उदाहरण पेश करती है । अतः 'नौकर की कमीज़' उपन्यास में नौकरीपेशा लोगों और भारतीय निम्न-मध्यवर्गीय परिवार का संघर्ष, अंतर्द्वंद्व और जीवन की विडंबनाएं प्रमुख तत्व है जो कि मुक्तिबोध की रचनाओं का भी प्रमुख तत्व रहा है ।**

**दरअसल,विनोद कुमार शुक्ल का केवल जन्म ही मुक्तिबोध के गाँव राजनांद में नहीं हुआ था बल्कि उनपर कवि मुक्तिबोध का काफी गहरा प्रभाव भी था । विनोद जी ने काफी लंबा समय मुक्तिबोध के साथ बिताया था । यही कारण है कि विनोद जी का लेखन कर्म भी मुक्तिबोध से काफी प्रभावित है । बल्कि यह बात उन्होने कई साक्षात्कारों में स्वयं स्वीकार किया है । अपने एक संस्मरण में उन्होने लिखा है, "मेरे लेखन में मुक्तिबोध के प्रभाव से तो कोई इंकार कर ही नहीं सकता । लेखन पर एक दूसरे का प्रभाव पड़ता ही है और ये प्रभाव एक अच्छी बात है । अकेला लेखन जैसा कुछ भी नहीं होता । लेखन किसी भी समय हमेशा मिलजुल करके होता है और असल में लेखन मिलजुल कर एक-दूसरे के प्रभाव का ही परिणाम होता है ।"५ वस्तुतः उनका लिखा 'नौकर की कमीज़' भी उनके इस कथन से अछूता नहीं है ।**

**मुक्तिबोध जीवन पर्यंत व्यवस्था और पूंजीवाद के खिलाफ लड़ते रहें और इसी के परिणामस्वरूप 'चाँद का मुंह टेढ़ा है' जैसी रचना भी प्रकाश में आई जिसमें मुक्तिबोध ने व्यवस्था की कुरूपता को उजागर किया है । व्यवस्था की कुरूपता की परतें 'नौकर की कमीज़' में भी खुलती हैं ।**

**अगर हम मुक्तिबोध की सबसे प्रसिद्ध कविता 'अंधेरे में' की भी बात करे तो पाएंगे कि 'नौकर की कमीज़' एवं 'अंधेरे में' में काफी कुछ साम्य है । 'अंधेरे में' का नायक गहरे अंतर्द्वंद्व में फंसा होता है । कविता में दो 'मैं' उभरकर सामने आता है जिसमें एक 'मैं' वह है जो कवि है और दूसरा 'मैं', जो कवि बनना या होना चाहता है । हिन्दी के आलोचक गोरखनाथ ने लिखा है, "इस कविता(अंधेरे में) में आनेवाले 'मैं' और 'वह' मध्यवर्गीय व्यक्ति के अंतर्द्वंद्व, आत्मसंघर्ष की प्रक्रिया से गुजरते हुए वर्गान्तरित होने का भाव प्रकट करते हैं । कविता में आनेवाले पागल की आत्मभत्स्र्ना वास्तव में आदर्शवादी, सिद्धांतवादी भारतीय मध्यवर्ग के मन का यथार्थ है ।"६ 'नौकर की कमीज़' में भी संतू बाबू गहरे अंतर्द्वंद्व में फंसे होते हैं । उपन्यास के आरंभ में उनका बार-बार घर से बाहर एवं बाहर से घर आना, न चाहते हुए भी साहब के बंगले पर काम के लिए जाना, घास उखाड़ने वाला प्रसंग आदि उनके गहरे अनतर्द्वंद्व को दर्शाता है । दरअसल, रचनाकार के भीतर प्रतिरोध अधिक है, इसलिए वह अपने अंदर अपना ही एक प्रतिपक्ष बना लेता है अर्थात उसके अंदर का अंतर्द्वंद्व ही उसका प्रतिपक्ष बन जाता है । कहना न होगा कि 'नौकर की कमीज़ में' में संतू बाबू और 'अंधेरे में' के नायक, दोनों के भीतर एक मजबूत प्रतिपक्ष कार्य कर रहा होता है ।**

इसके अतिरिक्त 'अंधेरे में' कविता में व्यवस्था के खिलाफ जन-जन की एकजुट संघर्ष की शक्ति चित्रित है तो 'नौकर की कमीज़' में भी शोषण की प्रतीक 'कमीज़' को जलाने में गौराहा बाबू, देवांगन बाबू, बड़े बाबू एवं संतू बाबू की एकजुटता दिखाई पड़ती है ।

सन् 1962-64 के चीन युद्ध के बाद एवं जन संघ का कट्टर नीतियों के साथ उदय के बाद देश में जो अंधेरा छाया, कवि मुक्तिबोध उस 'अंधेरे' की बात करते हैं । तो 'नौकर की कमीज़' में 1975 में लागू आपातकाल और फिर सन् 1977 में जनता दल के गठबंधन सरकार के बाद भारतीय नौकरशाही तंत्र में बढ़ी अराजकता, मनमानी एवं आमजन की त्राहिम स्थिति को उपन्यासकार दर्शाता है । दोनों ही रचना अपने समय की परिस्थितियों को बदलने के लिए संघर्षरत है, मगर दोनों रचनाओं का नायक परिस्थितियों को बदलने में असमर्थ दिखाई पड़ता है ।

मुक्तिबोध मार्क्सवादी विचारधारा के समर्थक थे । इसका प्रभाव भी विनोद कुमार शुक्ल एवं उनकी रचनाओं में मिलता है । 'नौकर की कमीज़' उपन्यास में मंहगू का संतू बाबू के घर पर आने वाला प्रसंग इसका अच्छा उदाहरण है । संतू बाबू कहते हैं, "पत्नी चाय लेकर आई । पत्नी ने मुझे वैसा ही कप दिया, जैसा मंहगू का था । यह देखकर मुझे खुशी हुई । कप लेकर वह बोरे में बैठने जा रहा था, तब "कुर्सी पर बैठ जाओ मंहगू" मेरे मुंह से निकला ।"७ एक अन्य जगह पर उपन्यासकार लिखते हैं, "मुझे चंद्रमा आकाश में गोल कटी हुई खिड़की की तरह लगता था जिससे आकाश की आड़ में छुपी हुई दुनिया का उजाला आता था । सूर्य का भी यही हाल था । फर्क सिर्फ दिन और रात का था ।"८ उपन्यास में आगे संतु उस गोल कटी हुई खिड़की को तोड़कर अंधेरे को खिड़की के उस पार की रौशनी से दूर कर देने की बात करता है । उपन्यास में और आगे संतु बाबू कहते हैं-"हालत सुधारने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करने के उपाय पर मुझे विश्वास नहीं था । कुदाली चलाने वाला मजदूर दिन-रात कुदाली चलाकर भी अपनी हालत सुधार नहीं सकता था । संपत के विचार से मैं सहमत नहीं हो पाता था । दरअसल बाज़ार में मेहनत की कोई कीमत नहीं है । आदमी की अधिक से अधिक आमदनी और कम से कम आमदनी में भयानक अंतर था ।"९ कहना न होगा कि उपर्युक्त कथनों में क्रमशः वर्ग संरचना (class structure) को तोड़ने एवं धन का समान वितरण (equal distribution of money) जैसे मार्क्सवादी सिद्धांतों का अप्रत्यक्ष जिक्र एवं समर्थन है । हालांकि चंद्रमा को गोल कटी खिड़की के रूप में देखना एक फंटेसी हो सकती है मगर उपन्यास के टेक्सचर को देखते हुए चंद्रमा के रूप में गोल कटी खिड़की के इस पार के अंधेरे और उस पार के उजाले को दो वर्गों की बीच की दूरी के रूप में देखना अधिक संगत लगता है ।

व्यवस्था एवं नौकरशाही तंत्र की भयावहता हमें महंगू, बड़े बाबू और संतु बाबू की स्थितियों पर गौर करने से साफ-साफ दिख पड़ता है । व्यवस्था की मार सीधे इनके दिमागी स्थिति को प्रभावित करती है । एक तरफ महंगू राम-राम साहब बोलते-बोलते अपनी दिमागी संतुलन खो बैठता है और पागल हो जाता है, दूसरी तरफ बड़े बाबू भी अपने बेटे के चले जाने के बाद उसके लौट आने के लिए जो-जो करते हैं, वह उनकी सामान्य मानसिक स्थिति को नहीं दर्शाता है । जो नहीं है उसका उनको बार-बार भ्रम होता है । और यह एक सीजोफ्रेनिया का भी लक्षण है । एक स्वास्थ्य संबंधी वैबसाइट के अनुसार, "इस रोग में, लोग वास्तविकता को असामान्य रूप से व्याख्या करते हैं। स्कीज़ोफ्रेनिया के परिणामस्वरूप मतिभ्रम, भ्रम और बेहद अनियंत्रित सोच और व्यवहार का कुछ संयोजन होता है जो रोजाना कामकाज को खराब करता है, और अक्षम हो सकता है।"१० वस्तुतः बड़े बाबू को भी बार-बार भ्रम होता है कि उनका बेटा आ गया है और वे अजीबोगरीब हरकत करते हैं । वहीं दूसरी ओर संतु बाबू बार-बार स्वप्न देखते हैं और महसूस भी करते हैं कि वे किसी गहरी खाई में गिरते चले जा रहे हैं । अगर गौर करे तो हम पाएंगें कि

**उपर्युक्त सभी पात्रों की मानसिक स्थिति का एक तार मुक्तिबोध से जाकर जुड़ता है । हिन्दी के प्रसिद्ध आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'नई कविता और अस्तित्ववाद' में लिखते हैं कि मुक्तिबोध सीजोफ़्रेनिया नामक बीमारी से पीड़ित थे । हालांकि इस बात को बाद में कई आलोचकों ने विरोध करके नकार दिया जिसमें डॉ. नामवर सिंह जैसे आलोचक भी शामिल हैं, मगर मुक्तिबोध की कविताओं के अध्ययन करने के बाद उनके अंतर्द्वंद्व और उनके भीतर की बेचैनी को अनदेखा नहीं किया जा सकता जिसे रामविलास शर्मा ने सीजोफ़्रेनिया का नाम दिया । यही बेचैनी और अंतर्द्वंद्व 'नौकर की कमीज़' के पात्रों में दिखती हैं । मुक्तिबोध की कविताओं और विनोद कुमार शुक्ल की रचनाओं खासकर 'नौकर की कमीज़' की पृष्ठभूमि में एक चीज जो समान है, वह है भारतीय मध्य एवं निम्नवर्ग, उनकी बेचैनी, उनका अंतर्द्वंद्व ।**

**'नौकर की कमीज़' उपन्यास में कई प्रसंग निम्नमध्यवर्गीय पीड़ा, घुटन, मजबूरी आदि तथा सम्पन्न वर्ग की सुविधाभोगिता और चालाकी प्रकट करता है । संतु बाबू की पत्नी का डॉकटरनी के यहाँ काम करना एवं बाई साहब का चालाकी से काम निकलवाना इसके उदाहरण हैं । लेखक लिखते हैं, "अगर बाई साहब को मालूम हो जाए कि तुम्हारे चौके के पाटे पर बैठकर खाना खा ले तो आप उनके गुलाम हो जाएंगे तो घिन लगने के बावजूद वे जरूर खाएँगी ।"११ यह वाक्य उच्च वर्ग की स्वार्थलोलुपता को ही दर्शाता है । उच्च वर्ग, एवं व्यवस्था तथा शासन तंत्र की मिलीभगत ही जमाखोरी, कालाबाजारी, मुनाफाखोरी आदि को अंजाम देते हैं । जहां एक ओर संतु बाबू के घर में सब्जी भी रोज नहीं बनती वहाँ दूसरी ओर बाई साहब के घर में काजू-बादाम सड़ रहा होता है । एक जगह उपन्यासकार आकाल एवं हरे-भरे खेत की चर्चा एक साथ करते हैं । वे लिखते हैं, "....लड़के का नाम टोटके के लिए 'यथार्थ' भी रखा जा सकता था और लड़की का नाम टोटके के लिए 'विचार' । यथार्थ अकाल नहीं है । यथार्थ हरे-भरे खेत हैं ।"१२ वस्तुतः हरे-भरे खेत होने के बावजूद अकाल जैसी स्थिति है, इसका कारण जमाखोरी, मुनाफाखोरी एवं कालाबाजारी ही है । सीधी-सपाट चलने वाली आम लोगों के जीवन के यथार्थ को विनोद कुमार शुक्ल अपनी उपन्यास में रचनात्मकता में तब्दील करते हैं । रमेशचन्द्र शाह लिखते हैं, "लेखक ने ऐसा किया और ऐसा करके उसने पाया कि यह यथार्थ वैसा नहीं है जैसा दिखता है । वह और भी बहुत कुछ है जिसे हमारी संवेदना ने खोजा नहीं, हमारी कल्पना ने छुआ नहीं । यही हमारे लोग हैं, यही उनका जीवन है, पर उन्हें अपने जिन गुणों और संभावनाओं की स्वयं ही उस तरह चेतना नहीं, वह चेतना उस जीवन और उसके पात्रों के बीच डूबे हुए लेखक के भीतर जागने लगती है ।"१३ यही कारण है कि संतु बाबू में कई बार हमें विनोद कुमार शुक्ल बोलते नज़र आते हैं । यथार्थ की यह चेतना मुक्तिबोध की रचनाओं में भी हमें मिलती है ।**

**निष्कर्षतः 'नौकर की कमीज़' भारतीय नौकरशाही एवं भ्रष्ट व्यवस्था की एक ऐसी विडम्बना है जिससे हम आज भी मुक्त नहीं हो पाये हैं । इसकी जड़े जितनी बाहर दिखाई देती हैं, उससे भी अधिक भीतर फैली हुई हैं । और इसी व्यवस्था के खिलाफ मुक्तिबोध भी आजीवन लिखते रहें ।**

**टी.एस.इलियट ने अपनी परंपरा और निर्वैयक्तिकता के सिद्धान्त में कहा था कि महान रचनाकार अपनी परंपरा से कुछ न कुछ ग्रहण अवश्य करता है अथार्त उसपर उसकी पूर्ववर्ती रचनाकारों का प्रभाव अवश्य होता है । विनोद कुमार शुक्ल एवं उनकी रचनाओं पर भी मुक्तिबोध का स्पष्ट प्रभाव लक्षित होता है और उनका उपन्यास 'नौकर की कमीज़' भी इससे अछूता नहीं है । मुक्तिबोध ने अपनी रचनाओं में व्यवस्था के साथ-साथ भारतीय मध्य एवं निम्नमध्यवर्ग के संघर्षों एवं अंतर्द्वंद्वों को भी केंद्र में रखा जो कि विनोद कुमार शुक्ल की 'नौकर की कमीज़' एवं अन्य कई रचनाओं के भी केंद्र में दिखाई देती है । मध्य एवं निम्नमध्यवर्ग का दिवास्वप्न कितना ही लुभावना क्यों**

**न हो, उसका जीवन परिस्थितियों से लड़ने एवं संघर्ष करने में ही बीतता है । वस्तुतः दफ्तर एवं अपनी जीवन की परिस्थितियों से जूझते हुए भी व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के आरंभ की दास्तां है 'नौकर की कमीज़' ।**

## संदर्भ


१. शुक्ल रामचंद्र.(1988). कविता क्या है?. नामवर सिंह (सं.), रामचन्द्र शुक्ल संचयन(पृ.20). साहित्य अकादेमी.

२. तिवारी रामचन्द्र.(2014). हिन्दी का गद्य-साहित्य(नौवा संस्करण). विश्वविद्यालय प्रकाशन. पृ.240.

३. शाह रमेशचन्द्र. दो नए उपन्यास. परमानंद श्रीवास्तव (सं.), समकालीन हिन्दी आलोचना(पृ.345). साहित्य अकादेमी.

४. शुक्ल विनोद कुमार.(1994). नौकर की कमीज़.राजकमल पेपरबैक्स. पृ-18.

५. https://www.bbc.com/hindi/india/2014/09/140912_muktibodh_vinod_kumar_shukl_rns

६. गोरखनाथ.(2019). मुक्तिबोध का आत्मसंघर्ष. वी.जी.गोपालकृष्णन (सं.), मुक्तिबोध : विचार और विवेक(पृ.27). वाणी प्रकाशन.

७. शुक्ल विनोद कुमार.(1994). नौकर की कमीज़.राजकमल पेपरबैक्स. पृ-203.

८. वही, पृ-113.

९. वही, पृ-118.

१०. https://www.credihealth.com/blog/hi/schizophrenia-meaning-in-hindi

११. शुक्ल विनोद कुमार.(1994). नौकर की कमीज़. राजकमल पेपरबैक्स. पृ-225.

१२. वही, पृ.-221.

१३. शाह रमेशचन्द्र. दो नए उपन्यास. परमानंद श्रीवास्तव (सं.), समकालीन हिन्दी आलोचना(पृ.343). साहित्य अकादेमी.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# Moral Implication of Jaspers Existentialism in Modern Society



**Pandey Kumari Neelam Dayashankar**
Research Scholar
Department of Philosophy & Religion
Banaras Hindu University,
Varanasi, India

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 67-69
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 01 Oct 2020
Published : 12 Oct 2020

**ABSTRACT**

The world today is witnessing moral crisis on a huge level which is a consequence of mainly the materialistic attitude and the narrow mindedness of mankind as well as the advancement of technology. Nineteenth and Twentieth century was the age of scientific Advancement, the Industrialisation and Universalisation. Parallel to this, in the field of philosophy there was abstraction. The absolute rational approach both in social and philosophical field brought human dignity to a loss. Meanwhile, Existentialism came in to the scenario as a revolt against abstract philosophy as a vision to pave the way towards Humanity and to revive the lost human dignity but, what is humanity and how can it solve main problems of present age? In my opinion, Karl Jaspers's philosophy provides a number of moral ideas that are relevant and helpful in solving present problems .The purpose of this article is to bring awareness among the readers regarding the distinction between objective ideology and subjective ideology of morality. The method of this article is critical.
Karl Jasper was aware of the loss of individual freedom. The answers of above mentioned questions lies in the fact that what are man's nature and the nature of his existence. I have focused on the main themes of Karl jaspers Existentialism regarding values and moral values so that the reader is able to develop a clear understanding of the topic and can relate to his own personality ,which will help to make the topic more relevant.

**Keywords :** Encompassing, Ultimate Situations, Existential Communication, Freedom.

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

Existentialism is a philosophy that conducts war against all kinds of scientific positivism, materialism and technological pragmatism, accusing them of the crime of having killed the true spirit of human culture by reducing mans highest values and ideals to mere sublimation of animal instincts. It is deeply interested in ethical questions , i.e. in trying to provide a theoretical as well as practical answer to the question 'how ought to people live?' Existentialism criticizes both ordinary man's way of life as well as that of traditional philosophers. Because for them supreme value of life lies in the secure and tranquil enjoyment of worldly pleasure and in the absence of suffering. But for the existentialist on the other hand **"The commanding value of life is intensity, as manifested in acts of free choices, individual self assertion, personal love or creative work , and these various forms of intensely lived experience are impossible without anguish, suffering and risk"[1].** In the words of **Nietzsche "The secret of the greatest fruitfulness & the greatest enjoyment of existence is to live dangerously" [2].** The intension of this article is to point out some implicit ideas of Karl Jaspers' (1883-1969) existentialism regarding value, moral values and relevancy of these values in present age.

Karl Jaspers was very much concerned about 'modern man'. He was very much worried about the serious imperiled harmony of the mankind by the rise of mediocrity. Although he was aware of the uniqueness of scientific development, he was also concerned with its limitation . He realized that the rise of machine age has brought menace to civilization from within in twentieth century. It is the inner crisis of man that he has ceased to exist as a man & has became an automatic man. He is now no longer is able to experience his inner self rather his analytical attitude demands explanation for everything which is experienced. For protecting modern era from dehumanization jaspers calls for an attitudinal change i.e., instead of resisting the world man must accept the world as it is and self realize the meaning of life which is identical to the values which he finds in life.

Jaspers main problem was the search of true being. He believed that man is the place at which and through which everything that is real, exist for us at all. Therefore he believed that the ground of philosophizing should be on the ground of possible existenz. The notion of 'Encompassing' is of cardinal importance for an understanding of the philosophy of Karl Jaspers. It intends to suggest all-inclusive reality within which human existence is enclosed. A human being realizes oneself in four modes or four dimensions of being. These modes of encompassing are:

a) Being there i.e. Dasein
b) Being oneself i.e. Consciousness in general
c) Being itself .i.e. Geist or Spirit
d) Existenz

The above three modes of being of self-realization are immanent . It represents man only as an empirical phenomenon. Man owes his potentiality to a fourth dimensions of self-realization, the mode of transcendence or the self-realization as existenz. The above three modes are not three separate entities, but three starting points through which man approaches the being that he is.

The first mode of encompassing i.e. Dasein refers to 'Existence'. It is existence of being as an object in particular space and time like other beings. This 'Dasein' is different from Heidegger's 'Dasein'. It may be viewed as virtually identical with Hobbes's man in a state of nature. The being in this stage is a hedonist entirely devoid of any notion of right & wrong, justice & injustice, etc.

When we moved from the perceptible level to the scientific level i.e. consciousness in general, we try to grasp clear and certain knowledge. Whether it is scientific law, species concept, aesthetic or moral norms. All such knowledge is justified on logical judgment. The knowledge in this level is accepted only as a universal truth.

Next to scientific level, comes the level of spirit called spiritual level or the level of possible existenz. It is necessarily oriented to the truth of consciousness as such, as to the world of encounters. As spirit, man consciously relates himself to everything he comprehends and in this mode of encompassing he comes to know himself and this world as one, unique, all embracing reality. This is how, spirit tries to access the true being (Existenz) to at least possible.

Existenz is the dimension of authentic and genuine self. It cannot be defined nor objectified. It is the authentic ground of human being, of personal freedom and true selfhood. It is the process of self development that amounts to struggle with itself. It is the drive to authenticity from one's own historicity. This realisation according to Karl Jaspers is possible through the method of transcendence. Transcendence for jaspers means to go beyond objectiveness in to non-objectiveness, which may seem to suggest an unveiling of the mystery of being.

Jaspers emphasizes that the realization of existenz through the method of transcendence is possible under two conditions:

a) The experience of boundary or ultimate situations and,
b) Existential communication

**"To exist on the level of existenz and to experience boundary- situations are identical."** [3] To exist and to be in a situation is one and the same. It is a limit, a wall against which everyone collides. Jaspers talk about 'ultimate situations' which must be lived through. They are inescapable. These situations raise the question on the quality and character of our existence. Some situations are changeable some are not. The ultimate situations of historical determinacy according to jaspers are not changeable. But, ultimate situations such as suffering, conflict, guilt and death are changeable. It is a choice of an individual weather to face it or just to escape it by assuming an aesthetic attitude (in Kierkegaard's sense).It is a call to our existence to give quality and meaning to our life. These situations signify both limit and possibility. In other words, Man has the ability to cope with his given situation. This ability of man in jaspers term is called Freedom. It is the freedom of choice. It is mans free decision either to be present in the world as a 'thing' thrown in to it or to exist as a man conscious of his freedom and responsibility. **"For human beings are what they are, not simply through birth, breeding & education, but through the freedom of each individual upon the foundation of his self existence"[4].** The existence of an authentic being lies in the fact that he exercises his freedom in terms of action, choice, resolution, decision, etc. In order to know his real self in his Historicity, It is the task of an individual to bring meaning to

the situation by accepting it and developing an optimistic attitude through his choice will, action, resolution etc. These are the personal values through which man can seek to mould the situations in to what he wants to be. In other words, authenticity lies in the fact that one accepts the given situation and makes choice according to his will and remains committed to it and acts upon it optimistically.

But man cannot achieve authenticity in isolation. For it brings misery to the life. There are many types of communications but jaspers adheres to the existential communication, for in it **"the truth begins with the two"[5].** Again love is the framework in which such communication prospers. It is the way for self realization and for the realization of others too. In existential communication man stands in real, historical, open relation to his fellow-men and does not look upon him as a man in general. The truth known in communication is an individual, particular truth of his historicity and not any universal truth. Hence, according to jaspers this transcendence through the modes of being is possible through the cultivation of moral values like love, freedom, choice, decision, resolution, communication, etc. In other words this existenz is realized through freedom & the choice which are made in the prevailing situations.

Hence, it can be concluded that the ideas of value in jaspers existentialism is relevant in present age. It cannot be denied that modern age is suffering through moral crisis. On one hand technology has brought innumerable numbers of facility to the world. On the other hand, its rapid advance has reduced the ties between the family and society members. It has brought social disruption, dependence on mechanization, expectation of instant gratification among people, downfall of values, etc. In the dazzle of this technological advancement, man has lost his uniqueness. Losing uniqueness is losing self as well as values. Jaspers philosophy is the call to bring this humanity by knowing ones inner self, the transcendence mode which is possible through the authentic implication of freedom and resolution. Inculcating moral values as suggested in jaspers philosophy can be useful in bringing back the lost dignity of mankind in modern age.

## REFERENCES:

1. Olson.G.Robert, An Introduction to Existentialism, Dover publications, Inc, New York, 1962, Pg.19.
2. Ibid. Pg.18.
3. Schrader, George Alfred, Existential Philosophers: Kierkegaard to Merleau-Ponty ,McGraw-Hill book company, New York,1967,Pg.140.
4. Bedford Mitchell, Existentialism and creativity, Philosophical library, 1972, Pg.150.
5. Ibid.Pg.173.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# सौन्दर्यसप्तशती में सांस्कृतिक तत्व



**खुशबू ठाकुर**
शोध–छात्रा
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)
भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 70-79
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 01 Oct 2020
Published : 10 Oct 2020

**सारांश–** सौन्दर्यसप्तशती में सांस्कृतिक तत्व एक बृहद विषय है। इसे एक शोध पत्र में समाहित करना छोटी सी नाव से सागर पार करने जैसा है। तथापि सांस्कृतिक तत्वों का संक्षिप्त सार गर्भित विष्लेषण किया गया है। प्रथमतः संस्कृति की मूल अवधारणाओं या सिध्दांतों का संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्कृति के मूल संस्कारों पर विमर्श किया गया है। संस्कृति के मूल तत्वों में पुरूषार्थ चतुष्ट्य, आचार, नीति, धर्म इत्यादि विषयों का सोदाहरण प्रस्तुत करके विश्लेषण किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य सांस्कृतिक तत्वों का विमर्श करना है और सभी तत्वों का यथानुरूप विश्लेषण करके इति श्री किया गया है।

**मुख्य शब्द** – सौन्दर्यसप्तशती, सांस्कृतिक,संस्कार, पुरुषार्थ, मानव, नैतिक।

मानव में सृष्टि के प्रारम्भ से ही जीवन जीने की आकांक्षा रही है और वह जीवन को सुखद बनाने के लिए सदैव प्रवृत्त रहा है। परिणामस्वरूप प्रकृति द्वारा प्रदत्त सुविधाओं से सन्तुष्ट न रहकर वह अधिक से अधिक वस्तुओं को अपने लिए उपयोगी बनाने में भी प्रयत्नशील रहा है।

मनुष्य के अजस्र प्रयत्न से ही भौतिक, नैतिक चारित्रिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास संभव बन पाया। सांस्कृतिक विकास से मनुष्य का सुव्यवस्थित जीवन बना। संस्कृति शब्द संस्कृत के सम् उपसर्ग के साथ कृ धातु में सुट् आगम पूर्वक क्तिन् प्रत्यय के योग से निष्पन्न हुआ। इसका मूल अर्थ साफ या परिष्कृत करना है।[1]

पं. मोतीलाल के शब्दों में संस्कृति शब्द के सम्–स्–कृति ये मुख्य पर्व विभाग हैं। इन तीन विभागों में भी मुख्य सम–कृति ये दो विभाग है।[2]

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

डॉ. रामजी उपाध्याय के अनुसार प्राकृतिक जीवन को व्यवस्थित और शालीन बनाकर सँवारना तथा जीवन में आध्यात्मिक, कलात्मक और सेवात्मक पक्ष की प्रतिष्ठा और विकास करना संस्कृति है। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि संस्कृति का मौलिक अर्थ सुधारना अथवा सुन्दर या पूर्ण बनाना है।[3]

डॉ. देवराज के अनुसार संस्कृति का अर्थ चिन्तन तथा कलात्मक सृजन की क्रियाएँ समझनी चाहिए जो मानव व्यक्तित्व और जीवन के लिए साक्षात् उपयोगी न होते हुए उसे समृद्ध बनाने वाली है।[4]

संस्कृति देश काल के अनुसार बदलती रहती है सभी संस्कृतियों में भारत की संस्कृति सबसे प्राचीन मानी जाती है। हडप्पा संस्कृति तथा मोहनजोदडों की खुदाई के पश्चात् यह मिस्र, मेसोपोटेमिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं के समकालीन समझी जाने लगी है। प्राचीनता के साथ–साथ इसकी दूसरी विशेषता अमरता है। चीनी संस्कृति के अतिरिक्त पुरानी दुनिया की अन्य सभी मेसोपोटेमिया की सुमेरियन, असीरियन, बेबीलोनियन और खाल्दी प्रभृति तथा मिस्र ईरान, यूनान और रोम की संस्कृतियाँ काल के कराल में समा चुकी है। भारतीय संस्कृति हजार वर्ष तक काल के कूर थपेडों को खाती हुई आज तक जीवित है।

भारतीय संस्कृति की तीसरी विशेषता यह है कि जगद्गुरू होना है। भारतीय संस्कृति न केवल महाद्वीप सरीखे भारतवर्ष को सभ्यता का पाठ पढाया, अपितु भारत के बाहर बडे हिस्से की जंगली जातियों को सभ्य बनाया, साइबेरिया के सिंहल (श्री लंका) तक और मैडीगास्कर टापू, ईरान तथा अफगानिस्तान से प्रशांत महासागर के बोर्नियो, वाली के द्वीपों तक के विशाल भू–खण्डों पर अपना अप्रतिम प्रभाव छोडा है।

भारतीय संस्कृति सर्वांगीणता, विशालता, उदारता, प्रेम और सहिष्णुता की दृष्टि से अन्य संस्कृतियों की अपेक्षा अग्रणी स्थान रखती है। हमारी संस्कृति मानव मात्र के कल्याण के लिए समर्पित है–

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।**

**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःख भाव भवेत्।।**[5]

संस्कृति से ही मनुष्य का सार्वभौमिक विकास होता है। सभ्य समाज से ही एक सुसंस्कृत समाज की स्थापना होती है। संस्कृति को दो भागों में बाँटा गया है– पहला भौतिक संस्कृति तथा दूसरा अभौतिक संस्कृति, भौतिक संस्कृति के अन्तर्गत उन सभी भौतिक एवं मूर्त वस्तुओं का समावेश होता है। जिनका निर्माण मनुष्य के लिए किया है तथा जिन्हें हम देख एवं स्पर्श कर सकते है।

अभौतिक संस्कृति की मुख्य विशेषताएँ होती है– यह संस्कृति मूर्त होती है तथा इसमें निरन्तर वृद्धि होती रहती है। अभौतिक संस्कृति के अन्तर्गत उन सभी अभौतिक एवं अमूर्त वस्तुओं का समावेश होता है, जिनके कोई माप– तौल आकार एवं रंग आदि नही होते।

अभौतिक संस्कृति समाजीकरण एवं सीखने की प्रक्रिया द्वारा एक पीढी से दूसरी पीढी में हस्तान्तरित होती रहती है। इस प्रकार हम कह सकते है कि अभौतिक संस्कृति का तात्पर्य संस्कृति के उस पक्ष में होता है जिसका कोई मूर्त रूप नहीं होता।

संस्कृति का शाब्दिक अर्थ है जो संस्कारों से परिष्कृत हो उसे संस्कृति कहते है। सर्वप्रथम हमें संस्कृति के मूल तत्त्वों में संस्कारों के सन्दर्भ में विमर्श करना होगा। संस्कार शब्द का अर्थ है शुद्धीकरण। मानव को अपने जीवन को अग्रसर करने में उसका व्यवहार, आचरण, सम्बन्धों का ज्ञान प्राप्त होता है। सुसंगठित तथा व्यवस्थित समाज की उन्नति मनुष्य के संस्कारों पर ही निर्भर होती है।

सनातन/हिन्दू धर्म की संस्कृति संस्कारों पर ही आधारित है। हमारे ऋषि मुनियों ने मानव जीवन को पवित्र एवं मर्यादित बनाने के लिए संस्कारों का निर्माण किया।धार्मिक ही नही वैज्ञानिक दृष्टि से भी संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। सर्वप्रथम संस्कारों का दिग्दर्शन हमारे उपजीव्य काव्य रामायण तथा महाभारत में प्राप्त होता है।उन महान ग्रन्थों की प्रेरणा से प्राचीन कवियों ने काव्य महाकाव्यों की रचनाएँ की–जैसे– कालिदस द्वारा प्रणीत रघुवंश, भवभूति प्रणीत उत्तररामचरितम् तथा महाभारत आश्रित नैषधीयचरितम्, किरातार्जुनीयम् महाकाव्यों की रचना हुई। जिसकी प्रासंगिकता वर्तमान समय में भी प्रचलित है।

वस्तुतः हमारे समाज में प्राचीन काल से ही संस्कारों का महत्त्व रहा है। किन्तु संस्कारों की संख्या में मनीषियों में एक मत नहीं है। गौतम धर्म सूत्र में चालीस संस्कारों का वर्णन प्राप्त होता है–

गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्यन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चौल, उपनयन, चार वेदव्रत, समावर्तन स्नान, अष्टका पार्वण , श्राद्ध, श्रावणी आग्रहायणी, चैत्री आवयुजी इति। महायज्ञसंस्था, अग्नयाधेय, अग्निहोत्र, दर्शपर्णमास, आग्रयण चातुर्मासय अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी वाजपेय, सप्तहविर्यज्ञ, वाजपेय, इतिरात्र अप्तोयमिइति सप्त सोमयज्ञ संस्कार।[6]

बौद्धायनगृह्यसूत्र में तेरह संस्कारों का वर्णन किया गया है। मनु के अनुसार गर्भाधान से लेकर मृत्यु पर्यन्त तेरह स्मार्त संस्कार है– गर्भाधान, पुंसवन,सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामधेय, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूडाकर्म, उपनयन, मौजीबन्धन, केशान्त, समावर्तन, अन्त्येष्टि।[7]

इसी परम्परा में पारस्कर गृह्यसूत्र में भी तेरह संस्कारों को बताया गया है। इसके पश्चात् गोभिल गृह्यसूत्र मे दस संस्कारों का वर्णन मिलता है। संस्कार चन्द्रिका में षोडश संस्कारों को स्वीकृत किया गया है। भारतीय संस्कृति में संस्कारों की प्रधानता प्राचीन काल से ही रही है। हमारे ऋषियों ने मानव जाति के सर्वांगीण विकास एवं प्रोन्नत बनाने के लिए मुख्य सोलह संस्कारों का विधान निर्धारित किया है जो इस प्रकार है। यह संस्कार सर्वमान्य है। आज भी हमारा समाज इन निम्न संस्कारों के प्रयोग अपने–अपने परिवारों में करते है।

गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्यन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यासंस्कार, कर्णवेध, यज्ञोपवीत, वेदारम्भ, केशान्त, समावर्तन, विवाह, अन्त्येष्टि।

भारतीय परम्परा में संस्कृति के मूल तत्त्व है जैसे– संस्कार, व्रत , त्यौहार, वर्ण,आश्रम और पुरूषार्थ चतुष्टय (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष)। सौन्दर्यसप्तशती का सांस्कृतिक विमर्श करना शोध–पत्र का मुख्य उद्देश्य है। सौन्दर्यसप्तशती हिन्दी साहित्य शिरोमणि बिहारी सतसई का सम्पूर्ण पद्यानुवाद है।

बिहारी राजाश्रित कवि थे। बिहारी एक स्थान पर नही रहे। उनका बचचन बुन्देलखण्ड में व्यतीत हुआ। तत्त्पश्चात् युवास्था का कुछ समय ब्रज में बीता तदोपरांत वह जयपुर नरेश राजाजयसिंह के आश्रय में रहे। इसलिए बिहारी के ग्रन्थ में ब्रज, बुन्देली भाषा का समावेश है। बिहारी की निपुणता हर क्षेत्र में थी वह गणित, ज्योतिष, राजनीति, लोकजीवन का ज्ञान इत्यादि क्षेत्रों में परिपक्व थे। लोकजीवन के समस्त दतार–चढाव को भली प्रकार समढते थे। बिहारी सतर्सी में कवि ने लोकजीवन के विभिन्न रंगों एवं पक्षों का बडा सुन्दर वर्णन किया है। जैसे– भारतीय संस्कृति के पर्व, नाटकीय खेल, पवंग बाजी, होलिका उत्सव एवं संस्कृति के अनेक रंगों का उल्लेख इस बात का प्रमाण है कि बिहारी के समय में उत्सवों का महत्त्व था। पं. प्रेमनारयण द्विवेदी जी ने बिहारी सतसई का अनुवाद करते समय संस्कृति का ज्यों का त्यों अनुवाद किया। जिससे समस्त लोक जन को बिहारी के समय की संस्कृति की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो।

अनूदित पद्य–

बिहारी सतसई में कवि ने गर्भाधान संस्कार को बताया है–

**स्नात्वा सरोवरे सार्द्रवस्त्रा सड्.कुचितेव च।**

**कुचयोः कृत हस्ता च हसन्ती याति तत्तटम्।**[8]

मूल पद्य–

**दृग थिरकौहैं, अधखुलैं, देह थकौहैं ढार।**

**सुरत सुखित सी देखियत, दुखित गरभ कैं भार।।**[9]

स्त्रियां अपने पति के हाथों से शृड्.गार करवाया करती थी, और इसी रति क्रीडा में वह गर्भ धारण करती थी उसी प्रसंग को कवि ने प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार से कवि ने पाणिग्रहण संस्कार का भी वर्णन किया है। जो इस प्रकार है–

अनूदित पद्य–

**वध्वाः पाणिग्रहणे रोमाञ्चा द्वयोः स्वेदसलिलं च।**

**तेन जलेन सहैव हृदयं च समर्पितं द्वाभ्याम्।।**[10]

**मूल पद्य–**

**स्वेद सलिलु, रोमांच–कुसु गहि दुलही अरू नाथ।**

**दियौ हियौ सँग हाथ कैं हथलेय हीं हाथ।।**[11]

हिन्दू परिवारों में धार्मिक अनुष्ठान भी होते थे। स्त्रियाँ पूजा पाठ आदि किया करती थी। गणेशचतुर्थी व्रत सबसे अधिक प्रसिद्ध था। स्त्रियां सारा दिन उपवास रखती थी, रात्रि को चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का परायण किया जाता था। पं. प्रेमनारायण द्विवेदी जी ने अपने ग्रन्थ में भी व्रत के महत्त्व को बताया, गणेश चतुर्थी के व्रत को दर्शाते हुए निम्न अनूदित पद्य दृष्टव्य है–

**अगचछाधः प्रदत्तोऽर्घो दूरं गच्छन्तु सड्.कटा।**

**अन्याः स्त्रियोऽपि निर्द्वन्द्वं पश्येयुः शशिनं त्विमम्।।**

**मूल पद्य–**

**दियौ अरघु, नीचैं चलौ, संकटु भानैं जाइ।**

**सुचिति है औरौ सबै ससिहि बिलोकैं आइ।।**

त्यौहारों में फागुन के होली के त्यौहार का लोग बडी धूम–धाम से मनाया करते थे। इन त्यौहार का अत्याधिक महत्त्व था। दम्पत्ति अति हर्षोल्लास से इस खेल में मस्त होते हैं। होली त्यौहार का वर्णन द्विवेदी जी ने सौन्दर्यसप्तशती मे बडी समग्रता से किया है। नायिका जब नायक को गुलाल की मुट्ठी ताने देखती है तो आँखों में पडने के भय से चौक्कर, घूँघट से मुँह ढाँक कर, झुक जाता है, और खिलखिलाकर हँसती है। नायक बार–बार उसकी इस अदा को देखना चाहता है इसलिए मुट्ठी तानता ही है,उस पर गुलाल डालता नही है। ताकि वह बार–बार यह क्रिया करे और गुलाल डालने पर कहीं उसका भय न निकल जाए–

**अनूदित पद्य–**

**मुखाच्छादनं सा यथा भावभड्.ग्या**

**करोत्याशु तिर्यक् च भूत्वाऽथ किञ्चित्।**

**गृहीत्वा करे कुड्.कुमं तत्प्रियोऽस्याः**

**मुखे लिम्पितुं तां विभीतां करोति।।**

**मूल पद्य–**

**जज्यौं उझकि झाँपति बदनु, झुकति बिहँसि, सतराइ।**

**तत्यौं गुलाल–मुठी झूठी झझकावत प्यौ जाइ।।**

कवि ने तीज त्यौहार का भी वर्णन किया है। तीज के दिन स्त्रियाँ नये–नये वस्त्र, आभूषण पहना करती थी। मेंहदी लगाया करती थी, परन्तु इन सब त्यौहारों, व्रतों में श्रृङ्गार भावना ही प्रमुख थी।

**अनूदित पद्य–**

**सुसज्जिताः पर्वणि तत्सपत्न्य**

**आभूषणैः सद्वसनैर्नवैश्च।**

**एषा च चीरैरपि शोभमाना**

**म्लानानि तासां कुरूते मुखानि।।**

**मूल पद्य–**

**तीज–परब सौतिनु सजे भूषन बसन सरीर।**

**सबै मरगजे–मुँह करीं इहीं मरगजैं चीर।।**

वर्ण व्यवस्था के विषय में सौन्दर्यसप्तशती में एक भी पद्य प्राप्त नही होता। क्योकिं बिहारी का समय श्रृड्.गार परक था। किन्तु इसका अभिप्राय यह नही कि उस समय वर्ण व्यवस्था थी नही। उस समय सामंतों क युग था, वर्ण और आश्रम सामन्ती समाज की प्रमुख विशेषताएँ है। वर्ण व्यवस्था संसार के प्रत्येक सामन्ती समाज की विशेषता है। इसमें सम्पत्ति का स्वामी भू–स्वामी वर्ग होता है। संस्कृति और शिक्षा का काम पुरोहित वर्ग के हाथ में रहता है, सामन्तों के साथ उनके अधीन रहकर या उनका सहयोगी बनकर व्यापारी वर्ग काम करते थे। समाज के शेष सदस्य खेती ,कारीगरी के द्वारा उच्च वर्गों की सेवा करते है। अतः उस समय जाति सम्प्रदाय में भेदभाव होता था।

आश्रम व्यवस्था भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। संस्कृति जीवन–सापेक्ष होती है। जीवन से कटकर संस्कृति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जीवन को सुचारू रुप से चलाने, उसकी काम भावना को नियंत्रित करने के लिए भारतीय आचार्यों ने मानव के समस्त जीवन को चार आश्रमों में विभाजित किया है– ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम। इन चारों आश्रमों का पालन करते हुए ही मनुष्य मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है। बिहारी के युग में गृहस्थ आश्रम को ही अपनाया गया। शेष आश्रमों की ओर ध्यान नही दिया गया।

बिहारी के समय में संयुक्त परिवार होते थे। सारे परिवार का आय का साधन एक ही होता था। घर का सबसे बडा व्यक्ति मुखिया होता था। संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति में सर्वश्रेष्ठ माने गये है । संयुक्त परिवार में सभी सदस्य एक–दूसरे की भावनाओं को समझते थे, और हमेशा परिवार

सुसंगठित रहे इसका ध्यान रखा जाता था। इसी प्रयत्न में कुलवधू की क्या दशा होती है –

**वदति कुलवधूःसा नैव किञ्चित्कथञ्चित्**

**गृहकलहविभीता देवरस्यापि चेष्टाः।**

**निजगृहगतमार्जाराद्विभीता शुकीव**

**प्रतिदिनमतिशुष्का जायते पंजरस्था।।**

**मूल पद्य–**

**कहति न देवर की कुबत कुल–तिय कलह डराति।**

**पंजर–गत मंजार–ढिग सुक ज्यौं सूकाति जाति।।**

नववधू की स्थिति बहुत ही शोचनीय है। देवर के खोटेपन को इसलिए छिपाती है कि कही भाई– भाई में बैर न हो जाए, पर साथ ही उसे यह भी डर है कि उसकी चुप्पी को देखकर देवर सहमति समझकर अकेले में उसका आलिगन न कर ले।

बिहारी के समय में धर्म को बाँट दिया गया था। विभिन्न सम्प्रदाय प्रचलन में थे किन्तु बिहारी ने इन सब पर ध्यान नही दिया। वह राम और कृष्ण को एक ही मानते है। इसी भावना से वह अपनी उक्तियाँ लिखा करते थे–

**कथं प्रशस्तिस्तव सा मुरारे**

**भवेत्स्थिरा नाथ न सोऽस्मि गृद्धः।**

**यं तारयित्वा हि वृथाभिमानी**

**पश्यामि शक्तिं मम सम्मुखश्चेद्।।**

**मूल पद्य–**

**कौन भाँति रहिहै बिरदु अब देखिवी, मुरारि।**

**बीधे मोसौं आइ कै गीधे गीधहिं तारि।।**

गिद्ध को तारने वाले भगवान राम थे, कृष्ण दोनों के रूपों एवं कार्यो को मिला दिया है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का उस देश की संस्कृति पर बहुत अधिक प्रभाव पडता है। संस्कृति अर्थ पर अवलम्बित होती है। प्रायः देखा जाता है कि जिस देश की आर्थिक दशा उन्नत एवं अच्छी होगी, उस देश की संस्कृति भी श्रेष्ठ होगी। अतः संस्कृति में अर्थ का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

अर्थशास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. एंजिल का मत है कि जब आय में वृद्धि होती है। तब आवश्यक वस्तुओं पर व्यय में प्रतिशत परिमाण घट जाता है और विलासिता पर व्यय बढ जाता है। कवि बिहारी ने भी अपने ग्रन्थ में बताया है कि जैसे–जैसे संपत्ति बढती है, विलासिता आदि ऐच्छिक विषयों में व्यय करने का उत्साह भी बढता जाता है। उससे जो सुख सम्पन्नता पूर्ण जीवन यापन करने की प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है। वह धन घटने पर भी समाप्त नहीं होती–

**अनूदित पद्य–**

**वर्धते हि मनः पद्मं प्रवृद्धे वित्तवारिणि।**

**तस्मिंश्च क्षयति क्षीणे ततः शुष्यति मूलतः।।**

**मूल पद्य–**

**बढत बढत संपति–सलिलु मन–सरोज बढि जाइ।**

**घटत घटत सु न फिरि घटै, बरु समूल कुम्हिलाइ।।**

पुरूषार्थ चतुष्ट्य में काम प्रधान होता है क्योकिं प्राणी की उत्पत्ति और विकास काम पर केन्द्रित होते है। कवि बिहारी ने काम को अपनी सतसई में आद्यान्त विवेचित किया है। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नही है कि सतसई काम श्रृंगार रस प्रधान है। परन्तु बिहारी को कभी हम एक दृष्टि से नही देख सकते है क्योकिं उनका ग्रन्थ बहुआयामी है तथापि हम काम पुरूषार्थ को यों देख सकते है–

**अनूदित पद्य–**

**विधुरिव वदनं तच्छोभते कञ्चुकी सा**

**गगनमिव सुनीला मौक्तिकैस्तारकाभिः।**

**विलसति च निशेव भ्राजमाना तु बाला**

**शिथिलयति शरीरं स्नेहनिद्रां ददाना।।**

**मूल पद्य–**

**चुनरी स्याम सतार नभ, मुँह ससि की उनहारि।**

**नेहु दबावतु नींद लौं निरखि निसा सी नारि।।**

कवि ने पुरूषार्थ चतुष्टय को अपने काव्य में बताया है जिसमें अंतिम है मोक्ष। मोक्ष से ही भव सागर पार करने की बात कही–

**अन्ये च पापा यदि तारितास्ते**

**कथं त्वयाहं नहि तारणीयः।**

**तोषोऽथवा ते यदि बन्धनेन**

**कार्यस्त्वयाऽसौ स्वगुणै सुबन्धः।।**

**मूल पद्य–**

**मोहूँ दीजै मोषु, ज्यौं अनेक अधमनु दियौ।**

**जौ बाँधे ही तोषु, तौ बाँधौ अपनैं गुननु।।**

इस पद्य में भक्त भगवान से कह रहा है कि जिस प्रकार आपने अपनी करूणा दृष्टि से संत जनों को इस संसार से मुक्त किया अर्थात् मोक्ष प्राप्त हुआ है। उसी प्रकार मुझे भी दीजिए या अपनी सगुण स्वरूप की उपासना मे लगा रखिए।

**उपसंहार**

सौन्दर्यसप्तशती में सांस्कृतिक तत्व एक बृहद विषय है। इसे एक शोध पत्र में समाहित करना छोटी सी नाव से सागर पार करने जैसा है। तथापि सांस्कृतिक तत्वों का संक्षिप्त सार गर्भित विष्लेषण किया गया है। प्रथमतः संस्कृति की मूल अवधारणाओं या सिध्दांतों का संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्कृति के मूल संस्कारों पर विमर्श किया गया है। संस्कृति के मूल तत्वों में पुरूषार्थ चतुष्ट्य, आचार, नीति, धर्म इत्यादि विषयों का सोदाहरण प्रस्तुत करके विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्‌देश्य सांस्कृतिक तत्वों का विमर्श करना है और सभी तत्वों का यथानुरूप विश्लेषण करके इति श्री किया गया है।

**संदर्भ–सूची**


1. गुलाबराय, साहित्य और समीक्षा पृ. 16
2. पं. मोतीलाल शर्मा, सत निरपेक्ष संस्कृति शब्द एवं सत्ता सापेक्ष सभ्यता शब्द का चिरंतन इतिवृत्त तथा भारतीय सांस्कृतिक आयोजनें की रूपरेखा, पृ. 61
3. डॉ. रामजी उपाध्याय, भारतीय संस्कृति का उत्थान, पृ. 6
4. डॉ. देवराज संस्कृति टिप्पणी, प्र. सम्पा. डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश भाग–1, पृ.868
5. गरूण पुराण, अ.,35.51
6. https darshandeepkr.wordpress.com
7. https darshandeepkr.wordpress.com
8. सौन्दर्यसप्तशती, पं. प्रेमनारायण द्विवेदी, पं. प्रेमनारायणद्विवेदीरचनावलिः द्वितीय भागः, राष्टिय संस्कृत संस्थानम्, नवदेहली, संस्करण 2012, श्लोक–692
9. बिहारी सतसई, जगन्नाथदास रत्नाकर, बिहारी रत्नाकर, जयभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2006, श्लोक –692
10. सौ.स.,श्लोक–259
11. बि.स.,श्लोक–259

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# भारतीय संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव

**मदालसा मणि त्रिपाठी**

**शोधार्थी, हिंदी विभाग, राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, दोइमुख ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 80-84
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 01 Oct 2020
Published : 10 Oct 2020

**शोध-सार:-** बाज़ार और भोगवादी संस्कृति ने वैश्वीकरण को जन्म दिया है। आज के समय में इसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता । यह सभी तरह के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक आदि पहलुओं को छूता है। वर्तमान में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जो इससे अछूता हो। भारतीय संस्कृति पर तो खासकर इसके प्रभाव बखूबी देखने लायक हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में मैंने वैश्वीकरण के इसी प्रभाव को भारतीय संस्कृति के संदर्भ में देखने का प्रयास किया है। इसके सभी पहलुओं का पूर्ण रूप से विश्लेषण किया है।

**मूल-शब्द:-** संस्कृति, वैश्वीकरण, भूमंडलीकरण, मूल्य, देश, विश्व, विज्ञापन।

---

प्राचीनता और आधुनिकता की टकराहट भारत के सभी समाजों और संस्कृति में दिखाई पड़ती है। वरिष्ठ भारतीय संस्कृति विभिन्नता में एकता को धारण करके बहती रहती है। वह शुद्ध रूप में भारतीय इतिहास के अतीत से बहती दिखती है, किन्तु अंग्रेजों के आगमन से उसमें पाश्चात्य संस्कृति का मिलन होता है और इससे वह थोड़ी बहुत परिवर्तित दिखाई पड़ती है।

"वैश्वीकरण" शब्द का प्रयोग अर्थशास्त्रियों के द्वारा 1980 से किया जाता रहा है, हालांकि 1960 के दशक में इसका उपयोग सामाजिक विज्ञान में किया जाता था। वैश्वीकरण को एक सदियों लंबी प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है, जो मानव जनसंख्या और सभ्यता के विकास पर नजर रखती है, जो पिछले कई वर्षों में नाटकीय ढंग से त्वरित हुई है। वैश्वीकरण के प्रारम्भिक रूप रोमन साम्राज्य, पार्थियन साम्राज्य, हान राजवंश और मंगोल साम्राज्य के समय में पाये जाते थे।

17 वी सदी में वैश्वीकरण एक कारोबार बन गया जब डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई, जो पहला बहुराष्ट्रीय निगम कहलाती है। ब्रिटिश साम्राज्य को इसके पूर्ण आकार और शक्ति के कारण वैश्वीकरण का दर्जा मिला था। इस अवधि के दौरान ब्रिटेन के आदर्शों और संस्कृति को अन्य देशों पर थोपा गया। 19 वी सदी को कभी-कभी "वैश्वीकरण का प्रथम युग" भी कहा जाता है। यह वह काल था, जिसका वर्गीकरण यूरोपीय शाही शक्तियों, उनके

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

उपनिवेशों और बाद में संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच तेजी से बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश के आधार पर किया गया।

विकिपीडिया के अनुसार "वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ स्थानीय या क्षेत्रीय वस्तुओं या घटनाओं के विश्व स्तर पर रूपांतरण की प्रक्रिया है। इसे एक ऐसी प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए भी प्रयुक्त किया जा सकता है जिसके द्वारा पूरे विश्व के लोग मिलकर एक समाज बनाते हैं तथा एक साथ कार्य करते हैं। यह प्रक्रिया आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक और राजनीतिक ताकतों का एक संयोजन है। वैश्वीकरण का प्रयोग अक्सर आर्थिक वैश्वीकरण के संदर्भ में किया जाता है, अर्थात व्यापार, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पूंजी प्रवाह और तकनीक के प्रसार के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं में एकीकरण।"[1]

पहले-पहल यही माना जाता रहा है कि हमारी संस्कृति, हमारे भाषा के संस्कार हमारे रक्त में इस कदर घुले होते हैं कि उनकी जड़ों को हिला पाना कठिन होता है, परंतु आज के इस वैश्वीकरण के युग में यह सब मिथ्या साबित हो रहा है। आज हमारे आस-पास का सबकुछ बदल रहा है, हमारे संस्कार, संस्कृति और भाषा बदल रही है। भारत वैश्वीकरण द्वारा प्रारम्भ की गयी सांस्कृतिक अन्तरक्रिया की प्रक्रिया से अछूता नहीं रहा है। भारत में अब उदारीकरण, बजारीकरण, भूमंडलीकरण जैसी आर्थिक प्रवृतियाँ पूरी तरह से फैल चुकी हैं । इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए चिंतक अमित कुमार सिंह का मानना है कि " भूमंडलीकरण ने समूचे विश्व में हाशिएकरण को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया है । राज्यों को नियंत्रित करने वाली जनता कि शक्ति पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों और उसके समर्थक लॉबी का अप्रत्यक्ष प्रभाव स्पष्ट दिखाई पड़ता है भले वे किसी देश का राजनीतिक नेतृत्व हो या फिर किसी भी देश का समृद्ध आर्थिक प्रतिष्ठान ।"[2]

करीब 200 सालों के साम्राज्यवादी शासन ने हमारी संस्कृति में जो बदलाव लाए उनका प्रभाव अभी तक व्याप्त है। अंग्रेजों के आगमन के पश्चात प्रबुद्ध बंगाली समाज का रहन-सहन, उनका पहनावा सब बदल गया, धोती-कुर्ते कि जगह पैंट-शर्ट ने ले ली, कॉफी, कटलेट ने माछ-भात को मात दे दी थी और धर्म भी बदला जाने लगा था। वैश्वीकरण के चलते उपजे संस्कृति एवं भाषाई संकट में बड़ा उथल-पुथल हुआ। इस वैश्वीकरण के चलते भाषा व संस्कृति का संकट हमारे सामने खड़ा नज़र आता है। वैश्वीकरण में सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव दोनों हैं। व्यक्तिगत स्तर पर वैश्वीकरण जीवन के मानक और जीवन की गुणवता दोनों को प्रभावित करता है।

वास्तव में संस्कृति एक व्यवस्था है, जिसमें हम जीवन के प्रतिमानों, व्यवहार के तरीकों, अनेकानेक भौतिक एवं अभौतिक प्रतीकों, परम्पराओं, विचारों, सामाजिक मूल्यों, मानवीय क्रियाओं और आविष्कारों को शामिल करते हैं। इसका अर्थ यह हुआ की मानव जीवन के दिन-प्रतिदिन के आचार-विचार, जीवन शैली तथा कार्य-व्यवहार ही संस्कृति कहलाती है। यह हमारी संस्कृति ही है, जो हमें एक-दूसरे से अलग करती है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संस्कृति के संबंध में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा है कि संस्कृति का अर्थ मनुष्य का आंतरिक विकास और उसकी नैतिक उन्नति है, पारंपरिक सद्व्यवहार है और एक-दूसरे को समझने कि शक्ति है।

वस्तुतः भारतीय संस्कृति विश्व की सार्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति है, जो हमें उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त होती है। हिन्दी विश्व कोश के अनुसार " संस्कृति उस समुच्चय का नाम है, जिसमें ज्ञान, कला, नीति-विधि, रीति-रिवाज का समावेश रहता है, जिसमें मानुषी समाज को सदस्य के रूप में मानता हैं।"[3] वही हिन्दी साहित्य कोश के अनुसार संस्कृति कि परिभाषा इस प्रकार है, " विभिन्न शास्त्रों,दर्शन आदि में होने वाले चिंतन, साहित्य, चित्रांकन आदि कलाओं एवं परहित साधन आदि नैतिक आदर्शों तथा व्यापारों को संस्कृति कहा जाता है।"[4] अन्य देशों की संस्कृतियां

तो समय की धारा के साथ-साथ नष्ट होती रही हैं, किन्तु भारतीय संस्कृति आदि काल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। इसकी उदारता तथा समन्यवादी गुणों ने अन्य संस्कृतियों को समाहित तो किया है, किन्तु अपने अस्तित्व के मूल को सुरक्षित रखा है तभी तो पाश्चात्य विद्यवान अपने देश की संस्कृति को समझते हुए भारतीय संस्कृति को पहले समझने का परामर्श देते हैं।

संस्कृति के दो भिन्न उप-विभाग होते हैं- भौतिक और अभौतिक । भौतिक संस्कृति उन विषयों से जुड़ी है जो हमारे जीवन के भौतिक पक्षों से संबद्ध हैं, जैसे हमारी वेषभूषा, भोजन, घरेलू सामान आदि। अभौतिक संस्कृति का संबद्ध विचारों, आदर्शों, भावनाओं और विश्वासों से है। इस प्रकार इन दोनों विभागों के संयुक्त विकास से परिष्कार पाकर मनुष्य सुसंस्कृत बनता है। परंतु हर सुसंस्कृत आदमी सभ्य हो ये ज़रूरी नहीं है। संस्कृति सीखी जाती है, यह संचयी होती है। यह परिवर्तनशील होती है जिसमें समय बीतने के साथ ही परिवर्तन होते है। इस परिवर्तन को गतिशीलता के साथ देखना चाहिए, यहाँ परिवर्तन का मतलब यह नहीं है की नए को अपनाने के चक्कर में, अपनी विशेषताएँ खो दी जाएँ, जैसा की आज हमारी संस्कृति के साथ हो रहा है। संस्कृति में प्रत्येक भाग एक-दूसरे पर आश्रित होता है, एक के अस्तित्व के साथ ही दूसरे का वजूद जुड़ा होता है। परंतु आज हर कोई आत्मनिर्भरता और अकेले अपनी पहचान बनाने के इस चूहा दौड़ में अपनी निजता को खोते जा रहे है। उदहारण स्वरूप हमारे देश की सभी हस्तकलाएँ, कपड़ा उद्योग काश्तकारों, मजदूरों, कलाकारों के आपसी भरोसे और योगदान पर निर्भर है, वहाँ अपनापन है एक दूसरे के लिए और समर्पण है अपनी कला के लिए । परंतु विदेशी कपड़ा उद्योग में बस घाटा-मुनाफे का सौदा होता है, वहाँ अपने कार्य अथवा अपने साथियों के लिए कोई समर्पण भाव नहीं है । प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. यशपाल भी भूमंडलीकरण कि अपसंस्कृतिकरण से चिंतित नज़र आते हैं उनका मानना है की " भूमंडलीकरण का अर्थ यह नहीं है कि यह सब लोगों के लिए बराबर है। इसमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' जैसी बात बिलकुल नहीं है। भूमंडलीकरण एक ऐसी स्वेच्छाकारी प्रक्रिया है जिसके नियमों का पालन हमें करना पड़ेगा और हम सबको उसके पीछे चलना पड़ेगा। यह भी तय करेंगी कि हमारी स्थितियाँ कैसी होगी। उन्हे कैसी होनी चाहिए ।"[5] यही से वैश्वीकरण हमारी संस्कृति में घुसता है और अब एक विशेष वर्ग सदियों पुरानी हस्तकला और काश्तकारों की मेहनत पर अपना स्वामित्व बनाने में लगा है, उसका 'पैटेंट' लेने में लगा है, जबकि यह सांस्कृतिक धरोहर सबकी है।

संस्कृति के बिना मनुष्य ही नहीं रहेंगे क्यूंकी सत्य, शिव और सुंदर ये तीन शाश्वत मूल्य हैं जो संस्कृति से निकट से जुड़े हैं। इसकी एक वजह यह भी है की मानव ही संस्कृति का निर्माता है और साथ ही संस्कृति मानव को मनाव बनती है। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि जंगलों में रहते थे, पत्ते खाते थे, मिट्टी के बर्तनों में रसोई बनाते थे लेकिन अपने मौलिक और विशिष्ट गुणों के कारण सुसंस्कृत कहे जाते थे। वही पर आज के वैश्वीकरण में सुसंकृत मनुष्य होने की परिभाषा ही अलग है, अगर आप बड़े बंगले में रहते है, महंगे बर्तनो में खाते है, फ्रिज का पानी पीते है आदि तो आप सुसंस्कृत है। रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार संस्कृति मानव जीवन में उसी तरह व्याप्त है, जिस प्रकार फूलों में सुगंध और दूध में मक्खन। इसका निर्माण एक या दो दिन में नहीं होता, युग-युगांतर में संस्कृति निर्मित होती है।

वैश्वीकरण ने संस्कृति के क्षेत्र में सबसे ज़्यादा नुकसान क्षेत्रियता का किया है। इसने मानव मूल्य बदल दिये है और ग्रामीण भारतीय समाज के लिए कई खतरें भी उत्पन्न किए है। इसी का परिणाम है की वर्तमान में किसानों को पारंपरिक फसलों के स्थान पर निर्यात उन्मुख फसलों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया। 2011 से 2016 के मध्य लगभग 9 मिलियन लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास किया। भारत का जनसंख्या आयोग भले ही यह

कहता रहे कि अगले दो दशकों में भारत गावों का देश नहीं रहेगा, परंतु आज कोरोना महामारी ने इसे झूठा साबित कर दिया क्यूंकी इस संकट में सब गावों की ओर पलायन कर रहें है और ऐसे ही एक झटके की ज़रूरत भारतीय संस्कृति की ओर लौटने के लिए भी है। आज की ये कोरोना महामारी और इसके जैसी कई और अनगिनत महामारियों का विश्व भर में फैलाव वैश्वीकरण का ही प्रमाण है।

आज प्रत्येक गतिविधि संगीत, साहित्य, कला, विज्ञान और दर्शन सभी पर वैश्वीकरण का प्रत्यक्ष प्रभाव दिखलाई पड़ता है जैसे की आज हमारा देश संयुक्त परिवार से एकल परिवार की ओर जा रहा है, शहरों में "ओल्ड एज होम" का होना भी अपनेआप में इसका एक प्रमाण है। पश्चिमी देशों और बहुराष्ट्रीय निगमों की समझ साफ है कि अगर उन्हे अपना कोई भी ब्रांड अखिल भारतीय बाज़ार में उतारना है, तो उसे भारतीय संस्कृति को करीब से जानकर, भारतीय लोगों के अनुसार अपना विज्ञापन करना होगा, पिज्जा, मैगी, टॉफी आदि बेचने के लिए भारतीय संस्कृति में बसे माँ के दुलार-प्यार को हथियार बनाना होगा। यह नया सांस्कृतिक स्तर है, जो पिछ्ले 20 वर्षो में सक्रिय हुआ है। यही कारण है की बहुराष्ट्रीय निगम बाज़ारों के रूझानों को जानने के लिए, भारतीय संस्कृति के जानकारों को रखते है। हमारे यहाँ संस्कृति कभी भी बाज़ार का विषय नहीं रही है, फिर भी वैश्वीकरण और निजीकरण के चलते आज पूरे विश्व की निगाह भारत पर है, क्यूंकी आज के समय में भारत विश्व का सबसे बड़ा बाज़ार है।  आज भारतीय संस्कृति को इस बाज़ार में बेचा जा रहा है। इस उत्पादन और बाज़ार के संबंध को एन.सी.आर.टी. कि पुस्तक 'वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था' में भलीभाँति स्पष्ट किया गया है, पुस्तक के अनुसार " समान्यतः बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ उसी स्थान पर उत्पाद इकाई स्थापित करती हैं जो बाज़ार के नजदीक हो, जहां कम लागत पर कुशल और अकुशल श्रम उपलब्ध हो और जहां उत्पाद के अन्य कारकों कि उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ सरकारी नीतियों पर भी नज़र रखती हैं, जो उनके हितों का देखभाल करती हैं।"[6] जहां एक तरफ वैश्वीकरण ने भारतीय संस्कृति का वर्चस्व कम किया है वही दूसरी तरफ इस उपभोक्तावाद ने भारतीय संस्कृति को विश्व में एक ऊँचा दर्जा दिलाया है। यह दर्जा जनसंख्या, मार्केट और मीडिया ने दिलाया है।

यह ऊँचा दर्जा दिलाने का मुख्य श्रेय भारतीय सिनेमा को जाता है। भारतीय सिनेमा ने भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर रखा है और साथ ही वैश्वीकरण के प्रभाव के चलते उसमें अपनी सहूलियत के हिसाब से बदलाव किए ताकि पर्दे की डिमांड के चलते विश्व पटल पर मुनाफा कमाया जा सके। इससे फायदा यह हुआ की भारतीय संस्कृति विश्व पटल पर पहचानी जाने लगी परंतु उसमें एकरूपता आ गयी, दिखावा आ गया। उदाहरण स्वरूप "दी ग्रेट इंडियन बिग फेट वैडिंग" को हल्दी, मेहंदी, संगीत आदि जैसे बिना सिर-पैर की रस्मों में ऐसा उलझाया गया की आज के समय में भिन्न प्रांतो, प्रदेशों की भिन्न शादियों में फर्क कर पाना मुश्किल हो गया है।  आज बंगाली, पंजाबी, मराठी आदि सभी शादियाँ फिल्मी बॉलीवुड के जैसी वैश्विक तो हो गयी है, परंतु इस दौरान उन्होने अपनी क्षेत्रियता की पहचान खो दी है। अब सभी प्रान्तों की शादी एक सी लगती है।

वर्तमान में संस्कृति एवं संसाधनों का अविवेकपूर्ण हस्तांतरण हो रहा है। विकासशील देशों की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक अस्मिता दांव पर लगी हुई है। अपसंस्कृति साथ-साथ चल रही है। भारतीय जीवन दृष्टि को पश्चिमी दृष्टिकोण के अनुसार बदला जा रहा है।

भारतीय संस्कृति कोई प्रतिस्पर्धा करने का क्षेत्र नहीं है, कि उसकी तुलना दुनिया के दूसरे देशों की संस्कृति से की जाए और फिर भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता साबित की जाए। अपनी संस्कृति को बजारवादी बनने से रोकना होगा।

संस्कृति को स्थानीय संरक्षण देना होगा। हमारी भारतीय संस्कृति आज संस्कृति से आगे बढ़कर उपभोक्तावादी संस्कृति बनती जा रही है। भारतीय संस्कृति विज्ञापन का बाज़ार बनती जा रही है, सभी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विभिन्न विज्ञपनों के माध्यम से इस संस्कृति से अपनी निजता ज्यादा सिद्ध करके अपने उत्पाद बेच रहे हैं। संभवतः यही वजह है की बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अथवा संस्थाएं भी बड़े पैमाने पर हमारी संस्कृति से प्रभावित होकर, अपने उत्पादों में बदलाव ल रहे हैं, उन्हे हमारे क्षेत्रीय बाज़ार के लायक बना रहे हैं। उदहारण के लिए- मैकडौनल्ड्स भी भारत में केवल शाकाहारी एवं चिकन उत्पादों की ही बिक्री करता है, बीफ उत्पादों की नहीं, जो विदेशों में प्रचलित है। ऐसे में हमें अपना दायित्व पहचानना होगा।

अपनी संस्कृतिके बिना कोई भी राष्ट्र दुनिया में शक्ति का झंडा नहीं फहरा सकता। भारतीय जीवन मूल्य और संस्कृति को इस वैश्वीकरण ने कुछ हद तक हिला दिया है। वास्तव में ग्लोबलाईजेशन आंचलिकता, क्षेत्रीयता, स्थानीयता का धुर विरोधी है। असल में वैश्वीकरण 'एक रास्ता' लगता है। एक रास्ता, एक विश्व, एक व्यापार, एक संस्कृति, सब कुछ एक। और इसके चक्कर में भारतीय संस्कृति की मूल प्रकृति नष्ट हो रही है। वर्तमान फिल्मी 'रिमिक्स' गानों की तरह भारतीय संस्कृति भी रिमिक्स हो रही है। अब हाल यह है की यह तय कर पाना मुश्किल हो रहा है कि 'क्या भारतीय संस्कृति का अपना है और क्या गैर'।

आज हमारे सामने प्रश्न यह है की आखिर वैश्वीकरण को इस अल्ट्रा मॉडर्न युग में भारतीय संस्कृति की जरूरत किसे है? आज के समय की पीढ़ी के लिए सब कुछ एक खिचड़ी संस्कृति होता जा रहा है।लिव-इन-रेलेशनशिप की संख्या में वृद्धि तथा मल्टीप्लेक्स थियेटरों, वैलेंटाइन-डे, फ्रेंडशिप-डे आदि का प्रचलन इसका ही एक उदाहरण हैं। कहने को तो पूरा विश्व "एक गाँव" में तब्दील हो चुका है, परंतु वर्तमान की दूरियां बढ़ती ही जा रही है।

वैश्वीकरण विभिन्न समाजों की विविधता में वृद्धि करता है तथा बहुसंस्कृतिवाद को प्रोत्साहन प्रदान करता है। भूमंडलीकरण, वैश्वीकरण के कारण संस्कृति को, भाषा को लाभ भी मिला है। जैसे की भाषा की गतिशीलता, सरल भाषा का अत्यधिक प्रसार जिसके कारण संप्रेषणीयता में वृद्धि होती है। आज बी.बी.सी. और डिस्कवरी जैसे बहुराष्ट्रीय चैनल अपने कार्यक्रम भारतीय संस्कृति पर बना रहें है और वो भी हिन्दी में। संस्कृति बदल ज़रूर रही है, परंतु वह किसी न किसी रूप में बरकरार रहती है। करीब 200 सालों का साम्राज्यवादी शासन भी इस भारतीय संस्कृति को जड़ से नष्ट नहीं कर पाया। यह वैश्वीकरण का ही प्रभाव है की वर्तमान में देश और विदेश में आयुर्वेद, योग, भारतीय दर्शन आदि बहुत प्रचलित हो रहा है, जो एक अच्छा सूचक है।

भारतीय सांस्कृतिक शक्ति लोगों को आकर्षित करती है। एक विचित्र-सी चीज़ भारतीय संस्कृति के पास है। वह है इसकी अविभाज्यता। हम संस्कृति को काट नहीं सकते। हम कला को नहीं हटा सकते। कविता को अलग नहीं कर सकते। यहाँ तक की निर्गुण और सगुण को नहीं काट सकते। कम से कम भारतीय संस्कृति के संदर्भ में यही सच है। भौगोलिक या क्षेत्रीय विशेषताओं में उसे सीमित कर सकते हैं, किन्तु उसकी भारतीय उपमहाद्वीपीय विस्तृति से हम उसे अलग नहीं कर सकते।वैश्वीकरण के दौर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीवित रहने के लिए हमारी संस्कृति को और मजबूत होना होगा, उसको अपनी जड़ो को और गहरा करना होगा।

## **संदर्भ ग्रंथ सूची** –

1. https://hi.wikipedia.org/wiki/**वैश्वीकरण**
2. **अमित कुमार सिंह**, **भूमंडलीकरण और भारत: परिदृश्य और विकल्प**, **सामयिक प्रकाशन**, **नयी दिल्ली**, **2010**, **पृष्ठ सं. 33**
3. **हिन्दी-विश्वकोश**, **खंड-12**, **पृष्ठ सं. 14**
4. **हिन्दी साहित्य कोश**, **पृष्ठ सं. 701-702**
5. **प्रो. यशपाल**, **उद्धृत अक्षर पर्व**, **मार्च 2004**, **नरेन का लेख**
6. **एन.सी.आर.टी.**, **वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था**, **पृष्ठ सं. 57**

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# Individual Private Initiative in Primary Education in Colonial Delhi (1910-1947)



Akanshi Vidyarthi
PhD student, Centre for Historical Studies
School of Social Sciences, Jawaharlal Nehru University,
2. जब परिवार और स्कूल आदि के नैतिक मूल्य भिन्न-भिन्न होते हैं तो इस अवस्था में बच्चा भ्रम में पड़ जाता है, कि परिवार में जो व्यवहार उचित समझा जाता है उसी व्यवहार के लिए स्कूल में दंड क्यों मिलता है?
3. बच्चों को नैतिक मूल्यों को सीखने में उस समय भी कठिनाई होती है जब परिवार के लोग नैतिक मूल्य के निर्णय ऋणात्मक पक्ष पर अधिक बल देते हैं तथा धनात्मक पक्ष पर कम बल देते हैं।

बच्चों में नैतिक विकास की निम्नलिखित अवस्थाएं आती हैं-

1. **बाल्यावस्था में नैतिक विकास** : बाल्यावस्था में अक्सर बच्चे उस कार्य या व्यवहार को अच्छा समझते हैं जिसमें उन्हें सुखद अनुभव होते हैं तथा उसे बुरा समझते हैं जिसमें उन्हें सुखद अनुभूति नहीं होती है। इस अवस्था में अनुशासन के द्वारा माता-पिता बालक को उचित- अनुचित का ज्ञान कराते हैं। बालकों को दंड

एवं पुरस्कार के द्वारा भले बुरे की शिक्षा देते हैं। माता- पिता को बच्चे को दंड उसी अवस्था में देना चाहिए जब बच्चा जानबूझकर अनैतिक व्यवहार करे।

2. **पूर्व बाल्यावस्था में नैतिक विकास:** पूर्व बाल्यावस्था लगभग 3 से 6 वर्ष की अवस्था है। इस अवस्था में बच्चा विशिष्ट परिस्थितियों से संबंधित नैतिक व्यवहार अवश्य सीख लेता है। अध्ययनों में यह भी देखा गया है कि मध्य वर्ग (Middle Class) के माता-पिता बच्चों के प्रति इस बात को लेकर अधिक कठोर होते हैं कि बच्चा समाज द्वारा मान्य व्यवहार को अपनाए। इस अवस्था के अंत तक बालक अनुशासित अवश्य हो जाता है। वह उचित अनुचित को ध्यान में रखकर व्यवहार करने लग जाता है।

   अध्ययनों में यह भी देखा गया है कि बाल्यावस्था में बालक को यदि अधिक दंड दिया जाता है तो उसका व्यवहार ऋणात्मक हो सकता है। ऐसे कुसमायोजित एवं अपराधी भी हो सकते हैं।

3. **उत्तर बाल्यावस्था में नैतिक विकास:** उत्तर बाल्यावस्था लगभग 6 से 12 साल तक की अवस्था है। इस अवस्था में बच्चे का नैतिक विकास मुख्यतः उसके समूह से सर्वाधिक प्रभावित होता है। इस अवस्था में वह सीखे गए नैतिक मूल्यों का सामान्यीकरण करने लग जाता है। वह समझने लग जाता है कि पैसा या वस्तु या खिलौना आज किसी भी चीज की चोरी करना अच्छी बात नहीं है। वह यह समझने लगता है कि माता-पिता, सहपाठी, अध्यापक तथा अन्य किसी से भी झूठ बोलना बुरा व्यवहार है।

   इस अवस्था में बच्चों को उसी समय दंड देना चाहिए जब वे जानबूझकर शैतानी करते हैं तथा उन्हें उस समय पुरस्कृत करना चाहिए जब वे उचित व्यवहार करते हैं। बच्चों में इस अवस्था में भले बुरे की भावना का विकास प्रारंभ होता है। इस अवस्था में नैतिक विकास में यह एक महत्वपूर्ण बात है।

4. **किशोरावस्था में नैतिक विकास :** इस अवस्था में बालक प्रत्येक उचित और अनुचित व्यवहार से संबंधित कारणों को समझने लग जाता है। वह अपने व्यवहार को समाज एवं समूह की प्रत्याशाओं के अनुसार सीखता है। अध्ययनों में यह देखा गया है कि वे किशोर बहुधा अपराधी प्रवृत्ति अपनाते हैं जो ऐसे परिवारों से संबंधित होते हैं जिनमें विवाह विच्छेद या किसी की मृत्यु हो गई होती है। इस अवस्था तक वे स्वेच्छा से नैतिक मूल्यों का पालन करने लग जाते हैं। इस अवस्था के अंत तक किशोरों में पर्याप्त मात्रा में सहनशीलता, उदारता आदि गुण विकसित हो जाते हैं। उनका नैतिक व्यवहार वयस्कों के समान होने लगता है। नैतिक दृष्टि से परिपक्व किशोर समाज के नियमों एवं नैतिक मूल्यों के अनुसार व्यवहार, भय के कारण न करके इसलिए करता है कि वह इन नियमों एवं मूल्यों को उपयुक्त समझता है।

बच्चों के नैतिक विकास को बहुत सारे तत्व प्रभावित करते हैं। नैतिक विकास को प्रभावित करने वाले कुछ प्रमुख तत्व निम्नलिखित हैं-

1. बुद्धि : बच्चों के नैतिक विकास को बुद्धि महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करता है। बौद्धिक क्षमता के आधार पर ही वह विभिन्न नैतिक मूल्यों को समझता है एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित प्रत्ययों का सामान्यीकरण करता है। अध्ययनों में यह देखा गया है कि जिन बच्चों में बुद्धि अधिक होती है उनमें मंदबुद्धि बालकों की

अपेक्षा नैतिक विकास अधिक मात्रा में तथा शीघ्र होता है। टरमन (L. M Terman, 1925) ने अपने अध्ययन में देखा कि मंदबुद्धि बालकों की अपेक्षा बुद्धि वाले बालकों में ईमानदारी, सहनशीलता, सत्यवादिता आदि गुण अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।

2. आयु : आयु बढ़ने के साथ-साथ बच्चे में नैतिक मूल्यों एवं व्यवहार का विकास होता है। आयु बढ़ने के साथ-साथ भले-बुरे, उचित- अनुचित के ज्ञान की वृद्धि होती जाती है। आयु बढ़ने के साथ- साथ वह सत्य-असत्य के अंतर को भी समझने लग जाता है। सहानुभूति, सहनशीलता, ईमानदारी, सत्यवादिता आदि गुणों का विकास भी आयु बढ़ने के साथ-साथ होता जाता है।
3. लिंग : नैतिक मूल्यों का विकास लैंगिक कारक से भी महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित होता है। लड़के और लड़कियों के चरित्र एवं नैतिक गुणों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है। किशोरावस्था में लड़कों की अपेक्षा लड़कियों में चारित्रिक एवं नैतिक विकास अपेक्षाकृत तीव्र गति से होता है। लड़कियाँ लड़कों की अपेक्षा अधिक लज्जालु होती हैं। यह फर्क समाज द्वारा स्त्री– पुरुष के लिए अलग– अलग बनाये गए नियमों के कारण होता है। जिन समाजों में स्त्री पुरुष के बीच सामाजिक फर्क जितना कम है वहाँ यह कारक उतना ही कम असरदायी होता है।
4. परिवार: नैतिक मूल्यों को बच्चा सर्वप्रथम अपने परिवार से ही सीखना प्रारंभ करता है। बच्चे का लालन-पालन किस प्रकार किया जाता है इसका भी उनके नैतिक विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जिन बच्चों का पारिवारिक समायोजन अच्छा होता है वे बच्चे परिवार के सदस्यों के अनुकरण के आधार पर नैतिक मूल्यों को अपेक्षाकृत जल्दी सीख लेते हैं। अध्ययनों में यह देखा गया है कि जिन परिवारों का वातावरण दूषित होता है उन परिवारों के बच्चे मिथ्याभाषी, चोर, डरपोक, ईर्ष्यालु, घर से भागने वाले, बाल अपराधी, क्रोधी, दुराचारी आदि कुछ भी हो सकते हैं।
5. विद्यालय : बच्चों के नैतिक विकास में विद्यालय अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विद्यालय के शिक्षक, सहपाठी, वातावरण आदि सभी कुछ बच्चों के नैतिक विकास में कुछ न कुछ योगदान अवश्य करते हैं। यदि विद्यालय का सामान्य अनुशासन और व्यवस्था ठीक होती है तो वहां पढ़ने वाले बच्चों को चारित्रिक एवं नैतिक विकास के लिए सुंदर वातावरण मिलता है।
6. साथी समूह (Peer Group) : जब बच्चा स्कूल जाने लगता है तब उसका साथी समूहों से संबंध बनने लगता है। बच्चे इन मित्रों एवं साथी समूहों से बहुत अधिक प्रभावित होते हैं। वह अपने इन्हीं साथी समूहों से अनेक प्रकार के नैतिक मूल्यों को सीखते हैं। इस संबंध में हुए अध्ययनों में यह देखा गया है कि जिस प्रकार के चरित्र वाले बच्चे या साथी - समूह के बीच बच्चा रहता है उसी प्रकार के नैतिक मूल्य भी वह अनुकरण के आधार पर सीखता है। यदि उसके मित्रगण झूठ बोलने वाले, चोरी करने वाले आदि अनैतिक काम करने वाले होते हैं तो वह भी इसी प्रकार के व्यवहारों को सीखता है।

7. जनमाध्यम : आधुनिक समाज में बच्चा सिनेमा टेलीविजन और मैगजीन सोशल मीडिया आदि से बहुत अधिक प्रभावित होता है बच्चा जिस प्रकार के साहित्य पड़ता है उसी प्रकार का चरित्र उसमें विकसित होता है। आज टेलीविजन पर दिखाई जाने वाली फिल्म, धारावाहिक, कार्टूनों आदि से बच्चों का चरित्र बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। आज बच्चा टीवी पर हीरो को अगर पुरस्कृत होते हुए देखता है तो उसके चारित्रिक मूल्यों का अनुकरण अधिक करता है। वह हीरो या एक्टर उसके लिए एक आदर्श बन जाता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि बच्चों के नैतिक विकास में बहुत सारे सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक तथ्यों तत्वों का महत्वपूर्ण स्थान है तथा यह सभी तत्व बच्चों के नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**


1. गुप्ता, एस. पी. और गुप्ता, अलका (2003). उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान, शारदा पब्लिकेशन, इलाहाबाद, पृष्ठ – 65
2. श्रीवास्तव, डी. एन और वर्मा, प्रीति (2007). बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, पृष्ठ-154
3. Bandura, A. (1969). Social learning of moral judgments. *Journal of Personality and Social Psychology, 11*(3), 275–279.
4. Cowan, Philip A., Langer, J., Judith H., Nathanson M. (1969) Social learning and Piaget's cognitive theory of moral development**,** Journal of Personality and Social Psychology 11(3):261-74
5. Eysneck, H.. (2011). Symposium: The Development of Moral Value in Children. British Journal of Educational Psychology. 30. 11 - 21. 10.1111/j.2044-8279.1960.tb01516.x.
6. Hurlock, Elizabeth B. (1974). Child Development, McGraw- Hill, New York, p. 234
7. Terman, L.M. (1925). *Genetic studies of genius. Mental and physical traits of a thousand gifted children.* Stanford Univ. Press.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# दिल्ली सल्तनत के अधीन ललित कलाओं का विकास (13वीं-14वीं शताब्दी)



(अंकुर वर्मा)
शोध छात्र,
मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 102-108
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 12 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश** – प्रमुख कलाओं के अलावा भी निश्चित रूप से अन्य ललित कलाओं का अस्तित्व भी अवश्य रहा होगा, किंतु दुर्भाग्यवश हमारे पास इस विषय से सम्बंधित प्रामाणिक साक्ष्यों की इस कालखंड में काफी कमी है। 13वीं–14वीं शताब्दी का समय व्यापार–वाणिज्य की दृष्टि से प्रगतिशील माना जाता है। प्रो.मोहम्मद हबीब इस काल को नगरीय क्रांति की अवधारणा से संबद्ध करते हैं। सामाजिक बंधनों और जड़ता में इस काल में निश्चित रूप से ढीलापन आया। जब भी समाज में रूढ़िवादिता और संकीर्णता के बंधन कमजोर पड़ते हैं तो कलाओं के विकास के बेहतर अवसर उत्पन्न होते हैं। व्यापार–वाणिज्य और आर्थिक प्रगति के चलते वैदेशिक संपर्कों की स्थापना भी हुई। ऐसे में बाहरी कलाओं और संस्कृतियों से भी संपर्क अवश्य स्थापित हुआ होगा, जिसका प्रभाव यहां के कलात्मक माहौल पर स्वाभाविक रूप से पड़ा होगा। साथ ही कृषि में अधिशेष के चलते शिल्प आदि के विकास के लिए भी परिस्थितियां बनी होंगी। साक्ष्यों के अभाव में यह मान लेना कि जिन सुल्तानों के समय स्थापत्य और संगीत और चित्रकला की प्रगति होती रही, उन्होंने अन्य कलाओं को प्रोत्साहन नहीं दिया होगा, तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता है। भारत में कुटीर व्यवसायों की परंपरा संपूर्ण मध्यकाल में रही है। इनमें से कई व्यवसाय शिल्प और कलाओं से संबंधित थे (जैसे–कपड़ों की रंगाई, कढ़ाई, खिलौना निर्माण,मूर्ति निर्माण इत्यादि)। इनका विकास स्वतंत्र रूप से स्थानीय स्तर पर होता रहा। साथ ही, प्रांतीय केंद्रों और हिंदू राजाओं के यहां भी कलाओं को आश्रय मिला। ऐसे में दिल्ली सल्तनत निश्चित रूप से इनसे अछूती नहीं रही होगी।

**मुख्य शब्द** – दिल्ली, सल्तनत, ललित, कला, व्यापार–वाणिज्य, सामाजिक, रूढ़िवादिता, संकीर्णता।

ललित कलाओं से तात्पर्य उन सभी विधाओं से है जो मनुष्य की भावनाओं को एक साकार रूप प्रदान करने की क्षमता रखती हैं। अपने व्यापक स्वरूप में यह किसी समाज की सांस्कृतिक मनोदशा की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

हैं। इनकी स्थिति का मूल्यांकन करके हम किसी देश काल की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और काफी हद तक राजनीतिक परिस्थितियों तथा शासक वर्ग के दृष्टिकोण का अनुमान लगा सकते हैं। ललित कलाओं के अंतर्गत स्थापत्य, चित्रकला, संगीत आदि मुख्य रूप से शामिल किए जाते हैं।

विविध संस्कृतियों वाला भारत प्राचीन काल से ही ललित कलाओं के संदर्भ में काफी उन्नत रहा है। पाषाण काल से लेकर वर्तमान तक विभिन्न प्रकार से इसका विकास निरंतर होता रहा। ऐसे में अगर हम अपने अध्ययन को एक ऐसी कालावधि पर केंद्रित करें, जिसमें धर्म की भूमिका काफी प्रमुख रही हो और यह धर्म भी ऐसा कि इसमें ललित कलाओं के विकास की गुंजाइश कम हो तो अध्ययन निश्चित रूप से अधिक रुचिकर होगा। उत्तर भारत में 13वीं-14वीं शताब्दी का समय एक ऐसा ही कालखंड था।

भारत में तुर्क सत्ता की स्थापना एक क्रांतिकारी परिघटना थी जिसने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से तत्कालीन परिस्थितियों को प्रभावित किया और भावी समाज-संस्कृति के निर्माण को नई दिशा प्रदान की। नवस्थापित तुर्की शासक और शासित वर्ग के मध्य सबसे बड़ा अंतर संस्कृतियों का था। जहां एक और यहां की बहुसंख्यक आबादी गैर मुसलमान(हिन्दू) थी, तो वहीं दूसरी ओर एक कट्टर धार्मिक उलेमा वर्ग था जो कि इस नवस्थापित सत्ता को धार्मिक आधार पर वैधता प्रदान कर सकता था। किंतु यह धार्मिक वर्ग भारत में तलवार के बल पर इस्लाम कबूल करा कर अपनी संस्कृति को थोपने का दबाव शासक वर्ग पर डाल रहा था[1]जो कि व्यवहारिक रूप से अतार्किक और असंभव था, क्योंकि बिना हिंदुओं के सहयोग के शासन को सुदृढ़ करना संभव नहीं था। स्थानीय स्तर के अधिकांश अधिकारी हिंदू थे तथा इनकी जनता पर पकड़ भी बेहतर थी। ऐसे में शासक वर्ग के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि धार्मिक वर्ग को रुष्ट किए बिना जनता का समर्थन कैसे प्राप्त किया जाए। अत: परिस्थिति वश ही किंतु मुस्लिम सत्ताधारी वर्ग को हिंदुओं से सहयोग लेना पड़ा। इस प्रक्रिया में दोनों वर्ग एक-दूसरे के समीप आए और शनैः-शनैः दो ऐसी संस्कृति और सभ्यताओं, जो कि मान्यताओं रिवाजों से लेकर लगभग हर बात में भिन्न थीं, के सम्मिश्रण की एक अभूतपूर्व प्रक्रिया प्रारंभ हुई। फलस्वरूप एक नवीन संस्कृति ने जन्म लिया, जिसे हम हिंद इस्लामी संस्कृति के नाम से जानते हैं। इसमें दोनों ही सभ्यताओं की अच्छी बातें मौजूद थी। वह हिंद इस्लामी संस्कृति जो अकबर के समय अपने चरम पर जा पहुंची, वस्तुत: उसकी नींव इसी काल में रखी गई थी। 13वीं 14वीं शताब्दी इस दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है। इस दौरान यह मिली-जुली संस्कृति अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में ललित कलाओं के माध्यम से व्यक्त हुई।

सबसे पहले स्थापत्य कला की चर्चा करना उचित होगा जो कि इस काल में सर्वाधिक विकसित अवस्था में रही। भारत में स्थापत्य समृद्ध परंपरा रही है। स्तूपों, चैत्यों, महलों के अवशेषों आदि के माध्यम से इसे रेखांकित किया भी जा सकता है। सल्तनत काल में भारतीय स्थापत्य को एक नई दिशा प्राप्त हुई। इसमें विभिन्न राजनैतिक, आर्थिक,धार्मिक व लोककल्याण संबंधी कारकों ने भी भूमिका निभायी। इस दौरान इमारत निर्माण शैली में अनेक नवीन तत्वों ने जन्म लिया जो कि भारतीय-इस्लामी शैली के सुंदर मिश्रण के प्रतीक थे। सल्तनत की शुरुआत कुतुबुद्दीन ऐबक से मानी जाती है। उसी ने सल्तनत कालीन स्थापत्य की नींव भी रखी। रायपिथौरा में उसने सर्वप्रथम एक मस्जिद "कुवत उल इस्लाम" का निर्माण कराया जो कि मंदिर के अवशेषों पर निर्मित की गई थी।[2] निर्माण का लक्ष्य था कि इबादत के स्थान होने के साथ-साथ या मुस्लिम समुदाय के लिए एक प्रार्थना स्थल का भी कार्य कर सके। इसमें ही सबसे पहले हिंद इस्लामी संस्कृति की झलक दिखती है। यहां मेहराबें उत्कृष्ट और सही अनुपात में दिखती हैं, हालांकि तकनीकी रूप से ये

1. मध्यकालीन प्रशासन, समाज एवं संस्कृति, प्रो.राधेश्याम, पृ.176 ।

2. आर्किटेक्चर इन मेडिवल इंडिया, मोनिका जुनेजा, पृ.143 ।

कमतर थीं। इसी कारण सल्तनत काल की प्रारंभ की इमारतें शीघ्र ही ध्वस्त हो गई। ऐबक द्वारा निर्मित सर्वश्रेष्ठ इमारत कुतुबमीनार थी, जिसे इल्तुतमिश ने पूरा करवाया। संभवत: यह मीनार तुर्कों की भारत विजय के प्रतीक स्वरूप बनवाई गई थी। यह मीनार सुंदरता और मजबूती का श्रेष्ठ उदाहरण है। आधार पर 15 मीटर चौड़ाई शीर्ष पर घटते-घटते मात्र 3 मीटर रह जाती है जो कि तकनीकी श्रेष्ठता का द्योतक है। छज्जों में प्रयुक्त अवरोही टोडा तकनीक दर्शनीय है। ऐबक ने एक अन्य इमारत अड़ाई दिन का झोपड़ा भी बनवाई जो कि अजमेर में स्थित है। ऐबक के बाद इल्तुतमिश ने भी निर्माण कार्य कराए। भारत में मकबरा शैली का जनक उसे ही माना जाता है। महरौली क्षेत्र में उसने खुद का एक सुंदर मकबरा बनवाया। तीन ओर से मेहराबयुक्त द्वारों वाली एक वर्गाकार इमारत है जो कि लाल पत्थरों से निर्मित है तथा केंद्र में संगमरमर की कब्र है। दीवारों पर फूल पत्तियों, ज्यामितीय आकृतियों, बेलबूटों, कुरान की आयतों आदि से सजावट की गई है। हालांकि बाद में इस मक़बरे में नासिरुद्दीन महमूद को दफनाया गया। इल्तुतमिश ने कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद में सुधार कराने के साथ ही बदायूं में इससे भी बड़ी एक जामा मस्जिद का निर्माण करवाया। उसने दिल्ली में जलापूर्ति के लिए एक विशाल तालाब "हौज-ए-शम्सी" भी बनवाया जो कि लोककल्याण की ओर संकेत करता है। सल्तनत काल की अन्य प्रमुख इमारत थी 'बलबन का मकबरा' । सबसे पहले इसी में सच्ची मेहराब का प्रयोग हुआ है। यह महरौली क्षेत्र में स्थित है तथा वर्तमान में जर्जर अवस्था में है।

सल्तनतकालीन स्थापत्य का सबसे शानदार युग खिलजी काल को माना जाता है। अलाउद्दीन ने भव्य इमारतें बनवाई। उसने कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद का क्षेत्र बढ़वाने के साथ ही महरौली में इमारतों की एक श्रृंखला बनवाने की योजना बनवाई जो कि उसकी मृत्यु के चलते अधूरी रह गई। इसी के तहत उसने महरौली के प्रवेश द्वार के रूप में 'अलाई दरवाजा' निर्मित करवाया जो कि पूरे सल्तनतकाल की सर्वश्रेष्ठ इमारत मानी जाती है।[3] लाल पत्थरों से निर्मित यह इमारत इंडो इस्लामिक शैली की प्रथम स्पष्ट कृति मानी जा सकती है। इसमें पत्थर को काटकर घनी नक्काशी की गई है। इस्लामी(ईरानी) तत्वों में अरबी अभिलेख, कंगूरों पर नक्काशी, ज्यामितीय आकृतियों का अंकन प्रमुख है, जबकि भारतीय तत्वों के रूप में कमल और कलियों व लताओं का अंकन प्रमुख रूप से किया गया है। इसकी बारीक कारीगरी और जालियां दर्शनीय हैं। सर्वप्रथम घोड़े की नाल वाली आकृति की मेहराबों का उपयोग इसी में किया गया।[4] अलाउद्दीन ने एक मीनार अलाई मीनार का निर्माण भी आरंभ करवाया, किंतु यह पूरी न हो सकी। उसने दिल्ली का दूसरा नगर सीरी स्थापित किया तथा इसमें अनेक इमारतों का निर्माण करवाया, जिसमें हजार सूतून महल सर्वप्रमुख था। इल्तुतमिश की भांति ही अलाउद्दीन ने भी एक तालाब सीरी में जलापूर्ति के लिए बनवाया, जिसे हौज-ए- खास अथवा हौज-ए-अलाई कहा जाता है। 16वीं शताब्दी के साहित्य में भी इसका वर्णन प्राप्त होता है।

खिलजी काल के विपरीत तुगलकों के स्थापत्य में सादगी थी। इसके पीछे विद्वानों ने अलग-अलग मत दिए हैं। कुछ लोग गयासुद्दीन का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व तो कुछ लोग तुगलकों के पास धन के अभाव को इसका प्रमुख कारण मानते हैं (जबकि अलाउद्दीन के पास दक्षिण से प्राप्त की गई अकूत संपत्ति थी)। कुछ समकालीन स्रोतों में यह मत भी है कि मोहम्मद तुगलक जब राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद ले गया तो दिल्ली में कुशल कारीगरों का अभाव हो गया, जिसके चलते यहां की इमारतें सादी हो गयीं। हालांकि यह मत अधिक विश्वसनीय प्रतीत नहीं होता है। इस काल की स्थापत्य कला के प्रमुख लक्षण रंगीन पत्थरों की जगह रंगों का प्रयोग, अभिलेखों का अभाव, निर्माण में ईटों और मलबे

3. आर्किटेक्चर इन मेडिवल इंडिया, मोनिका जुनेजा, पृ.15 ।

4. मध्यकालीन भारतीय कलाएं और उनका विकास, डॉ. रामनाथ, पृ.38 ।

का प्रयोग, भद्दी मोटी कमजोर दीवारें, अंदर की ओर झुकी मस्जिदों, इमारतों, दुर्गों की दीवारें और बुर्ज तथा उभरी गर्दन वाले नुकीले गुंबदों का प्रयोग इत्यादि थे। गयासुद्दीन ने दिल्ली का तीसरा नगर तुगलकाबाद भी बताया और इसमें कई इमारतें बनवाई। उसके महल का उल्लेख इब्नबतूता करता है जिसे वह अत्यंत सुंदर और भव्य बताता है। गयासुद्दीन ने खुद का मकबरा भी बनवाया जो एक कृतिम झील के बीचोंबीच स्थित है।[5]इसमें हिंदू तत्वों कलश और आमलक का प्रयोग किया गया है। यह एक पंचमुखी इमारत है। मोहम्मद तुगलक ने भी निर्माण कार्य करवाए। उसने चौथी दिल्ली या 'जहांपनाह' नगर को बसाया। इसमें बनी कई इमारतों में से वर्तमान में विजय मंडल और सतपुला बंधके अवशेष प्राप्त होते हैं। उसने तुगलकाबाद के समीप आदिलाबाद किला का निर्माण भी करवाया। तुगलक सुल्तानों में स्थापत्य का सबसे शौकीन फिरोज था। हालांकि उसने संख्या पर अधिक ध्यान दिया,गुणवत्ता पर नहीं।[6] सजावट का कार्य मुख्यत: मेहराबों पर बने पलस्तर किए चित्रफ़लकों में दिखता है। उसने मस्जिद के डिजाइन में नई शैली लाने का सुंदर प्रयास किया, जिसका आधार पारंपरिक सहन होने की बजाय क्रॉस का आकार था।[7] यह शैली उसकी समस्त इमारतों में झलकती है। उसने दिल्ली का पांचवा नगर 'फिरोजाबाद' बसाया जहां 'कुश्क़-ए-सफेद' महल बनवाया जो उसके स्वयं के रहने के लिए था। इसे ही बाद में फिरोजशाह कोटला के नाम से जाना गया। नगर में उसने कई मस्जिदे बनवाई जिसमें सर्वप्रमुख थी जामा मस्जिद, जिसके खंभों पर उसने अपने शासन की उपलब्धियां अंकित कराई तथा इनका संकलन भी फुतुहात ए फिरोजशाही के नाम से करवाया। फिरोज ने पुरानी इमारतों की मरम्मत के साथ-साथ तमाम नए नगर, उद्यान और औषधालयों, मदरसों आदि की स्थापना भी करवायी। उसके समय की एक अति महत्वपूर्ण इमारत खानेजहां तेलंगानी का मकबरा है।[8] प्रथम मकबरा है, जो कि अष्टभुजाकार था। इस पर एक विशाल गुंबद का निर्माण किया गया तथा इसके चारों ओर स्तंभों वाला एक बरामदा बनाया गया। आगे चलकर मकबरा निर्माण के क्षेत्र में यह मानक की भांति साबित हुआ।

स्थापत्य के उपरांत **संगीत** की चर्चा करना उचित होगा। इस ललित कला के दृष्टिकोण से भी यह एक उन्नत काल था। वस्तुत: भारत में संगीत की परंपरा विश्व की प्राचीनतम परंपराओं में से एक है। माना जाता है कि यह कला शिव से ब्रह्म तथा ब्रह्म से सरस्वती जी को प्राप्त हुई। ऋग्वेद में वीणा,मृदंग,बांसुरी आदि वाद्यों का उल्लेख मिलता है। सामवेद संगीत से ही संबंधित है। इसमें सात स्वरों का उल्लेख है। नाट्यशास्त्र, श्रृंगारप्रकाश, संगीत रत्नाकर जैसे अनेक ग्रंथ भारत में ही लिखे गए। मोहम्मद कासिम की सिंध विजय के समय भी वहां पर भारतीय संगीत पद्धति काफी प्रचलित थी।[9] कुछ अवरोधों और परिवर्तनों के बावजूद 13वीं-14वीं शताब्दी में संगीत का विकास निरंतर होता रहा। यद्यपि संगीत को स्थापत्य की भांति व्यापक स्तर पर उतना संरक्षण नहीं मिला, तथापि इसका अस्तित्व निरंतर बना रहा और प्रगति होती रही। वस्तुत: तुर्क अपने साथ अरबों की समृद्ध परंपरा तथा रबाब व सारंगी जैसे वाद्य भी लाए थे। सुल्तानों और अमीरों ने भी इस कला को सहारा दिया और कई नए तत्वों ने भारतीय संगीत में प्रवेश किया। स्थानीय केंद्रों और हिंदू शासकों के यहां भी संगीत को प्रश्रय मिला। राजपूतों के रनिवासों में संगीतमय माहौल हुआ करता था और उनकी स्त्रियां भी गाने बजाने में निपुण हुआ करती थी। मोटे तौर पर कहा जाए तो तुर्की आक्रमणों से भारतीय संगीत कला पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। 12 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में कवि लोचन ने रागतरंगिणी की रचना

[5]. मध्यकालीन भारतीय कलाएं और उनका विकास, डॉ. रामनाथ, पृ.38 ।

[6]. मध्यकालीन भारत(750-1540ई.), हरिश्चंद्र वर्मा, भाग-I, पृ.519 ।

[7]. मध्यकालीन भारत(750-1540ई.), हरिश्चंद्र वर्मा, भाग-I, पृ.519 ।

[8]. मध्यकालीन भारतीय कलाएं और उनका विकास, डॉ. रामनाथ, पृ.39 ।

[9]. द हिस्ट्री ऑफ इंडिया ऐज टोल्ड बाय इट्स ओन हिस्टोरियंस: द मोहम्मडन पीरियड, इलियट&डाउसन, भाग-I, पृ.19 ।

की जिसमें हिंदू संगीत पद्धति में गीत संगीत रचना के सिद्धांतों का वर्णन किया गया था।[10] महमूद गजनवी योद्धा होने के बावजूद एक संगीत प्रेमी था। सल्तनत काल भारतीय संगीत के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों का काल रहा है। मध्यकालीन संगीत परंपरा के सर्वप्रमुख प्रणेता अमीर खुसरो थे जो कि एक कवि और दार्शनिक भी थे। उन्हें 'तूती ए हिंद' भी कहा जाता है। भारतीय संगीत को इन्होंने अरब के संगीत से श्रेष्ठ बताया। उनका कहना था कि "यहां का संगीत मनुष्यों को ही नहीं, पशुओं को प्रभावित कर देता है तथा इस संगीत से हरिण कृत्रिम निद्रा में निमग्न होकर शिकारी का शिकार बन जाते हैं।"[11] अमीर खुसरो ने भारतीय संगीत में कई तालों और रागों की वृद्धि की, जैसे राग गोरा, तिलक, सनम, सरपादा इत्यादि।[12]उन्होंने संगीत में प्रयुक्त होने वाले बारह स्वरों के ईरानी नामों के आधार पर भारतीय रागों का वर्गीकरण किया। खुसरो को ही कव्वाली गायन का भी प्रणेता माना जाता है। यद्यपि इस पर विवाद है तथापि अनेक विद्वान तबले और सितार के आविष्कार का श्रेय भी इन्हें ही देते हैं।[13] अमीर खुसरो ने दक्षिण के संगीतकारों से भी संपर्क स्थापित किया। गोपाल नायक एक प्रमुख संगीतकार थे जो अलाउद्दीन की दक्षिण विजय के उपरांत उपहारस्वरूप दिल्ली लाए गए थे। इनके साथ अमीर खुसरो की संगीत प्रतियोगिता के आयोजन के उल्लेख मिलते हैं।[14] तेरहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में संगीत पर एक ग्रंथ संगीत रत्नाकर लिखा गया जिसके रचयिता सारंगदेव थे। इसी प्रकार अलाउद्दीन की गुजरात विजय के उपरांत परवार नामक जाति के लोगों को बंदी बनाकर दिल्ली लाए जाने का उल्लेख मिलता है जो कि गा-बजा कर अपनी जीविका चलाते थे।

संगीत के विकास में 'सूफियों' का अद्वितीय योगदान रहा है। वैसे तो इस्लाम में संगीत को लेकर स्पष्ट अनुमति या प्रतिबंध नहीं है, किंतु सूफियों में अधिकांश संप्रदायों में इसकी अनुमति थी। ये लोग संगीत को ईश्वर की इबादत का एक जरिया मानते थे। सूफी संगीत सभाओं को 'समा' कहा जाता था। सुल्तानों की ओर से भी सूफियों को अधिकांशतः समर्थन मिलता रहा तथा कई सुल्तान तो स्वयं इन सूफियों के अनुयायी भी थे। इल्तुतमिश के बारे में कहा जाता है कि वह सुल्तान बनने से पहले सूफियों के उपदेश और संगीत लीन होकर सुना करता था। बलबन अत्यंत सुरीले अंदाज में स्वयं कुरान का उच्चारण करता था, इसीलिए उसे कुरानख्वां कहा जाता था। सूफियों ने आम जनता से संपर्क स्थापित किए। इनकी खानकाहों में बिना धर्म-जाति-वर्ग के भेद के सभी को शरण मिलती थी। सूफियों में भी चिश्ती सिलसिले ने संगीत के विकास में विशेष योगदान दिया। कहा जाता है कि शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की खानकाह पर संगीत सुनने के लिए भारी भीड़ एकत्र होती थी। सूफी लोग गजलों के माध्यम से खुदा की इबादत करते थे। गजलों का स्वरूप भौतिक रूप से देखने में तो वासनामय लगता था, लेकिन जब इनका गायन खानकाहों में किया जाता था तो यह भक्तिमय प्रतीत होती थी। 13वीं-14वीं शताब्दी में गजल की प्रसिद्धि सभी सुल्तानों के दरबार में रही। इल्तुतमिश, शाहजादा, मोहम्मद, अलाउद्दीन खिलजी, मुबारक खिलजी, मोहम्मद तुगलक, फिरोज तुगलक आदि सभी गजल के शौकीन थे। गजल से ही मिलती-जुलती विधा कव्वाली[15] भी सूफ़ियों में काफी प्रचलित थी। गजल और कव्वाली आज भी अत्यंत लोकप्रिय संगीत विधाएं है। बलबन का पुत्र कैकुवाद बड़ा संगीत प्रेमी था।[16] सुल्तान मोहम्मद तुगलक के बारे में कहा जाता है कि उस के दरबार में लगभग 12 सौ संगीतज्ञ थे जो गायन के साथ-साथ संगीत की शिक्षा भी देते थे। फिरोज़ शाह

[10]. ए शॉर्ट हिस्टॉरिकल सर्वे ऑफ म्यूजिक ऑफ अपर इंडिया, वी.एन. भातखण्डे, पृ.5-9 ।

[11]. द गजेटियर ऑफ इंडियन यूनियन, भाग-II, हिस्ट्री एंड कल्चर, संपा.-पी.एन. चोपड़ा, पृ.494 ।

[12]. ए सोशल,कल्चरल एंड इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया, भाग-II, पृ.236 ।

[13]. इस्लामिक कल्चर-प्रमोशन ऑफ म्यूजिक बाय टर्को अफगान रूलर्स ऑफ इंडिया, भाग-XXIV, पृ.494।

[14]. द हिस्ट्री ऑफ खल्जीज, के.एस. लाल, पृ.336 ।

[15]. लीव्ज फ्रॉम इंडियन कल्चर, सर अब्दुल क़ादिर, पृ.280 ।

[16]. मुंतख़ब उत तवारीख, अब्दुल कादिर बदायूँनी, भाग-I, पृ.158-161 ।

तुगलक के समय संगीत एकीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिला। इसी के समय संगीत के ग्रंथ रागदर्पण का फारसी में अनुवाद किया गया।[17] इस प्रकार स्पष्ट है कि सल्तनत काल की पहली दो शताब्दियों में संगीत का पर्याप्त विकास हुआ।

**चित्रकला** का अस्तित्व भारत में आदिकाल से ही रहा है और इसकी एक उन्नत परंपरा हमेशा यहाँ विद्यमान रही है। भीमबेटका, अजंता, एलोरा आदि के चित्रों में इसे स्पष्टतः देखा जा सकता है। भारतीय चित्रकला के प्रमुख रूप भित्तिचित्र, चित्रपट, चित्रफलक एवं लघु चित्रांकन आदि हैं। तुर्की शासन की स्थापना राजनीति के साथ-साथ समाज और संस्कृति के क्षेत्र में भी क्रांति थी। इस्लाम में जीव प्रतिरूपण निश्चित होने के कारण इस काल में चित्रकला अलग रूप में सामने आई सजावट के लिए ज्यामित्तीय आकारों, बेलबूटों, फूल, पत्तियों आदि का चित्रांकन किया गया। पहले ऐसा माना जाता था कि सल्तनत काल में धार्मिक बंदिशों के चलते चित्रकला अस्तित्व में नहीं रही, किंतु पुनर्मूल्यांकन के आधार पर निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि इस समय चित्रकला को भी छोटे स्तर पर ही सही, किंतु प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रोत्साहन मिलता रहा। साथ ही तमाम क्षेत्रीय शासकों द्वारा भी चित्रकला को बढ़ावा दिया जा रहा था। समूचे मध्यकाल में इस्लामी जगत में राजकीय कक्षों और भवनों को भित्तिचित्रों से सजाने का चलन था।[18] दिल्ली सल्तनत भी इससे अछूती नहीं रही। अमीरों और कुलीन वर्ग द्वारा बाहर से आयात की जाने वाली चित्रित पांडुलिपियों से भी सुल्तानों का संपर्क अवश्य रहा होगा। 13वीं-14वीं शताब्दी में चित्रकला के कुछ उदाहरणों की चर्चा भी की जा सकती है, जैसे- समकालीन लेखक ताजुद्दीन रजा सुल्तान इल्तुतमिश के समय चित्रकला से सजावट के प्रचलन का एक उल्लेख करता है।[19] साथ ही वह 1229 ईसवी में बगदाद के खलीफा के दूत के आगमन के समय तख्तमहल की मेहराब पर मानव और पशु आकृतियों के अंकन की भी सूचना देता है, जिसकी पुष्टि बाद में ईसामी के ग्रंथ फुतुह उस सलातीन से होती है। मिनहाज सिराज भी बताता है कि इसी समय सुल्तान इल्तुतमिश की एक विशाल तस्वीर समारोह के दौरान मुख्य बाजार में लगाई गई। इसामी इल्तुतमिश के समय चीनी चित्रकारों के दिल्ली लाए जाने का उल्लेख करता है। इससे सुल्तान इल्तुतमिश के समय चित्रकला की परंपरा मौजूद होने का अनुमान मिलता है। समकालीन ग्रंथों में भी चित्रकला के साक्ष्य मिलते हैं। ये ग्रंथ भित्ति चित्रों, पांडुलिपियों, कपड़े पर बने चित्रों आदि के साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं। 'देवलरानी खिज्र खां' में डिजाइन के लिए चकरबों के प्रयोग का उल्लेख किया गया है। 'नूहसिपिहर' में अमीर खुसरो ने सुंदर चित्रित वस्त्रों का विवरण दिया है।[20] साथ ही उनके अन्य ग्रंथों में भी बहुत से स्थानों पर आकृतिमूलक रेखांकनों व आकृतियों में अंकित पदों का उल्लेख मिलता है। 'छिताई वार्ता' नामक एक ग्रंथ में चित्रकार और उसकी रचनाओं का उल्लेख है। इस प्रकार, चित्रकला से संबंधित कई साक्ष्य साहित्य में देखे जा सकते हैं। अफीफ़ की 'तारीख ए फिरोजशाही' में चित्रकला से संबंधित एक महत्वपूर्ण विवरण मिलता है। वह इसमें सुल्तान फिरोज शाह द्वारा महल की दीवार की सजावट के संदर्भ में दिए गए आदेश की चर्चा करता है और बताता है कि सुल्तानों में आरामगृहों को आकृतिमूलक चित्रों से सजाने की परंपरा थी। यह परंपरा मध्य एशिया और ईरान से ली गई थी। बरनी भी अपनी पुस्तक 'तारीख ए फिरोजशाही' में कैकुवाद द्वारा प्रारंभ करवाये गए महल की चर्चा करता है जिसे जलालुद्दीन खिलजी ने पूरा करवाया और उसकी सजावट चित्रों के माध्यम से करवायी। मुल्ला दाऊद की 'चंदायन' में भी चित्रांकित महल की अटारी की चर्चा होती है। साथ ही, जैन सौदागरों से संबंधित सचित्र पांडुलिपियाँ भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुई हैं। इस

---

[17]. इस्लामिक कल्चर-प्रमोशन ऑफ म्यूजिक बाय टर्को अफगान रूलर्स ऑफ इंडिया, भाग-XXIV, पृ.19 ।

[18].मध्यकालीन भारत(750-1540ई.), हरिश्चंद्र वर्मा, भाग-I, पृ.526 ।

[19] वही, पृ.525 ।

[20]. वही, पृ.525 ।

प्रकार, निश्चित रूप से यह स्वीकार किया जा सकता है कि सल्तनत काल में चित्रकला सामान्य चलन में थी तथा इस पूरे कालखण्ड में निरन्तरता बनाये हुए आगे बढ़ती रही।

उपरोक्त वर्णित प्रमुख कलाओं के अलावा भी निश्चित रूप से अन्य ललित कलाओं का अस्तित्व भी अवश्य रहा होगा, किंतु दुर्भाग्यवश हमारे पास इस विषय से सम्बंधित प्रामाणिक साक्ष्यों की इस कालखंड में काफी कमी है। 13वीं-14वीं शताब्दी का समय व्यापार-वाणिज्य की दृष्टि से प्रगतिशील माना जाता है। प्रो.मोहम्मद हबीब इस काल को नगरीय क्रांति की अवधारणा से संबद्ध करते हैं। सामाजिक बंधनों और जड़ता में इस काल में निश्चित रूप से ढीलापन आया। जब भी समाज में रूढ़िवादिता और संकीर्णता के बंधन कमजोर पड़ते हैं तो कलाओं के विकास के बेहतर अवसर उत्पन्न होते हैं। व्यापार-वाणिज्य और आर्थिक प्रगति के चलते वैदेशिक संपर्कों की स्थापना भी हुई। ऐसे में बाहरी कलाओं और संस्कृतियों से भी संपर्क अवश्य स्थापित हुआ होगा, जिसका प्रभाव यहां के कलात्मक माहौल पर स्वाभाविक रूप से पड़ा होगा। साथ ही कृषि में अधिशेष के चलते शिल्प आदि के विकास के लिए भी परिस्थितियां बनी होंगी। साक्ष्यों के अभाव में यह मान लेना कि जिन सुल्तानों के समय स्थापत्य और संगीत और चित्रकला की प्रगति होती रही, उन्होंने अन्य कलाओं को प्रोत्साहन नहीं दिया होगा, तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता है। भारत में कुटीर व्यवसायों की परंपरा संपूर्ण मध्यकाल में रही है। इनमें से कई व्यवसाय शिल्प और कलाओं से संबंधित थे (जैसे-कपड़ों की रंगाई, कढ़ाई, खिलौना निर्माण,मूर्ति निर्माण इत्यादि)। इनका विकास स्वतंत्र रूप से स्थानीय स्तर पर होता रहा। साथ ही, प्रांतीय केंद्रों और हिंदू राजाओं के यहां भी कलाओं को आश्रय मिला। ऐसे में दिल्ली सल्तनत निश्चित रूप से इनसे अछूती नहीं रही होगी।

**सन्दर्भ सूची :**

1. मध्यकालीन प्रशासन, समाज एवं संस्कृति, प्रो.राधेश्याम
2. आर्किटेक्चर इन मेडिवल इंडिया, मोनिका जुनेजा
3. मध्यकालीन भारतीय कलाएं और उनका विकास, डॉ. रामनाथ
4. मध्यकालीन भारत(750-1540ई.), हरिश्चंद्र वर्मा, भाग-I
5. द हिस्ट्री ऑफ इंडिया ऐज टोल्ड बाय इट्स ओन हिस्टोरियंस: द मोहम्मडन पीरियड, इलियट&डाउसन, भाग-I
6. ए शॉर्ट हिस्टॉरिकल सर्वे ऑफ म्यूजिक ऑफ अपर इंडिया, वी.एन. भातखण्डे
7. द गजेटियर ऑफ इंडियन यूनियन, भाग-II, हिस्ट्री एंड कल्चर, संपा.-पी.एन. चोपड़ा
8. ए सोशल,कल्चरल एंड इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया, भाग-II
9. इस्लामिक कल्चर-प्रमोशन ऑफ म्यूजिक बाय टर्को अफगान रूलर्स ऑफ इंडिया, भाग-XXIV
10. द हिस्ट्री ऑफ खल्जीज, के.एस. लाल
11. लीव्ज फ्रॉम इंडियन कल्चर, सर अब्दुल क़ादिर
12. मुंतख़ब उत तवारीख, अब्दुल कादिर बदायूँनी, भाग-I

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# सल्तनतकाल में औद्योगिक तकनीक का विकास



साक्षी मिश्रा,
शोधछात्रा,
मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहासविभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 109-115
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 12 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश -** तकनीकी विकास के अलावा और भी औद्योगिक विकास अवश्य हुए रहे होंगे,जिसका उस समय के विद्वानों द्वारा उल्लेख नहीं किया गया है,परंतु यह बात सत्य है कि नवीन तकनीकी विकास होने से विभिन्न औद्योगिक व्यवसायों में उन्नति हुई जैसे-कपड़ा उद्योग, कागज उद्योग, चमड़ा उद्योग, भवन निर्माण कार्य इत्यादि। इस तकनीकी विकास के कारण कारीगरों की संख्या में वृद्धि हुई और नगरीय क्रांति आई, जिसके कारण आमूलचूल परिवर्तन हुए।

**मुख्यशब्द** – औद्योगिक, सल्तनतकाल, तकनीकी, विकास, व्यवसाय।

वास्तव में प्राचीन भारत में जिस प्रकार आर्थिक जीवन कृषि पर ही निर्भर था,ठीक उसी प्रकार मध्यकालीन भारत का आर्थिक जीवन भी कृषि पर आश्रित था, क्योंकि अर्थप्राप्ति, जीवन यापन के साधन और व्यापार कृषि पर आधारित थे। कृषि से अधिक मात्रा में उत्पादित वस्तुएं ही व्यापार की आधारशिला थी। प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल तक भारतीय तकनीकी आदिम अवस्था में बनी रही।[1]

हरिश्चंद्र वर्मा ने ने अपनी पुस्तक मध्यकालीन भारत के भाग प्रथम में इस प्रकार उल्लेख किया है-

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

"भारत जैसी प्राचीन सभ्यता में औजारों, यंत्रों और प्रयोग तकनीक का अपना एक अलग ही इतिहास रहा है। पाल वाले जहाज, पन चक्कियां, हथकरघे इत्यादि उस युग के अत्यंत जटिल यंत्र रहे हैं और भारतीय तकनीकी कौशल,आर्थिक संगठन एवं निर्माताओं की संख्या की दृष्टि से विश्व के कुछ अन्य देशों का अगुआ रहा है।[2]

प्राचीन काल में भारतीय संपन्नता का कारण विभिन्न उद्योगों का विकसित होना था जैसे- कपड़ा उद्योग, चमड़ा उद्योग, समुद्री मोतियों का उद्योग आदि,जिसके कारण विदेशी व्यापार अधिक मात्रा में होता था और इससे विदेशी मुद्राएं प्राप्त होती थीं।पूर्व मध्य युग में सामंती व्यवस्था के कारण व्यापार में कमी आई और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था हो गई। ज्यादातर राजाओं के खजाने मंदिर महलों और किलो के निर्माण कार्य में ही खर्च हो गए ।जाति व्यवस्था की जटिलताओं के कारण अर्थव्यवस्था कमजोर हुई ।विभिन्न उद्योगों में लगे कारीगर वर्ग जैसे -जुलाहे ,लोहार, दर्जी ,बढ़ई आदि जातियों को शुद्रो में स्थान प्राप्त था।इनका व्यवसाय वंशानुगत था ,जिसके कारण उद्योगों के विकास पर कम ध्यान दिया गया,परंतु तुर्कों के आगमन के बाद कुछ औद्योगिक व तकनीकी विकास पर जोर दिया गया, जिसके कारण उद्योगों का विकास हुआ।

सल्तनतकाल में नगरी अर्थव्यवस्था का प्रसार हुआ जिसके तीन विकास क्रम देखने को मिलते हैं-

क) नगरों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि।

ख) दस्तकारी तथा कारीगरों द्वारा उत्पादन की वृद्धि।

ग) वाणिज्य -व्यापार का प्रसार।

13वीं 14वीं शताब्दी में कुतुब देहली, किलोखरी, सीरी महल, तुगलकाबाद तथा फिरोजाबाद बस्तियों के स्थापना के बाद लगातार आबादी बढ़ती गई। "नगरों के प्रसार के साथ दस्तकराना उत्पादन में जो बढ़ोतरी हुई उससे तकनीकी विकास में अनेक परिवर्तन और सुधारों में बल मिला।"[3]

ऐसा माना जाता है कि भारत कपास का जन्मदाता है, जिसकी पुष्टि में मेहरगढ़ से प्राप्त कपास के बीजों से हुई है। कपास को खेतों से निकालने से लेकर कपड़े के बुनाई तक की प्रक्रिया की जाती थी। सर्वप्रथम कपास के रेशों को उसके दानों से अलग किया जाता थाऔर इस कार्य को करने के लिए **भारतीय सूती ओटनी का प्रयोग** जिसे हिंदुस्तान में **चरखी** भी कहते थे।[4] इसे और अधिक कारगर बनाने के लिए **वर्म गियर** और **क्रैंक वाले हत्थे की** आवश्यकता होती थी। प्राचीन स्त्रोतों से ज्ञात होता है, कि 13वीं सदी से पूर्व जब ओटनी हिंदुस्तान से चीन पहुंचाया गया तो वर्म गियर का प्रयोग नहीं होता था।यह निश्चित है कि जब भारतीय कपास ओटनी का विस्तार 13 वीं सदी से 17 वीं सदी तक हुआ तब इस उपकरण में वर्म गियर का प्रयोग हुआ।[5]सल्तनतकाल में 1342 में संकलित

क्वावास के शब्दकोश में **कपास धुनने वाली धुनकी** का संदर्भ मिलता है। इसी प्रकार मिफ़ताहुल फ़ुज़ाला से भी ज्ञात होता है कि धुनाई द्वारा कपास को साफ कर देने के बाद कताई द्वारा धागा तैयार किया जाता था। सूती कपड़े के क्षेत्र में चरखे के आगमन के कारण सूत के उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई।

हिंदुस्तान में इस अहम यंत्र का पहला हवाला इसामी की रचना **फुतुहुस्सालातीन** में मिलता है, ऐसे यंत्र के रूप में जिससे स्त्रियों को इस्तेमाल करना चाहिए। कताई वाले **चरखे** का उल्लेख मिलता है और इस को चित्रित किया है।[6]इसामी भी चरखे के विषय में बताता है,वह कहता है कि रजिया को सिंहासन पर बैठने के बजाय चरखा चलाना चाहिए।

कपड़े की कताई के बाद बुनाई का कार्य होता था। इस कार्य के लिए **लूम** का प्रयोग होता था। भारत में इसका प्रयोग सर्वप्रथम 15वीं सदी में मिलता है। मिफ़ताहुल फ़ुज़ाला पैर से चालित लूम (लौह-पाए) को बुनकरों द्वारा पैर के नीचे रखने वाले बोर्ड के रूप में उल्लेखित किया है।[7]लूम में ताना - बाना के पश्चात रंगने की प्रक्रिया होती थी। रंगाई का कार्य कई पद्धतियों से होता था, जैसे -**टाई एंड डाई, स्टैसलिंग** इत्यादि।

अंतिम चरण में कढ़ाई व सिलाई के लिए सुई का प्रयोग होता था। हालांकि हर्षचरित्र में रंगाई का उल्लेख मिलता है, परंतु सुई से कढ़ाई का नहीं। अमीर खुसरो ने 1301 में तकुओ और सुई को महिलाओं के भाले और तीर के रूप में चिन्हित किया है और सलाह दी है कि यह आशा की जाती है कि महिलाएं सुई एवं तकुए से व्यस्त रहेंगी।[8] बुनाई का एक अन्य स्वरूप भी प्रचलित था, जिसे **जरवाफ्त या सोने की जरदारी** कहा जाता था। यह रेशमी धागे और सोने के बारीक कपड़े पर की गई कढ़ाई होती थी। इस प्रकार सल्तनतकाल में सूत कातने के लिए चरखे और रुई धुनने के लिए धुनिया की कमान का प्रयोग होने लगा। प्रोफेसर हबीब के अनुसार "इसके प्रयोग से सूती कपड़े के उत्पादन में वृद्धि हुई तथा साधारण जनता को लाभ हुआ और जुलाहा वर्ग की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। वस्त्र उद्योगों में तकनीकी विकास के कारण सूती वस्त्र उद्योग, रेशम उद्योग, ऊन उद्योग, रंगाई तथा छपाई इत्यादि औद्योगिक क्षेत्रों को गति मिली।"

**खनन उद्योग व धातु विज्ञान-** पत्थरों के खनन का इतिहास बहुत प्राचीन है, इसके बाद तांबाऔर लोहे के खनन का इतिहास है।तेरहवीं सदी तक लोहे के कार्य के रूप में दमिश्क स्टील के निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इल्तुतमिश के शासनकाल में प्रारंभिक वर्षों में लिखी पुस्तक फ़ाख़ -ए-मुदाब्बीर हिंदुस्तान में बनी तलवारो की बड़ी प्रशंसा करता है।यह दमिश्क स्टील उत्पादन की तकनीक के बारे में सबसे पहला विवरण है।15 वीं सदी के अंत तक हिंदुस्तान के लौह उद्योग में **हैंडगन** तथा **मस्कट** निर्मित होता था और बाद में लोहे की बंदूके भी निर्मित की जाने लगी।[9] साथ ही

तीर कमान को लचीला बनाने के लिए लोहे की स्प्रिंग का प्रयोग किया जाता था। रुई की धुनने वाली धुनिया में भी स्प्रिंग का प्रयोग होता था।

प्राचीन काल में जस्ते का उत्खनन राजस्थान के जावर क्षेत्र से किया जाता था। इसी खदान से ही चांदी व शीशा भी निकाला जाता था। सीमेन्टिंग द्वारा इसका प्रयोग पीतल बनाने में किया जाता था। 13वीं सदी से पुनः खनन प्रारंभ हुआ। इस समय मुख्य रूप से जस्ते का उत्खनन किया गया, जोकि आसवन क्रिया द्वारा जस्ता प्राप्त किया जाता था।[10] 13वीं 14वीं शताब्दी में शीशे के बर्तनों के बहुतायत उपयोग करने की पुष्टि होती है। साथ ही उत्तरी भारत में सोना ,चांदी व कांसे के काम करने वाले कारीगर तथा सुनार पाए जाते थे। दिल्ली व सिंध क्षेत्र सोने व चांदी के उद्योग के लिए प्रसिद्ध था। इब्नबतूता सोने व अन्य धातुओं के प्रयोग का विस्तृत वर्णन करता है।

**भवन निर्माण उद्योग -** 13 वीं सदी के वास्तुशिल्प में भवन निर्माण पद्धति में गुणात्मक विकास नजर आता है। इस समय भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री और गुंबद ,मेहराब साथ ही मेहराबदार छत के निर्माण की तकनीक में परिवर्तन हुआ।[11]अब खुरदरे पत्थरों और पक्की ईंटों का प्रयोग अधिक होने लगा तथा चूने व जिप्सम का प्रयोग मसालों के रूप में होने लगा, जिसके कारण जटिल संरचना बनाने में आसानी हुई। "भारतीय शिल्पकारों को जब गोल, नुकीले मेहराबऔर गुंबद बनाना पड़ा तो उन्होंने प्रारंभ में कारबेलिंग पद्धति को लागू किया , जिससे वे भलीभांति परिचित थे"।उदाहरण स्वरुप दिल्ली के कुतुब मीनार को देखा जा सकता है। 14वीं सदी प्रारंभ होते- होते दिल्ली और आसपास क्षेत्रों में बड़ी इमारतों का निर्माण होताथा जिसके साक्ष्य मिलते हैं।

भारी वजन उठाने वाले यंत्र **कैपस्टन** का सर्वप्रथम उल्लेख सीरत-ए-फिरोजशाही में है और अफीफ अपने यातायात के बारे में वर्णन करते हुए लिखा है कि अशोक कि शिवालिक स्तंभ को उसके मूल स्थान से लाकर 1367 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में स्थापित किया गया।आफीफ ने इस यंत्र को चित्र के द्वारा दर्शाते हुए बताया है, कि प्रत्येक कैपस्टन की चार भुजाएं होती थी,जिसको घुमाकर स्तंभ के चारों तरफ लिपटी हुई रस्सी से स्तंभ को ऊपर उठाया जाता था।[12]

**कागज उद्योग-** प्राचीन उपलब्ध कागज का टुकड़ा जो संभवत तेरहवीं शताब्दी के प्रारंभ में बना माना जाता है। अमीर खुसरो ने 1289 में कागज उत्पादन का उल्लेख एक शिल्प के रूप में किया तथा अपने लेख पद्य में वह रबड़ या मुहरा से कागज चमकाने का वर्णन करता है। 1452 में महुआन ने बंगाल के उत्पादों का वर्णन करते हुए '**पेड़ की छाल से बनाए जाने वाले सफेद पेपर**' का जिक्र करता है। वह कागज की प्रशंसा करते हुए कहता है कि कागज हिरन की खाल की तरह चमकदार तथा चिकना होता था। महुआन बताता है कि कागज का निर्माण पेड़ की छाल से होता

था।14 वीं शताब्दी तक कागज प्रचुर मात्रा में मिलने लगा था। उदाहरण स्वरूप एक विद्वान हलवाई की दुकान से जमीन संबंधित कागजात लेने जाता है तो देखता है कि हलवाई मिठाई रखने के लिए कागज का प्रयोग करता है। इससे स्पष्ट होता है कि कागज सस्ता हो गया था, जिसका प्रयोग चीजों की पैकिंग में होने लगा था।

**चमड़ा उद्योग-** सल्तनत काल में चमड़ा उद्योग का उल्लेख मिलता है, जिसमें विभिन्न जातियों के लोग संलग्न थे। अमीर खुसरो ने चमड़ा कारीगरों के अनेक संगठनों का उल्लेख किया है[13]। सल्तनत काल में चमड़े से बनी वस्तुओं का प्रयोग कम होता था,परंतु इसे बनाने में विभिन्न तकनीकों का प्रयोग होता था। चमड़ी का प्रयोग प्रायः जूते, कोड़े, तलवार की म्यान, ढोल तथा ताशो में होता था । समकालीन स्रोतों से ज्ञात होता है कि पर्वतीय क्षेत्रों में चढ़ने के लिए चमड़े की सीढ़ियों का प्रयोग होता था।इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को रखने के लिए चमड़ी के बर्तनों का निर्माण कार्य होता था।गुजरात से चमड़े की बनी विभिन्न वस्तुओं का अरब तथा अन्य देशों में निर्यात होता था, किंतु प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने के बाद भी परवर्ती शताब्दियों से मांग में कमी आती गई।

**अन्य विभिन्न उद्योग-** सल्तनत काल में **चीनी मिट्टी** के बर्तनों के प्रयोग में एक नवीन युग का आरंभ हुआ। चमकीले पाटरी( चीनी मिट्टी)उद्योगों को उपयोगी बनाने में मध्यकाल का विशिष्ट स्थान था।[14] 14वीं सदी के सुल्तानों तथा अमीर वर्ग द्वारा बर्तनों का उपयोग अधिक होता था।

14वीं सदी में **काष्ठ उद्योग** का उपयोग जहाज, नौका निर्माण, बैल गाड़ियां तथा परिवहन के साधनों को बनाने में किया जाता था।[15]इब्नबतूता ने गृह उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं के प्रयोग में काष्ठ के प्रयोगों का उल्लेख किया है, परंतु अधिकांशत इसका उपयोग गृह निर्माण में किया जाता था।

सल्तनत काल में मिट्टी के बर्तनों चमकदार बनाने की विशेष तकनीकी विकसित हुई। इस प्रकार के बर्तनों पर एक स्पष्ट पतली चमकदार परत होती थी, जिस पर कभी- कभी टिन मिश्रित घोल की परत चढ़ाई जाती थी। दिल्ली के लालकोट उत्खनन स्थल से चमकदार बर्तनों की मौजूदगी तथा उनके बाद में बहुतायत प्रयोग दोनों के प्रमाण मिलते हैं। यहां पर चमकदार खपरैल (टाइल्स) का समय सल्तनतकाल निर्धारित है।[16]

पी.के. गोडे **साबुन निर्माण** का इतिहास लिखते हुए बताते हैं कि प्राचीन समय में सफाई के लिए साबुन की जगह रीठा का प्रयोग किया जाता था। लवणीय मिट्टी तथा पशुओं की चर्बी से साबुन बनाने का प्रथम प्रयास तुकों के आगमन के बाद ही प्रारंभ हुआ। फिरोजशाह तुगलक के शासन काल में साबुन बनाने का कार्य होता था।

हिंदुस्तान गर्म देश है इसलिए यहां और आवश्यकता रूप में **शीतलन उपकरणों** का प्रयोग किया जाता था। धूप से बचने के लिए छाता सिंधु घाटी सभ्यता की देन है, किंतु खोलने और बंद करने वाले छाते का प्रयोग मध्य काल में हुआ। इसका विवरण जॉन डे मैरिंग की एशिया यात्रा से प्राप्त होता है। यहां के लोग टेंट की तरह एक छोटी चीज लेकर चलते थे। धूप व वर्षा से बचाव के लिए इच्छा अनुसार खोलते व बंद करते थे। उसने आगे लिखा है कि इसे छत्र कहते थे।

सल्तनतकालीन औद्योगिक तकनीकी विकास के अंतर्गत **समय सूचक उपकरणों** का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ,जिसके द्वारा समय का सही पता किया जाना संभव हो सका। सुल्तान फिरोज़ शाह तुगलक ने फिरोजाबाद में एक **धूप घरी** तथा एक **जल घरी** बनवाई।[17] जल घरी जिसे बाद में घरियाल कहा गया एक पानी से भरा ताबे का प्याला होता था, जिसमें एक छोटा प्याला रखा जाता था। इस छोटे प्याले में बहुत बारीक छिद्र होते थे, जिससे बड़े वाले का पानी काफी धीरे -धीरे छोटे प्याले में भरता था। यह छिद्र इस अनुपात में होता था कि एक घरी में इसमें पानी भर जाता था। इसके साथ ही फिरोजशाह तुगलक ने पूरे शहर को समय सूचित करने के लिए दिल्ली में कांसे का **घंटा** या **ताश घरियाल** टंगवाया था।

उपरोक्त तकनीकी विकास के अलावा और भी औद्योगिक विकास अवश्य हुए रहे होंगे,जिसका उस समय के विद्वानों द्वारा उल्लेख नहीं किया गया है,परंतु यह बात सत्य है कि नवीन तकनीकी विकास होने से विभिन्न औद्योगिक व्यवसायों में उन्नति हुई जैसे-कपड़ा उद्योग, कागज उद्योग, चमड़ा उद्योग, भवन निर्माण कार्य इत्यादि। इस तकनीकी विकास के कारण कारीगरों की संख्या में वृद्धि हुई और नगरीय क्रांति आई, जिसके कारण आमूलचूल परिवर्तन हुए।

**संदर्भ सूची**–

1. मध्यकालीन भारत का आर्थिक इतिहास, इरफान हबीब, पृष्ठ 32
2. मध्यकालीन भारत भाग-1 हरिश्चंद्र वर्मा, पृष्ठ 418
3. मध्यकालीन भारत में प्रौद्योगिकी, इरफान हबीब, पृष्ठ 32
4. जनरल ऑफ इंडियन टैक्सटाइल इंडस्ट्री, खंड 1-4
5. मध्यकालीन भारत में प्रौद्योगिकी, इरफान हबीब, पृष्ठ 52-53
6. फुतुहुस्सालातीन, इसामी, अनुवादक ए. एस.ऊषा, पृष्ठ 134
7. टेक्नोलॉजी इन एन्सिएंट मिडिवल इंडिया, अनिरुद्ध रे और एस के बागची
8. मध्यकालीन भारत भाग-1 हरीशचंद्र वर्मा ,पृष्ठ 386-387
9. मध्यकालीन भारत में प्रौद्योगिकी ,इरफान हबीब, पृष्ठ-63
10. इंडियन जनरल ऑफ हिस्ट्री ऑफ साइंस, वॉल्यूम-44,नं.2 पी. टी.क्राडोक

11. इकोनामिक हिस्ट्री ऑफ़ दिल्ली सल्तनत एंड एसेंस इन इंटरप्रेटेशन, पृष्ठ 263
12.बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन इन मुगल इंडिया: दी इवीडेंस फ्रॉम पेंटिंग, ए.जे. कैसर
13. रेहला ,इब्नबतूता, भाग-4 ,पृष्ठ 47
14. इंडियन आर्किटेक्चर, पर्सी ब्राउन, पृष्ठ 63
15. रेहला, इब्नबतूता, भाग-3 पृष्ठ 123
16. मैन एंड एनवायरमेंट xxxi(2) कुलदीप के. भान
17. मध्यकालीन भारत में प्रौद्योगिकी, इरफान हबीब, पृष्ठ 88-89

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# जीते-मरते गांधी : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधीवाद पर विचार



गौरव
शोध छात्र,
मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 116-121
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 12 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश –** अपने समय–काल में किसी व्यक्ति के प्रासंगिक विचारों की, किसी अन्य समय–काल में प्रासंगिकता दो पूर्णत: भिन्न बातों पर निर्भर करती है। पहला, समय–काल की सादृश्यता एवं दूसरा विचारों की व्यपकता, जो सभी समय–कालों में उपयुक्त हो। वर्तमान भारत एवं विश्व के परिप्रेक्ष्य में गांधी के विचार दोनों ही आधारों पर प्रासंगिक दिखते हैं। गांधी के समकाल की बहुत सी परिस्थितियाँ आज भी विद्यमान है। यथा अश्पृश्यता, अशिक्षा, पूंजीवादी शोषण, साम्प्रदायिकता, वर्चस्ववादी समाज मे विभिन्न तबकों का दमन आदि। इनके ख़िलाफ़ संघर्ष में आज भी गांधी के विचार एवं संघर्ष प्रभावी हैं। विभिन्न समाज सुधारक, पर्यावरणवादी इन मार्गों के माध्यम से अपने संघर्ष में सफल हुए हैं। दूसरा, बदलती परिस्थितियों में भी गांधी के विचार समान रूप से उपयोगी हैं। राज्य–व्यक्ति सम्बन्ध, मानव अधिकार, संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान, मानवता, धार्मिक–सांस्कतिक सहिष्णुता जैसे गांधी के विचार प्रत्येक समय–काल मे उपयोगी रहेंगे। क्योकि ये मूल्य ही मानव सभ्यता व मानव सह–सम्बन्ध के आधार है, जिनपर मानवजाति का अस्तित्व निर्भर है।

**मुख्य शब्द –** जीते–मरते, गांधी, वर्तमान, गांधीवाद, भारत, अश्पृश्यता, अशिक्षा, पूंजीवादी, साम्प्रदायिकता।

महात्मा गांधी की मृत्यु पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश को संबोधित करते हुए कहा था– "एक अंधेरा सा छा गया है....हमारे देश के, राष्ट्र के, पिता का देहांत हो गया है। हमारी जो बड़ी–बड़ी उम्मीदें थी, एकदम ख़त्म सी हो गयी और हम निराश हो गए हैं।[1]" ये उद्गार निश्चित रूप से नेहरू के मस्तिष्क से नहीं अपितु उनके हृदय के कम्पन से निकले भावुक स्वर थे। जो अपने किसी प्रिय के चले जाने पर स्वाभाविक रूप से प्रकट होते हैं। अपने संबोधन में वह

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

आगे संयत होने पर महात्मा गांधी के व्यक्ति–रूप से महात्मा गांधी की विरासत पर अपनी दृष्टि केंद्रित करते हुए बोलते हैं– "आख़िर में वह गए, देहांत उनका हुआ, लेकिन न वह हिंदुस्तान को छोड़ेंगे न कभी हिंदुस्तान उन्हें छोड़ सकता है।.. वह रोशनी कभी खत्म नहीं हो सकती। आज से हज़ार वर्ष बाद भी वह चमकेगी और इस देश और दुनिया को चमकएगी।[2]" नेहरू स्पष्ट कर रहे थे कि बापू का नश्वर शरीर तो समय के गॉल में समा सकता है किंतु उनके द्वारा उद्घाटित सत्य व अहिंसा का उपदेश सदियों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। ये वो मार्ग है जो न समय के तूफान में खोएगा न ही अंधकार में विस्मृत होगा।

आज महात्मा गांधी की मृत्यु के महज़ 70 वर्षों में ही उनके विषय में लिखे जा रहे तमाम लेखों, विमर्शों एवं आलोचनात्मक मूल्यांकनों में इन शीर्षकों पर बड़ा आश्चर्य होता है। जो निम्नवत रूपों में विभिन्न बौद्धिक पत्र–पत्रिकाओं से लेकर पुस्तकों में चर्चा का विषय बने रहते हैं –

- **क्या आज भी गांधीवाद प्रासंगिक है ?**
- **क्यों महात्मा गांधी आज भी प्रासंगिक है ?[3]**
- **महात्मा गांधी और आज।[4]**
- **महात्मा गांधी 150 वीं जयन्ती : पक्ष-विपक्ष।[5]**

इसी प्रकार से विभिन्न आलेख शब्दों की बाज़ीगरी से देखने–पढ़ने को मिलते रहते है। ऐसे लेखों में ज़ाहिर है, आगे समर्थन या विरोध में विद्वतापूर्ण मूर्खता से भरे, अधकचरे ज्ञान पर आधारित विवेचन होते हैं। जो निश्चित रूप से महात्मा गांधी एवं उनके दर्शन की खंडित व्याख्या की परिणति हैं।

सर्वप्रथम महात्मा गांधी के विचारों एवं उनकी शिक्षाओं के मूल उद्गम का संक्षेप में विश्लेषण करते हैं। महात्मा गांधी के विचार मनुष्य के हृदय से प्रस्फुटित होते थे और वहीं पर प्रभावित भी करते थे। मानवीय करुणा, प्रेम, सहृदयता उसके मूल आधार हैं। ये पवित्र मानवीय भावनाएं देश–काल से सीमातीत होती हैं। ये मानवता के सार्वभौमिक एवं सर्वकालिक गुण हैं। ज़ाहिर है कि इन भावनाओं के गर्भ से उपजे विचार एवं संघर्ष कभी भी समय और क्षेत्र की परिधि में सीमित नहीं किये जा सकते हैं।

महात्मा गांधी के समस्त आंदोलन एवं सुधार की कार्यप्रणालियाँ इन्ही मानवीय भावनाओं पर आधारित होती थी। यद्यपि कभी–कभी समय और परिस्थिति की चादर उन भावनाओं को ढक लेती है, जिनके फलस्वरूप व्यक्ति एवं समाज के जीवन में दूषित भावनाएं अपनी जड़े जमा लेती है। जिनके फलस्वरूप संसार शोषण, असमानता एवं पाप का गढ़ बन जाता है। महात्मा गांधी का समस्त आंदोलन इन्ही दुष्ट परतों को हटाकर संसार में मानवता की सच्ची भावनाएं – करुणा एवं प्रेम पर आधारित आदर्श संसार का निर्माण था।

महात्मा गांधी के आंदोलन का भौतिक पक्ष द्वितीय स्तर पर आता है। जो उनके आदर्शों को मूर्तिमान बनाने के साधन मात्र है। आंदोलन के भौतिक या कार्यात्मक पक्ष में समय और परिस्थिति अनुसार नए प्रयोगों व नवीन रणनीतियों का आचार–व्यवहार प्रयोग में लाया जाता है। हम महात्मा गांधी के आंदोलनों में विभिन्न

कार्यप्रणालियाँ समय और उद्देश्य अनुसार देख सकते है। अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए उन्होंने कभी **सत्याग्रह**, **सविनय अवज्ञा**, से लेकर **करो या मरो** तक की विभिन्न प्रकार की नीतियों एवं कार्यप्रणालियों को अपने संघर्ष में प्रयुक्त किया। वहीं दूसरी तरफ अपने देश की समाजसेवा एवं अछूतोउद्धार के कार्यों के लिए 'रचनात्मक कार्यों' से लेकर **अनशनन** एवं **आमरण अनशन** तक जोखिम भरे रास्तों को अपने आंदोलन का हथियार बनाया। अपने अंतिम दिनों में साम्प्रदायिकता से जलते इस देश को बचाने के लिए गाँवो–कस्बों तक पैदल चलकर लोगों को समझाते एवं देश में लगी आग बुझाते रहे। आख़िर में इस हेतु स्वयं का बलिदान भी कर गए।

यहाँ कहने का आशय है कि भौतिक परिस्थितियों की भिन्नता के आधार पर गांधीवादी आंदोलन की कार्यप्रणालियाँ एवं नीतियाँ अलग–अलग हो सकती है, परन्तु उसका मूल तत्व अपरिवर्तित ही रहता है। वह तत्व था मनुष्य की आत्मा को झकझोड़ना, उसकी करुणा एवं प्रेमभावना का उद्घाटन करना। महात्मा गांधी का समस्त कार्य–व्यवहार सदैव इसी से प्रेरित होता था। इसी उद्देश्य की पूर्ति में वह साहस, त्याग एवं मनुष्य के इन उच्च आदर्शों के प्रति विभिन्न साधन अपने प्रयोग में लाते रहे जो अनिवार्य रूप से **सत्य-अहिंसा** के मूल धरातल पर अवस्थित होते थे।

यदि बात आज महात्मा गांधी की प्रासंगिकता की हो रही है तो सर्वप्रथम इस तथ्य पर विचार किया जाना आवश्यक है कि **'क्या महात्मा गांधी स्वयं जिस युग में थे, वह उसके लिए प्रासंगिक थे ? ' या 'वह युग महात्मा गांधी के लिए प्रासंगिक था ? '** महात्मा गांधी जिस युग में सत्य व अहिंसा के संदेश पर आधारित, पीड़ित मानवता के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। उसी युग में मानवता अपने इतिहास में सबसे बुरी तरह कुचली जा रही थी। सत्य और अहिंसा जैसे आदर्शों पर सर्वाधिक घने बादल छाए थे। साम्राज्यवाद, नस्लवाद, आर्थिक शोषण, महामारी, अकाल, साम्प्रदायिक द्वेष एवं महायुद्ध की विभीषिका उस युग की कड़वी सच्चाईयाँ थी। जब महात्मा गांधी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने और शांति स्थापित करने के लिए अपने जीवन तक को दांव पर लगा दे रहे थे। उसी समय शांति हेतु, युद्ध समाप्ति के लिए एक बम से लाखों व्यक्ति मौत की नींद में सुला दिए जा रहे थे। जब महात्मा गांधी आजादी में सांस लेने की बात कर रहे थे, लाखों की सांसें गैस चैंबरों में घुट–घुट के खत्म हो रही थी। महात्मा गांधी के कार्यात्मक जीवनकाल में युद्ध एवं युद्ध जनित अपराधों व आपदाओं से 6–8 करोड़ व्यक्ति–बच्चे–स्त्रियाँ मौत की नींद सो चुके थे। संसार भर में अकाल एवं भुखमरी लोगों को अपने सैलाब में ले डूबा रहा था।

तो क्या वह समय महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा पर आधारित उनके विचारों एवं कार्यों के लिए उपयुक्त था? फिर भी महात्मा गांधी ने अपने विचारों को लाखों–करोड़ो भारतीयों के हृदय में रोपा, उसे विपरीत वातावरण में भी फलने–फूलने की प्रेरणादायी शक्ति प्रदान की। उस विपरीत समय के बरअक्स आज संसार मे कम ही अंधकार है। मानवाधिकार एवं आत्मनिर्णय के अधिकार आज पहले की अपेक्षा अधिक सर्वमान्य हैं। तो फिर आज यह प्रश्न कैसे उत्पन्न हो रहा कि वर्तमान की समस्याओं के समाधान में महात्मा गांधी के विचार और कार्य प्रासंगिक है कि नहीं?

वास्तव में ये प्रश्न गांधीवाद के सीमित वैचारिक विश्लेषण पर आधारित हैं। जब महात्मा गांधी एवं उनके दर्शन को केवल उसके कार्यात्मक रूप में ग्रहण कर उसके वैचारिक उद्गम को अवहेलित कर दिया जाता है और उस पर पर्याप्त वैचारिक विश्लेषण नहीं किया जाता है, तब ऐसे प्रश्न संशय के रुप में प्रस्तुत होते हैं।

महात्मा गांधी की प्रासंगिकता के संदर्भ में संशय का प्रमुख आधार वर्तमान समाज में उपस्थित कुछ नवीन समस्याओं के संदर्भ में ढूंढा जा सकता है। समाज में शोषण के ये नए रुप अपने पंजे में समाज और देश को जकड़ रहें है। उदाहरण के लिए नव–साम्राज्यवादी तथा वैश्वीकरण की आड़ में हो रहे विभिन्न आर्थिक व सामाजिक–सांस्कृतिक एवं संसाधनात्मक शोषण के रूप। इसी क्रम में अनियंत्रित विकास एवं निर्बाध उपभोक्तावादी प्रवृत्ति से उत्पन्न पर्यावरणीय संकट, जो आज समूची मानवता को उसके मृत्यु द्वार को अग्रसर किये है। इसमें भी निम्न तबके के हाशियाकृत जनसमुदाय एवं गरीब देश ही प्रमुख ग्रास बन रहे हैं। इन अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के अतिरिक्त भारत के संदर्भ में देश की राजनीतिक व्यवस्था व जनमानस के मध्य का द्वंद एवं लोकतांत्रिक प्रणाली के भीतर नागरिक उपेक्षा, सैनिक दमन, उग्रपंथी वैचारिकी से भारत की सामासिक संस्कृति को उत्पन्न खतरा आदि अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं से  समाज घिरा हुआ है।

इन समस्याओं से लड़ने के क्रम में जब हम आज गांधीवादी प्रक्रिया पर विचार करते हैं तो प्रारम्भिक दृष्टि से जो सतही निष्कर्ष प्राप्त होते हैं, उसी आधार पर ये स्वीकार कर लिया जाता है कि महात्मा गांधी का संघर्ष किन्ही अन्य परिस्थितियों में बिल्कुल अलग प्रकार के शोषण के विरुद्ध था। इनके किस प्रकार उपयोग से वर्तमान की समस्याओं का सामना किया जा सकता है? यहाँ पर सीमित गांधीवादी दृष्टि, जो आंदोलन के भौतिक तत्वों व कार्य–प्रणाली पर आधारित है, संशय का प्रमुख कारण है।

एक अन्य प्रकार के संशय का कारण गांधीवादी विचारधारा पर आधारित कतिपय आंदोलनों की असफलता, सीमित सफलता अथवा अल्पकालिक उत्तेजना जो क्षणभंगुर उन्माद के रूप में सफलता रहित होकर विलुप्त हो चुके हैं। इसी क्रम में गांधीवादी विचार से प्रेरित आन्दोलनों के गांधीवादी पद्धति से भिन्न होते हुए लक्षित उद्देश्यों से भटकाव है। उदाहरण के लिए 'अन्ना आन्दोलन' के नाम से जाना जाने वाला राजनैतिक सुधार आंदोलन, जो तात्कालिक उत्तेजना उत्पन्न कर अपने घोषित लक्ष्य से भटकते हुए अन्य उद्देश्यों को प्राप्त हुआ।

यहाँ पर यह विचारणीय है कि महात्मा गांधी की आंदोलन प्रक्रिया में लक्ष्य केंद्रित होकर एक–मुखी दिशा में कार्य संचालित नहीं किया जाता था। यह समस्त प्रक्रिया द्वि–मुखी एवं द्विदिशात्मक होती थी। इसमें सुधार के लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधक तत्वों के साथ ही सुधारक में भी आवश्यक सुधार को लक्ष्य किया जाता था। आंदोलनकर्ता को लक्ष्य प्राप्ति के लिए पहले समर्थ बनाया जाता था जिससे कि वह उस संघर्ष को दृढ़तापूर्वक चला सके और उन समर्थक तत्वों और स्थितियों को समाप्त कर सके जो किसी भी प्रकर की असमानता और शोषण के लिए उत्तरदायी हैं।

**सुधारक <----------- गांधीवादी आंदोलन के तत्व ---------->  लक्ष्य प्राप्ति में बाधाएं**

महात्मा गांधी के **स्वराज** का दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उनके अनुसार- "स्वराज एक पवित्र शब्द है, वह एक वैदिक शब्द है जिसका अर्थ आत्म-शासन और आत्म-संयम। अंग्रेजी शब्द 'इंडिपेंडेन्स' अक्सर सब प्रकार की मर्यादाओं से मुक्त निरंकुश आज़ादी का या स्वच्छंदता का अर्थ देता है, वह अर्थ स्वराज के शब्द में नहीं है।[7]" महात्मा गांधी अपने **स्वराज** के लक्ष्य में केवल अंग्रेजों पर ही केंद्रित नहीं थे अपितु साथ ही भारतीय भी उनके इस लक्ष्य का प्रमुख केंद्र थे। वह कहा करते थे- "अगर स्वराज का अर्थ हमें सभ्य बनाना और हमारी सभ्यता को अधिक शुद्ध तथा मजबूत बनाना न हो, तो वह किसी कीमत का नहीं होगा।[8]" महात्मा गांधी अंग्रेजी सरकार से नैतिक युद्ध में भारतीयों के नैतिक विचारों को भी परिमार्जित कर रहे थे। वे स्वराज के फल को अंग्रेजी शासन के वृक्ष से तोड़ने के संघर्ष के साथ-साथ भारतीयों को उस फल के उचित उपभोग हेतु प्रशिक्षित भी कर रहे थे। इसी हेतु वह अंग्रेजो से संघर्ष के साथ ही **रचनात्मक कार्यों** एवं समाजसुधार के विभिन्न आंदोलन क्रियाशील किये हुए थे।

महात्मा गांधी अपनी पद्धति में शोषण अथवा अन्याय के स्वरूप का विश्लेषण करते थे। उसके आधार पर शोषक-शोषित के बीच के आधार संबंध पर ध्यान केंद्रित करते थे। इस प्रक्रिया में वे शोषितों पर सर्वप्रथम ध्यान देते थे। वे शोषितों को साहसपूर्ण ढंग से उस शोषण आधारित प्रक्रिया का प्रतिकार करने का सम्बल प्रदान करते थे। महात्मा गांधी ने एक स्थान पर कहा है कि- "अपने सक्रिय रूप में अहिंसा का अर्थ है ज्ञानपूर्वक कष्ट सहना। उसका अर्थ अन्यायी की इच्छा के आगे दबकर घुटने टेकना नहीं है, उसका अर्थ यह है कि अत्याचारी की इच्छा के खिलाफ़ अपनी आत्मा की सारी शक्ति लगा दी जाए।" कायरता उनकी दृष्टि में सबसे बड़ा पाप था जो किसी भी प्रकार के अन्याय को मौन समर्थन प्रदान करता है। वे प्रेरित करते थे अपने शोषण के बंधनों को काट, बंधन मुक्त मनुष्य के स्वाभिमानपूर्वक खड़े होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने हेतु। उनका मानना था कि प्रत्येक अन्याय एवं शोषण हमारी मूक सहमति पर ही आधारित होता है। वे इसके विरुद्ध प्रतिक्रिया का, बलिदान का आग्रह करते थे। विक्टर. ई. फ्रैंकल अपनी पुस्तक **मैन्स सर्च फ़ॉर मीनिंग** में लिखते हैं- "वे समस्त शक्तियाँ जो आपकी सामर्थ्य से बाहर है, वे आपसे आपका सब कुछ छीन सकती है, लेकिन उनके साथ आप किस तरह पेश आये, ये वो आपसे कभी नहीं छीन सकती। इस पर सदैव आप का अधिकार होता है।"[9] महात्मा गांधी इस 'प्रतिक्रिया के अधिकार' को जीवित रखने पर बल देते थे। वे अन्याय के प्रति मूक समर्थन की प्रतिक्रिया को साहसपूर्ण प्रतिकार की प्रतिक्रिया में परिवर्तित कर देना चाहते थे।

आज के तथाकथित गांधीवादी आंदोलनों में इस दृष्टि का अभाव सा है। वे शोषण केंद्र को लक्षित कर उस पर अपना वार आरम्भ कर देते हैं। वे कभी उन हथियारों की क्षमता आंकने या उनकी क्षमता में वृद्धि कर उनको लक्ष्य पर केंद्रित नहीं करते। वे प्रशिक्षित सैनिको के बजाय भाड़े के सैनिकों का प्रयोग अपने आन्दोलन में करते है। वे महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों एवं आंदोलनकारियों में त्याग व बलिदान की भावना का संचार किये बगैर अपने लक्ष्य हेतु लड़ने निकल पड़ते हैं। संघर्ष में पीछे ये कमजोरियाँ उजागर होती है। **भीड़ के साथ आंदोलन करना और**

**सत्याग्रहियों के साथ आंदोलन करने के मूलभूत अंतर है,** इसे वो नज़रअंदाज कर जाते हैं। निष्कर्षतः वे निष्प्रभावी या असफल हो जाते हैं। उनका असफल होना गांधीवाद की प्रासंगिकता की कसौटी नहीं है।

यहाँ एक विशेष तथ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर समाजसेवा करना और गांधीवादी आंदोलन का संचालन करना मूल रूप से दो भिन्न चीजें है। समाजसेवा किसी विशेष रणनीति के बजाय करुणा और सेवाभाव की मांग करती है। परंतु गांधीवादी आंदोलन शोषितों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण होते हुए विशेष रणनीति और व्यापक कार्यक्रम की माँग करता है। ये सभी संबंधित पक्षों के गहन विश्लेषण से उत्पन्न होती है। यदि गांधीवादी आंदोलन को उचित प्रकार से संचालित किया जाए तो वह प्रत्येक देश-काल एवं परिस्थिति में प्रासंगिक हो सकता है। मार्टिन लूथर किंग और नेल्सन मंडेला के आंदोलन इसके प्रमाण है।

अब रही बात महात्मा गांधी के मरने की तो महात्मा गांधी इस संसार मे अनंत काल तक जीते-मरते रहेंगे। जहाँ कहीं भी मानवता का दमन किसी भी रूप में होता रहेगा, वहां महात्मा गांधी की सांसें घुटती रहेंगी। जहाँ कहीं भी इसका प्रतिकार होगा वहां उनकी सांसे गतिमान होंगी। संसार मे जब कभी, जहाँ भी, सत्य-असत्य का संघर्ष होगा, महात्मा गांधी वहां सत्य की मशाल लिए खड़े मिलेंगे। आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं व मानवता की रक्षा के लिए महात्मा गांधी को याद किये जाने की जरूरत है। **यदि आज कहीं पर महात्मा गांधी के विचार आप्रासंगिक हो रहे हैं तो इसका कारण ये नहीं कि महात्मा गांधी हमारे लिए उपयुक्त नहीं रहे, बल्कि हम स्वंय उनके दिखाए मानवता के मार्ग पर चलने की सामर्थ्य खो चुके हैं। हम अपनी असफलता की कसौटी पर गांधी को नहीं कस सकते। हमें आत्मंथन की आवश्यकता है कि देखें कि हमारे पैर कितने कमजोर हो चुके है, मानवता के उस मार्ग पर चलने को, जिसे उन्होंने दिखाया है।**

**संदर्भ सूची**-

1. महात्मा गांधी की मृत्यु पर जवाहर लाल नेहरू का देश को सम्बोधन। आकाशवाणी- 30 जनवरी, 1948।
2. पूर्वोक्त।
3. वर्ल्ड फोकस, अक्टूबर 2011
4. आजकल, 21 अक्टूबर 2019
5. समयांतर: अक्टूबर 2019
6. यंग इंडिया: 21-2-1929
7. हिंदी नवजीवन: 7-1-1926
8. यंग इंडिया, 11-8-1940
9. मैन्स सर्च फ़ॉर मीनिंग - विक्टर. ई. फ्रैंकल, पृष्ठ- 6-7

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# कृदन्तविमर्श- आचार्य विश्वेश्वर की दृष्टि में



भूपेन्द्र,
शोधछात्र, संस्कृत विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली, भारत।
डॉ.सत्यपाल सिंह, शोधनिर्देशक,
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 122-126
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**ABSTRACT**

**सारांश** –संस्कृत व्याकरण की परम्परा में आचार्य पाणिनि की अष्टाध्यायी का विशेष योगदान है। अष्टाध्यायी के सूत्रों का समय समय पर विभिन्न आचार्यों ने व्याख्यान किया। इसी क्रम में आचार्य विश्वेश्वर का नाम आता है। इन्होंने पाणिनीय सूत्रों को नवीन दृष्टि से देखने का प्रयास किया। प्रस्तुत शोधपत्र में कृदन्त प्रकरण को विषय बनाया गया है अत: यहाँ कृदन्त प्रकरण में प्रतिपादित सूत्रों पर ही विचार किया गया है। कृदन्त प्रकरण के अनेक स्थलों पर आचार्य विश्वेश्वरसूरि, महाभाष्यकार–न्यासकार–पदमंजरीकार तथा भट्टोजि दीक्षित के मत से साम्य रखते हैं परन्तु कुछ ऐसे स्थल भी हैं जहाँ सुधानिधिकार अपने से पूर्ववर्ती वैयाकरणों से आगे बढकर नवीन दृष्टिकोण प्रदान किया हैं। इस शोधपत्र से कृदन्त के विषय में आचार्य विश्वेश्वर की सूक्ष्म दृष्टि का बोध तो होता ही है साथ ही कृदन्त प्रकरण को समझने में यह अत्यन्त उपयोगी भी है।

**Keywords :** संस्कृत, व्याकरण, कृदन्त, विश्वेश्वर, पाणिनि, अष्टाध्यायी

भारतीय संस्कृति का आधार चतुर्दशविद्या है। चतुर्दश विद्याओं में चार वेद, छ: वेदाङ्ग और चार आन्विक्षिकी आदि[1] विद्याओं को ग्रहण किया जाता है। छ: वेदाङ्गों में व्याकरण का स्थान प्रमुख माना गया है। व्याकरण को वेदरूपी पुरुष

[1] टिप्पणी– आन्विक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति को मिलाकर चतुर्दशविद्या कही जाती हैं। परन्तु कुछ विद्वानों ने इन चारों के स्थान पर दर्शन, साहित्यशास्त्रादि को चतुर्दशविद्याओं में स्वीकार किया है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

का मुख कहा गया है।[2] व्याकरणशास्त्र के विकासक्रम में आचार्यों की एक विस्तृत परम्परा ने अपना योगदान दिया है। इनमें पाणिनि का विशेष स्थान है, इन्होंने अपने से पूर्ववर्ती आचार्यों की कृतियों का अध्ययन करके सर्वाङ्गपूर्ण अष्टाध्यायी नामक ग्रन्थ की रचना की। कात्यायन ने इसे और भी परिपूर्ण करने के लिए वार्तिकों की रचना की। इसी परम्परा में पतञ्जलि ने पाणिनि के सूत्रों तथा कात्यायन के वार्तिकों को आधार बनाकर सर्वातिशायी ग्रन्थ व्याकरणमहाभाष्य की रचना की। इस प्रकार पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि संस्कृत व्याकरण के तीन प्रमुख व्याख्याता हुए, जिन्हें परम्परा त्रिमुनि नाम से पुकारती है। इन तीनों में व्याकरण का क्रमिक विकास देखने को मिलता है। इसलिए पाणिनि की अपेक्षा कात्यायन और कात्यायन की भी अपेक्षा पतञ्जलि अधिक प्रामाणिक माने जाते हैं।[3] इनमें भी पतञ्जलि प्रौढ पाण्डित्य, गम्भीर अर्थविवेचन और व्यापक दृष्टिकोण के कारण विशिष्ट स्थान रखते हैं। इसके बाद भी वैयाकरणों ने अष्टाध्यायी के सूत्रों पर समय–समय पर निरन्तर विश्लेषण का काम जारी रखा। कालान्तर में अष्टाध्यायी के ऊपर अनेक वृत्तिग्रन्थ लिखे गए हैं। जिनमें काशिका और सिद्धान्तकौमुदी प्रसिद्ध हैं। काशिका पर जिनेन्द्र बुद्धि ने न्यास और हरदत्त ने पदमञ्जरी नामक व्याख्या लिखी तथा सिद्धान्तकौमुदी पर भट्टोजि दीक्षित ने स्वयं प्रौढमनोरमा, ज्ञानेन्द्र सरस्वती ने तत्वबोधिनी तथा नागेश भट्ट ने शेखर व्याख्या लिखी है। इसी क्रम में 18वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में आचार्य विश्वेश्वरसूरिकृत् व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि अष्टाध्यायी के सूत्रों की व्याख्या का विलक्षण ग्रन्थ है। आचार्य विश्वेश्वर ने महाभाष्य की शैली को आधार बनाकर व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि नामक वृत्तिग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ में पाणिनि के सूत्रों को न्यासकार, पदमंजरीकार और महाभाष्यकार के अनुसार उहापोह पूर्वक विश्लेषण करके नवीन रूप में प्रस्तुत किया है। कईं ग्रन्थों के विश्लेषण और नव्यन्यायभाषा प्रयोग से यह ग्रन्थ जटिल व दुरुह होता चला गया। सम्भवत: इसी कारण से इस ग्रन्थ को अधिक प्रसिद्धि नहीं मिल सकी इसलिए यह लुप्तप्राय: हो गया। डॉ. दयानन्द भार्गव और जोधपुर के आचार्य डॉ0 सत्यप्रकाश दुबे के अथक परिश्रम से यह ग्रन्थ पूर्ण रूप से प्रकाशित होकर विद्वज्जगत् के सम्मुख उपस्थित हो पाया है।

सुधानिधि के कृदन्त प्रकरण में आचार्य विश्वेश्वरसूरि ने प्राय: महाभाष्यकार और न्यासकारादि पूर्व आचार्यों के मत का अनुसरण किया है परन्तु अनेक सूत्रों में नवीन कल्पना पूर्वक मतवैभिन्य भी दृष्टिगोचर होता है। ऐसे ही कतिपय सूत्रों को इस शोधपत्र का विषय बनाया गया है। जो निम्न प्रकार है–

**वाऽसरूपोऽस्त्रियाम्**[4] सूत्र के अनुसार **धातो:**[5] के अधिकार में असरूप प्रत्यय वाला अपवाद सूत्र उत्सर्ग सूत्र का विकल्प से बाधक होता है। **धातो**: सूत्र का अधिकार तृतीय अध्याय की समाप्ति पर्यन्त जाता है अत: तृतीय अध्यायस्थ तव्यादि प्रत्यय धातु से होते हैं।[6] व्याकरण का प्रमुख नियम यह है कि अपवाद सूत्र, उत्सर्ग सूत्र का नित्य बाधक होता है परन्तु इस प्रमुख नियम में **वाऽसरूपोऽस्त्रियाम्** सूत्र ने शिथिलता प्रदान की। आचार्य विश्वेश्वरसूरि इस सूत्र के आशय को स्पष्ट करते हुए कहते हैं –**असरूपवावचनमुत्सर्गस्य बाधकविषये प्रवृत्यर्थम्**[7] अर्थात् तृतीय अध्याय में अपवाद सूत्र

[2] मुखं व्याकरणं स्मृतम्। पाणिनीय शिक्षा

[3] यथोत्तरमुनिनां प्रामाण्यम्।

[4] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.1.94

[5] अष्टाध्यायी। 3.1.91

[6]अष्टाध्यायी–भाष्य– प्रथमावृत्ति। 3.1.91

[7]व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । वासरूपोऽस्त्रियाम्।3.1.94

की विकल्प से प्रवत्ति के लिए प्रकृत सूत्र का कथन किया गया है। ध्यान देने योग्य बात है कि यह नियम तृतीय अध्याय के **धातोः** सूत्र के अधिकार में ही प्रवृत्त होता है अन्यत्र नहीं।

**तव्यत्तव्यानीयरः**[8] उत्सर्ग सूत्र है तथा **अचो यत्**[9] अपवाद सूत्र है। दोनों सूत्र तृतीय अध्यायस्थ **धातोः** के अधिकार में उपस्थित **वाऽसरूपऽस्त्रियाम्** की शर्त को भी पूर्ण कर रहें हैं अतः वाऽसरूपविधि के अनुसार विकल्प से अजन्तधातुओं से तव्यदादि प्रत्ययों की भी प्राप्ति हो जाती है। यह भाव आचार्य विश्वेश्वर से भिन्न वैयाकरण स्वीकार करते हैं परन्तु आचार्य विश्वेश्वर इस भाव को स्वीकार नहीं करते हैं। ये कहते हैं कि तव्यदादि प्रत्यय **वाऽसरूपऽस्त्रियाम्** सूत्र के उदाहरण हो ही नहीं सकते क्योंकि अपवाद सूत्र की विकल्प से प्रसक्ति के कारण तव्यदादि प्रत्यय नहीं होते अपितु आरम्भ सामर्थ्य से तव्यदादि प्रत्यय होते हैं। इसका कारण बताते हुए आचार्य कहते हैं कि धातुएँ दो प्रकार की होती हैं- अजन्त और हलन्त। **अचो यत्** तथा **ऋहलोर्ण्यत्**[10] से क्रमशः अजन्त धातुओं से **यत्** व हलन्त धातुओं से **ण्यत्** प्रत्यय का विधान किया गया है, इनमें सभी विषय आ जाते हैं तथा **तव्यत्तव्यानीयरः** सूत्र के लिए कोई स्थल बचता ही नहीं किन्तु तव्यादि प्रत्ययों का विधान तो किया ही गया है अतः आचार्य विश्वेश्वर के मत में विधान सामर्थ्य से धातुओं से तव्यादि प्रत्यय हो जाते हैं। तव्यादि प्रत्ययों का विधान करने वाला (**तव्यत्तव्यानीयरः**) सूत्र, उत्सर्ग सूत्र तो है परन्तु आचार्य विश्वेश्वर इस सूत्र का कोई अपवाद सूत्र नहीं मानते अतः वे वासरूपविधि की प्रसक्ति भी इस सूत्र में स्वीकार नहीं करते हैं। इसलिए **अचो यत्** और **तव्यत्तव्यानीयरः** सूत्र के विषय में उत्सर्ग-अपवादव्यवस्था को ग्रहण नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार **पचादिभ्यः सर्वधातुभ्योः अच्** और **ण्वुल्तृचौ** में भी वासरूपविधि की प्रवृत्ति नहीं हो होती यहाँ भी आरम्भ सामर्थ्य से सिद्धि समझनी चाहिए। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि किस विषय में वासरूप की प्रवृत्ति होगी? आचार्य वश्विेश्वरसूरि वाऽसरूपविधि को **इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः** और **ण्वुल्तृचौ** इत्यादि सूत्रों के विषय में समावेशार्थ मानते हैं। क्योंकि कर्ता अर्थ में धातु से **ण्वुल्** और **तृच्** प्रत्यय होते हैं इसी अर्थ में केवल इगुपध, ज्ञा, प्री, किर् धातुओं से **क** प्रत्यय भी होता है अतः **इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः** सूत्र **ण्वुल्तृचौ** का अपवाद बनता है और अपवाद को छोडकर उत्सर्ग लगता है परन्तु यहाँ वाऽसरूप परिभाषा के कारण विकल्प से **ण्वुल्** और **तृच्** प्रत्ययों के साथ **क** प्रत्यय की भी प्रसक्ति होकर बुधः, बोद्धा, बोधकः तीनों इष्ट रूप निष्पन्न हो जाते हैं। **क** असरूप अपवाद प्रत्यय भी है और **स्त्रियाम् क्तिन्**[11] के प्रसिद्ध अधिकार में भी इसकी गणना नहीं है इसलिए वाऽसरूप परिभाषा की प्रसक्ति यहाँ हो जाती है।

इस प्रकार तो **ण्वुल्तचौ** सूत्र की प्रसक्ति भी विधान सामर्थ्य से स्वीकार करनी चाहिए परन्तु इसकी प्रसक्ति विधान सामार्थ्य में स्वीकार नहीं कर सकते क्योंकि **ण्वुल्तृचौ** सूत्र को इगुपध, ज्ञ, प्री और कृ धातुओं से अन्य धातुओं में अवकाश है जबकि **तव्यत्तव्यानीयरः** को अन्य धातुओं में अवकाश ही नहीं मिलता है अतः **ण्वुल्तृचौ** सूत्र उत्सर्गापवाद

---

[8] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.1.96

[9] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.1.97

[10] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.1.124

[11] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.3.94

विषय के अन्तर्गत आ जाने पर इसमें वासरूपविधि घट जाती है तथा **तव्यतव्यानीयर:** सूत्र इसमें नहीं आ पाता है अत: इसमें वासरूपविधि भी नहीं घटती है। ऐसा आचार्य विश्वेश्वर का मत है।

**वाऽसरूपोऽस्त्रियाम्** सूत्र में अस्त्रियाम् का एक अर्थ स्त्रीलिंग को छोडकर भी हो सकता है परन्तु आचार्य विश्वेश्वरसूरि **वाऽसरूपोऽस्त्रियाम्** सूत्र में अस्त्रियाम् से **स्त्रियाम् क्तिन्** सूत्र में विद्यमान स्त्रियाम् पद के अधिकार को ही ग्रहण करना उचित समझते हैं क्योंकि सूत्र में अस्त्रियाम् का अर्थ स्त्रीलिंग रहित मानने पर लव्या और लवितव्या दोनों इष्टरूप निष्पन्न ही नहीं हो सकते क्योंकि **अचो यत्** सूत्र स्त्रीलिंग में नित्य ही **तव्यत्तव्यानीयर:** सूत्र को बाधित करने लगता। इसके साथ ही **भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र**[12] महाकवि कालिदास के द्वारा किया गया स्त्रिलिंग में तव्यत् प्रत्यय का प्रयोग भी यही दर्शाता है कि- सूत्र मे अस्त्रियाम् पद से स्तिर्लिङ्ग का ग्रहण अनभिष्ट है। अत: **अस्त्रियाम्** से तृतीय अध्यायस्थ स्त्री अधिकार को ही ग्रहण करना चाहिए।

इसी प्रकार एक अन्य सूत्र को लेकर विचार किया जा रहा है जो निम्नप्रकार है-

**भुवश्च**[13] सूत्र का अर्थ है कि- छन्द विषय में **भू** धातु से तच्छीलादि कर्ता अर्थ में **इष्णुच्** प्रत्यय होता है। भविष्णु:, प्रभविष्णु:। काशिका में चकार का ग्रहण का प्रयोजन अनुक्त समुच्चय के लिए बताया गया है। यथा - **भ्राजिष्णु**।: अनुक्त समुच्चय कहने से भ्राजादि धातुओं का भी ग्रहण हो जाता है। वैष्णवमत में **प्रभविष्णु**पद का प्रयोग : दिखाई देता है। परन्तु सुधानिधिकार ने वैष्णवमत में**प्रभविष्णु:** पद को असाधु ग्रहण करते हुए प्रमादपाठ माना है और पदमञ्जरीकार भी इस प्रयोग को **नैतद्भाष्ये समाश्रितम्**[14] कहकर असाधु स्वीकार करते हैं। इसके साथ ही कुछ वैयाकरण **क्षयिष्णु:** पद का प्रयोग करते हैं परन्तु इस प्रकार के प्रयोग की चर्चा महाभाष्य, काशिका, न्यास तथा पदमंजरी आदि ग्रन्थों में न होने पर सुधानिधिकार ऐसे प्रयोग को मूल से अतिरिक्त स्वीकार करते हैं।

इसी प्रकार **निन्दहिंसक्लिशखादविनाशपरिक्षिपपरिरटपरिवादिव्याभाषासूञो वुञ्**[15] सूत्र पर विचार करते हुए आचार्य विश्वेश्वर कहते हैं -तच्छीलादि कर्ता अर्थ में निन्द, हिंस, क्लिशादि धातुओं से **वुञ्** प्रत्यय होता है। निन्दक:,हिंसक: इत्यादि।

महाभाष्य, काशिका और अष्टाध्यायी के मूलपाठों में **निन्दहिंस---भाषासुयो वुञ्** पाठ मिलता है परन्तु सुधानिधि में **निन्दंहिंसभाषासूञो... वुञ्** अर्थात् यकार के स्थान पर ञकार का पाठ मिलता है। काशिका में **निन्दंहिंस**[16]**:भाषासूय...** प्रथमान्त पद है परन्तु इष्ट अर्थ के लिए काशिकाकार ने सूत्र में पञ्चमी के अर्थ में प्रथमा का प्रयोग माना है। सुधानिधिकार कहते हैं कि सूत्र में पञ्चमी के अर्थ में प्रथमा का प्रयोग मानने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सुधानिधिकार के मत में सूत्र का अन्तिम भाग वस्तुत **:भाषासूय:** न होकर **भाषासूञ:** है और यह पद स्वरूपत: पञ्चम्यन्त है। इस पद को पञ्चम्यन्त स्वीकार करने से अनिष्ट की आपत्ति भी नहीं होती अत: इस सूत्र में आचार्य विश्वेश्वरसूरि द्वारा भाषासूञ: पद को पञ्चम्यन्त स्वीकार करना उचित प्रतीत हो रहा है।

---

[12] अभिज्ञानशाकुन्तलम्। प्रथम अंक, श्लोक 16

[13] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.2.138

[14] भुवश्च।3.2.138 काशिका न्यास-पदमंजरी-भावबोधिनि, तृतीय भाग, जयशङ्कर लाल त्रिपाठी, पेज 523

[15] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.2.146

[16] काशिका न्यास-पदमंजरी-भावबोधिनी,तृतीय भाग ।3.2.146

अब **मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च**[17] सूत्र पर विचार किया जाता है। मति, बुद्धि और पूजा अर्थ वाली धातुओं से वर्तमानकाल अर्थ में **क्त** प्रत्यय होता है। राज्ञां मतः पुजितः बुद्धमः वा। ज्ञातम् पद भी बुद्यर्थक है। प्रकृत सूत्र के नियम से बुद्यर्थक होने पर **ज्ञातम्** पद वर्तमान काल में ही प्रयुक्त होना चाहिए परन्तु आचार्य विश्वेश्वर कहते हैं कि– ज्ञातम् शब्द का प्रयोग भूतकाल में भी होता है क्योंकि **तेन प्रोक्तम्**[18] सूत्र के अधिकार में **उपज्ञाते**[19] सूत्र में भूतकाल अर्थ में क्त प्रत्यय का प्रयोग दिखाई देता है। यथा –**पाणिनिना उपज्ञातम् पाणिनीयम्।** यदि यहाँ वर्तमान काल में क्त प्रत्यय का प्रयोग होता तो **क्तस्य च वर्तमाने(वतर्मानस्थस्य क्तस्य योगे षष्ठि स्यात्। राज्ञां मतः)**[20] सूत्र से कर्तृपद 'पाणिनि' में षष्ठि विभक्ति की आपत्ती होने लग जाती परन्तु 'उपज्ञातम्' पद में **क्त** प्रत्यय का प्रयोग भूतकाल में स्वीकृत करने पर षष्ठि विभक्ति की आपत्ति भी नहीं होती। अतः निष्कर्ष निकलता है कि आचार्य विश्वेश्वर के मत में क्वचित् बुद्यर्थक धातुओं से भूतकाल में भी क्त प्रत्यय का प्रयोग दिखाई देता है।

ऊपर बताया जा चुका है कि– अनेक स्थलों पर आचार्य विश्वेश्वरसूरि महाभाष्यकार–न्यासकार–पदमंजरीकार तथा भट्टोजि दीक्षित के मत से साम्य रखते हैं परन्तु कुछ ऐसे स्थल भी हैं जहाँ सुधानिधिकार अपने से पूर्ववर्ती वैयाकरणों से आगे बढकर नवीन दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। उपर्युक्त कृदन्त सूत्रों के विवेचन से यह स्पष्ट है कि– प्रस्तुत शोधपत्र में आचार्य विश्वेश्वरसूरि ने नवीन कल्पना प्रस्तुत करके पाणिनीय सूत्रों को नवीन रीति से समझने–समझाने का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है।

**ग्रन्थ-सूची**


1. विश्वेश्वरसूरि.वैयाकरणसिद्धान्तसुधानिधि. सम्पादक डॉ. सत्यप्रकाश दुबे, प्रकाशक राजस्थान पत्रिका, जोधपुर, राजस्थान।
2. कालिदास.अभिज्ञानशाकुन्तलम्. सम्पादक निरुपण विद्यालंकार, प्रकाशक रतिराम शास्त्री साहित्य भण्डार, मेरठ।
3. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु. अष्टाध्यायी–भाष्य–प्रथमावृत्ति. प्रकाशक रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत हरियाणा
4. वामन जयादित्य. काशिका न्यास–पदमंजरी–भावबोधिनी–सहिता. सम्पादक डॉ. जयशङ्कर लाल त्रिपाठी, डॉ. सुधाकर मालवीय. प्रकाशक तारा प्रिंटिंग वर्क्स वाराणसी 1984
5. पाणिनि. अष्टाध्यायी. सम्पादक. आचार्य हरिदेव. नीता प्रकाशन दिल्ली
6. भट्टोजि दीक्षित. वैयाकरण सिद्धान्तकौमुदी. सम्पादक गोपालदत्त पाण्डेय. प्रकाशक चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी


---

[17] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 3.2.188

[18] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 4.3.101

[19] व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि । 4.3.115

[20] सिद्धान्तकौमुदी। 625

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# छायावाद



**डॉ0 राजेश कुमार मिश्र**
**सहायक आचार्य, (हिंदी विभाग),**
**मर्यादा देवी कन्या पीजी कालेज,**
**बिरगापुर, हनुमानगंज, प्रयागराज,**
**उत्त प्रदेश, भारत।**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 127-131
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश** – कठोर नियंत्रण व बंधनों की प्रतिक्रिया स्वरूप ही स्वच्छन्दता का जन्म होता है। द्विवेदी युग में स्वच्छंद मन की प्रेममयी कतिवताएं छपती नहीं थीं। 1916 में लिखी निराला की जूही की कली को इसी के चलते किनारे कर दिया गया था। एक ओर भाषा और शैलीगत बंधन दूसरी ओर विषयगत बन्धन के चलते स्वच्छन्द प्रवृत्ति का जन्म हुआ। 1918 के बाद की सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक परिस्थितियाँ भी इस स्वच्छन्दता को प्रोत्साहित कर रहीं थीं। बढ़ती शिक्षा व्यवस्था तथा अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन भी वैचारिक स्वतंत्रता की ओर अग्रसर होने में सहायक हुआ। एक ओर शेली, कीट्स, वायरन की स्वच्छंद और मुक्त ह्रदय की कविता थी दूसरी ओर द्विवेदी कालीन मर्यादाशील कविता। युवा वर्ग का आकर्षण स्वच्छन्द विचारधारा की ओर उन्मुख हुआ जिसका प्रमाण बंगाल रविन्द्र नाथ टैगोर की कविता की धूम मच जाना। रविन्द्र की कविता मुक्त और स्वच्छंद मन की, मानवतावादी तथा आध्यत्मिकता की पुट लेकर आई।

**मुख्य शब्द** – छायावाद, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, द्विवेदी युग

---

इस प्रकार द्विवेदी युगीन इतिवृत्तात्मकता के प्रतिरोध अंग्रेजी रोमान्टिक कवियों की प्रेरणा, तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियाँ तथा रविन्द्र की कविताओं का बंगाल में धूम मचा देना छायावाद की बुनावट में मददगार साबित हुई। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एक ऐसी सशक्त विचारधारा का नाम जिनसे छायावाद की आलोचना शुरू हुई। छायावाद के स्वरूप, उसके आन्तरिक भावों, रहस्यवाद, लाक्षणिकता प्रकृति चित्रण आदि को लेकर शुक्ल जी ने अपने हिन्दी साहित्य के इतिहास में बहुत कुछ कहा, बहुत कुछ सुना। हमें यहां छायावाद के स्वरूप, उसकी आन्तरिक व वाह्य बनावट, उस पर वाह्य विचारधारा का प्रभाव उसमें जीवन मूल्य आदि पर विचार करना है जो विविध विद्वानों

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

के मत मतान्तरों से निकलकर हमारे सामने आयेगा। आ0रा0च0 शुक्ल ने छायावाद को जिस स्वरूप में, जिस लिबाज में देखा उसमें उनको कल्पनावाद, कलावाद, अभिव्यंजनावाद आदि का प्रभाव दिखा। भावानुभूति के स्थान पर कल्पना का विधान दिखा। अप्रस्तुत योजना, लाक्षणिक मूर्तिमत्ता और विचित्रता दिखी, तथा अभिव्यंजना प्रणाली व विचित्रता ही सब कुछ समझी जाने लगी। नाना अर्थभूमियों पर काव्य का प्रसार रूका सा दिखा। ''छायावाद नाम चल पड़ने का परिणाम यह हुआ कि बहुत से कवि रहस्यात्मकता अभिव्यंजना के लाक्षणिक वैचित्रय ............चित्रमयी भाषा और मधुमयी कल्पना को साध्य मानकर चले।''[1] (हि0सा0का0 इति0 पृ0–445) शुक्ल जी छायावादी कविता का संबंध बांग्ला से जोड़ते हुए पाश्चात्य ढ़ाँचे में देखा ''इसाई संतों के छायाभास (फैटासमाटा) तथा यूरोपीय काव्य क्षेत्र में प्रवर्तित आध्यात्मिक प्रतीकवाद (सिंबलिज्म) के अउकरण पर रची जाने के कारण बांग्ला में ऐसी कविताएं छायावाद कही जाने लगी थी। यह वाद क्या प्रकट हुआ एक बने बनाए रास्ते का दरवाजा खुल पड़ा और हिन्दी के कुछ नए कवि उधर एकबारगी झुक पड़े''[2] (हि0सा0का0 इति0 पृ0–444) शुक्ल जी छायावाद के चलन के पीछे बाहरी ही नही द्विवेदी कालीन रूखी इतिवृत्तात्मकता की प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा। अर्थभूमि या वस्तुभूमि का संकोच हो जाना तथा वस्तुविधान का भुला देना शुक्ल जी की आपत्ति का मूल कारण था। शुक्ल जी ने देखा कि छायावाद के समर्थन में लोग कहने लगे कि जीवन व जगत् में एक नई कविता का संचार है, प्रकृति पर प्रेममय दृष्टि डालकर, रहस्य भरे सच्चे संकेतों को परखकर स्वच्छंद मार्ग निकालने का काव्य है, अंग्रेजी व बांग्ला साहित्य के प्रभाव से कवियों के मन में एक आंधी उठ रही थी जिसके चलते उनको छायावाद की राह पकड़नी पड़ी। शुक्ल जी ने इन सब आडम्बरों को सिरे से खारिज किया– ''न आंधी थी न तूफान न कोई कसक थी न वेदना, न प्राप्त युग की नाना परिस्थितियों का ह्रदय पर कोई नया आघात था, ..........इन बातों का कुछ अर्थ तब हो सकता था जब काव्य का प्रवाह उस ओर मुड़ता जिन पर ध्यान न दिया गया रहा होता।''[3] (हि0सा0का0 इति0 पृ0–444) शुक्ल जी छायावाद में जन मानस के भावों व प्रवृत्तियों की खोज कर रहे थे। जब नही दिखा तो छायावाद पर आक्रमण किया। पर ऐसा नहीं है कि शुक्ल जी ने सारे छायावाद को सिरे से कमियों का लिबाज पहनाया जहां उनको अपने मानक पर छायावाद दिखा उसकी प्रशंसा भी की। ''छायावाद की शाखा के भीतर धीरे–धीरे काव्य शैली का बहुत अच्छा विकास हुआ। उसमें कोई संदेह नहीं उसमें भावावेश की आकुल व्यंजना लाक्षणिक वैचित्र्य, मूर्त प्रत्यक्षीकरण, भाषा की वक्रता विरोध चमत्कार कोमल पद विन्यास इन्यादि काव्य का स्वरूप संघटित करने वाली प्रचुर सामग्री दिखी।''[4](हि0सा0का0 इति0 पृ0–447) शुक्ल जी मानते हैं कि यदि आध्यात्मिक रहस्यवाद का नूतन रूप हिंदी में न आया होता और अभिव्यंजना की यह शैली स्वतंत्र रूप से फैली होती तो घनानंद की जैसी लाक्षणिकता का आभास हमें छायावाद में भी दिखता। क्योंकि शुक्ल जी का मानना है– छायावाद जहां अध्यत्मिक प्रेम लेकर चला वहा तक तो रहस्यवाद, प्रतीकवाद, चित्र भाषावाद की शैली बनकर प्रेमगान ही करता रहा है। छायावादी कवियों का स्त्री के नाना अंगो के आरोप के बिना प्रकृति का कोई दृश्य न दे पाना, ऊषा सुन्दरी के कपोलों की ललाई, रजनी के जटिल केश कलाप, दीर्घ निश्वास, किरन, लहर, चंद्रिका, छाया, तितली सबका अप्सरा या परियां बनकर सामने आना, चुबंन, अलिंगन, मधुग्रहण कामिनी की क्रीड़ा इत्यादि शुक्ल जी को छायावाद के प्रति उदास बनाते हैं।

डा0 नामवर सिंह का मानना है कि ''छायावाद समूचे जीवन से दूर नहीं केवल उसके व्यक्त वस्तुगत (आब्जेक्टिव) रूप से दूर था ''एक ही सत्ता के अव्यक्त और व्यक्त दो पहलू है तो एक को सत्य व पूर्ण कहना भ्रांति

है, व्यक्त से दूर रहने वाला उतना ही एकांगी है जितना अव्यक्त से दूर रहने वाला। यदि व्यापकता की दृष्टि से देखा जाय तो अव्यक्त अधिक रहस्यगर्भी और असीम है। नए छायावादी युग की उदात्त भावना को इस असीम अव्यक्त सत्ता में विचरण करना अधिक सुखद मालूम हुआ।''[5] हिन्दी गद्य का पर्व (नामवर सिंह, पृ0121) नामवर जी कहते हैं शुक्ल जी ने इस भावना अर्थात असीम अव्यक्त सत्ता की भावना को जीवन से दूर रखा, जबकि उनका मानना है कि जीवन का एक पक्ष भावगत भी है, जो कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। छायावाद रहस्यवाद ने प्रधानतः भाव पक्ष को अपनाया। शुक्ल जी का छायावाद से विरोध का एक कारण और नामवर जी बताते हैं– ''शुक्ल जी को विश्वास न था कि ये कवि सचमुच ही अव्यक्त से प्रेम करते हैं। परन्तु सच तो यह है कि छायावादी काव्य में भावों का उदात्तीकरण ही महान् अव्यक्त सत्ता का रूपधारण कर लेता है। ........छायावादी कवियों की कविताओं का आधार भले ही मानवीय प्रेम रहा हों, परन्तु उच्चदशा में उस अशरीरी भावना ने यदि वैयक्तिकता की स्थूल सतह छोंडकर किसी उदात्त अव्यक्त सत्ता का अनुभव किया होता तो क्या आश्चर्य?''[6] डॉ0 नामवर सिंह ने शुक्ल जी के कलावाद का भी सामना किया जिसके आधार पर शुक्ल जी ने छायावाद को नकारा था। नामवर जी का मानना है कि ''उच्चकोटि के छायावादी कवियों में कलावाद कभी आया ही नहीं। रसवादी आचार्य को केवल अलंकारवाद का विरोध करना था और उन्होंने यूरोपीय कलावाद के आगमन का संकट कालीन भोपू बजाना आरम्भ कर दिया। ऐसा लगता है कि समीक्षा को छोड़कर हिंदी के अन्य क्षेत्रों में उस समय यूरोपीय कलावाद आया ही नहीं। आचार्य ने केवल आसमान मे मुक्का मारा।''[7]

डॉ0 राम स्वरूप चतुर्वेदी अपने साहित्य और संवेदना के विकास में कहते हैं– ''कभी–कभी हिन्दी समीक्षा में छायावाद शब्द एक दुर्वचन के रूप में प्रयुक्त होता दिखता है। भावुकता, कल्पना विलास, यथार्थ से लगाव और जिसे आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने अपने इतिहास में मधुचर्या, कहा, इन विविध मनः स्थितियों को वर्णित करने के लिए एक मोटा शब्द– छायावाद चल जाता है। यह परिस्थिति जहां अति सरलीकरण से उत्पन्न हुई है वहीं अनेक विभ्रमों को उपजाती है। ..........यह सचमुच एक विचित्र स्थिति है कि साधारण ढ़ग से छायावाद कहने से चाँदनी रात, नौका बिहार, जूही की कली आदि कविताओं की याद अधिक दिलाई जाती है, कामायनी, राम की शक्तिपूजा, तुलसीदास को पृष्ठभूमि में डाल दिया जाता है। छायावाद का यह मानचित्र बनाने में कुछ समीक्षकों का योगदान है जो छायावाद को मूलतः प्रकृति संबधी काव्य मानना चाहते थे।''[8] रामस्वरूप जी स्पष्ट कहते है कि ''छायावाद महज संध्या सुंदरी, चाँदनी रात की नौका बिहार, का चित्र नही है वह मूलतः शक्ति काव्य है।, पुर्नजागरण चेतना का व्यापक और सूक्ष्म रूप है और अपनी अर्थ प्रक्रिया में मानव व्यक्तित्व को गहरे स्तरों पर समृद्ध करता है। ........यह अधिक सर्जानात्मक मानवीय संस्कृति के विकास का आख्यान है, उसके वर्तमान संकट के बचाव की संभाव्य दिशा संकेतित है।''[9] चतुर्वेदी जी 'विकल बिखरे शक्ति के विद्युतकण' जिसे इकट्ठा करने की बात मनु से करते हुए प्रसाद जी कहते हैं– ''विजयिनी मानवता हो जाय'' को छायावाद मानतें हैं। ''शक्ति की करो मौलिक कल्पना'' निराला जी जब कहते हैं तो उसे छायावाद मानते है, होगी जय, होगी जय, को छायावाद की मूल संवेदना मानते हैं। चतुर्वेदी जी दो कदम आगे बढ़ कर छायावादी संवेदना को मध्य कालीन भक्ति काल के कवियों की संवेदना से ऊपर उठा दिया है– ''ऐहिक जीवन और शरीर का महत्व जिसे मध्यकालीन संतों और कवियों ने पानी का बुलबुला और काग–गीध का भोजन कहा था ...........सन्यास वैराग्य तपस्या और परलोकवाद में आस्था जैसे मूल्यों के स्थान पर अब ऐहिक जीवन, इहलौक और मानव शरीर के आकर्षण का महत्व प्रतिपादित होता है। निष्काम कर्म की जगह प्रसाद की कामायनी में कर्म का भोग का गुण गान हुआ है।

कबीर, सूर, तुलसी, जायसी की भक्ति में संसार का निषेध करके परम तत्व की ओर मन ले जाने की उपक्रम है। छायावादी कवि इस संसार को पूरी तरह साकार कर परम तत्व से अभिन्न मानते हैं। हिन्दी मानसिकता की विश्व दृष्टि पुनर्जागरण के संक्रमण में जैसे पूरी तरह से घूम गयी हो।''[10]

डॉ0 बच्चन सिंह आधुनिक साहित्य के इतिहास में छायावाद नामकरण जो कि रूढ़ हो गया था को असंगत मानते हैं उनका कहना है ''हिन्दी साहित्य में यह युग छायावाद नाम से रूढ़ हो गया है। पर यह शब्द न अपेक्षित अर्थ दे पाता है न तत्कालीन काव्य का विशेषण बन पाता है। पूर्व स्वच्छंदतावादी काव्य धारा से संबन्ध न करने के कारण शुक्ल जी ने उसे बाहर से आई हुई वस्तु कहकर तिरस्कार किया और केवल शैली वैचित्र्य के रूप में ग्रहण किया। छायावादी काव्य शैली को वे फ्रांस के रहस्यवादी कवियों के प्रतीकवाद से जोड़ते हैं। ''वस्तुतः छायावाद रूपी गंगावतरण की यह धारणा (यारोपीय काव्य क्षेत्र में प्रवर्तित आध्यात्मिक प्रतीकवाद के अनुकरण पर रची जाने के कारण बंगाल में ऐसी कविताएं छायावादी कही जाने लगी थीं।) कोरी काल्पनिक है। बंगाल में किसी प्रकार की कविता को छायावादी की संज्ञा नहीं दी गई न तो हिन्दी का छायावाद ब्रिटेन से सात समुंद्र पार करता हुआ बंगाल पहुँच कर हिंदी में आया।'' ''यह अपने देश की उस बेचैनी का परिणाम है जो सास्कृतिंक राजनीतिक पुर्नजागरण में दिखाई पड़ता है, जिसका सीधा सम्बन्ध नई मूल्य दृष्टि से है ..........निश्चय ही उसकी ऐतिहासिक शक्तियां अन्य देशों से भिन्न न थीं।''[11] छायावाद के सम्बन्ध में वाजपेयाी जी का विचार था कि छायावाद की काव्य शैली यूरोप से बंगाल होती हुई हिन्दी में आई। इस पर रविन्द्रनाथ ठाकुर का स्पष्ट प्रभाव है। वास्तव में छायावाद का सामाजिक संदर्भ जितनी स्पष्टता के साथ वाजपेयी जी ने बताया है उतना उनकी पीढ़ी के किसी अन्य समालोचक ने नहीं बताया। छायावाद को इसाईयत से प्रभावित रविन्द्रनाथ से प्रभावित जब शुक्ल जी ने बताया तो आलोचकों की पूरी टोली खड़ी हो गई उनके विराध में। जबकि वाजपेयी जी स्पष्ट रूप से शुक्ल जी का समर्थन कर रहे है। जिस रहस्यवाद को शुक्ल जी ने छायावाद में हानिकारक बताया वाजपेयाी जी उसी रहस्यवाद में समरसता को खोजते हैं। अचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी छायावाद का लक्षण ही यह बताते हैं– मानव अथवा प्रकृति के सूक्ष्म किन्तु व्यक्त सौन्दर्य में आध्यात्मिक छाया का भान मेरे विचार से छायावाद की एक सर्वमान्य व्याख्या हो सकती है। जयशंकर प्रसाद में वाजवेयी जी अपना आदर्श कवि रूप पाते हैं और प्रसाद में प्रेम, व रहस्यवाद के धरातल को वे श्रेष्ठ और उच्च काटि का मानते हैं। छायावाद को बाहरी, रहस्यवादी, आदि आरोप लगाकर शुक्ल जी ने शैली मात्र कहा, उसी छायावाद में नन्ददुलारे वाजपेयी जी ने प्रेम, रहस्यभाव, यूरोप का प्रभाव, रविन्द्र व बांग्ला का प्रभाव स्वीकार कर उसमें आध्यात्मिक छाया का भान करते हैं।

डॉ0 नगेन्द्र छायावाद का स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह मानते हैं और यह स्वीकार करते हैं कि छायावाद एक विशेष प्रकार की भाव पद्धति है।'' जीवन के प्रति एक विशेष प्रकार का भावत्मक दृष्टिकोण है। उन्होंने छायावाद की मूल प्रवृत्ति के विषय में लिखा है कि ''वास्तव पर अन्तर्मुखी दृष्टि डालते हुए उसको वायवी अथवा अतीन्द्रीय रूप देने की प्रवृत्ति ही मूल वृत्ति है। उनके अनुसार युग की उद्बुद्ध चेतना ने वाह्य अभिव्यक्ति से निराश होकर जो आत्मबद्ध अंतर्मुखी साधना आरंभ की वह काव्य में छायावाद के रूप में अभिव्यक्त हुई। नगेन्द्र जी छायावाद को अतृप्त वासना और मानसिक कुंठाओं का परिणाम स्वीकार करते हैं। डॉ0 देवराज छायावाद को पौराणिक धार्मिक चेतना के विरूद्ध आधुनिक लौकिक चेतना का विद्रोह स्वीकार किया है। प्रसाद जी वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति जब हिन्दी में होने लगी तब उसे छायावाद कहा। गंगा प्रसाद पाण्डेय कहते हैं छायावाद नाम से ही उसकी छायात्मकता

स्पष्ट है। विश्व की किसी वस्तु में एक अज्ञात प्राण छाया की झांकी पाना अथवा उसका आरोप करना ही छायावाद है। शांति प्रिय द्विवेदी जी छायावाद और रहस्यवाद में गहरा संबंध स्थापित करते हैं तथा कहते है जिस प्रकार मैटर आफ फैक्ट (इतिवृत्तात्मक) के आगे की चीज छायावाद है, उसी प्रकार छायावाद के आगे की चीज रहस्यवाद है।

डॉ0 राम कुमार भी छायावाद और रहस्यवाद में कोई अन्तर नहीं माना आत्मा और परमात्मा के गुप्त वाग्विलास को रहस्यवाद कहते हैं और उसी को छायावाद कहते हैं। महादेवी वर्मा छायावाद का मूल सर्वात्मवादी दर्शन में माना। उनका कहना है छायावादी कवि मूर्त अमूर्त मिलाकर पूर्णता पाता है। उपर्युक्त अनेक परिभाषाओं से एक बात तो स्पष्ट है कि छायावाद की एक सर्वसम्मत परिभाषा नही बन सकीं। पर छायावाद स्वच्छन्दतावाद के काफी निकट हैं। आधुनिक काल के छायावाद का निर्माण भारतीय और यूरोपीय भावनाओं के मेल से हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची –


1. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल संस्करण 2014 पृ0 445।
2. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल संस्करण 2014 पृ0 444।
3. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल संस्करण 2014 पृ0 444।
4. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल संस्करण 2014 पृ0 447।
5. हिंदी का गद्य पर्व डॉ0 नामवर सिंह, संस्करण 2010 पृ0 121।
6. हिंदी का गद्य पर्व डॉ0 नामवर सिंह, संस्करण 2010 पृ0 121।
7. हिंदी का गद्य पर्व डॉ0 नामवर सिंह, संस्करण 2010 पृ0 122।
8. हिंदी साहित्य व संवेदना का विकास, डॉ0 राम स्वरुप चर्तुवेदी, संस्करण सोलहवां 2002, पृ0 107।
9. हिंदी साहित्य व संवेदना का विकास, डॉ0 राम स्वरुप चर्तुवेदी, संस्करण सोलहवां 2002, पृ0 110।
10. हिंदी साहित्य व संवेदना का विकास, डॉ0 राम स्वरुप चर्तुवेदी, संस्करण सोलहवां 2002, पृ0 112।
11. आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास, बच्चन सिंह, संस्करण 2003, पृ0 137–138।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# दैनिक जीवन की मनोविकृतियाँ : फ्रायड के नज़रिए से

कमलावती कुमारी
पीआरटी, दक्षिण पूर्व रेलवे मिश्रित प्रा. विद्यालय, आद्रा, पुरुलिया, प. बंगाल,भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 132-136
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांश –** दैनिक जीवन में होनेवाली भूलों के पीछे व्यक्तिगत अचेतन के साथ-साथ सामूहिक अचेतन का भी हाथ होता है। उन्होंने अपने विश्लेषणात्मक सिद्धांत में दावा किया कि दैनिक जीवन की कुछ भूलें ऐसी है जिनकी समुचित व्याख्या व्यक्तिगत अचेतन के आलोक में संभव नहीं है। जैसे हम खेल-खेल में चिड़ियों कि तरह आवाज क्यों निकालते हैं, कभी-कभी हम जानवरों की बोली बोलने की भूल क्यों करते हैं, आदि की व्याख्या सामूहिक अचेतन के आधार पर ही अधिक तर्कसंगत है। अतः दैनिक जीवन की भूलों की समुचित व्याख्या करने में मनोविश्लेषण सिद्धांत का विश्लेषणात्मक सिद्धांत एक दूसरे के सम्पूरक हैं।

**मुख्यशब्द –** दैनिक जीवन, मनोविकृतियाँ, फ्रायड, अचेतन, विश्लेषणात्मक, मनोवैज्ञानिक।

---

हम सभी अपने दैनिक जीवन में छोटी – मोटी गलतियाँ करते रहते हैं और यही समझते है कि ये गलतियाँ अज्ञानवश या अनायास हो जाती हैं तथा हम तुरंत ही उन्हें सुधार भी लेते हैं । जैसे – लिखने की भूलें, बोलने की भूलें, वस्तुओं को रखकर भूल जाना आदि । ये भूलें किसी बीमारी के कारण नहीं होतीं क्योंकि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति में भी वे दिखाई देती हैं। ये ऐसी भूलें हैं जिसे कोई भी व्यक्ति जानकर नहीं करता है और यदि बाध्यता नहीं हो तो वह इन्हें करना भी नहीं चाहता है। मनोवैज्ञानिक इन गलतियों को सांकेतिक क्रियाओं (symbolic actions) के नाम से पुकारते हैं । फ्रायड (freud) के अनुसार ऐसी भूलें अनायास नहीं होती बल्कि उनका कारण होता है, जो अचेतन (Un- Conscious Mind) में दमित होता है । अचेतन में दमित विरोधी विचार, कामुख इच्छायें, अतृप्त इच्छायें, आक्रामक प्रवृतियाँ ही भूलों का कारण होती हैं । अचेतन में दमित ऐसी प्रवृतियाँ, इन गलतियों या भूलों द्वारा चेतन (Conscious Mind) में अभिव्यक्त होती हैं । ऐसी गलतियों को ही फ्रायड ने “दैनिक जीवन की मनोविकृतियाँ” कहा है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

फ्रायड ने अपनी पुस्तक "Psychopathology of Everyday life" जो 1914 में प्रकाशित हुई, में इन मनोविकृतियों का विस्तृत वर्णन किया है । इन मनोविकृतियों (Psychopathologies) में बोलने की भूलें (Slips of Tongue), लिखने की भूलें (Slips of Pen), किसी व्यक्ति या स्थान के नामों को भूलना, चीजों को इधर-उधर रखने की भूलें, पहचाननें की भूलें, छपाई की भूलें, अनजाने में की गयी क्रियाएँ आदि प्रमुख हैं । चूँकि इन भूलों के कारण अचेतन में होते हैं, अतः व्यक्ति इन भूलों के प्रति अनभिज्ञ रहता है, तथा उन्हें मात्र संयोगवश होनेवाली गलती समझकर अपने- आप को संतुष्ट कर लेता है।

**दैनिक जीवन के मनोवृतियों के प्रमुख प्रकार**

फ्रायड ने अनेक तरह की मनोविकृतियों का वर्णन किया है जिनमें निम्नलिखित प्रमुख हैं-

**(1) बोलने की भूलें (Slip of Tongue) :** दैनिक- जीवन में प्राय: व्यक्ति से बोलने की भूलें हो जाया करती हैं। वह बोलना कुछ चाहता है पर बोल कुछ और देता है । मेरिंगर तथा मेयर (Meringer and Mayer, 1948) ने बोलने में इस तरह की भूल का कारण शब्दों की ध्वनियों में समानता बतलाया है। परन्तु फ्रायड ने इसका खंडन किया है और कहा है कि, इसका कारण अचेतन में दमित इच्छाएँ होती हैं जो इस तरह की भूल के रूप में व्यक्त होकर अपनी आंशिक संतुष्टि कर लेती हैं। उदाहरणस्वरूप, एक बार एक नेता ने किसी सभा का उद्घाटन करते हुए कहा, "सज्जनों मैं घोषणा करता हूँ कि 'कोरम' पूरा है अतः मैं सभा की कार्यवाही विधिवत रूप से समाप्त करता हूँ।" जबकि नेताजी को बोलना था "सज्जनों मैं घोषणा करता हूँ कि 'कोरम' पूरा है और अब मैं सभा की कार्यवाही विधिवत रूप से प्रारंभ करता हूँ।" बाद में नेताजी के विचारों के विश्लेषण से पता चला कि नेताजी उस सभा को नहीं होने देना चाहते थे। क्योंकि उस सभा का उनकी नजरों में कोई औचित्य नहीं था, ना ही उससे किसी उदेश्य की पूर्ति होती थी । इसी तरह बोलने की भूल का एक अच्छा उदहारण ब्राउन (Brown,1969, P-233-234) ने दिया है - ब्राउन के एक मित्र को अपने ऊपर काफी गर्व था तथा वह अपने ज्ञान-भंडार को अन्य व्यक्तियों के ज्ञान-भंडार से काफी बड़ा समझता था । एक बार उसे एक सभा में अपने मित्र के लेख पर बधाई देनी थी, सामान्यतः उसे कहना था, "क्या मैं इस महान लेख पर अपना साधारण विचार प्रकट कर सकता हूँ।" परन्तु उसने कहा, "इस निम्न्कोटी के लेख पर मैं अपना महान विचार प्रकट कर सकता हूँ।" उपरोक्त दोनों उदाहरणों से स्पष्ट है कि बोलने कि भूल अचेतन द्वारा प्रेरित होती है।

**(2) नामों को भूलना :** प्रायः हम अपने दैनिक जीवन में परिचित व्यक्तियों, वस्तुओं तथा स्थानों के नामों को स्थायी या अस्थायी तौर पर भूल जाते हैं। कई बार तो बहुत कोशिश करने के बाद भी उनके नाम याद नहीं आते हैं, परन्तु अपने आप फिर बाद में याद आ जाते हैं। यह अस्थायी रूप से भूलने का कारण अर्धचेतन (Semiconscious) होता है। परन्तु स्थायी रूप से भूलना या याद नहीं आने का कारण अचेतन ही होता है। नामों को भूलने के सामान ही हम अन्य बातों को भी भूलते हैं। जैसे किसी से किये गए

वायदों को भूल जाना, किसी से ली गयी वस्तु को लौटाना भूल जाना आदि भी दैनिक जीवन में प्रायः होते रहते हैं, इन सभी तरह की भूलने की क्रिया का कोई स्पष्ट कारण हमें नहीं पता चलता है और हम इसे संयोगवश या निरर्थक होने वाली क्रिया समझकर उस पर ध्यान नहीं देते हैं। परंतु फ्रायड का कहना है कि ये सभी तरह का भूलना निरर्थक या संयोगवश नहीं होते बल्कि ये सार्थक होते हैं और उनका कारण अचेतन या अर्धचेतन में होता है। फ्रायड ने अपनी पुस्तक 'psychopathology of everyday life' में एक अच्छा उदहारण प्रस्तुत किया है जो इस प्रकार है- एक व्यक्ति को किसी महिला से प्रेम हो गया जो कि एक तरफ़ा था। महिला को उस व्यक्ति से प्रेम नहीं था। कुछ दिनों बाद उस महिला की शादी किसी अन्य व्यक्ति से हो गयी। इस व्यक्ति को महिला का प्रेमी पहले से जनता था तथा उसके साथ उनका व्यापारिक संबंध था। पुरानी जान-पहचान होने के बाद भी वह व्यक्ति महिला के पति का नाम भूल जाया करता था। इसका कारण स्पष्ट था कि वह व्यक्ति महिला के पति का नाम तक भूल जाना चाहता था।

(3) **लिखने की भूलें:-** लिखने की भूलें भी हमारे दैनिक जीवन की सामान्य भूलों में से एक है। इस तरह की भूल में व्यक्ति लिखना कुछ और चाहता है और लिख कुछ और ही देता है। प्रायः ऐसी गलतियों का कारण लिखते समय ध्यान न देना या ध्यान का बँट जाना या भाषा-ज्ञान का अभाव माना गया है। परंतु फ्रायड ने विश्लेषणात्मक सबूत देकर यह साबित कर दिया है कि लिखने की भूलें भी अचेतन की दमित इच्छाओं के कारण ही होती है। ब्राउन (Brown,1969) ने इससे सम्बंधित एक उदहारण दिया है, जिसमें डॉ. कार्ल मेनिंगर किसी कार्य से एक व्यक्ति के घर पर मिलने गये। पर उस व्यक्ति ने डॉ. मेनिंगर में कोई रूचि नहीं दिखाई, और मात्र एक साधारण व्यक्ति के रूप में व्यवहार किया। मेनिंगर ने वापस आकर उस व्यक्ति को एक धन्यवाद पत्र लिखा,"मैं आपका धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूँ क्योंकि मेरे सम्मान में आपने कोई शिष्टता नहीं दिखाई।" लेकिन सचमुच में वे लिखना चाहते थे," मैं आपको धन्यवाद करना चाहता हूँ क्योंकि मेरे सम्मान में आपने काफी शिष्टता दिखाई। स्पष्ट है कि डॉ. मेनिंगर उस व्यक्ति के व्यवहार के प्रति आभार प्रकट करने की इच्छा नहीं रखते थे।

(4) **छपाई की भूलें:-** छपाई की भूलें भी हमारे दैनिक जीवन में अक्सर देखने को मिलती हैं। समाचार-पत्रों, पुस्तकों, विज्ञापनों आदि में इस तरह की भूलें देखने को मिलती हैं तथा बाद में इन गलतियों का सुधार भी देखने को मिलता है। चूँकि इस तरह की भूलों में लेखक, प्रूफ संशोधक , कम्पोजीटर और संपादक सबका हाथ रहता है, इसलिए एक व्यक्ति के अचेतन मन के आधार पर इसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है। फिर भी, ऐसी छपने की भूलों में अचेतन मन काम करता है। फ्रायड ने इस प्रकार की भूलों की विस्तृत व्याख्या की है। डॉ. स्टीकेल (Dr. stekel) ने एक बड़ा ही दिलचस्प उदाहरण दिया है। एक समाचार पत्र में छपा, "हमारे पाठक इस सत्य के गवाह हैं कि किस 'स्वार्थ' भाव से हमने हमेशा मानव जाति की सेवा की है।" यहाँ स्पष्ट है कि संपादक 'निःस्वार्थ' भाव छापना चाहता था पर सच्ची बात छप गयी । इस तरह छपने की भूलों से भी उससे संबंधित व्यक्तियों की अचेतन इच्छाएँ संतुष्ट होती हैं।

**(5) पहचानने की भूलें:-** हमारे दैनिक जीवन में पहचानने की भूल भी एक महत्वपूर्ण भूल है। ऐसी भूलें किसी वस्तु, स्थान, किसी व्यक्ति को पहचानने से सम्बंधित होती हैं। अक्सर देखा गया है कि हम किसी अपरिचित व्यक्ति को परिचित व्यक्ति या मित्र समझ लेते हैं, तथा किसी परिचित या वस्तु को देखकर भी पहचान नहीं पाते हैं। पहचानने की इन दोनों तरह की भूलें अधिक सामान्य हैं और इनके द्वारा व्यक्ति के मन में दमित इच्छाओं के बारे में हमें संकेत मिलते हैं। फ्रायड के अनुसार जब कोई व्यक्ति अपने मित्र या प्रेमपात्र को देखना चाहता है तो अपरिचित को ही अपना मित्र या प्रेमपात्र समझ बैठता है। इसके विपरीत परिचित अप्रिय व्यक्ति को भी व्यक्ति नहीं पहचान पाता है।

**(6) वस्तुओं को गलत स्थान पर रखना:-** यह भी दैनिक जीवन की मनोविकृतियों में से एक है। अक्सर देखा गया है कि हम वस्तुओं जैसे- चाभी, महत्वपूर्ण कागज, रुमाल, कलम, डायरी आदि को हम इधर-उधर रख देते हैं, और समय पर जब हम उन्हें खोजते हैं तो वह हमें नहीं मिलती है। दैनिक जीवन की इन भूलों के पीछे भी अचेतन की दमित इच्छायें सक्रिय होती हैं। फ्रायड के अनुसार व्यक्ति में उस वस्तु को अपने सामने से हटा देने की प्रवृति होती है, क्योंकि ऐसा करने से उनकी किसी समस्या या उलझन का समाधान हो जाता है। जोन्स (jones) ने इस संबंध में एक उदाहरण दिया है कि जब उन्हें अधिक खांसी आती थी तो वे अपनी धूम्रपान पाईप भूल से गलत स्थान पर रख देते थे और काफी प्रयास के बावजूद भी वे उसे खोज नहीं पाते थे। परंतु जब खांसी समाप्त हो जाति थी तो धूम्रपान-पाईप मिल जाती थी।

**(7) अनजाने में की गयी क्रियाएँ:-** अनजाने में की गयी गलतियाँ भी हमारे दैनिक जीवन की मनोविकृतियों में शामिल हैं। ऐसी गलतियाँ प्रायः होती है। लोग यह कह कर संतोष कर लेते हैं कि हम बहुत भुलक्कड़ हैं। परन्तु वास्तव में ये गलतियाँ दमित इच्छाओं के कारण ही होती हैं। हम जिस कार्य को करना चाहते हैं, उसके बदले कोई और कार्य कर बैठते हैं। यह कार्य इच्छा के अनुकूल होता है। जोन्स(jones) ने अपने अनुभव के आधार पर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया हैं- एक दिन जोन्स ने एक डिब्बा सिगरेट ख़रीदा, परन्तु पहले वाले डिब्बे में भी कुछ सिगरेट बची हुई थी। उन्हें नई सिगरेट पीने की इच्छा थी, परन्तु मितव्ययित्ता को ध्यान में रखकर वे पुरानी सिगरेट पीने का निर्णय कर किताब पढ़ने में व्यस्त हो गये। किताब पढ़ते-पढ़ते उन्होंने नई सिगरेट को ही पी लिया, जिसका ज्ञान उन्हें बाद में हुआ और वे समझ नहीं पाये कि ऐसी गलती क्यों हुई।

**(8) सांकेतिक क्रियाएँ:-** सांकेतिक क्रियाओं को भी फ्रायड ने दैनिक जीवन कि मनोविकृतियों में रखा है। इन क्रियाओं का कोई अर्थ नहीं होता और ऐसी क्रियाओं को करनेवालों को भी इसका अर्थ ज्ञात नहीं होता है। परन्तु उनके अचेतन मन का विश्लेषण करने पर ये पता चलता है कि ये क्रियाएँ भी सार्थक हैं। इन क्रियाओं के अंतर्गत बटन लगाना और खोलना, बार-बार अंगूठी निकलना और पहनना, ताले की चाभी को हाथ में नचाते रहना आदि क्रियाएं आती हैं। यदि कोई विवाहित स्त्री अपने पति द्वारा दी गयी अंगूठी को बार-बार उँगली से निकलती और पहनती है, तो इसका मतलब यह हुआ कि वह अपने पति से संतुष्ट नहीं है और उससे छुटकारा पाना चाहती है।

**(9) वस्तुओं का खो जाना:-** वस्तुओं का खो जाना भी दैनिक जीवन की भूलों में शामिल हैं। प्रायः हम देखते हैं कि व्यक्ति अपनी किसी वस्तु को किसी ऐसी जगह छोड़ देता है कि बाद में उसे यह बिल्कुल स्मरण नहीं रहता कि उसने उसे रखा कहाँ था। ऐसी स्थिति में वस्तु खो जाती है। उसकी यह भूल भी अकारण नहीं है। सच तो यह है कि यह भूल भी उदेश्यपूर्ण है। फ्रायड ने अन्य भूलों की तरह इस भूल को भी कारणवश व उदेश्यपूर्ण माना है, उनके अनुसार इस भूल के माध्यम से व्यक्ति की दमित इच्छाओं या अचेतन प्रेरणाओं की संतुष्टि होती है, जिससे अचेतन द्वंद्वों का समाधान होता है। उदाहरण के तौर पर, एक लड़की की शादी की अंगूठी शादी की पहली रात में ही खो गयी। लाख कोशिश करने पर भी वह नहीं मिल पायी। मनोविश्लेषण से पता चला कि वह लड़की उस युवक से विवाह करना ही नहीं चाहती थी।

मनोवैज्ञानिकों के बीच इस बात को लेकर सहमति है कि दैनिक जीवन की भूलें कारणवश या उदेश्यपूर्ण होती हैं। ये भूलें निरुदेश्य नहीं होती हैं। फ्रायड (freud) तथा युंग (jung) दोनों इस बात से सहमत हैं कि दैनिक जीवन की प्रत्येक भूल कारणवश या उदेश्यपूर्ण होती हैं। परन्तु इन दोनों मनोवैज्ञानिकों के बीच दैनिक जीवन की भूलों के आधार को लेकर स्पष्ट अंतर है। फ्रायड ने अपने मनोविश्लेषण सिद्धांत (Psychoanalytic theory) के अंतगर्त दैनिक जीवन की विभिन्न भूलों की व्याख्या व्यक्तिगत अचेतन (Personal unconsious) के आधार पर की है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन की भूलों के पीछे व्यक्तिगत अचेतन में दमित इच्छाएँ सक्रिय रहती हैं।

दूसरी और युंग (yung) ने कहा है कि दैनिक जीवन में होनेवाली भूलों के पीछे व्यक्तिगत अचेतन के साथ-साथ सामूहिक अचेतन का भी हाथ होता है। उन्होंने अपने विश्लेषणात्मक सिद्धांत में दावा किया कि दैनिक जीवन की कुछ भूलें ऐसी है जिनकी समुचित व्याख्या व्यक्तिगत अचेतन के आलोक में संभव नहीं है। जैसे हम खेल-खेल में चिड़ियों कि तरह आवाज क्यों निकालते हैं, कभी-कभी हम जानवरों की बोली बोलने की भूल क्यों करते हैं, आदि की व्याख्या सामूहिक अचेतन के आधार पर ही अधिक तर्कसंगत है। अतः दैनिक जीवन की भूलों की समुचित व्याख्या करने में मनोविश्लेषण सिद्धांत का विश्लेषणात्मक सिद्धांत एक दूसरे के सम्पूरक हैं।

## संदर्भ सूची :


[1]. S. Freud: The Psychopathology of Everyday Life, Standard Edition, Vol. VI,

[2]. Meringer and C. Mayer (1948). A sudy on Mistakes in Speech and Reading, p-72

[3]. Ernest Jones, (1953). The Life and Work of Sigmund Freud , vol -1, Basic Books,

[4]. Brown, J.W. (1969). Brown's syndrome. Described in Illustrated Dictionary of Eponymic Syndromes and Diseases and their Synonyms Saunders, Philadelphia.

[5]. Wilhelm Stekel (1950). "The Doubt", Compulsion and Doubt (London: Peter Nevill, 1950)

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# काव्य-शब्दशास्त्रयोः ध्वनिसिद्धान्तविमर्शः



रामकुमारी
अतिथि प्राध्यापिका,
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय,
उज्जैन (मध्यप्रदेशः), भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 137-144
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांशः–** शब्दसाध्वसाधुप्रतिपादकं शास्त्रं शब्दशास्त्रम् आहोस्वित् पदशास्त्रम् व्याकरणशास्त्रमिति वा। साहित्यस्य काव्यस्य वा तत्त्वप्रतिपादकं शास्त्रं साहित्यशास्त्रं काव्यशास्त्रं वेत्ति। ध्वनितत्त्वविषयकविचारः न केवलं साहित्यशास्त्रे विवेचिताः, अपितु वेदाङ्गेषु, उपनिषत्सु दर्शनशास्त्रेषु च अवलोकनेन सर्वत्र दरिदृश्यते।

मुख्यशब्दः– काव्यशब्दशास्त्रः, ध्वनिसिद्धान्तः, विमर्शः।

शब्दसाध्वसाधुप्रतिपादकं शास्त्रं शब्दशास्त्रम् आहोस्वित् पदशास्त्रम् व्याकरणशास्त्रमिति वा। साहित्यस्य काव्यस्य वा तत्त्वप्रतिपादकं शास्त्रं साहित्यशास्त्रं काव्यशास्त्रं वेत्ति। ध्वनितत्त्वविषयकविचारः न केवलं साहित्यशास्त्रे विवेचिताः, अपितु वेदाङ्गेषु,उपनिषत्सु दर्शनशास्त्रेषु च अवलोकनेन सर्वत्र दरिदृश्यते। परञ्च व्याकरणशास्त्रेध्वनिविषयकविहितविचारः सर्वेषु शास्त्रेषु प्रमाणभूतःपरमसिद्धान्तभूतश्च।यतो 'सर्वशास्त्रोपकारकं व्याकरणमिति'। ध्वनिप्रतिपादकः ध्वन्यालोके ध्वनितः आनन्दवर्धनाचार्यः–

**वैयाकरणाः व्याकरणमूलत्वात् सर्वविद्यानाम्।**[1]

**पदमञ्जरीकारा हरदत्तमिश्रा अप्यवोचन् -**

**उपासनीयं यत्नेन शास्त्रं व्याकरणं महत्।**

**प्रदीपभूतं सर्वासां विद्यानां यदवस्थितम्।।**[2]

**पवित्रं सर्वविद्यानामधिविद्यं प्रकाशते।**[3]

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

व्याकरणशास्त्रे न केवलं शब्दतत्त्वानि निहितानि विवेविचानि च,अपि च दार्शनिकतत्त्वानि,काव्यशास्त्रस्य प्रमेयभूता: रसोलङ्कारध्वनिसिद्धान्ता: इत्यादय: अनुसन्धेयविषया: शास्त्रीयरीत्या विवेचिता:।

**किन्नाम ध्वनिरिति?कश्च व्युत्पत्ति:?**

'ध्वनि' शब्दोऽयं 'ध्वन शब्दे' इत्यस्माद् धातो: 'खनिकष्यञ्ज्यसिवसिवनिसनिध्वनिग्रन्थिचरिभ्यश्च'[4] इति सूत्रेण 'इ' प्रत्ययेनैव सिद्धयति।

ध्वनिपदमिदम् अनेकार्थवाचकम्। तद्यथा–

1.ध्वनतीति ध्वनिरिति कर्तृव्युत्पत्त्या व्यञ्जकशब्दे।

2.ध्वन्यते इति ध्वनिरिति कर्मव्युत्पत्त्या व्यञ्जनाशक्तेर्वाचकम्।

3.ध्वननं ध्वनिरिति भावव्युत्पत्त्या रसादिप्रतीतिरर्थ:।

4. ध्वन्यतेऽस्मिन्निति ध्वनिरिति अधिकरणव्युत्पत्त्या उत्तमकाव्यमर्थ:।

**काव्यशास्त्रदृष्ट्याध्वनिविमर्श:-**

साहित्यशास्त्रे रसालङ्कारा:, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति, औचित्यविचारादिप्रमुखविषया: सन्तीति। काव्याभिलाषिणाम् काव्यजिज्ञासूणाञ्च कृते काव्याचार्या: वादप्रतिवादरूपेण स्वप्रतिभाकौशलै: काव्यालङ्कारादिविषया: लौकिकोदाहरणै: दृष्टान्तैश्च प्रतिपादिता:। एतेषु विषयेष्वन्यतम: विषय: अन्यतम: वाद: सिद्धान्तो वास्ति ध्वनिसिद्धान्त:। ध्वनिसिद्धान्तोऽयमतीव रमणीय:गहनीय:वर्तते।

साहित्यदर्पणे तस्य लक्षणं प्रोवाच–

"**वाच्यातिशायिनी व्यङ्ग्ये ध्वनिस्तत्काव्यमुत्तमम्**"[5]

वस्तुतस्तु ध्वनति व्यञ्जनया रसादीन् प्रत्यायतीति ध्वनि: शब्दार्थसमुदाय इत्यर्थ:।

यत्र वाच्यार्थपेक्षया व्यङ्यार्थस्याधिकचमत्कारिता,'ध्वन्यतेऽस्मिन्निति ध्वनि:' इति व्युत्पत्त्या ध्वनिर्नामोत्तमं काव्यम्।

यथा–

**कदली कदली करभ: करभ:,करिराजकर: करिराजकर:।**

**भुवनत्रितयेऽपि विभर्ति तुलामिदमूरुयुगं न चमूरुदृश:।।**

इत्यत्र द्वितीयकदल्यादिशब्दा: पौनरुक्त्यभिया सामान्यकदल्यादिरूपे मुख्यार्थे बाधिता जाड्यादिगुणविशिष्टकदल्यादिरूपमर्थं बोधयन्ति,जाड्यातिशयश्च व्यङ्ग्य:। अत्र वाच्यात् कदल्याद्यर्थ विशेषाद् अधिकचमत्कारी जाड्यातियरूपोऽर्थ:,इति ध्वनिर्नामतोत्तमम् काव्यमिदम्।

अथ च

**यत्रार्थ: शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ।**

**व्यङ्क्त: काव्यविशेष: स ध्वनिरिति सूरिभि: कथित:।।**[6]

यत्र=यस्मिन् काव्ये,वाक्ये,रचनायां वा,अर्थः शब्दो वा वाच्यः वाचको वा उपसर्जनी-कृत स्वार्थौ - उपसर्जनीकृतः=गौणीकृतः,स्वात्मा=वाचकः अर्थश्च =वाच्यश्च येन सः तमर्थम्=वाच्यभिन्नमर्थम्,

प्रतीयमानं पुनरन्यदेव इत्यनया कारिकयाऽभिहितं प्रतीयमानार्थम् व्यक्तः=प्रतीतिविषयीकृतः स=काव्यविशेषः ध्वनिरिति=ध्वनि-नामधेयः,सूरिभिः=बुधैः वैयाकरणैः,काव्यतत्त्वविद्भिःवा कथितः=अभिहितः।

स्वश्च अर्थश्च इति स्वार्थौ।वाच्यवाचकौ व्यंग्यार्थोपकारकत्वात्,गुणीकृत्य व्यंग्यार्थं बोधयतःइत्यत्र तात्पर्यः पर्यवसितः।शब्दश्चार्थश्च व्यङ्ग्यार्थ बोधयत इति ग्रन्थकर्तुराशयः स्वार्थो अप्रधानं कृत्वा इति। अप्रधानोपसर्जने इत्यमरः।

तदुक्तं साहित्यदर्पणे-

**शब्दबोध्यो व्यनक्त्यर्थःशब्दोऽप्यर्थान्तराश्रयः।**

**एकस्य व्यञ्जकत्वे तदन्यस्य सहकारिता।।**

मम्मटाचार्यानुसारम्-

**"इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद्ध्वनिर्बुधैः कथितः।।"**[7]

पण्डितराजजगन्नाथमतानुसारम्-

**'शब्दार्थौ यत्र गुणीभावितात्मानौ**

**कमप्यर्थमङ्कारस्तदाद्यामिति'।**[8]

'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' इति व्यवहारादथ च **काव्यस्यात्मा च एवार्थः**[9]।शब्दार्थशरीरन्तावत् काव्यमिति यत्र काव्यव्यवहारः प्रसिद्धः तत्र शरीरत्वे सति तस्मिन् चैतन्यलावण्यादिप्रतीतौ काव्यस्य आत्मा अपि वक्तव्यमिति। अत एवोच्यते काव्यस्यात्मा इति।काव्यशरीरस्य आत्मतत्त्वं नाम।स एव व्यञ्जनागम्य एव अर्थः। तदेव स्फोटयति -तथा चादिकवेः पुराः।

**काव्यस्यात्मा स एवार्थस्तथा चादिकवेः पुराः।**

**क्रौञ्चद्वन्द्ववियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः।।**[10]

पुरा आदिकविवाल्मीकिः नित्यकर्मनिवृत्तये गच्छन् केनचित् व्याधेन व्यापाद्यमान क्रौञ्चद्वन्द्वमध्ये एकं ददर्श,तदैव अपरया क्रौञ्चा वियोगजन्यकरुणस्थायिभावं शोकं सहृदतयाऽसह्यमान सहसा व्याधं शशाप-

**मा निषाद!प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समा।**

**यत् क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।**[11]

तदेव लौकिकसाहित्यस्यादिभूतं अनुष्टुब्छन्दबद्धं सहसा स्फुरितं काव्यरत्न कवितारूपेण बहिरागतः। सोऽयं प्रतीयमानार्थरूपः करुणरसस्य स्थायिभावश्श्लोकः।

तदेव ध्वनिकारेण प्रथममेवोक्तम् प्रतीयमानमित्यादिना-

**प्रतीयमानं पुनरन्यदेव वस्त्वस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।**

**यत्तत् प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु।।**[12]

कर्मव्युत्पत्त्यानुसारेण ध्वन्यते यः सः ध्वनिरिति ध्वनिपदाभिधेयो व्यङ्ग्यार्थःकाव्यस्यात्मा इति ध्वनिकाराभिप्रायेण सिद्धम्। अयमेव सिद्धान्तश्चापि।

**तत्र ध्वनिः द्विविधः-**

एकः लक्षणामूलः,अपरः अभिधामूलः। तत्र विवक्षिताविवक्षितादि नैकैः भेदोपभेदाः सन्तीति।

**शब्दशास्त्रदृष्ट्याध्वनिविमर्शः** 'ध्वनिः' शब्दस्य प्रयोगः महाभाष्यकारः शब्दानुशासनमिति उपदेशप्रसङे पस्पशाह्निके 'कस्तर्हि शब्दः?' इति प्रश्नोत्तरपक्षं समादधति-

**"प्रतीतपदार्थको ध्वनिः शब्द इत्युच्यते। तद्यथा -शब्दं कुरु,मा शब्दं कार्षीः। शब्दकार्ययं माणवकः इति ध्वनिकुर्वन्नेवमुच्यते। तस्माद् ध्वनिः शब्दः।**[13]

*वैय्याकरणनये ध्वनिप्रकारः*

तत्र तावच्छब्दो द्विविधः स्फोटो ध्वनिश्च[14]।ध्वनिरपि द्विविधः प्राकृतो वैकृतश्च।तत्र प्राकृतो नाम येन विनाऽभिव्यक्तं स्फोटस्वरूपं न परिच्छिद्यते। विकृत एव वैकृत इति प्रज्ञादित्वात् स्वार्थेऽण् प्रत्ययः।प्राकृतेन ध्वनिनाऽस्फोटरूपं येन ध्वनिना प्रचितप्रचिततरं कालं पुनः पुनरिविच्छेदेनोपलभ्यते स वैकृतः।यावदयं ध्वनिर्नोपरमति तावदुपलभ्यते स्फोट इति हि स्थितिः। तदुक्तम्-

**शब्दस्यग्रहणे हेतुः प्राकृतो ध्वनिरिष्यते।**

**वृत्तिभेदे निमित्तत्वं वैकृतः प्रतिपद्यते।।**

प्राकृतध्वनिं विना स्फोटः सामान्यरूपेण विशेषरूपेण वा न भासते।अयमेव ह्रस्वदीर्घप्लुतादिव्यवहारहेतुरिति प्राकृतध्वनिगतकालभेदः प्राकृतध्वन्यभिन्नत्वेन स्फोटे प्रतीयते। वैकृतध्वनिस्तु प्राकृतध्वनिप्रतीतं स्फोटमुत्तरकालं स एवायमित्यनेन चिरकालमुपलम्भयति।वैकृतध्वनिभिः स्फोटो न भिद्यते।

तदुक्तम्-

**शब्दस्योर्ध्वमिभिव्यक्तेर्वृत्तिभेदे तु वैकृताः।**

**ध्वनयः समुपोहन्ते स्फोटात्मा तैर्न भिद्यते।।**[15]

तिसृषु वृत्तिषु समुपोहन्ते कारणानि भवन्ति,स्फोटस्तु तैर्न भिद्यत इति तदर्थः।

अनयोर्ध्वन्योः शब्दोत्पत्तेः प्राग्यानि कम्पनानि भवन्ति,तानि प्राकृतध्वनेःभवन्ति,भवन्ति च शब्दोत्पत्तेः पश्चाद्यान्यनुरणनानि,तानि वैकृतध्वनेरिति विद्वद्भिर्विभावनीयम्।

यथा- केनचित् घटमानयेति वैखरीनादः प्रयुक्तः, सः केनचिच्छ्रोत्रेन्द्रियेण गृहीतः स नाद इन्द्रियद्वारा बुद्धिहृद्गतस्सन्नर्थकबोधकं शब्दं स्वनिष्ठकत्वादिना व्यञ्जयति तस्मादर्थबोधः। स्फुटत्यर्थोऽस्मादिति व्युत्पत्या स्फोटः।

उच्चारयितुस्तु युगपदेव मध्यमावैखरीभ्यां नाद उत्पद्यते।तत्र वैखरीनादो वह्नेः पूत्कारादिवन्मध्यमानादोत्साहकः मध्यमानादस्फोटं व्यञ्जयतीति शीघ्रमेव ततोऽर्थबोधः। परस्य विलम्भेनानुभवसिद्धत्वात्।अतएव **श्रोत्रोपलब्धिबुद्धिर्निर्ग्राह्यः प्रयोगेणाभिज्वलितः आकाशदेशः शब्दः।।**[16]

*<u>**स्फोटध्वन्योः सम्बन्धः**</u>* ध्वनिः सफोटाभिव्यक्तौ निमित्तः।

*यथोक्तं-*

**द्वावुपादान शब्देषु शब्दौ शब्दविदोविदुः।**

**एको निमित्तः शब्दानामपरेऽर्थे प्रयुज्यते।।**[17]

अभिव्यक्तिवादिनः इत्थं प्राह-

**इन्द्रियस्यैव संस्कारः शब्दस्यैवोभयस्य च।**

**क्रियते ध्वनिभिर्वादास्त्रयोभिव्यक्तिवादिनाम्।।**[18]

अत्र त्रयवादाः इत्थं विद्वद्भिः क्रियते-

- ध्वनिभिः इन्द्रियस्यैव नाम श्रवणेन्द्रियस्य संस्कारः क्रियते येन कर्णेन्द्रियः शब्दग्रहणयोग्यतां दधाति स्फोटः अभिव्यक्तश्च भवतीति प्रथमं मतम्।
- ध्वनिभिः शब्दस्यैव संस्कारः क्रियते येन शब्दस्य ग्राह्यत्वशक्तिः उद्बुद्धा भवति।स च शब्दः इन्द्रियग्राह्यः भवतीति द्वितीयं मतम्।
- ध्वनिभिः शब्दस्य इन्द्रियस्य च उभयोः संस्कारः क्रियते यथा चक्षुषा रूपग्रहणे तेजसा द्वयोरपि संस्कारः क्रियते इति तृतीयं मतम्।

ध्वनेः ग्रहणविषयेऽपि वाक्यपदीयकारः इत्थं प्रोवाच-

**स्फोटरूपाविभागेन ध्वनिर्ग्रहणमिष्यते।**

**कैश्चित् ध्वनिरसंवेद्यःस्वतन्त्रोऽन्यैःप्रकल्पितः।।**[19]

अर्थात्

1.स्फोटस्वरूपात् अविभागेन

2.ध्वनिः स्फोटस्य उपलब्धौ असंवेद्यः

3.ध्वनिः स्फोटस्य उपलब्धौ स्वतन्त्रः

शब्दानित्यत्ववादिनां मते स्फोटनादयोः स्वरूपम्

**यः संयोगविभागाभ्यां करणैरुपजन्यते।**

**सःस्फोटःशब्दजाः शब्दा ध्वनयोऽन्यैरुदाहृताः।।**

वैयाकरणनये य:प्राकृत: स:तार्किकमते स्फोट:,यश्च वैकृत:स तर्के ध्वनि:उच्यते। तदेवं तार्किकानुसारं स्फोटध्वन्यो: जन्यजनकभाव सम्बन्ध:। जन्यो ध्वनि:,जनकश्च स्फोट:।[20]

***स्फोटवाद:***

शब्दशास्त्रे नैकेषु सिद्धान्तेष्वन्यतम: सिद्धान्त: भाषाविज्ञानस्य चोद्धारक: मूलसिद्धान्त: स्फोटायनाचार्येण[21] प्रवर्तित:स्फोटवाद:।

*स्फोटस्वरूपम्*

- स्फुट्यते ध्वनिना अभिव्यज्यते इति कर्मव्युत्पत्त्या स्फोट:।
- स्फुटत्यर्थोऽनेनेति करणव्युत्पत्त्या च घञन्त: स्फोटशब्द: निष्पद्यते।
- ध्वनिव्यङ्ग्यत्वे सति अर्थविषयकबोधजनकत्वं स्फोट:।
- वर्णातिरिक्तो वर्णाभिव्यङ्ग्योऽर्थप्रत्यायको नित्य: शब्द: स्फोट:। अर्थात् यद्बलादर्थप्रतीति: स: स्फोट:।

**अयं स्फोट: अष्टविध:-**

अष्टविधस्फोटात्मको शब्दो वृत्याश्रय:।तत्र वर्णपदवाक्यभेदेन स्फोटस्त्रिधा। तत्रापि जातिव्यक्तिभेदेन पुन:षोढा। अखण्डपदस्फोटोऽखण्डवाक्यस्फोटश्चेति संकलनयाऽष्टौ स्फोटा:।[22]

तथा हि–

1.वर्णस्फोट:

2.पदस्फोट:

3.वाक्यस्फोट:

4.वर्णजातिस्फोट:

5.पदजातिस्फोट:

6.वाक्यजातिस्फोट:

7.अखण्डपदस्फोट:

8.अखण्डवाक्यस्फोट:

एतेषु वाक्यस्फोटो मुख्य:,**तस्यैव लोकेऽर्थबोधकत्वात्तेनैवार्थसमाप्तश्चेति।** तदाह न्यायभाष्यकार:–

**पदसमूहो वाक्यामर्थसमाप्तौ इति।**[23]

स्फोटस्याखण्डत्वपक्षमाह हरि:–

**पदे न वर्णा विद्यन्ते वर्णेष्ववयवा न च।**

**वाक्यात्पदानामत्यन्तं प्रविवेको न श्चन।।**[24]

**वाणीभेद:** –

कोऽयं स्फोट: इति जिज्ञासायामुच्यते– चतुर्विधा[25] हि वागस्ति।

1.परा

2.पश्यन्ती

3.मध्यमा

4.वैखरी

**परावाङ्मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभिसंस्थिता।**

**हृदिस्था मध्यमा ज्ञेया वैखरी कण्ठदेशगा।।**

**वैखर्या हि कृतो नादः परश्रवणगोचरः।**

**मध्यमया कृतो नादः स्फोटव्यञ्जक उच्यते।।**

**परा**–

पवनसंस्कारीभूता मूलाधारस्था शब्दब्रह्मरूपा स्पन्दशून्या बिन्दुरूपिणी परा वागुच्यते।

**पश्यन्ती**– ततः नाभिपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनाभिव्यक्ता मनोगोचरीभूता पश्यन्ती वागुच्यते।

**मध्यमा** – ततो हृदयपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनाभिव्यक्ता तत्तदर्थवाचकस्फोटरूपा श्रोतग्रहणयोग्यत्वेन सूक्ष्मजपादौ बुद्धिनिर्गाह्या मध्यमा वागुच्यते।

**वैखरी** –तत आस्यपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनोर्ध्वमाक्रामता च मूर्धानमाहत्य परावृत्य च ततस्थानेष्वभिव्यक्ता परश्रोत्रेणापि ग्राह्या वैखरी वागुच्यते। एवं रीत्या व्याकरणशास्त्रे साहित्यशास्त्रे च ध्वनिसिद्धान्तः प्रतिपादितः। उभयोः प्रयोजनं तु धर्मार्थकाममोक्षेति चतुर्विध पुरुषार्थः प्राप्तिः आनन्दप्राप्तिः ब्रह्मानन्दावाप्तिश्च।

**सन्दर्भाः-**


1. ध्वन्यालोकः,आचार्य विश्वेश्वरः,ज्ञानमण्डल लिमिटेड,वाराणसी
2. वाक्यपदीयम्,
3. वाक्यपदीयम्,1.14
4. उणादिकोषः, 4.140
5. साहित्यदर्पणः, 4.23,व्याख्याकारः–शालिग्राम,प्रकाशनम्,मोतीलाल बनारसीदास
6. ध्वन्यालोकः,1 कारिका– 13
7. काव्यप्रकाशः, कारिका–4,आचार्य विश्वेश्वरः
8. रसगङ्गाधरः, 1 सूत्रम्–2
9. ध्वन्यालोकः,कारिका–5
10. ध्वन्यालोकः, 1 कारिका–5
11. वाल्मीकिरामायणम्,1.1
12. ध्वन्यालोकः,प्रथम.कारिका.4

13. महाभाष्यम्,पस्पशान्हिके
14. वैयाकरणसिद्धान्तदिग्दर्शनम्,डॉ.बोधकुमारझा:
15. वाक्यपदीयम्,कारिका 1.77
16. वर्णोच्चारणशिक्षा
17. वाक्यपदीयम्,ब्रह्मकाण्डम्, का.43
18. वाक्यपदीयम्, ब्रह्म.का.78
19. वाक्यपदीयम्,ब्रह्म.का.80
20. वैयाकरणसिद्धान्तदिग्दर्शनम्
21. अष्टाध्यायी,6.1.123
22. परमलघुमञ्जूषा,प्रो.बोधकुमार झा
23. तदेव
24. वाक्यपदीयम्,ब्रह्म.का.73
25. वैयाकरणसिद्धान्तदिग्दर्शनम्

**अन्यसहायकग्रन्थबेबसाइटपत्रपत्रिकासूची-**

1. पाणिनीय शब्दानुशासनम्,सम्पादक:-सत्यानन्द:वेदवागीश:
2. विद्यारश्मि:,राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,मुम्बई
3. वैयाकरणभूषणसार:,बालकृष्ण पंचोली
4. Sanskrit.nic.in

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# हिन्दू विधि (लॉ) के प्राचीन स्रोत के रूप में श्रुतियों और स्मृतियों का महत्त्व



**डॉ. सर्वेश कुमार**
असिस्टेंट प्रोफेसर,
संस्कृत विभाग,
के.एन.आई.पी.एस.एस.,
सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 145-150
Publication Issue :
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश** – हिन्दू विधि एक–दो सदी में विकसित होने वाली विधि नहीं है। बल्कि यह काल के प्रवाह के साथ वैदिक युग से निरन्तर चली आ रही प्रक्रिया है। समाज में होने वाले बदलाव और सामाजिक आवश्यकतानुरूप इसमें अनेकानेक परिवर्तन होते रहे हैं। वर्तमान हिन्दू विधि के संहिताबद्ध हो जाने पर भी कुछ विषयों (जो आज भी असंहिताबद्ध हैं) के सन्दर्भ में आज भी स्मृतियाँ और टीकायें प्रामाणिक बनी हुयी हैं।

**मुख्य शब्द** – हिन्दू विधि, श्रुति, स्मृति, प्रथा, सामाजिक, वेद।

हिन्दू विधि का उद्भव वैदिक काल से ही माना जाता है। विधि का कार्य सामाजिक आवश्यकताओं और ध्येयों की पूर्ति करना है, यह अनिवार्य है कि विधि बदलती सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप हो। हिन्दू–विधि–व्यवस्था की श्रेष्ठता इसी में रही है कि बदली हुई समाज व्यवस्था के साथ–साथ इसका प्रवाह बदलता रहा है।

हिन्दू–विधि का प्रथम स्रोत वेद–वेदाङ्ग एवं उपनिषद् हैं। विधि शास्त्र में हिन्दू–विधि को ईश्वर प्रदत्त अर्थात् ईश्वर द्वारा मनुष्य को दिये गये आदेश और उपदेश के रूप में माना गया है। गौतम ने "वेदो धर्ममूलम् तद्विदां च स्मृतिशीले।"[1] कहकर स्पष्ट रूप से वेद को ही प्राथमिक प्रमाण के रूप में स्वीकार किया है। ध्यातव्य है कि वेद को धर्म का मूल मानने के पीछे का कारण वेद का अपौरुषेय होना है। स्मृतियाँ भी वेद पर आधारित होने के कारण प्रमाण हैं।

लौकिक विधियों यथा– उपनयन, शिक्षा, समावर्तन, विवाह, न्याय आदि के लिये समाज को आधार माना गया है। उनसे सम्बन्धित विधियों को आचार्यों द्वारा समय–समय पर समाज के विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित एवं व्यवस्थित किया जाता था। ये विधियाँ न तो सार्वकालिक होती थीं और न ही सार्वभौमिक। सामयाचारिक होने के कारण इनमें समय–समय पर देश–काल, परिस्थिति आदि के आधार पर परिवर्तन होते रहते थे। यही कारण है कि संस्कृत साहित्य में विधियों को निर्धारित करने वाले धर्मसूत्रों, धर्मप्रश्नों, स्मृतियों, पुराणादि ग्रन्थों की एक लम्बी श्रृंखला हो गयी है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

गौतम ने तो कृषक, व्यापारी, गोपालक, महाजन और शिल्पी को भी अपने–अपने वर्ग में प्रमाण स्वीकार किया है।[2] बौधायन तथा वशिष्ठ ने श्रुति और स्मृति के अभाव में शिष्ट जनों के आचरण, देश, जाति और कुल को भी प्रमाण माना है–

**उपदिष्टो धर्मः प्रतिवेदम्। स्मार्तो द्वितीयः। तृतीयः शिष्टागमः।**

**तत्र तत्र देशप्रमाण्यमेवस्यात्।[3]**

**श्रुतिस्मृतिनिहितो धर्मः। तदलाभेशिष्टाचारः प्रमाणम्।**

**देशधर्मजातिधर्मकुलधर्मान्श्रुत्यभावादब्रवीन्मनुः।[4]**

आगे चलकर स्मृतिकार मनु ने वेद, स्मृति तथा श्रेष्ठ जनों के आचरण के अतिरिक्त अन्तरात्मा की प्रसन्नता (स्वयं का अभीष्ट आचरण) को भी विधि का स्रोत माना है। इस तरह जिन विषयों के सम्बन्ध में वेदादि ग्रन्थों में उल्लेख नहीं किया गया था, उन विषयों के सन्दर्भ में मनु ने व्यक्ति के अन्तरात्मा की प्रसन्नता को विधि का स्रोत मानकर इसे अत्यन्त व्यापक बना दिया है–

**श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।**

**एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद् धर्मस्य लक्षणम्।।[5]**

याज्ञवल्क्य के अनुसार वेद, स्मृति, सदाचार, जो स्वयं को उचित लगे तथा सम्यक् संकल्पों से उत्पन्न इच्छाएँ ये पाँचों हिन्दू–विधि के स्रोत हैं।[6] इन सभी के द्वारा धर्म–निर्णय न हो पाने की दशा में 'दशावरा परिषद्' को भी प्रमाण माना गया है। इन्हीं कारणों से विधि शास्त्री पारस दीवान ने हिन्दू विधि के स्रोतों को दो भागों में बाँटकर अध्ययन किया है[7]–

**हिन्दू विधि के स्रोत**

- **(A) मूल या प्राचीन स्रोत**
  - श्रुति
  - स्मृति
  - टीका एवं निबन्ध
  - परम्परा और प्रथा
- **(B) आधुनिक या द्वितीय स्रोत**
  - साम्या, न्याय, सुआत्मा
  - पूर्व निर्णय
  - विधायन

हिन्दू विधि के इन स्रोतों का संक्षेप में विवरण इस प्रकार है–

### मूल स्रोत (प्राचीन स्रोत)

**श्रुति –** 'श्रुति' का शाब्दिक अर्थ है– श्रवण किया हुआ। ईश्वर की वह वाणी जो हमारे ऋषि–मुनियों ने श्रवण की और हमें दी, श्रुति कहलाती है। श्रुति का ही दूसरा नाम वेद है। वेद चार हैं– ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। ऋग्वेद ही प्राचीनतम और मुख्य वेद है, जिसमें व्यावहारिक विधि का आभास मिलता है। सामवेद केवल मन्त्र और प्रार्थना आदि का ही उल्लेख करता है। जहाँ तक यजुर्वेद का प्रश्न है इसमें यज्ञ, हवन आदि प्रक्रियाओं का उल्लेख है और अथर्ववेद में मन्त्र द्वारा सांसारिक सुख प्राप्त करने का प्रयास उल्लिखित है। इस प्रकार व्यावहारिक हिन्दू विधि का उल्लेख

केवल ऋग्वेद में मिलता है। इसमें तीन प्रकार के विवाह– ब्रह्म, असुर और गन्धर्व का उल्लेख है और पुत्र एवं पुत्राधिकार के सम्बन्ध में भी प्रावधान हैं।

ऋग्वेद में आर्य लोगों के जीवन–निर्वाह के तरीके, विचार और आचरण का वर्णन है। एक स्थान पर ऋग्वेद में लिखा है कि– जब आर्य इन्द्र की पूजा करते थे तो उससे प्रार्थना करते थे कि– "हे इन्द्र! हमें ऋत की राह पर ले चलो। वह राह जो सही राह है। जो हमारे पूर्वजों और वृहद् मानव ने बतायी है।"[8]

**स्मृति** – स्मृतियों के साथ विधि के क्रमबद्ध और सुव्यवस्थित विकास के युग का आरम्भ होता है। इसीलिए स्मृतियों को भारतीय विधि का 'स्वर्ण युग' कहा जाता है। 'स्मृति' पद का शाब्दिक अर्थ स्मरण से है। ऐसा माना जाता है कि ईश्वर ने जो कुछ ऋषियों को उपदेश दिया, वह ऋषियों ने अपने शिष्यों और पुत्रों को दिया। चूँकि प्राचीन काल में लेखन का प्रचलन कम या फिर नहीं के बराबर था अतः याद्दाश्त के आधार पर ही ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपदेश पीढ़ी दर पीढ़ी एक ऋषि से दूसरे ऋषि तक स्थानान्तरित होते रहे और इन्होंने बाद में स्मृतियों का रूप ले लिया।

प्राचीन स्मृतियों (धर्म सूत्रों) में आपस्तम्ब, गौतम, बौधायन, हारीति, कात्यायन, अत्रि, अंगरीष, बृहस्पति, पराशर, व्यास, यम, वशिष्ठ और विष्णु आदि प्रमुख ऋषियों द्वारा लिखित स्मृतियाँ हैं। वहीं आधुनिक स्मृतियों में मनु, याज्ञवल्क्य, नारद, पराशर आदि प्रमुख स्मृतियाँ हैं–

**(i) मनुस्मृति** – मनुस्मृति के आठवें अध्याय में व्यवहार यानि हिन्दू विधि को अट्ठारह विषयों में विभाजित करते हुए दीवानी और आपराधिक विधि को अलग–अलग बताया गया है। ये अट्ठारह विषय निम्न हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज की वसूली | 2. | धरोहर और गिरवी |
| 3. | स्वामित्व बिना विक्रय | 4. | भागीदारी के सम्बन्ध |
| 5. | दान | 6. | मजदूरी का भुगतान न होने पर |
| 7. | अनुबन्ध की अनुपालना | 8. | क्रय–विक्रय का निरसन |
| 9. | स्वामी–सेवक के बीच विवाद | 10. | सीमा से सम्बन्धित विवाद |
| 11. | प्रहार | 12. | मनहानि |
| 13. | चोरी | 14. | दंगा एवं लूटपाट |
| 15. | जारता | 16. | पति–पत्नी के कर्त्तव्य |
| 17. | विभाजन | 18. | जुआ, शर्त आदि |

मनुस्मृति में दण्ड को विशेष महत्त्व दिया गया है और कहा गया है, राजा दण्ड व्यवस्था द्वारा ही शासन कर सकता है। राजा को विधि से ऊपर स्थान प्राप्त नहीं है, विधि सर्वोपरि है। कुछ स्थानों पर मनु ने कट्टरपंथी विचारों और सिद्धान्तों का प्रवर्तन किया है। स्त्री और शूद्रों के प्रति उनके विचार प्रायः कठोर थे। उन्हें सम्पत्ति का स्वामी भी नहीं

माना है। इस प्रकार यद्यपि मनुस्मृति के कुछ प्रावधान संकुचित और अव्यावहारिक हैं किन्तु वह मूल हिन्दू विधि की प्रथम दिग्दर्शिका है, इस बात में कोई सन्देह नहीं है।

**(ii) याज्ञवल्क्य स्मृति** – याज्ञवल्क्य स्मृति मनुस्मृति की अपेक्षा अधिक संश्लेषणात्मक, संक्षिप्त, उदार और युक्ति–युक्त है। इसमें स्पष्ट रूप से हिन्दू विधि के सिद्धान्त और नियमों की विवेचना की गयी है। यह स्मृति शूद्र और स्त्रियों के प्रति भी उदार है और उन्हें सम्पत्ति पर सीमित स्वामित्व का अधिकार भी देती है।

**टीका एवं निबन्ध** – हिन्दू विधि के विकास में भाष्य, निबन्ध एवं टीकाओं का महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्मृतियों में निर्धारित विधि के नियम और सिद्धान्त कहीं–कहीं अस्पष्ट थे और किन्हीं विषयों पर उनका नितान्त अभाव था। यही नहीं एक स्मृति दूसरी से भिन्न थी और कभी–कभी एक ही विषय पर विपरीत नियम प्रतिपादित करती थी।[9] कभी–कभी एक ही स्मृति में विरोधात्मक निर्णय थे, अतः यह आवश्यक था कि विधिक नियमों, सिद्धान्तों और संस्थाओं का विश्लेषण किया जाय, उन्हें आत्मसात किया जाय और सुव्यवस्थित रूप दिया जाय। यही कार्य टीकाकारों और निबन्धकारों ने किया।

मनुस्मृति पर मेधातिथि, गोविन्दराज, उल्लूकभट्ट, असहाय और विष्णु स्वामी ने टीकायें लिखी हैं, इनमें उल्लूकभट्ट की टीका हिन्दू विधि के नियमों की व्याख्या की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

याज्ञवल्क्य स्मृति पर भी बालक्रीड़ा (विश्वरूप), अपरादित्य (अपरार), वीरमित्रोदय (मित्रमिश्र), मिताक्षरा (विज्ञानेश्वर) आदि टीकायें लिखी गईं। इन टीकाओं में ग्यारहवीं सदी में लिखी गई विज्ञानेश्वर कृत मिताक्षरा टीका का महत्त्वपूर्ण स्थान है। बंगाल और असम के कुछ भागों को छोड़कर अधिनियमित हिन्दू–विधि से पूर्व मिताक्षरा विधि ही लागू थी। प्रिवी कौंसिल ने बुधासिंह बनाम ललतुसिंह[10] के वाद में मिताक्षरा को हिन्दू–विधि की व्याख्या का मूल ग्रन्थ माना है।

**परम्परा और प्रथा** – हिन्दू विधि का चौथा प्राचीन स्रोत परम्परा है। कहीं–कहीं इसे सदाचार भी कहा गया है। कौटिल्य ने इसको चरित्र नाम दिया है। परम्परा वे नियम हैं जो किसी विशेष परिवार या प्रदेश में लम्बे समय से रीति के रूप में पालन की जा रही हैं और जिसने विधि की शक्ति प्राप्त कर ली है।[11] एक मान्य परम्परा जो विधि का स्थान लेना चाहती है, के लिए निम्न अर्हताओं का होना आवश्यक है–

1. **परम्परा प्राचीन होनी चाहिए**
2. **परम्परा के पालन में निरन्तरता होनी चाहिए**
3. **परम्परा निश्चित होनी चाहिए**
4. **परम्परा युक्तिसंगत होनी चाहिए**
5. **परम्परा में नैतिकता होनी चाहिए**
6. **परम्परा लोकनीति के विरुद्ध नहीं होनी चाहिए**
7. **परम्परा विधि के विरुद्ध नहीं होनी चाहिए**

**आधुनिक स्रोत** – हिन्दू विधि के वर्तमान स्रोत हैं – साम्या, न्याय, सु–आत्मा, पूर्वनिर्णय और विधान। इनका क्रमशः विवेचन इस प्रकार है–

**साम्या, न्याय और सु–आत्मा** – सन् 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट और उसके अन्तर्गत पारित 1774 के चार्टर एक्ट के द्वारा उच्चतम न्यायालय को अधिकार दिया गया था कि यदि भारत में हिन्दू या मुस्लिम विधि के अन्तर्गत किसी विषय पर प्रचलित नियम नहीं मिल रहे तो न्यायालय साम्या, न्याय और स्वविवेक के आधार पर उस विषय पर निर्णय

दे सकता है। उदाहरण के लिए हिन्दू वसीयत अधिनियम 1870 से पूर्व प्राचीन शास्त्रिक हिन्दू–विधि में किसी हिन्दू द्वारा अपनी सम्पत्ति का वसीयत से हस्तांतरण करने का कोई प्रावधान नहीं था फिर भी हिन्दू द्वारा अपनी सम्पत्ति को वसीयत से हस्तांतरित करने पर प्रिवीकौंसिल ने जितेन्द्र मोहन टेगौर बनाम ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर[12] के वाद में वैध माना था। गौतम स्मृति से भी यह आभास मिलता है कि जहाँ किसी विषय पर दस गणमान्य व्यक्ति अपना एक ही मत दें तो उसे उचित और स्वीकार्य माना जाय।[13]

बृहस्पति के अनुसार भी कोई निर्णय केवल शास्त्र के नियमों के अनुसार देना ही पर्याप्त नहीं है क्योंकि जो निर्णय युक्तिहीन हैं उससे न्याय का हनन होता है।[14] याज्ञवल्क्य का भी मानना है कि यदि किसी विषय पर विरोधाभासी नियम हो तो उस विषय पर निर्णय द्वारा युक्ति देना चाहिए। इसी प्रकार कात्यायन का भी कथन है कि न्याय और युक्ति के प्रतिकूल कुछ भी मान्य नहीं होना चाहिये।

स्पष्ट है कि न्याय और युक्ति का सिद्धांत न केवल विधि की अपूर्णता को पूर्ण करने के लिये किया गया है, बल्कि न्याय, युक्ति और सद्भावना के प्रतिकूल शास्त्रीय विधि के नियमों के अपखंडन के लिये भी किया गया है। इस सिद्धांत का प्रयोग विधि के कठोर नियमों की कठोरता को कम करने के लिये भी किया गया है। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से विधान किया है कि हिन्दू–विधि में किसी नियम के अभाव में न्यायालय किसी भी वाद पर साम्या, न्याय और सु–आत्मा के अन्तर्गत निर्णय दे सकता है, यदि ऐसा करना हिन्दू विधि के किसी सिद्धांत के प्रतिकूल न हो।[15]

**पूर्व निर्णय** – न्यायिक निर्णय का यह महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के लिए बाध्यकारी होंगे (अनु. 141) केवल उच्चतम न्यायालय ही अपने पूर्व निर्णयों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और वह अनु. 137 के तहत अपने निर्णयों का न्यायिक पुनरावलोकन कर सकता है। वर्तमान में सभी निर्णयों को लिखित रूप में देने तथा उसे संरक्षित रखने की व्यवस्था है।

**विधायन** – विधायन हिन्दू–विधि का आधुनिक स्रोत है। स्वतंत्रता के बाद हिन्दू–विधि जो कि प्रमुखतः असंहिताबद्ध थी, प्रमुख विषयों पर अधिनियमों द्वारा संहिताबद्ध कर दी गयी। यथा– हिन्दू–विवाह अधिनियम, 1955; हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956; हिन्दू अवयस्कता और संरक्षकता अधिनियम, 1956; हिन्दू दत्तक भरण–पोषण अधिनियम, 1956; दहेज प्रतिबंध अधिनियम, 1961; पारिवारिक न्यायालय अधिनियम, 1984; हिन्दू उत्तराधिकार संसोधन अधिनियम, 1905; हिन्दू–विवाह मान्यता अधिनियम, 1950 के तहत अन्तर्जातीय विवाह को मान्य किया गया। इस प्रकार हिन्दू–विधि के विविध स्रोत हैं जो हिन्दू विधि को एक दृढ़ आधार प्रदान करते हैं।

**निष्कर्ष** रूप में हम कह सकते हैं कि हिन्दू विधि एक–दो सदी में विकसित होने वाली विधि नहीं है। बल्कि यह काल के प्रवाह के साथ वैदिक युग से निरन्तर चली आ रही प्रक्रिया है। समाज में होने वाले बदलाव और सामाजिक आवश्यकतानुरूप इसमें अनेकानेक परिवर्तन होते रहे हैं। वर्तमान हिन्दू विधि के संहिताबद्ध हो जाने पर भी कुछ विषयों (जो आज भी असंहिताबद्ध हैं) के सन्दर्भ में आज भी स्मृतियाँ और टीकायें प्रामाणिक बनी हुयी हैं।

**सन्दर्भ**

---

[1] *गौ. धर्म.* 1/1/1–2

[2] कर्षकवणिक्पशुपालकुसीदिकारवः स्वे स्वे वर्गे। *गौ. धर्म.* 2/2/21

[3] *बौ. धर्म.* 1/1/1/1–4, 1/1/2/6

[4] *वशि. धर्म.* 1/4–5

[5] *मनु.* 2/12

[6] श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्व च प्रियमात्मनः।
सम्यक् संकल्पः कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम्।। *याज्ञ.* 1/7

[7] *आधुनिक हिन्दू विधि,* पारस दीवान, पृ. 11

[8] *ऋ.* 8/40/1

[9] विरोधेत्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनुमानम्। *जैमिनीय सूत्र* 1/3/3

[10] ए.आई.आर. 1915 पी.सी. 70

[11] हरप्रसाद बनाम शिवदयाल (1876)3 आई.ए. 259

[12] जितेन्द्र मोहन टैगोर बनाम ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर, ए.आई.आर. (1928), लाहौर 902

[13] *गौ. धर्म.* 2/28/48

[14] *बृह. धर्म.* 2/12

[15] गुरुनाथ बनाम कमलाबाई (1951)। सु.को. रिपोर्ट्स 1135

# शैक्षिक गुणवत्ता और शिक्षकीय कौशल



डॉ. विनय कुमार
प्राचार्य,
त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन,
नवादा, बिहार, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 151-155

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Oct 2020
Published : 20 Oct 2020

**सारांश**

शिक्षक का व्यवसायिक प्रशिक्षण कितना अहम हैं, इस ओर दवे 'शिक्षा में नवचिंतन' में जिक्र करते हैं कि टीचर प्रतिदिन अपने को नया करने तथा नए अंदाज में प्रस्तुत करने की मांग करता है। इसलिए एक टीचर को टीचिंग के लिए सदैव नवीनता की खोज करते रहना होगा। नवीनता के लिए जरूरी है कल्पना, कौतुक, जिज्ञासा और आनंद्दायी भावना। इसका अर्थ यह हुआ कि शिक्षण एक आनंद्दायी काम है। इस आनंद का प्रतिदिन अन्वेषण करते रहना ही एक शिक्षक का कर्म और धर्म है।

**मुख्य शब्द**—शैक्षिक, गुणवत्ता, शिक्षकीय, कौशल, व्यवसायिक, कर्म, धर्म।

समाज के समुचित विकास और संवर्द्धन में जिन महत्वपूर्ण तत्वों में शिक्षा सुरक्षा और स्वास्थ्य आदि को शामिल किया जाता है, इनमें से कोई भी कड़ी यदि कमजोर पड़ती है तो समझना चाहिए कि समाज व देश का विकास सही और समुचित दिशा में नहीं हो रहा है। यदि उपरोक्त किसी भी एक के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है तो इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि उस समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो रहा है। सरकारें आती जाती हैं लेकिन प्रतिबद्धताएं, समस्याएं, चिंताएं यथावत् समाधान के इंतजार में अपनी जगह पर बरकरार रहती हैं। हमने आजादी के बाद भी यह दुहराना नहीं छोड़ा कि समाज का विकास करना है तो शिक्षा को दुरूस्त करना होगा। वह 1952 की समिति हो, 1964—66 की कोठारी आयोग की संस्तुतियां हों, 1968 को राष्ट्रीय षिक्षा नीति हो, 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति हो, 1990—92 की आचार्य राममूर्ति पुनरीक्षा समिति हो, 2002 की संविधान के 86वें संशोधन के पश्चात् प्राथमिक शिक्षा को मौलिक अधिकारों की धारा 21 में 'ए' को शामिल करना हो आदि। इन उपरोक्त समितियों, आयोगों और घोषणाओं आदि की रोशनी में हमें यह देखने की आवश्यकता है कि क्या हमने इन संस्तुतियों को प्राथमिक शिखा को बेहतर करने के लिए किस प्रतिबद्धता के साथ काम किया। इस बाबत जे0पी0 नाईक शिक्षा आयोग और

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

उसके बाद किताब में जिक्र करते हैं कि सार्जेंट रिपोर्ट ने प्रस्तावित किया था कि 6–11 वर्ष के सब बच्चों के लिए सर्वव्यापी प्रारंभिक शिक्षा 1984 तक उपलब्ध करा देनी होगी। नाईक आगे लिखते हैं कि 6–11 वर्ष के सभी बच्चों के लिए 1980–81 तक और 11–14 वर्ष के सभी बच्चो के लिए 1985–86 तक सर्वव्यापी शिक्षा प्रदान की जाए।

हर बार सरकारों ने शिक्षा संबंधी कई सारी घोषनाएं कीं, किन्तु प्राथमिक शिक्षा की दशा दिशा अभी भी हमारे तय लक्ष्य से दूर है। यहाँ यह भी बताते चलें कि 1968 में यह बात कहीं और स्वीकारी गई थी कि 1986 तक सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान कर दी जाएगी। शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर जिस प्रकार की चिंता शिक्षा जगत में देखी सुनी जाती है वह पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि शिक्षक वर्ग जिस शिद्दत से गंभीर व्यावसायिक प्रशिक्षण और अंतः सेवाकालीन प्रशिक्षण की मांग करते हैं उस ओर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितने की दरकार है। शिक्षा आयोग और उसके बाद किताब में जे0पी0 नाईक इस ओर ध्यान दिलाते हैं कि शिक्षा के स्तर सबसे अधिक शिक्षकों की गुणवत्ता, प्रतिबद्धता और योग्यता पर निर्भर करेंगे, अतः इनकी उन्नति के लिए पूरा प्रयत्न करना चाहिए। अध्यापकों के चयन प्रक्रिया में सुधार हो और उनके कार्य और सेवा की शर्तों को संतोषजनक बनाने का प्रयत्न किया जाए। शिक्षक के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुधार हो, चुने हुए केन्द्रों में शिक्षा विद्यालय स्थापित किया जाए और प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण को विश्वविद्यालय प्रणाली में समेंकित किया जाए।

शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के आर्थिक मदद की जरूर पड़ती है। गौरतलब है कि 1964–66 में कोठारी आयोग ने तब सकल घरेलू उत्पाद के 6 फीसदी दिए जाने की सिफारिश की गई थी। यदि आज से 2012–13, 2013–14 और 2015–16 के बजट को देखें तो हम बामुश्किल 3 फीसदी ही शिक्षा को बेहतरी के लिए खर्च कर रहे हैं। वर्तमान सरकार ने शिक्षा के मद में दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में ऐतिहासिक कटौती की गई। इसमें सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन आदि में भारी कटौती की गई। इस पहल की आलोचना शैक्षिक क्षेत्र की हुई। तमाम शिक्षाविदों, अर्थशास्त्र के जानकार मानते हैं कि शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की भविष्य को बेहतर बनाना है तो सरकार को शिक्षा के मद में कैंची नहीं चलानी चाहिए थी। यहां याद दिला दे ंतो 2000 में जब डकार में सम्मेलन हुआ जहां 1990 में घोषित सभी के लिए शिक्षा की पुनरीक्षा हो रही थी तब भारत सरकार ने कहा था कि हमें आर्थिक मदद चाहिए ताकि हम तय समय सीमा के भीतर शिक्षा के अधिकार को पूरा कर पाएं। यही वह वर्ष है जब वैश्विक स्तर पर भारत को तमाम श्रोतों से आर्थिक मदद मिलने शुरू हो गए।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत करोड़ रूपए सरकार को हर वर्ष मिले। यदि इस लिहाज से देखें तो शिक्षा को उस अनुपात में सुधार नहीं हुए। आर्थिक मार झेल रही प्राथमिक शिक्षा को कैसे बेहतर बनाया जाए इसके लिए कई स्तरों पर योजनाएं बनाई गई। कोठारी आयोग ने कहा था कि यदि प्राथमिक शिक्षा में

गुणवत्ता सुनिश्चित करना है तो कक्षा में 25/1 यानी बच्चे और शिक्षक के अनुपात होने चाहिए लेकिन यह अनुपात सरकारी स्कूलों में अभी भी दूर की कौड़ी है। इसके पीछे के कारणों को सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों इस रूप से पहचान हो कि हमारे स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं है। शिक्षकों की कमी को पूरा करने का एक वैकल्पिक रास्ता यह 1990 के आसपास यह निकाला गया कि हम कम प्रशिक्षित पैरा टीचर, शिक्षा मित्र, अनुबंधित शिक्षकों से कक्षा में शिक्षण का काम लेंगे। यह एक ऐतिहासिक कदम था। प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा मित्रों के हवाले शिक्षा को छोड़ दिया गया। प्रो0 अनिल सद्गोपाल की नजर में यह उदारीकरण और प्राथमिक शिक्षा में विश्व बैंक का प्रवेश काल था। प्रो0 सद्गोपाल आगे कहते हैं कि यह एक सरकारी तंत्र को भारत की हाथों से झीन का बाजार को सौंपने से कम नहीं था। हमने अपनी शैक्षिक नीति और दिशा तय करने के लिए विश्व बैंकों को आमंत्रित किया। आज भी प्राथमिक स्कूलों में देश भर में लाखों पद खाली हैं जिन पर शिक्षा मित्र और अनुबंधित शिक्षक खट रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा में इस तदर्थवादी पहल ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को खासा प्रभावित किया। शिक्षाविद् प्रेमपाल शर्मा शिक्षा–कुशिक्षा किताब में लिखते हैं कि आज प्राथमिक शिक्षा में सबसे भयावह स्थिति और बोझ समझ का तो है ही साथ भाषा के तौर पर अंग्रेजी की ज्यादा है। हमारे अधिकांश बच्चे अंग्रेजी के डर में जीवन जीते हैं। आज प्राथमिक शिक्षा यदि किसी बड़े संक्रमण काल से गुजर नहीं है तो वह भाषायी विस्थापन है। भाषायी समझ और विषयों शिक्षण में शिक्षक की अपनी तालीम काफी मायने रखता है। क्योंकि जिस तरह आज हमारे शिक्षक प्रशिक्षण पा रहे हैं वे खुद शंका के घेरे में है।

औपनिवेशिक व्यवस्था द्वारा लाए गए नौकरशाी में यह बात निहित थी कि पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों से संबंधित सारे फैसले वरिष्ठ प्रशासकों द्वारा ही लिए जाते थे। पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर नजर डालें तो पाएंगे कि शिक्षकीय भूमिका न के बराबर है। दस्तावेज तो दावा करते हैं कि शिक्षकों से राय ली गई लेकिन वास्तव में वह नक्कारखाने में तूती की तरह होती है।

प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता के सवाल को अपने समय के प्रसिद्ध हस्ताक्षरों ने दर्ज किया है। प्रो0 कृष्ण कुमार ने विभिन्न पत्रों में इस मसले को उठाया है। प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों की प्रशिक्षणीय कौशलों और पाठ्यक्रमों पर भी विमर्श करते हैं। अपनी किताब स्कूली हिंदी में चर्चा करते हैं कि शिक्षकों की हैसियत और सामाजिक पहचान भी प्रकारांतर से उसके व्यवसाय को प्रभावित करता है। वहीं शिक्षा के नए क्षितिज किताब में रमेश दवे लिखतें हैं कि प्राथमिक शिक्षा में शिक्षकों की कमी का असर कहीं न कहीं गुणवत्ता पर देखा जा सकता है। इतना ही नहीं बल्कि शिक्षकों को मिलने वाली पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण उस स्तर के नहीं हैं जिसकी अपेक्षा शिक्षा शास्त्र में की जाती है। यही वजह है कि शिक्षा में जो भी गिरावट बताई जा रही है उसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ शिक्षक ही माना जाता है। जबकि इस गिरावट में शिक्षक एक मोहरे के तौर पर इस्तेमाल होता है। यदि हमारी योजना, पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रमों और रणनीतियों में शिक्षक

को कोई अहम भूमिका नहीं होती तो वह कैसे अपनी हैसियत और हस्तक्षेप को सुनिश्चित कर सकता है। प्रो0 कृष्ण कुमार गुलामी की शिक्षा और राष्ट्रवाद में विमर्श करते हैं कि शिक्षक शिक्षा विभाग में सबसे छोटी इकाई होता है जिसकी कोई नहीं सुनता। यह सिर्फ अपनी कक्षा में निर्माता और सर्वेसर्वा होता है लेकिन समाज में उसकी हैसियत कमतर ही आंकी जाती है।

शिक्षक की गुणवत्ता और कौशल काफी हद तक कक्षायी शिक्षण को प्रभावित करता है। यदि हम इस दृष्टि से देखें तो प्रो0 कृष्ण कुमार अपनी किबात गुलामी शिक्षा और राष्ट्रवाद में चर्चा करते हैं कि जिन कारकों ने शिक्षकों को एक कमजोर पेशागत पहचान और हैसियत बख्शी है, उनमें एक पाठ्यचर्या के मामले में उसका कोई हाथ न होना भी था। औपनिवेशिक व्यवस्था द्वारा लाए गए नौकरशाही में वह बात निहित थी कि पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों से संबंधित सारे फैसले वरिष्ठ प्रशासकों द्वारा ही लिए जाते थे। पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर नजर डालें तो पाएंगे कि शिक्षकीय भूमिका न के बराबर है। कहने को हर दस्तावेज यह तो दावा करता है कि शिक्षकों से राय ली गई लेकिन सूक्ष्मता से देखें तो पाएंगे कि वह नक्कारखाने में तूती की तरह होती है।

शिक्षक की आवाज शैक्षिक विमर्शों में नजरअंदाज ही किया गया है। वरना शिक्षकीय समूह से उठने वाली शिकायतों पर ध्यान दिया जाता। शिक्षकों का बड़ा समूह आज भी यह आरोप लगाता मिल जाएगा कि किताबें बनाते वक्त हमसे कोई नहीं पूछता। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष रामपाल सिंह का कहना है कि शिक्षा में यदि सबसे ज्यादा उपेक्षा किसी होती है तो वह प्राथमिक शिक्षक है। कोई भी प्राथमिक शिक्षा की नीति बनाने का मामला हो या किताबों का निर्माण हमें तो कमतर समझा जाता है। जितने भी शिक्षणेतर काम होते हैं वह प्राथमिक शिक्षकों के कंघों पर डाला जाता है। ऐसे में एक शिक्षक कक्षा में कैसे पढ़ाए। शिक्षकों का एक वृहद् समूह है जो पढ़ाना तो चाहता है लेकिन उसे पढ़ाने के अवसर नहीं मिलते। बाल गणना, जनगणना, बालिका गणना, भोजन वितरण, वजीफा बांटने जैसे अनुत्पादक और असृजनात्मक कामों में लगाए जाने का विरोध एक प्रतिबद्ध शिक्षक विरोध करता आया है। हालांकि डाइस की रिपोर्ट देखें तो पाएंगे कि पूरे साल में शिक्षकों से महज 12, 16 और 22 दिन ही इस तरह के कामों में लगाए जाते हैं लेकिन वास्तविकता तो कुछ और ही है। दर्ज न हुए कामों जो कहीं दस्तावेजों में नहीं होते, साल भर चलते रहते हैं और शिक्षक स्कूल में पढ़ाना छोड़ कर अन्य कामों में जोत दिए जाते हैं।

शिक्षण बतौर व्यवसाय चुनने वालों में लगातार गिरावट भी देखी गई है। आज के युवा जिस शिद्दत से मैनेजमेंट, आई0आई0टी0 एवं मल्टी नेशनल कंपनियों को ध्यान में रखते हुए विषयों और स्कूलों का चुनाव करते हैं। शिक्षा के हिस्से में बचे हुए, छटे हुए व कहें जीवन की अंतिम ख्वाहिश के तौर पर मजबूरन अपनाया जाने वाला व्यवसाय के तौर पर उभरा। यही वजह कि शिक्षण कर्म में आने वाले शिक्षकों की रूचि शिक्षा में बहुत बाद में पैदा होती है। ऐसे शिक्षकों की संख्या कम है जिन्होंने अध्यापन कर्म को प्रथमदृष्टया

चुना हो। इस पर कृष्ण कुमार लिखते हैं कि कैरियर की दृष्टि से स्कूली शिक्षण को सिर्फ वे युवक अपनाते थे, जिन्हें कोई और काम नहीं मिल सका होता था, और जब भी उन्हें किसी और काम में जाने का मौका मिलता था, मसलन किसी दफ्तरी नौकरी में, तो वे तुरंत उसमें चले जाया करते थे।

गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले कारणों में निश्चित तौर पर शिक्षक प्रशिक्षण प्रक्रिया करीब से देखी समझी जानी चाहिए। डी पी पटनायक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाषा को दिए जा रहे महत्व की ओर सुधि पाठकों का ध्यान अपनी पुस्तिका 'शिक्षा संदर्भ और भाषा' में खींचते हैं कि शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को देखने से पता चलता है कि इसमें भाषा से अधिक पद्धति पर ज्यादा जोर दिया गया है। मान लीजिए कि 6 घंटों में से 2 घंटे वास्तविक भाषा के लिए है और 4 घंटे भाषा पढ़ाने की पद्धति के लिए, जिसमें भाषा की भाषा तथा अपेक्षित और बेकार की विधियों की चर्चा ही अधिक लेती है। कहना होगा कि छात्रों की कमजोरी दूर करने में अक्षम शिक्षक ही हमें शिक्षा व्यवस्था से प्राप्त होंगे।

शिक्षक का व्यवसायिक प्रशिक्षण कितना अहम हैं, इस ओर दवे 'शिक्षा में नवचिंतन' में जिक्र करते हैं कि टीचर प्रतिदिन अपने को नया करने तथा नए अंदाज में प्रस्तुत करने की मांग करता है। इसलिए एक टीचर को टीचिंग के लिए सदैव नवीनता की खोज करते रहना होगा। नवीनता के लिए जरूरी है कल्पना, कौतुक, जिज्ञासा और आनंद्दायी भावना। इसका अर्थ यह हुआ कि शिक्षण एक आनंद्दायी काम है। इस आनंद का प्रतिदिन अन्वेषण करते रहना ही एक शिक्षक का कर्म और धर्म है।

**संदर्भ**

1. नाईक, जे0पी0, शिक्षा आयोग
2. नाई, जे0पी0, शिक्षा आयोग
3. शर्मा, प्रेमपाल, शिक्षा, कुशिक्षा
4. कुमार, कृष्ण, गुलामी की शिक्षा और राष्ट्रवाद
5. डी पी पाट्टनायक, शिक्षा संदर्भ और भाषा
6. दवे, रमेश, शिक्षा में नवचिंतन

7- Loyd, Les. (Ed.), Technology and Teaching, Publication Information Medford, NJ : Information Today, 1997.

8- http://him.wikipedia.org.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# कविव्यापारवक्रत्वप्रकारम्



नर्मदा बेहेरा
शोधच्छात्रा,
राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः,
तिरुपतिः , आन्ध्रप्रदेशः, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 156-158
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांश**

वक्रोक्तिर्वचो भङ्गिमा एव । यत्र कस्मिंश्चिद् वर्ण्यविषये तस्य कस्यचिद् धर्मस्य गुणस्य वाऽतिशयनोक्तिः वैचित्र्येण विच्छित्या वा प्रतिपादनम् तत्र वक्रोक्तिः । सैषा वर्ण –पद–प्रत्यय–वाक्य–प्रकरण–प्रबन्ध भेदेन षड्प्रकारका ।

**मुख्यशब्दः**–कविः, व्यापारः, वक्रोक्तिः, भङ्गिमा, अलंकारः, सम्प्रदायः, आचार्यः।

काव्यलक्षणविषये संस्कृतज्ञानां नैकमत्यम् । यस्माद् षड् संप्रदायानाम् आविर्भावः । अलङ्कार सम्प्रदायः,रस सम्प्रदायः,ध्वनि सम्प्रदायः,वक्रोक्ति सम्प्रदायः,रीति सम्प्रदायः,औचित्यसम्प्रदायेषु एतेषु षड् सम्प्रदायेषु वक्रोक्ति सम्प्रदायः विशिष्टः प्रमुखश्च। आनन्दवर्धनाचार्यप्रतिपादितेन ध्वनिसिद्धान्तेन नैराश्याम् आप्ता अलङ्कारवादिनः अलङ्कारेषु काव्यस्य मूलतत्वं अन्वेषयन्तो वक्रोक्तिम् समासादयन् ।

वक्रोक्तिसिद्धान्तस्यास्य उद्भवः आचार्य भामहेन प्रारभते । भामहाभिमतेन वक्रोक्तिः सर्वालंकाररूपा। सर्वेषाम् अलङ्कारणाम् मूलमेतत्। अनयैव अर्थाभिव्यक्तिः। वक्रोक्तिरेव काव्यत्वम् सम्पादयति। सैषा सर्वालंकाररूपा।वक्रोक्तिः काव्ये समस्त सौन्दर्याभिदायिका।एवं भमहाभिमतेन वक्रोक्तिः काव्यस्यात्मा ।
यथा –

**सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयाऽर्थो विभाव्यते ।**
**यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना ।।(काव्या.- 2/85)**

भोजराजोपि वक्रोक्तिम् उपास्ते। वक्रोक्ति मूलकं काव्यलक्षणम् उपपादयता तेनोच्यते –

**यद् वक्रम् वचः शास्त्रे लोके च वच एव तत्**
**वक्र यदर्थवादादौ तस्य काव्यमिति स्मृतिः ।। (शृङ्गारप्रकाशः)**

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

आचार्य दण्डी काव्यं द्विधा विभजति स्वभावोक्तिः , वक्रोक्तिश्च ।

**श्लेषः सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्त्रोक्तिषु श्रियम्।**

**भिन्नं द्विधा समासोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम्।। (काव्यादर्शः)**

वक्रोक्तेः स्वरूपम् –

**उभावेतावलङ्कार्यौ तयोः पुनरलङ्कृतिः।**

**वक्रोक्तिरेव वैदग्ध्यभङ्गीभणिति रुच्यते।। (वक्रोक्तिः 1.10)**

वक्रोक्तिर्वचो भङ्गिमा एव । एषा वचोभङ्गिमा एव उक्तौ शोभाम् आदधाती । उक्तौ चमत्कृतेश्चारुतायाश्च सम्पादनं वक्रोक्तेरेव सम्भाव्यते ।अतः वक्रोतिः काव्यजीवनम्।वक्रोक्तिहीनं काव्यं निर्जीवमेव। उक्ते वैचित्र्यम् चमत्कृतिर्वा वक्रोक्तिः।सैषा विशेषता काव्यप्रतिभामूलैव।यत्र कस्मिंश्चिद् वर्ण्यविषये तस्य कस्यचिद् धर्मस्य गुणस्य वाऽतिशयेनोक्तिःवैचित्र्येण विच्छित्या वा प्रतिपादनं तत्र वक्रोक्तिः।

**शब्दार्थौ सहितौ वक्र कवि व्यापारशालिनि ।**

**बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणी ।।**

वक्र कविव्यापारशालिनि तद्दिदाह्लादकारिणी बन्धे व्यवस्थितौ शब्दार्थौ काव्यमिति ।कविव्यापारवक्रत्वम् षट् प्रकारकं सम्भवन्ति। यथा –

**कवि व्यापारवक्रत्व प्रकाराः सम्भवन्ति षट् ।**

**प्रत्येकं बहवो भेदास्तेषां विच्छित्तिशोभिनः।।**

कवि व्यापारवक्रत्व– प्रकाराः  षट् सम्भवन्ति । तेषां प्रत्येकं बह्वयः भेदाः सन्ति ।

ते भेदाः यथा –

**वर्णविन्यास वक्रत्वं पदपूर्वार्ध वक्रता ।**

**वक्रतायाः परोऽप्यस्ति प्रकारः प्रत्ययाश्रयः ।।**

वर्णविन्यास – पदपूर्वार्ध – प्रत्ययाश्रित – वाक्य – प्रकरण – प्रबन्धभेदन षड्प्रकारकाः वक्रोक्तिः भवन्ति ।

1. वर्णविन्यासवक्रता –

वर्णविन्यासवक्रता वर्णानां विन्यासो वर्णविन्यासः अक्षराणांविशिष्टन्यसनं तस्य वक्रत्वं वक्रभावः प्रसिद्धप्रस्थान – व्यतिरेकिणा वैचित्र्येणोपनिबद्धः सन्निवेशविशेषविहितस्तद्दिदाह्लादकारी शब्दशोभातिषयः ।

यथा –

**प्रथममरुणच्छायस्तावत्ततः कनकप्रभ**

**स्तदनु विरहोत्ताम्यत्तन्वीकपोलतलद्युतिः ।**

**प्रसरति ततो ध्वान्तक्षोदक्षमः क्षणदामुखे ,**

**सरसबिसिनीकन्दच्छेदच्छविमृगलाञ्छनः ।।**

अत्र वर्णविन्यासवक्रतामात्रविहितः शब्दशोभातिशयः उन्मिलितः।

2. पदपूर्वार्द्ध वक्रता –

**रामोऽसौ भुवनेषु विक्रमगुणैः प्राप्तः प्रसिद्धि परा**

**मस्मद्भाग्यविपर्ययाद्यदि परं देवो न जानाति तम् ।**

**वन्दीवैष यशांसि गायति मरुद्यस्यैकबाणाहति**

**श्रेणीभूतविशालतालविवरोद्गीर्णै: स्वरै: सप्तभि: ॥**

अत्र रामशब्दो लोकोत्तरशौर्यादिधर्मातिशयाध्यारोप परत्वेनोपात्तो वक्रतां प्रथयति ।

3. प्रत्ययाश्रय वक्रता – प्रत्यय: सुप्तिङ् च यस्याश्रय: स्थानं न तथोक्त:। तथापि बहव: प्रकारा: सम्भवन्ति– संख्या–कारक–पुरुष इत्यादय: ।

यथा – **मैथिली तस्य दारा: ।**

4.वाक्यवक्रता –

**वाक्यस्य वक्रभावोऽन्यो भिद्यते य: सहस्रधा ।**

**यात्रालङ्कारवर्गोऽमौ सर्वोऽप्यन्तर्भविष्यति । ।**

वाक्यस्य वक्रभाव: अन्य: य: सहस्रधा भिद्यते । यत्र अलङ्कारवर्ग: असौ सर्व: अपि अन्तर्भवति।

**उपस्थितां पूर्वमपास्य लक्ष्मी वनं मया सार्धमसि प्रपन्न: ।**

**त्वमाश्रयं प्राप्य तयानुकोपात् सोढास्मि न त्वद्भवने वमन्ती ॥**

5. प्रकरणवक्रता–

**वक्रभाव: प्रकरणे प्रबन्धे यास्ति यादृश: ।**

**उच्यते सहजाहार्य सौकुमार्य मनोहर: ॥**

वक्रभाव: प्रकरणे प्रबन्धे यादृशोऽस्ति नाटकादौ कथ्यते । यथा – तत्र प्रकरणे वक्रभावो यथा – रामायणे मारीचमायामयमाणिक्यमृगानुसारिणो रामस्य करुणाक्रन्दकर्णनकान्तरान्त:करणया जनक राजपुत्र्या तत्प्राणपरित्राणाय स्वजीवितपरिरक्षानिरपेक्षया लक्ष्मणो निर्भत्स्य प्रेषित: ।

6. प्रबन्धवक्रता –

कुत्रचिन्महाकवि विरचित रामकथोपनिबन्धे नाटकादौ पञ्चविधवक्रतासामग्रीसमुदायसुन्दरं हृदयहारी महापुरुषवर्णनमुपक्रमे प्रतिभासते परमार्थस्तु विधिनिश्चयात्मक धर्मोपदेश: पर्यवस्यति, रामवद् वर्तितव्यं न रावणावदिति।

एवं प्रकारेण वर्णविन्यास – पदपूर्वार्ध – प्रत्ययाश्रित – वाक्य – प्रकरण – प्रबन्धाश्रित भेदेन षड् प्रकारकं कविव्यापारवक्रत्वं प्रतिपादितम्।

**सहायक ग्रन्थसूची**

1. ध्वन्यालोक: – सांवीदी प्रकाशनम् , वाराणसी
2. वक्रोक्तिकाव्यजीवितम् – चौखम्भा सुरभारती प्रकाशनम्, वाराणसी
3. काव्यादर्श: – चौखम्भा प्रकाशनम्, वाराणसी
4. श्रृंगारप्रकाश: – सांवीदी प्रकाशनम् , वाराणसी

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# पातंजल योगदर्शन में प्राणायाम का स्वरूप

**डॉ० उमाकान्त यादव**

**प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय,**
**प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।**



**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 159-163

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांश** – प्राणायाम मनोविरोध का अमोघ अस्त्र है जिसके माध्यम से हम मन को नियंत्रित करके अपनी प्राणशक्ति का विकास करने में समर्थ होते हैं। यहाँ ध्यातव्य है कि प्राण और मन का घनिष्ठ सम्बन्ध है। दोनों में से एक को भी नियंत्रित कर लिया जाय तो दूसरा स्वयं नियंत्रित हो जाता है। मन के नियंत्रित होने पर ही साधक धारणा, ध्यान एवं समाधि की ओर अग्रसर होता है। प्राणायाम से मस्तिष्क की सूक्ष्म और सुप्त शक्तियाँ जागृत होती हैं जिसके फलस्वरूप मानस रोग यथा तनाव आदि नष्ट होते हैं। वर्तमान काल में प्राणायाम चिकित्सा के माध्यम से असाध्य रोगों का निवारण भी हो रहा है। वस्तुतः प्राणायाम से नाड़ी संस्थान, पाचन संस्थान, श्वसन संस्थान और रक्त संचार सभी सक्रिय हो जाते हैं जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है। अतः प्राणायाम का अभ्यास करें और अपनी सामर्थ्य बढ़ायें तथा रोग–मुक्त होकर जीवन का आनन्द लें।

**मुख्य शब्द** – प्राणायाम, योगदर्शन, पातंजल, मनोविरोध, जीवन–आनन्द, मन,मानव–शरीर।

मानव–शरीर की प्रत्येक चेष्टा एवं गति का आधार प्राण है। प्राण केवल वायु नहीं है अपितु मानव–शरीर की 'जीवनी शक्ति' है। इस जीवनी शक्ति के सम्वर्धन का सशक्त साधन 'प्राणायाम' है। इस जीवनी शक्ति के सम्वर्धन से निरोगता, ओजस्विता, तेजस्विता एवं आत्मिक बल प्राप्त होता है। साथ ही मनोबल, इच्छाशक्ति, स्फूर्ति, जागरुकता, सक्रियता एवं नवजीवन की प्राप्ति होती है। यह शारीरिक एवं मानसिक शक्तियों के विकास का सर्वोत्तम साधन है।

**प्राणस्य आयामः इति प्राणायामः** अर्थात् प्राण का आयाम ही प्राणायाम है। यहाँ 'आयाम' पद आङ् उपसर्ग पूर्वक नियन्त्रणार्थक √यम् धातु से घञ् प्रत्यय संयुज्य होकर बनता है। अतः प्राणवायु को नियंत्रित

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

करना ही प्राणायाम है। पतंजलि ने योगदर्शन में श्वास और प्रश्वास की गति को रोकने को प्राणायाम कहा है–**तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः।**[1] बाह्य वायु को ग्रहण करना **'श्वास'** है तथा उदरस्थ वायु का निकालना **'प्रश्वास'** है। व्यास भाष्य में कहा गया है कि श्वास एवं प्रश्वास दोनों का अलग–अलग अथवा दोनों का एक साथ अभाव प्राणायाम है– **तयोर्गतिविच्छेद उभयाभावः प्राणायामः।**[2]

अष्टांगयोग में 'प्राणायाम' चतुर्थ क्रमांक पर है। तृतीय क्रमांक पर 'आसन' है। अतः योगसूत्र में 'तस्मिन् सति' के द्वारा पतंजलि ने निर्दिष्ट किया है कि 'आसन' सिद्ध हो जाने पर ही प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिये। व्यास ने **'तस्मिन् सति'** का भाष्य **'सति आसनजये'**[3] किया है।

पतंजलि ने योगसूत्र के साधनपाद के 50वें सूत्र में बाह्य, आभ्यन्तर एवं स्तम्भवृत्ति इन प्राणायामों का उल्लेख किया है।[4] इन्हीं को सम्प्रदायविद् क्रमशः रेचक, पूरक एवं कुम्भक कहते हैं। जहाँ पर श्वास छोड़ते हुए (श्वास ग्रहण की) गति का अवरोध होता है, वह बाह्य या रेचक प्राणायाम है– **यत्र प्रश्वासपूर्वको गत्यभावः स बाह्यः।**[5] जहाँ पर श्वास ग्रहण करते हुए (श्वास निःसारण की) गति का अवरोध होता है, वह आभ्यन्तर या 'पूरक' प्राणायाम है– **यत्र श्वासपूर्वको गत्यभावः स आभ्यान्तरः।**[6] जहाँ पर श्वास और प्रश्वास दोनों की गति का अवरोध पहले ही प्रयास से हो जाता है वह 'स्तम्भवृत्ति' या 'कुम्भक' तीसरा प्राणायाम है– **तृतीयः स्तम्भवृत्तिर्यत्रोभया भावः सकृत्प्रयत्नाद्भवति।**[7] इस तरह हम देखते हैं कि रेचन करने से 'रेचक' पूरण करने से 'पूरक' और 'कुम्भन्' अर्थात् प्राणवायु के रोकने या पूर्ण निरोध करने से 'कुम्भक' प्राणायाम होता है।

योगदर्शन के अनुसार ये तीनों प्राणायाम देश, काल और संख्या के द्वारा परीक्षित किये जाते हैं। देश या स्थान पर्यालोचन के द्वारा हम यह आकलन करते हैं कि रेचक, पूरक या कुम्भक का देश या स्थान अभी इतना है। यह पर्यालोचन देश की कमी और अधिकता दोनों के द्वारा प्राणायाम विषयक प्रगति को सूचित करता है। इसी तरह हमनें इतने क्षणों[8] तक प्राणायाम किया और फिर बढ़ते–बढ़ते इतने क्षणों तक हो गया, यह काल पर्यालोचन है। संख्या या गणना के द्वारा भी प्राणायाम परीक्षित होते हैं। योगवार्तिक में कहा गया है कि जहाँ मात्रा, संख्या द्वारा योग का नियमन होता है वहाँ संख्या परिदृष्ट होता है।[9] साँस लेने और छोड़ने से उपलक्षित समय को 'मात्रा' कहते हैं। 12 मात्राओं से परिमित पूरकादि प्राणायाम का प्रथम उद्घात होता है। इससे अधिक अर्थात् 24 मात्राओं वाले प्राणायाम से दूसरा उद्घात सिद्ध होता है। इसी प्रकार इससे भी अधिक अर्थात् 36 मात्राओं वाले प्राणायाम से तृतीय उद्घात सिद्ध होता है। व्यास–भाष्य में एक उद्घात वाले प्राणायाम को 'मृदु' दो उद्घात वाले प्राणायाम को 'मध्य' एवं तीन उद्घात वाले प्राणायाम को तीव्र कहा गया है।[10]

अब प्रश्न उठता है कि उद्घात क्या है? राजमार्तण्डवृत्ति में शरीर के अन्दर प्रेरित 'अपानवायु' का नाभिमूल से ऊपर उठकर शिरोभाग से टकराने को 'उद्घात' कहा गया है– **उद्घातो नाम नाभिमूलात् प्रेरितस्य वायोः (अपानस्य) शिरसि अभिहननम्।**[11]

पतंजलि ने देश, काल और संख्या परिदृष्टि के उपाय से प्रतिदिन अभ्यस्त पूरक, रेचक और कुम्भक रूपी त्रिविध प्राणायाम को दीर्घ (कालव्यापी) और सूक्ष्म (वायु संचार वाला) कहा है– **बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिः देशकाल संख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः।**[12]

योगवार्तिक में कहा गया है कि प्राणायाम देश, काल और संख्या में से किसी एक के द्वारा भी आलोचित किया जा सकता है। तीनों से या दो से अवधारण करने की आवश्यकता नहीं है–

**देशकालसंख्याभिः परिदृष्ट इत्यत्र चेच्छाविकल्प एव न तु समुच्चयः उदाहृतवसिष्ठवाक्यादौ केवलमात्रासंख्यायामपि प्राणायामदर्शनात्।**[13]

पतंजलि ने रेचक, पूरक एवं कुम्भक के अतिरिक्त केवल कुम्भक नामक चौथे प्राणायाम का विधान किया है। उनका कथन है कि बाह्य प्रदेश वाले अर्थात् रेचक और आभ्यन्तर प्रदेश वाले अर्थात् पूरक का अतिक्रमण करने वाला चौथा केवल कुम्भक प्राणायाम होता है।[14] यह प्राणायाम बहुत ही प्रयत्न या अभ्यास के बाद ही किया जा सकता है। रेचक और पूरक प्राणायामों के दीर्घ एवं सूक्ष्म रूप में सिद्ध हो जाने के पश्चात् ही भूमिविजय के कारण श्वास एवं प्रश्वास की गति का पूर्ण अभाव चतुर्थ केवल कुम्भक प्राणायाम है।

हठप्रदीपिका में सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा और प्लाविनी में आठ कुम्भक प्राणायाम वर्णित हैं।[15] घेरण्ड संहिता में सहित, सूर्यभेद उज्जायी, शीतली भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा एवं केवली ये आठ कुम्भक प्राणायाम प्रतिपादित हैं।[16] इन दोनों ग्रन्थों में छः प्राणायाम समान हैं। हठप्रदीपिका में वर्णित सीत्कारी एवं प्लाविनी प्राणायाम घेरण्ड संहिता में नहीं हैं। वहाँ उनके स्थान पर सहित और केवली प्राणायाम हैं। इस तरह कुम्भक प्राणायामों की संख्या दस हो जाती है। स्वामी योगेश्वरानन्द सरस्वती ने अपने ग्रन्थ बहिरंग योग में इनके अतिरिक्त 60 प्राणायामों का उल्लेख किया है जिनमें अग्नि, प्रदीप्त, अनुलोम–विलोम, नाड़ीशोधन, प्रच्छर्दन कपालभाति, सूक्ष्मनाड़ीशोधन आदि प्रमुख हैं। योगदर्शन में प्राणायाम का महत्त्व दर्शाते हुए कहा गया है कि प्राणायाम से बढ़कर दूसरा तप नहीं है इससे सारे मल नष्ट हो जाते हैं और ज्ञानरूपी ज्योति प्रज्वलित हो जाती है।[17]

पतंजलि ने प्राणायाम के लाभ का उल्लेख साधन पाद के बावनवें एवं तिरपनवें सूत्र में किया है। उनका कथन है कि प्राणायाम से प्रकाश पर पड़ा हुआ पर्दा क्षीण हो जाता है– **ततः क्षीयते प्रकाशावरणम्।**[18]

तात्पर्य यह है कि जीवात्मा के ऊपर अविद्या रूपी अंधकार का जो आवरण है, उससे आत्म–प्रकाश का भान नहीं हो पाता है। जब प्राणायाम से यह आवरण नष्ट हो जाता है तो आत्मा के प्रकाश का दर्शन होने लगता है। अगले सूत्र में उनका कथन है कि प्राणायाम के अभ्यास से धारणा करने या चित्त को एकाग्र करने में साधक में विशेष योग्यता आ जाती है– **धारणासु च योग्यता मनसः।**[19] तत्त्ववेशारदी में भी कहा गया है कि प्राणायाम मन को स्थिर कर धारणा की योग्यता प्राप्त कराता है–**प्राणायामो हि मनः स्थिरीकुर्वन धारणासु योग्यं भवति इति।**[20] हठयोग प्रदीपिका में भी मन की स्थिरता के लिये प्राणायाम करने का विधान किया गया है। वहाँ कहा गया है कि प्राणवायु के चंचल होने पर मन भी चंचल होता है और प्राणवायु के निश्चल या शान्त होने पर मन भी स्थिर हो जाता है।[21] मनुस्मृति में कहा गया है कि जिस प्रकार आग में डालने से लोहे आदि धातुओं का मल जल जाता है और वे निर्मल हो जाते हैं उसी प्रकार प्राणायाम करने से शरीर के सारे मल एवं दूषित तत्त्व जलकर नष्ट हो जाते हैं।[22]

इस तरह हम देखते हैं कि प्राणायाम मनोविरोध का अमोघ अस्त्र है जिसके माध्यम से हम मन को नियंत्रित करके अपनी प्राणशक्ति का विकास करने में समर्थ होते हैं। यहाँ ध्यातव्य है कि प्राण और मन का घनिष्ठ सम्बन्ध है। दोनों में से एक को भी नियंत्रित कर लिया जाय तो दूसरा स्वयं नियंत्रित हो जाता है। मन के नियंत्रित होने पर ही साधक धारणा, ध्यान एवं समाधि की ओर अग्रसर होता है। प्राणायाम से मस्तिष्क की सूक्ष्म और सुप्त शक्तियाँ जागृत होती हैं जिसके फलस्वरूप मानस रोग यथा तनाव आदि नष्ट होते हैं। वर्तमान काल में प्राणायाम चिकित्सा के माध्यम से असाध्य रोगों का निवारण भी हो रहा है। वस्तुतः प्राणायाम से नाड़ी संस्थान, पाचन संस्थान, श्वसन संस्थान और रक्त संचार सभी सक्रिय हो जाते हैं जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है। अतः प्राणायाम का अभ्यास करें और अपनी सामर्थ्य बढ़ायें तथा रोग–मुक्त होकर जीवन का आनन्द लें।

**सन्दर्भ–**


1. यो0सू0 2.49
2. योग सू0 2.49 पर व्यास भाष्य
3. योग सू0 2.49 पर व्यास भाष्य
4. यो0सू0 2.50 बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः।
5. वही व्यास–भाष्य
6. वही व्यास–भाष्य
7. वही व्यास–भाष्य
8. निमेषक्रियावच्छिन्नस्य कालस्य चतुर्थो भागः क्षणः। तत्त्ववैशारदी पृ0 271

9. यत्र च मात्रासंख्याभिः प्राणायामनियमः क्रियते स संख्यापरिदृष्टः। योगवार्तिक पृ0 253

10. संख्याभिः परिदृष्टाः– एतवदि्भ श्वासप्रश्वासैः प्रथम उद्घातस्तद्वन्निगृहीतस्यैतावदि्भर्द्वितीय उद्घात एवं तृतीयः एवं मृदुरेवं मध्य एवं तीव्र इति संख्यापरिदृष्टः। यो0सू0 2.50 पर व्यास भाष्य

11. राजमार्तण्डवृत्ति पृ0 53

12. यो0सू0 2.50

13. योगवार्तिक, पृ0 272

14. ब्राह्याभ्यन्तरविषयाक्षपी चतुर्थः। योगसूत्र 2.51

15. हठप्रदीपिका 2.44

16. घेरण्ड संहिता 5.46

17. तपो न परं प्राणायामात्ततो विशुद्धिर्मलानां दीप्तिश्च ज्ञानस्येति। यो0सू0 2.52 पर व्यास भाष्य।

18. यो0सू0 2.52

19. यो0सू0 2.53

20. त0वै0 पृ0 276

21. हठ0प्रदी0 2.2

22. मनुस्मृति 6.71

# उत्तर प्रदेश में गरीबों हेतु योजनाँ : एक विश्लेषण

डॉ.मनमोहन प्रसाद पाण्डेय
भूतपूर्व शोध छात्र,
वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद,
उत्तर प्रदेश,भारत।



**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 164-188

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांश–** विधवा पेंशन योजना 15 अगस्त, 1995 को एक राष्ट्रीय सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रारम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत अनाथ (विधवा) महिलाओं को 100 रूपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दिया जाता है। पेंशन का भुगतान लाभार्थियों को छमाही आधार पर या वर्ष में दो बार किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत लाभ पाने के लिए विधवा महिलाओं को अपने क्षेत्र के लेखपाल द्वारा फार्म भरकर उप–जिलाधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रेषित करना होता है।66 विधवा पेंशन योजना का मुख्य उद्देश्य विधवाओं को सामाजिक सहायता के रूप में 100 रूपये प्रतिमाह की दर से पेंशन प्रदान करना है।

**मुख्यशब्द–** उत्तर प्रदेश, गरीबी, हेतु, योजना, विधवा, महिला, सामाजिक, दयनीय।

1940 के दशक में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन, कृषि की दयनीय स्थिति और इनको दूर करने में प्रशासनिक अकर्मणता के परिणाम स्वरूप प्रदेश में गरीबी की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संघ स्तर पर लोकतंत्रात्मक सरकार की स्थापना की गयी तथा 26 नवम्बर 1949 को संविधान का निर्माण हुआ, जिसे 26 जनवरी 1950 को अधिनियमित किया गया। संविधान में कल्याणकारी राज्य की स्थापना की अभिकल्पना की गयी जिसके अन्तर्गत सरकार का दायित्व होता है कि वह आम जनता की समस्याओं को दूर करते हुए उनके लिये बेहतर जीवन स्तर के अवसर प्रदान करें। संविधान के भाग 3 के तहत वर्णित राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत अनु0 38 में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि राज्य लोककल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनायेगा। साथ ही अनुच्छेद 45 व 51 ए में बालकों के लिए अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

का प्रबन्ध किया गया है। इसके साथ ही अनु0 47 के तहत सरकार का यह कर्त्तव्य है कि पोषाहार स्तर एवं जीवन स्तर को ऊँचा करने और लोक स्वास्थ्य में सुधार हेतु समुचित कदम उठायें।

संविधान द्वारा निर्देशित उपरोक्त कार्यों के परिपालन हेतु संघ एवं राज्य सरकारों द्वारा समय–समय पर विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता रहा है जिसमें गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी सम्मिलित है। यद्यपि विभिन्न स्तरों पर विकास सूचकांकों में वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है किन्तु कतिपय कारणों से सभी योजनाएं अपने निर्धारित बंचित लक्ष्यों को प्राप्त करने में असफल रही है। प्रस्तुत अध्याय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विश्लेषणात्मक अध्ययन पर विशेष रूप से केन्द्रित है जिसके अन्तर्गत कार्यक्रमों के निमार्ण एवं क्रियान्वयन के पक्षों पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सामान्यतः किसी भी स्तर पर गरीबी का प्रमुख कारण योग्यता के अनुसार रोज़गार प्राप्त न होना उपलब्ध रोज़गार हेतु वांछित योग्यता का न होना या फिर रोज़गार एवं योग्यता के बावजूद उपलब्ध मानव संसाधन के स्वास्थ्य का ठीक न होने, जैसे कारणों से मानव अपने आर्थिक समस्याओं को दूर करने में असफल हो जाता है, जिसका परिणाम स्वरूप यह है कि वह गरीबी के दुष्चक्र में फॅस जाता है। इन समस्याओं के निवारण के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेषीकृत योजनाएं चलायी जाती रही हैं। अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से इन योजनाओं को निम्न वर्गों में बांटा जा सकता है–

**आवासीय योजनाएं**

प्राकृतिक एवं सामाजिक सुरक्षा तथा बेहतर जीवन की प्रत्याशा मानव भावना के मूल स्वभाव में रची–बसी है तथा यही भावना उसे आदि काल में प्राकृतिक अवस्था से निकाल कर सामाजिक जीवन में लाई। प्राकृतिक एवं सामाजिक सुरक्षा से प्रेरित होकर मानव घर बनाने एवं बस्तियॉ बसाने की इच्छा जागृत हुई।यदि मानव अपने को सुरक्षित महसूस न करें तो उसे भूख न लगेगी, उसे अपने शरीर पर कपड़ों की चिन्ता न होगी और उसका जीवन संकटमय हो जायेगा, क्योंकि यह सब तो सुरक्षित जीवन के बाद की आवश्यकताएं हैं। सुरक्षित जीवन के लिए उसे सर्वप्रथम आवास चाहिए। इस दृष्टि से देखें तो "रोटी, कपड़ा और मकान" के नारे में मकान गौण या तीसरे दर्जे की आवश्यकता नहीं, अपितु रोटी और कपड़े के बराबर और किसी हद तक उससे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, अमीर हो या गरीब, अपने लिए एक मकान का सपना संजोए रखता है। भले ही यह मकान "एक महल", "एक बंगला", "एक कोठी" न होकर चार कच्ची दीवारों पर एक घास–फूस की छत ही क्यों न हो। उसकी लालसा सदैव अपने लिए एक 'घर' की ही होती है। इस शब्द 'घर' के लिए हमारी लगन, हमारा लगाव, हमारी भावनाएं कितनी प्रबल हैं, यह बताने की बात नहीं है। कितना संतोष, कितना सुकून मिलता है, व्यक्ति को अपने घर पहुॅच कर और घर छोड़ते समय वह कितना विचलित होता है, यह अनुभव की बात है। घर, अपने अन्दर मानव के लिए असीम सन्तुष्टि लिए हुए है।[1] सुरक्षा, सन्तुष्टि एवं आरम्भ की बात छोड़ आगे देखें तो आवास मानव को प्रतिष्ठा प्रदान करता है। आवास से इंसान की पहचान बनती है, सामाजिक वातावरण से जुड़ाव आता है। व्यक्ति को आत्म–सम्मान की अनुभूति होती है। परन्तु इतना सब कुछ होते हुए आज की विकासोन्मुख समाज में सबके पास

आवास नहीं हो पाता, विशेषकर कमजोर तबकों एवं अल्प आय वर्ग के लोगों की तेजी से बढ़ती जनसंख्या, टूटते–बिखरते परिवार तथा रोज बढ़ती मॅहगाई के चलते समस्या दिनों–दिन विकराल होती जा रही है। लोग झोपड़ी एवं फुटपाथ का सहारा लेने पर विवश हो रहे हैं। न जाने कितनों का बचपन इन झुग्गी–झोपड़ियों की गन्दी गलियों में खोता जा रहा है।[2]

इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने आवास विहीन, आपदा प्रभावित एवं झोपड़ी में रहने वाले गरीबों के लिए निःशुल्क सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान कर आवासीय समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए समय–समय पर विभिन्न आवासीय योजनाओं को लागू किया है, जो काफी हद तक सफल भी रही है। कुछ प्रमुख आवासीय योजनाएं निम्न है।

**सारणी 4.1: विभान्न आवासीय योजनाओं द्वारा लाभांन्वित ग्रामीण परिवार**

| जनपद | ग्रामीण बीपीएल परिवार* | बीपीएल परिवार में लाभांन्वित परिवारों की संख्या व प्रतिशत** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | इन्दिरा आवास | | महामाया आवास | | मछुआ आवास | | योग | |
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| इलाहाबाद | 279542 | 15499 | 5.54 | 6896 | 2.47 | 168 | 0.06 | 22563 | 8.07 |
| चित्रकूट | 78047 | 3082 | 3.95 | 6285 | 8.05 | 100 | 0.13 | 9467 | 12.13 |
| मथुरा | 118199 | 9685 | 8.19 | 432 | 0.37 | 115 | 0.10 | 10232 | 8.66 |
| बाराबंकी | 314363 | 32864 | 10.45 | 4369 | 1.39 | 115 | 0.04 | 50640 | 16.11 |

**स्रोतः–** * बीपीएल सर्वे 2002 पर आधारित

** कार्यालय, जिला विकास अधिकारी व जिला विकास अभिकरण।

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि बी0पी0एल0 सर्वे 2002 के बाद चयनित जनपदों में विभिन्न आवासीय योजनाएं काफी कम मात्रा में दी गई। ग्रामीण कुल बी0पी0एल0 परिवारों की तुलना में इलाहाबाद, चित्रकूट, मथुरा एवं बाराबंकी में क्रमशः 8.07 प्रतिशत 12.13 प्रतिशत, 8.66 प्रतिशत तथा 16.11 प्रतिशत परिवारों को इन्दिरा आवास, महामाया आवास तथा मछुआ आवास योजना को लाभ दिया गया है। चयनित सभी जनपदों में चित्रकूट जनपद को छोड़कर अन्य तीन जनपदों में सर्वाधिक बी0पी0एल0 परिवार इन्दिरा आवास योजना द्वारा लाभान्वित किए गए है जबकि महामाया आवास योजना में लाभार्थियों की संख्या दूसरे स्थान पर है।


विभिन्न आवासीय योजनाओं द्वारा लाभांन्वित ग्रामीण परिवार
प्रतिशत
0
2
4
6
8
10
12
14
16
18
8.07
12.13
8.66
16.11
इलाहाबाद
चित्रकूट
मथुरा
बाराबंकी


इन्दिरा आवास योजना द्वारा लाभांन्वित ग्रामीण परिवार
प्रतिशत
0
2
4
6
8
10
12
5.54
3.95
8.19
10.45
इलाहाबाद
चित्रकूट
मथुरा
बाराबंकी







## इन्दिरा आवास योजना

इन्दिरा आवास योजना की शुरूआत वर्ष 1980 में ग्रामीण रोज़गार योजना के रूप में हुई, प्रारम्भ में इस योजना का मुख्य कार्य भवन निर्माण था। यह योजना अक्टूबर 1980 में प्रारम्भ की गयी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार योजना

(NREP) और वर्ष 1983 में प्रारम्भ ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी योजना के तहत शुरू की गयी थी। 1 जून 1985 के सरकारी घोषणा के अन्तर्गत इन्दिरा आवास योजना ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों और मुक्त बन्धुवा मजदूर परिवारों के हित के लिए आरम्भ किया गया और इसके निमित्त ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी योजना की निधियों का एक भाग आरक्षित किया गया। तब से इस योजना के तहत भवन निर्माण कराया जा रहा है। यह योजना वर्ष 1985–86 से ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी योजना की उप योजना के रूप में चलायी जाती रही। वर्ष 1989 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार योजना (NREP) एवं ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी योजना (RLEGP) को मिला दिया गया और इनके स्थान पर जवाहर रोज़गार योजना के प्रारम्भ होने पर इसके अंग के रूप में इन्दिरा आवास योजना को क्रियान्वित किया गया। जवाहर रोज़गार योजना के कुल संसाधनों का 6 प्रतिशत इन्दिरा आवास योजना के लिए आवंटित किया गया।[3] वर्ष 1993–94 में इन्दिरा आवास योजना के क्षेत्र में विस्तार किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गैर–अनुसूचित जाति के गरीब एवं आवास विहीन परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत सम्मिलित कर लिया गया। परन्तु प्रतिबन्ध यह रखा गया कि सकल लाभार्थियों में अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों का प्रतिशत 60 से कम नहीं होना चाहिए। योजना के आकार के इस भौतिक विस्तार के साथ ही जवाहर रोज़गार योजना के कुल संसाधनों का 10 प्रतिशत इन्दिरा आवास योजना के लिए आरक्षित कर दिया गया। 1 अप्रैल 1996 से एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत भारत सरकार ने इन्दिरा आवास योजना को एक स्वतंत्र योजना के रूप में मान्यता प्रदान की और तब से यह योजना एक स्वतंत्र योजना के रूप में क्रियान्वित की जा रही है।

वर्ष 1999 में इन्दिरा आवास योजना के प्रावधानों में पुनः बदलाव करके और इस योजना को दो धाराओं में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। एक धारा में पूर्व की भॉति गरीब आवास विहीनों के लिए नये आवास निर्माण का क्रम जारी रखा गया वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों के मकानों के उच्चीकरण (अपग्रेडेशन) के लिए 10000 रूपयों के अनुदान की व्यवस्था की गयी। योजना के 80 प्रतिशत संसाधन नये आवासों के निर्माण हेतु तथा शेष 20 प्रतिशत संसाधन स्तर उच्चीकरण के लिए मात्राकृत किये गये। प्रारम्भ में इस योजना के लिए योजना राशि का 6 प्रतिशत निधि खर्च के लिए दिया जाता था, जो वर्ष 1993–94 में बढ़ाकर 10 प्रतिशत तथा वर्ष 1995–96 में 15 प्रतिशत कर दिया गया। तब से अब तक यह योजना इसी रूप में क्रियान्वित की जाती रही है।[4]

**योजना का उद्देश्य**

इन्दिरा आवास योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति/जनजाति, मुक्त बन्धुवा मजदूर परिवारों तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले गैर–अनुसूचित जाति/जनजाति के ग्रामीण गरीबों को, जो आवास विहीन हैं, मुफ्त में आवास मुहैया कराना है, परन्तु गैर–अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थियों की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**लाभार्थी का चयन**

जिला ग्राम्य विकास अभिकरणों का यह दायित्व होता है कि वे वार्षिक आवंटन के सापेक्ष आवास निर्माण का ग्राम सभावार लक्ष्य निर्धारित करें और आवासों की संख्या ग्राम पंचायतों को सूचित करें। ग्राम पंचायतें इन लक्ष्यों के अनुरूप निर्धारित शर्तें और पात्रता के मापदण्डों के अनुरूप लाभार्थियों का चयन करेगी। चयनित सूची क्षेत्र पंचायत को भेजी जाती है। सूची को क्षेत्र पंचायत के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती।

**पात्रता की क्षेणी**

इस योजना का लाभ पाने के लिए निम्न व्यक्ति पात्र माने जाते हैं–

⇒ मुक्त कराये गये बन्धुवा मजदूर।

⇒ अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवार,
- जो अत्याचार से पीड़ित हों।
- जिनकी मुखिया विधवा या अविवाहित महिलायें हों।
- जो बाढ़, भूकम्प, चक्रवात या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित हों।
- अन्य परिवार।

⇒ युद्ध के दौरान शहीद रक्षा/अर्द्ध सैनिक बलों के जवानों की विधवा/परिवार।

⇒ गैर–अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवार।

⇒ शारीरिक तथा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति।

⇒ सुरक्षा सेवा/अर्द्ध सैनिक बलों के सेवा निवृत्त कर्मचारी।

⇒ विकास योजनाओं के कारण विस्थापित परिवार, यदि वे गरीबी रेखा के नीचे हैं।

**4.1.2 समग्र आवास योजना**

जिस प्रकार आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से पीने का पानी, शौचालय, जल निकासी की उचित व्यवस्था बहुत महत्वपूर्ण है, जो न केवल आवास की कमी को पूरा करता है, बल्कि समाज के लिए एक स्वच्छ एवं उन्नतशील वातावरण भी प्रदान करता है। इस बात को ध्यान में रखकर भारत सरकार ने वर्ष 1980 में राष्ट्रीय आवास नीति की घोषणा की जिसके अन्तर्गत शौचालय, पीने के पानी, गन्दे जल की निकासी की समुचित व्यवस्था की गयी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग्रामीण आवास, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, सड़क, जल निकासी आदि की समुचित व्यवस्था के लिए अलग से एक कार्यक्रम निर्धारित कर कार्य को पूरा करने की व्यवस्था की थी। लेकिन इस कार्यक्रम के अपने उद्देश्यों में सफल न होने के कारण वित्त मंत्री ने वर्ष 1999 में अपने बजट भाषण में आवास, शौचालय, पीने का पानी, गन्दे जल की निकासी, सड़क आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर बल

दिया और उसके लिये एक नयी योजना का गठन किया, जिसे समग्र आवास योजना का नाम दिया गया। यह योजना अप्रैल 1999 से प्रारम्भ की गयी। समग्र आवास योजना का उद्देश्य सभी योजनाओं को समान रूप से महत्व देना तथा वर्तमान ग्रामीण आवास, शौचालय, पीने का पानी तथा जल निकासी आदि तकनीक में बदलाव, मानव संसाधनों का विकास कर उन्हें उन्नत जीवन शैली से जोड़ना है। प्रारम्भ में यह योजना देश के 24 राज्यों के 25 जिलों के प्रत्येक विकास खण्ड तथा एक केन्द्र शासित प्रदेश में लागू की गयी। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण गरीबों को विशेष कर जो गरीबी की रेखा के नीचे हैं, लाभान्वित किये जाने का प्रावधान है।[7]

**योजना का उद्देश्य**

⇒ गॉवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर तथा गॉव के सम्पूर्ण पर्यावरण का सुधार करना है।

⇒ समग्र आवास योजना के अन्तर्गत अब तक पृथक रूप से क्रियान्वित आवास, स्वच्छता एवं पेयजल कार्यक्रमों को समन्वित एवं एकीकृत किया जाना है, जिससे इन कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं लाभकारी बनाया जा सके।

⇒ तकनीकी, सूचना शिक्षा एवं संचार सुविधाओं को अपनाना, इन्हें ग्रामीण लोगों तक पहॅुचाना और ग्रामीणों को इनका लाभ पहॅुचाना भी है।

**प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना**

आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं हैं, जिसे पूरा करने के लिए वह जीवन पर्यन्त प्रयासरत् रहता है, लेकिन गरीबी व अन्य अपरिहार्य कारणों से वह अपनी इस आधारभूत आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पाता। इस कमी (आवास) को पूरा करने के लिए हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अन्तर्गत ग्रामीण आवास योजना के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले गरीब परिवारों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना की एक उप–योजना के रूप में 15 सितम्बर 2000 को प्रारम्भ की गयी। इस योजना के अन्तर्गत सरकार ने सभी लोगों के लिए आवास, पीने का पानी, शौचालय, वर्षा जल के निकास के लिए नालियां आदि को प्राथमिकता का विषय मानकर इनके समुचित क्रियान्वयन पर बल दिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले उन सभी गरीब परिवारों (अनु0 जाति/जनजाति, बन्धुवा मजदूर व विकलांग) जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को अभिशप्त हैं, के आवास की व्यवस्था करने के लिए प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना भी इन्दिरा आवास योजना के प्रारूप पर ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की कमी को पूरा करने के लिए चलायी जा रही है। प्रारम्भ में इस योजना के अन्तर्गत व्यय की जाने वाली योजना राशि का 80 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा तथा 20 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकारों द्वारा वहन की जाती थी, लेकिन 1 अप्रैल 1999 को योजना राशि को परिवर्तित करके 75:25 के अनुपात में निर्धारित किया गया।[9]

**योजना का उद्देश्य**

⇒ आवासीय क्षेत्र में चल रही इन्दिरा आवास योजना एवं अन्य योजनाओं के प्रयासों को समर्थन देना है।

⇒ इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति, बन्धुवा मजदूरों को (योजना राशि का 60 प्रतिशत) तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गैर अनुसूचित जाति/जनजाति को (योजना राशि का 40 प्रतिशत) तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को (योजना राशि का 3 प्रतिशत) निःशुल्क भवन मुहैया कराना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वस्थ पर्यावरण के विकास में सहायता मिल सके।[10]

**खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित योजनाएं**

भोजन किसी भी जीव के लिए जीवन रक्षक तत्व है, जिसके बिना वह जीवित नहीं रह सकता, चाहे वह मानव हो या जीव–जन्तु। मानव के लिए खाद्यान्न मूल आवश्यकता है और गरीबों के लिए तो यही एकमात्र जीवन रक्षक आधार है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता रहा है। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं में गरीबी रेखा के नीचे गुजर–बसर करने वाले परिवारों को सस्ती दर पर तथा अति गरीब परिवारों को अंत्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत अति सस्ते दर पर चावल और गेंहूँ उपलब्ध कराना तथा गरीबी रेखा के नीचे के 60 वर्ष से अधिक आयु वाले असहाय लोगों को 10 किग्रा गेंहूँ मुफ्त में प्रदान करना प्रमुख है, जिसके माध्यम से इनकी खाद्य आवश्यकता की पूर्ति की जा सके। इन योजनाओं का विवरण इस प्रकार है–

**सारणी 1 : ग्रामीण परिवार, बीपीएल परिवार एवं अन्त्योदय, बी0पी0एल0 कार्ड धारक**

| जनपद | कुल ग्रामीण परिवार * | कुल ग्रामीण बी0पी0एल0 परिवार * | बी0पी0एल0 परिवार का प्रतिशत * | कुल बीपीएल परिवार में कार्ड धारकों की संख्या** व प्रतिशत*** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अन्त्योदय | | बी0पी0एल0 | | योग | |
| | | | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| इलाहाबाद | 992445 | 279542 | 28.2 | 88108 | 31.52 | 142301 | 50.91 | 230409 | 82.43 |
| चित्रकूट | 141559 | 78047 | 55.1 | 22774 | 29.18 | 37235 | 47.71 | 60009 | 76.89 |
| मथुरा | 260417 | 118199 | 45.4 | 47243 | 39.97 | 67243 | 56.89 | 104486 | 96.90 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाराबंकी | 665429 | 314363 | 47.2 | 132883 | 42.27 | 183597 | 58.40 | 316480 | 100.67 |

**स्रोतः–** * बीपीएल सर्वे 2002 पर आधारित, ** कार्यालय, जिला आपूर्ति विभाग, *** कुल ग्रामीण बी0पी0एल0 परिवार का।

**नोटः–** अंत्योदय व बीपीएल कार्ड धारकों की वर्तमान (2007–08) की संख्या।

उपरोक्त सारणी में दिये गये आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इलाहाबाद जनपद में कुल ग्रामीण परिवारों में ग्रामीण बी.पी.एल. परिवारों का प्रतिशत 28.2 है जबकि चित्रकूट में 55.1 प्रतिशत मथुरा में 45.4 प्रतिशत तथा बाराबंकी में 47.2 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन कर रहे है। इस प्रकार बाराबंकी जनपद में गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने वाले परिवारों की संख्या की तुलना में 100.67 प्रतिशत अन्त्योदय एवं बी0पी0एल0 राशन दिया गया। जिसमें 42.27 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये है तथा 58.4 प्रतिशत गरीब परिवारों को बी.पी.एल कार्ड दिये गये है। जबकि मथुरा जनपद में कुल 96.9 प्रतिशत कार्ड धारकों में से 39.97 प्रतिशत (अति गरीब) को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये है तथा 56.89 प्रतिशत गरीब परिवार को बी0पी0एल0 राशन कार्ड दिये गये है। इसी प्रकार इलाहाबाद जनपद में कुल 82.43 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों में 31.52 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये है जबकि 50.9 प्रतिशत गरीब परिवारों को बी0पी0एल0 राशन कार्ड दिये गये है। बुन्देलखण्ड के चित्रकूट जनपद में कुल 76.89 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों में से 29.18 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड तथा 47.7 प्रतिशत गरीब परिवारों को बी0पी0एल0 राशन कार्ड दिये गये है। इस प्रकार स्पष्ट है कि चित्रकूट जनपद में 23 प्रतिशत से अधिक, इलाहाबाद में 17.0 प्रतिशत से अधिक एवं मथुरा में लगभग 3.0 प्रतिशत बी0पी0एल0 परिवार अभी भी सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं प्राप्त हुआ है।


ग्रामीण परिवार में बीपीएल परिवार का प्रतिशत
प्रतिशत
60
50
40
30
20
10
0
28.2
55.1
45.4
47.2
इलाहाबाद
चित्रकूट
मथुरा
बाराबंकी


बीपीएल ग्रामीण परिवार में अंत्योदय कार्ड धारक
प्रतिशत
45
40
35
30
25
20
15
10
5
0
31.52
29.18
39.97
42.27
इलाहाबाद
चित्रकूट
मथुरा
बाराबंकी




## अंत्योदय अन्न योजना

भोजन मनुष्य की अहम् आवश्यकताओं में से एक है। भारत जैसे देश में जहॉ 23 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को अभिशप्त है, उनके खाद्य सम्बन्धित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने अपने 76वें जन्म दिवस, 25 दिसम्बर 2000 को अंत्योदय अन्न योजना का शुभारम्भ किया। अंत्योदय अन्न योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन—यापन करने वाले परिवार को 25 किग्रा अनाज अत्यन्त रियायती दर पर (गेंहूॅ 2 रूपये प्रति किग्रा और चावल 3 रूपये प्रति किग्रा) उपलब्ध कराया जाता है। 1 अप्रैल 2002 से इस योजना को एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात् 31 मार्च 2003 तक अनाज की इस मात्रा को 25 किलोग्राम प्रति परिवार से बढ़ाकर 35 किलोग्राम (23 किलोग्राम गेंहूॅ और 12 किलोग्राम चावल) प्रति परिवार कर दिया गया।

केन्द्र सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 50 लाख अतिरिक्त परिवारों को इस योजना में शामिल करने के लिए अंत्योदय अन्न योजना का विस्तार किया है इसमें निम्न परिवारों के प्राथमिकता समूहों को शामिल किया गया है।[14]

(क) परिवार की विधवाएं, मरणासन्न व्यक्ति, विकलांग या 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति अथवा ऐसी अकेली महिला या अकेला पुरूष, जिसका पारिवारिक या सामाजिक, कोई सहारा न हो।

(ख) विस्तारित अंत्योदय अन्न योजना का लाभ अनुसूचित जाति/जनजाति के राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रदान किया जाता है।

(ग) अंत्योदय अन्न योजना से लाभान्वित करने के लिए राज्यों/संघ शासित राज्यों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के गरीब परिवारों की पहचान करके विशेष राशन कार्ड जारी किया जाता है।

वर्तमान समय में यह योजना केन्द्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत चलायी जा रही है।[15]

**सारणी 2: वर्षवार अन्त्योदय कार्ड धारक**

| वर्ष | इलाहाबाद | | चित्रकूट | | मथुरा | | बाराबंकी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 2000-01 | 30147 | 10.78 | 7250 | 9.29 | 24857 | 21.03 | 38378 | 12.21 |
| 2001-02 | 34900 | 12.48 | 7650 | 9.80 | 24857 | 21.03 | 44800 | 14.25 |
| 2002-03 | 35226 | 12.60 | 9100 | 11.66 | 24857 | 21.03 | 45175 | 14.37 |
| 2003-04 | 52854 | 18.91 | 9106 | 11.67 | 24857 | 21.03 | 45175 | 14.37 |
| 2004-05 | 69778 | 24.96 | 13662 | 17.50 | 24857 | 21.03 | 73512 | 23.38 |
| 2005-06 | 88108 | 31.52 | 18034 | 23.11 | 32812 | 27.76 | 97039 | 30.87 |
| 2006-07 | 88108 | 31.52 | 22774 | 29.18 | 41436 | 35.06 | 122545 | 38.98 |
| 2007-08 | 88108 | 31.52 | 22774 | 29.18 | 47243 | 39.97 | 132883 | 42.27 |

**स्रोतः– संख्या–** कार्यालय, जिला आपूर्ति विभाग, एवं **प्रतिशत–** बीपीएल सर्वे 2002 पर अधारित।

उपरोक्त सारणी में दिये गये आंकड़ों से स्पष्ट है कि वर्ष 2002–03 में इलाहाबाद जनपद में कुल बी0पी0एल0 ग्रामीण परिवारों में से 12.6 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये, जबकि वर्ष 2004–05 में अति गरीब परिवारों को दिये जाने वाले अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों का प्रतिशत बढ़कर 24.96 प्रतिशत हो गया तथा वर्ष 2007–08 में यह बढ़कर 31.52 प्रतिशत हो गया। चित्रकूट जनपद में कुल ग्रामीण बी0पी0एल0 परिवारों में से 11.66 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये, वही वर्ष 2004–05 में यह प्रतिशत बढ़कर 17.50 हो गया तथा वर्ष 2007–08 में बढ़कर यह प्रतिशत 29.18 हो गया। वही दूसरी ओर मथुरा जनपद में वर्ष 2002–03 में कुल ग्रामीण बी.पी.एल परिवारों में से 21.03 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये जबकि वर्ष 2004–05 में अति गरीब परिवारों को दिये जाने वाले अन्त्योदय कार्ड धारकों के प्रतिशत में कोई बढ़ोत्तरी नही हुयी, वही वर्ष 2007–08 में कार्ड धारकों का प्रतिशत बढ़कर 39.97 प्रतिशत हो गया। दूसरी ओर बाराबंकी जनपद में वर्ष 2002–03 में कुल गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों में से 14.37 प्रतिशत अति गरीब परिवारों को अन्त्योदय राशन कार्ड दिये गये जबकि वही वर्ष 2004–05 में अतिगरीब परिवारों को दिये जाने वाला अन्त्योदय कार्ड राशन का प्रतिशत बढ़कर 23.38 प्रतिशत हो गया तथा वर्ष 2007–08 में बढ़कर यह 38.98 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार आँकड़ों का विश्लेषण स्पष्ट करता है कि 2000–01 की तुलना में सभी जनपदों में अति गरीब परिवारों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई जो स्पष्ट करता है कि अति गरीब परिवारों को विभिन्न विकास योजनाओं के द्वारा बेहतर स्थिति में नहीं लाया जा सका साथ ही अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की वर्ष–वार बढ़ती संख्या गरीबी के स्वरूप को और भी विकराल तस्वीर प्रस्तुत करती है।

**गरीबी रेखा के नीचे की योजना**

गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले परिवारों के लिए भारत सरकार द्वारा 1 जून 1997 से खाद्य सुरक्षा के रूप में 25 किलोग्राम अनाज (गेंहूँ एवं चावल) सस्ते दर की दुकान से बी0पी0एल0 कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए इस योजना का आरम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत वे समस्त परिवार, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन कर रहे हैं, लाभान्वित किये जाते हैं। इस योजना के अन्तर्गत गेंहूँ 4.65 रूपये प्रति किलोग्राम तथा चावल 5.35 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से वितरित किया जाता है। अंत्योदय अन्न योजना के प्रारम्भ होने पर उन गरीब परिवारों में जो परिवार अति गरीब थे, उन्हें लाल रंग का कार्ड देकर अंत्योदय योजना का तथा शेष परिवारों को गरीबी रेखा के नीचे का सफेद राशन कार्ड देकर लाभान्वित किया जाने लगा। इन योजनाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बसे गरीबों को काफी लाभ पहुँचा है किन्तु गरीबी रेखा के निर्धारण में खामियों की वजह से जहाँ आज भी हजारों गरीब परिवार इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं वहीं हजारों अपात्र परिवार इस योजना का लाभ ले रहा है।[17]

## योजना का उद्‌देश्य

इस योजना का एकमात्र उद्‌देश्य यह है कि देश के ऐसे गरीब परिवार, जो गरीबी रेखा के नीचे निवास करते हैं और बाजार के मँहगे दर पर खाद्यान्न खरीदकर काम नहीं चला पाते हैं, उन्हें पूर्व में 25 किलोग्राम तथा वर्तमान में 35 किलोग्राम खाद्यान्न (23 किलोग्राम गेंहूँ और 12 किलोग्राम चावल) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उचित दर की दुकान से सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जाए।

**सारणी 4.5: वर्षवार बीपीएल कार्ड धारक**

| वर्ष | इलाहाबाद | | चित्रकूट | | मथुरा | | बाराबंकी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 2000-01 | 194572 | 69.60 | 47380 | 60.71 | 24857 | 21.03 | 250350 | 79.64 |
| 2001-02 | 176946 | 63.30 | 53227 | 68.20 | 24857 | 21.03 | 247700 | 78.79 |
| 2002-03 | 160030 | 57.25 | 50294 | 64.44 | 91371 | 77.30 | 249960 | 79.51 |
| 2003-04 | 141692 | 50.69 | 45738 | 58.60 | 91503 | 77.41 | 246027 | 78.26 |
| 2004-05 | 142301 | 50.91 | 41366 | 53.00 | 81213 | 68.71 | 222500 | 70.78 |
| 2005-06 | 142301 | 50.91 | 36626 | 46.93 | 75258 | 63.67 | 196994 | 62.66 |
| 2006-07 | 142301 | 50.91 | 37235 | 47.71 | 67243 | 56.89 | 197603 | 62.86 |
| 2007-08 | 142301 | 50.91 | 37235 | 47.71 | 67243 | 56.89 | 183597 | 58.40 |

**स्रोतः– संख्या**– कार्यालय, जिला आपूर्ति विभाग, एवं **प्रतिशत–** बीपीएल सर्वे 2002 पर अधारित।

उपरोक्त सारणी स्पष्ट करता है कि वर्ष 2002–03 में इलाहाबाद जनपद में कुल ग्रामीण बी.पी.एल परिवारों में से 57.25 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को बी0पी0एल0 राशन कार्ड दिये गये जबकि गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को दिये जाने वाले बी.पी.एल कार्ड का प्रतिशत 2004–05 में घटकर 50.91 प्रतिशत हो गया तथा वर्ष 2007–08 में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को दिये जाने वाले बी0पी0एल0 राशन कार्डो के प्रतिशत में कोई वृद्धि नही दर्ज की गयी। चित्रकूट जनपद में वर्ष 2002–03 में कुल ग्रामीण बी0पी0एल0 परिवारों में से 64.44 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को बी.पी.एल कार्ड दिये गये जबकि वर्ष 2004–05 में रेखा से नीचे के परिवारों को दिये जाने वाले बी0पी0एल0 राशन कार्डो की संख्या में कोई वृद्धि नही हुई। मथुरा जनपद में वर्ष 2002–03 में कुल बी0पी0एल0 राशन कार्ड दिये गये जबकि वर्ष 2004–05 में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को दिये जाने वाले कार्डो का प्रतिशत घटकर 68.71 प्रतिशत हो गया तथा वर्ष 2007–08 में यह संख्या पुनः घटकर 56.89 प्रतिशत हो गयी। दूसरी ओर बाराबंकी जनपद में वर्ष 2002–03 में कुल ग्रामीण बी.पी.एल परिवारों में से 79.51 प्रतिशत बी.पी.एल परिवारों को बी.पी.एल कार्ड दिये गये जबकि वर्ष 2004–05 में बी.पी.एल परिवारों को दिये जाने वाले राशन कार्डो का प्रतिशत घटकर 70.78 प्रतिशत हो गया तथा यह संख्या पुनः वर्ष 2007–08 में घटकर 58.4 प्रतिशत हो गयी। इस प्रकार स्पष्ट है कि चयनित जनपदों में मथुरा जनपद छोड़कर अन्य तीनों जनपदों में बी0पी0एल0 कार्ड धारकों की संख्या में क्रमिक रूप से कमी दिखाई देती है।

**रोज़गार से सम्बन्धित योजनाएं**

आवासीय सुविधा के बाद रोज़गार गरीबों की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। आवश्यक रोज़गार मिलने से गरीब व्यक्ति अपना व अपने परिवार का पालन–पोषण कर सकता है। इसके लिए जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित किये जाएं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की आय का एकमात्र साधन मजदूरी है। इन गरीब परिवारों के पास कृषि योग्य भूमि का अभाव होने के कारण मजदूरी ही इनकी आय का स्रोत है और इसके अलावा उनके पास आय अर्जित करने का कोई अन्य साधन नहीं है। पूर्व में कृषि भूमि में मजदूरी के पर्याप्त अवसर विद्यमान थे, लेकिन विगत् कुछ वर्षों में कृषि के उन्नत तरीकों के अपनाए जाने से कृषि क्षेत्र में मजदूरी के अवसर काफी कम हो गए। इन सारी बातों को ध्यान में रखकर सरकार समय–समय पर विभिन्न प्रकार की रोज़गार परक योजनाओं को क्रियान्वित करती रहती है, जिसके द्वारा रोज़गार के अवसर तो उपलब्ध होते ही हैं, साथ ही साथ आधारभूत संरचनाओं का भी निर्माण होता है, जिससे विकास की गति को भी बल मिलता है। रोज़गार से सम्बन्धित प्रमुख योजनाओं को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है।

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार योजना**

राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार योजना का आरम्भ अक्टूबर 1980 में काम के बदले अनाज कार्यक्रम को पुनर्गठित करके किया गया। इस योजना को भी भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के रूप में 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करा कर कार्यान्वित किया गया। इस योजना में बेरोज़गारी एवं अल्प बेरोज़गारी को दूर करने के लिए 3000 से 4000 लाख मानव दिवस का अतिरिक्त रोज़गार प्रति वर्ष देने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस योजना के अन्तर्गत योजना राशि का 10 प्रतिशत भाग अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों पर खर्च करना अनिवार्य था। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए सार्वजनिक सम्पत्तियों जैसे पीने के लिए पानी के कुएं, सार्वजनिक सिंचाई के लिए कुएं, तालाब, छोटी सिंचाई परियोजनाएं, ग्रामीण सड़कें, स्कूल, बालवाड़ी भवन, पंचायत घर आदि का निर्माण करना था।[18]

**योजना का उद्देश्य**

इस योजना के प्राथमिक एवं गौंण दो प्रकार के उद्देश्य निर्धारित किए गये जो है–

- ⇒ **प्राथमिक उद्देश्य** राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीबों की बेरोज़गारी एवं अल्प–बेरोज़गारी को दूर करने के लिए 3000 से 4000 लाख मानव दिवस के अतिरिक्त रोज़गार प्रति वर्ष उपलब्ध कराना है।
- ⇒ **द्वितीयक उद्देश्य** इस योजना का गौंण उद्देश्य ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए सार्वजनिक सम्पत्तियों, जैसे पीने के लिए पानी के कुएं, सिंचाई के लिए कुएं, तालाब, छोटी परियोजनाएं, सड़कें, स्कूल, बालवाड़ी भवन एवं पंचायत घर का निर्माण आदि कराना है।

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी योजना**

भारत सरकार ने पूर्ववर्ती मजदूरी रोज़गार कार्यक्रमों यथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम (एन0आर0ई0पी0) 1980, ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी कार्यक्रम (आर0एल0ई0जी0पी0) 1983, जवाहर रोज़गार योजना (जे0आर0वाई0) 1989, सुनिश्चित रोज़गार योजना (ई0ए0एस0) 1993, जवाहर ग्राम समृद्धि योजना (जे0जी0एस0वाई0) 1999, सम्पूर्ण ग्रामीण रोज़गार योजना (एस0जी0आर0वाई0) 2001, काम के बदले अनाज का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन0एफ0एफ0डब्लू0पी0) 2004, जिन्हें समय–समय पर संशोधित किया जाता रहा है, को मिलाकर 7 सितम्बर 2005 को संसद द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी अधिनियम पारित किया गया। प्रारम्भ में यह योजना देश के 200 जनपदों में लागू की गयी, लेकिन 5 वर्ष की अवधि के भीतर इसे पूरे देश में लागू करने का प्रावधान रखा गया।[39]

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक परिवारों को रोज़गार सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के श्रमपरक रोज़गार की गारण्टी प्रदान करना है। इस योजना के अन्तर्गत परिवार का अर्थ है एकल परिवार, जिसमें मॉ, बाप तथा उनके बच्चे शामिल हों। परिवार के मुखिया के उपर पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से निर्भर किसी भी व्यक्ति को परिवार में शामिल किया जा सकता है तथा इसमें एक सदस्यीय परिवार भी शामिल हो सकता है। काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को राज्य के कृषि मजदूरों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत न्यूनतम मजदूरी दी जाती है। इस तरह यह मजदूरी 60 रूपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी। मजदूरी का वितरण साप्ताहिक आधार पर किया जाता है और हर हाल में 15 दिन के भीतर किया जाता है। अधिनियम की धारा 4 के तहत प्रत्येक राज्य को एन0आर0ई0जी0ए0 के प्रावधानों को लागू करने के लिए राज्य रोज़गार गारण्टी योजना बनानी पड़ती है। योजना में रोज़गार चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को विधिवत सत्यापन के पश्चात ग्राम सभा द्वारा पंजीकृत किया जाता है और उस परिवार को जॉब कार्ड दिया जाता है। अधिनियम के लागू होने पर अधिनियम के बारे में जानकारी देने, आवेदन इकट्ठा करने, पंजीकरण और सत्यापन करने के लिए ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित की जाती है। अधिनियम के तहत रोज़गार के लिए पंजीयन कराने के इच्छुक व्यक्तियों की पहचान करने के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण भी किया जाता है। एन0आर0ई0जी0ए0 को कार्यान्वित करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा बनाए गए दिशा निर्देशों के साथ जॉब कार्ड के लिए एक सुझाव प्रपत्र संलग्न किया जाता है, जिसमें परिवार की स्थाई जानकारी और 5 वर्ष के लिए दिए गए कार्य की प्रविष्टियॉ होंगी। जॉब कार्ड की स्थायी जानकारी में परिवार का पंजीकरण कोड नम्बर, आवेदक तथा परिवार के सभी सदस्यों की लिंग व आयु से सम्बन्धित जानकारी तथा काम करने के इच्छुक वयस्क का नाम होगा। परिवार के प्रत्येक पंजीकृत आवेदक को अलग पहचान पर्ची भी दी जाती है।

रोज़गार चाहने वाले किसी व्यक्ति द्वारा काम के लिए आवेदन दिये जाने के 15 दिनों के भीतर रोज़गार दिया जाता है। यदि 15 दिन के भीतर रोज़गार नहीं दिया जाता है तो दैनिक बेरोज़गारी भत्ता नगद दिया जाता

है। रोज़गार देने की कानूनी जवाबदेही राज्यों की है और उसी अनुपात में निधियॉ देने की जवाबदेही केन्द्र की है। इस योजना में बेरोज़गारी भत्ता भुगतान करने की जिम्मेदारी राज्यों की है।

इस योजना के अन्तर्गत नया काम तभी शुरू किया जाता है, जब काम के लिए कम से कम 50 श्रमिक मिल जाते हैं। योजना के अन्तर्गत एक तिहाई महिला श्रमिकों को काम दिये जाने का प्रावधान रखा गया है। ग्राम पंचायत नियोजन व पंजीकरण करने, लाभार्थियों को जॉब कार्ड जारी करने, रोज़गार आवंटित करने और कार्यों की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार हैं। विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी के रैंक से उपर के अधिकारी योजना की कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए जिम्मेदार होता है। वह ग्राम योजनाओं की जॉच करने, कार्यों और रोज़गार की मांग के बीच तालमेल सुनिश्चित करने, समय सीमॉ के भीतर रोज़गार की मांग को पूरा करने और कामगारों को उनका हक दिलाने के लिए जिम्मेदार होता है।[40]

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 फरवरी 2006 को इस योजना को लागू करने के लिए सहमति दिये जाने के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी इसी दिन यह योजना लागू की गयी। प्रदेश के चयनित 39 जिलों में यह योजना लागू की गयी, जिसमें वर्ष 2006–07 में 22 जिले तथा 2007–08 में 17 जिलों को और शामिल किया गया। 1 अप्रैल 2008 से प्रदेश के शेष 31 जिलों में भी यह योजना प्रारम्भ की गयी। इस प्रकार से राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी कार्यक्रम देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत व्यय किये जाने वाले धन का 90 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार द्वारा तथा 10 प्रतिशत भाग राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाता है।[41]

**योजना का उद्देश्य**

⇒ इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक परिवारों को रोज़गार सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के श्रमपरक रोज़गार की गारण्टी प्रदान करना।

⇒ मांग के 15 दिनों के अन्दर श्रमिकों को कम से कम 14 दिन का रोज़गार एक बार में उपलब्ध कराना।

⇒ रोज़गार, श्रमिक के निवास स्थान के 5 किमी0 के अन्दर उपलब्ध कराना। इससे अधिक दूरी होने पर 10 प्रतिशत अधिक मजदूरी भुगतान करना।

⇒ यदि 15 दिनों के अन्दर रोज़गार न दिया गया तो बेरोज़गारी भत्ते का भुगतान किया जाना, जो वित्तीय वर्ष के प्रथम 30 दिन के लिए 1/4 और शेष दिनों के लिए 1/2 होता है।

**कृषि से सम्बन्धित योजनाएं**

देश की जनसंख्या का 74 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गॉवों में निवास करती है, जिनके जीवन का आशय मुख्यतः कृषि क्षेत्र है। देश की गरीबी निवारण में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। कृषि क्षेत्र ही गरीबों की संख्या घटाने तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करता है। इसलिए सरकार द्वारा समय–समय पर कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलायी जाती रही हैं, जिससे गरीब परिवारों की गरीबी भी कम होती रही है।

**किसान क्रेडिट कार्ड योजना**

भारतीय किसानों की कृषि सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों तथा वाणिज्यिक बैंकों से मिलने वाले ऋण को सरल बनाने, ऋण की सीमा को उनके जोत के आधार पर कम या अधिक करने के लिए वर्ष 1998–99 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना का आरम्भ किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के लिए वे किसान पात्र होते हैं, जिनका कृषि उत्पादन 5,000 रूपये या उससे अधिक है। किसानों को क्रेडिट कार्ड उनके भूमि के आधार पर जारी किए जाते हैं। इस योजना के अन्तर्गत पात्र किसानों का कार्ड और पासबुक अथवा कार्ड–सह–पासबुक दिये जाते हैं। किसानों द्वारा बैंकों से मिलने वाली इस धनराशि का प्रयोग कृषि के लिए बीज, खाद और कीट नाशक आदि खरीदने पर किया जाता है। किसानों को दिये जाने वाले धन की सीमा उनके प्रचलित जोत, फसल पैटर्न (खेती एक फसली होती है या दो फसली) के आधार पर निर्धारित किया जाता है। किसानों को दिये जाने वाले क्रेडिट कार्ड पर लिये जाने वाले ब्याज का निर्धारण रिजर्व बैंक करता है।[47]

**योजना का उद्देश्य**

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनके कृषि सम्बन्धित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों या ग्रामीण बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण को और सरल बनाना है, जिससे किसानों को सरलता से ऋण प्राप्त हो सके।

**स्वास्थ्य सम्बन्धित योजनाएं**

गरीबी निवारण में स्वास्थ्य सेवाओं का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यदि लोग स्वस्थ हैं, तो वह अपनी जीविका चलाने के लिए कोई न कोई उद्यम अवश्य करते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है और उनके स्वास्थ्य पर व्यय भी कम हो जाते हैं। इसके विपरीत यदि व्यक्ति अस्वस्थ है, तो उसकी आय घट जाती है या घटकर शून्य हो जाती है, साथ ही उन्हें अपनी अस्वस्थता दूर करने में अत्यधिक खर्च करना पड़ता है, जिसके कारण वे अत्यधिक कर्ज में डूब जाते हैं, जो गरीबी जैसी विषम समस्या के रूप में सामने आती है। इसी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता रहा है जिसका सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुआ है। ये प्रमुख योजनाएं निम्नवत है–

**जननी सुरक्षा योजना**

गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए 1 अप्रैल, 2005 से जननी सुरक्षा योजना का आरम्भ किया गया। इस योजना को मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाने एवं गर्भवती महिलाओं के हितों के लिए लागू किया गया। इस योजना का लाभ 19 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पहले दो जीवित प्रसवों के समय प्राप्त होता है। तीसरे प्रसव के समय भी महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। साथ ही यदि महिलाएं अपनी नसबन्दी कराती हैं, तो योजना के अन्तर्गत पात्र महिलाओं के साथ–साथ प्रसव कराने वाली स्वास्थ्य सेविका को भी 200 रूपये से 800 रूपये तक की राशि (धनराशि का निर्धारण क्षेत्र के आधार पर

किया जाता है।) प्रदान की जाती है। प्रसव कराने वाली महिलाओं को मान्यता प्राप्त निजी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव कराने पर भी इस योजना का लाभ मिलता है। इस योजना पर आने वाले खर्च को केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस योजना में पूर्व में चलायी गयी राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना को शामिल कर दिया गया तथा वर्ष 2005–06 के बजट में यह योजना राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का घटक हो गयी। वर्तमान में यह योजना देश के 10 राज्यों, जैसे– बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, असम तथा जम्मू कश्मीर में चलायी जा रही है।[51]

**योजना का उद्देश्य**

⇒ जननी सुरक्षा योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले गरीब परिवारों के मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाना है।

⇒ योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को जिनकी उम्र 19 वर्ष से अधिक है, पहले दो जीवित प्रसवों के समय आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

**शिक्षा सम्बन्धित योजनाएं**

गरीबी निवारण की दिशा में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। एक शिक्षित परिवार अपने आय को ध्यान में रखकर परिवार के आकार को छोटा रखता है, जिससे जनसंख्या भी नियंत्रित रहती है और परिवार पर विभिन्न प्रकार के (शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवश्यक मूलभूत आवश्यकताएं) खर्चों पर अंकुश लगा रहता है। शिक्षा का प्रभाव रहन–सहन, सरकारी योजनाओं की जानकारी, देश–विदेश की जानकारी एवं रोज़गार आदि पर पड़ता है। यही वजह है कि शिक्षा की महत्ता को समझते हुए सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित होती रही हैं, जिनमें प्रमुख योजनाएं निम्न प्रकार हैं :

**सर्व शिक्षा अभियान**

भारत सरकार ने सभी को शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से अक्टूबर 1998 में आयोजित राज्य शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की सिफारिशों के परिणामस्वरूप वर्ष 2001 में सर्व शिक्षा अभियान योजना का आरम्भ किया। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2003 तक 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का स्कूल में दाखिला व वर्ष 2007 तक इन सभी बच्चों के पॉच वर्षों की प्रारम्भिक शिक्षा को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2010 तक 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का आठ वर्षों की प्रारम्भिक शिक्षा (पूर्व माध्यमिक स्तर) की ओर ध्यान केन्द्रित करना, जीवन के लिए शिक्षा पर बल देते हुए सन्तोषजनक स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा की ओर ध्यान देना तथा यह सुनिश्चित करना कि सभी बच्चे स्कूली शिक्षा जारी रखे हुए हैं, आदि लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत व्यय की जाने वाली धनराशि का 85 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा तथा 15 प्रतिशत राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाता था, लेकिन दसवीं पंचवर्षीय योजना में इस राशि का 75 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत राज्य सरकारों द्वारा

वहन की गयी। वहीं इसके बाद ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में इस धनराशि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा तथा 50 प्रतिशत राज्य सरकारों द्वारा वहन किया गया।

सर्व शिक्षा अभियान देश के गोवा राज्य को छोड़कर, समूचे देश में चलाया जा रहा है। वर्ष 2004–05 के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 598 जनपदों के लिए वार्षिक कार्यक्रम अनुमोदित किये गए। सर्व शिक्षा अभियान में ऐसी मलिन बस्तियों में नये स्कूल स्थापित करना, जहॉ पर बच्चों के लिए कोई स्कूली सुविधा मौजूद नहीं है तथा बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल, अनुरक्षण, अनुदान तथा स्कूल सुधार अनुदान के प्रावधानों के माध्यम से स्कूलों के मौजूदा बुनियादी ढॉचे को मजबूत बनाना है।[59] सरकार सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से अपर्याप्त शिक्षक वाले मौजूदा स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति करना, मौजूदा अध्यापकों की क्षमता, प्रशिक्षण, शिक्षण–अधिगमन सामग्री और शैक्षिक अनुसमर्थन तंत्र का विकास करके शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समाज के कमजोर वर्गों की लड़कियों और बच्चों पर विशेष ध्यान देकर इनके लिए निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों सहित अनेक प्रोत्साहन देने वाली योजनाएं चलायी गयी। सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर आधारित शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस अभियान के माध्यम से बालिकाओं तथा अनुसूचित जाति/जनजातियों के बच्चों को, जो कठिन परिस्थितियों में जीवन निर्वाह कर रहे हैं, शैक्षिक आवश्यकताओं पर विशेष बल दिया गया है।

### योजना का उद्देश्य

- ⇒ वर्ष 2003 तक 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल में पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए।
- ⇒ 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को वर्ष 2007 तक पॉच वर्ष की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी करनां।
- ⇒ 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चो को वर्ष 2010 तक आठ वर्षों की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी करना।
- ⇒ जीवन के लिए शिक्षा पर बल देते हुए सन्तोषजनक स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा की ओर ध्यान देना है।
- ⇒ प्राथमिक स्तर पर वर्ष 2007 तक तथा प्रारम्भिक स्तर पर वर्ष 2010 तक लड़के और लड़कियों के बीच अन्तर और सामाजिक असमानताओं को समाप्त करना।

### राष्ट्रीय सामाजिक सहायता एवं बीमा से सम्बन्धित योजनाएं

समाज में आज भी कई लोग ऐसे हैं, जो बेसहारा और निःसहाय हैं और गरीबी के कारण कुछ भी करने की स्थिति में नहीं हैं। सरकार ऐसे लोगों को चिन्हित कर समय–समय पर विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर गरीबी निवारण का प्रयास करती रही है, जिनमें कुछ प्रमुख योजनाएं निम्न प्रकार हैं :

### राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना

राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को 15 अगस्त, 1995 से एक राष्ट्रीय सहायता कार्यक्रम के रूप में प्रारम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले 60 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे ग्रामीण

वृद्ध, जिनकी मासिक आय 2250 रूपये से कम हो, उन्हें 125 रूपये प्रतिमाह पेंशन के रूप में दिया जाता था। वर्ष 2006–07 के बजट में 75 रूपये के स्थान पर 200 रूपये केन्द्र सरकार द्वारा तथा 200 रूपये राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का प्रावधान रखा गया। इस प्रकार इस योजना के लाभार्थी को 400 रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाने लगा। इस योजना का लाभ पाने के इच्छुक व्यक्ति को अपने क्षेत्र के लेखपाल के माध्यम से फार्म भरकर उप–जिलाधिकारी को प्रेषित करना पड़ता है तथा शासन से सम्बन्धित विभाग की स्वीकृति मिल जाने पर उन्हें पेंशन दिया जाने लगता है। इसका भुगतान मासिक न होकर त्रैमासिक या अर्द्धवार्षिक समय के अन्तराल पर किया जाता है। यह योजना उत्तर प्रदेश के 6 सीमावर्ती जनपदों में, जो आर्थिक एवं सामाजिक विषमताओं से प्रभावित हैं, चलायी जा रही है।[65]

सन्दर्भ–


1– आश्रय पत्रिका (इन्दिरा आवास योजना), 2002, पृष्ठ संख्या–1, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

2– आश्रय पत्रिका (इन्दिरा आवस योजना), 2002, पृष्ठ संख्या 1–2, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

3– आश्रय पत्रिका (इन्दिरा आवास योजना), 2002, पृष्ठ संख्या 0–5, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

4– आश्रय पत्रिका (इन्दिरा आवास योजना), 2002, पृष्ठ संख्या–5–6, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

अयं भावइति मन्त्रेण अभिमृशेदित्यर्थः। :स्तनं अभिपद्यते आलभेत्। यस्ते स्तन :धेनो :विपुड् अभिमन्त्रणानन्तरं अस्या : अथ अस्य उपात्तस्य मन्त्र प्रथमभागस्य तात्पर्य व्याचष्टे। हे धर्मरूप धेनो ते तव स्तनगुहायां अस्माभिरदृश्ये : :स्तन :एतन्मन्त्रवाक्यमाह। अथ द्वितीयभागमनूद्य व्याचष्टे। य (इममेवा :निक्षिप्तो बभूव। योऽयमर्थ :दिव्येऽवस्थाने निहित रत्नघा रत्नानां रमणीयानां धनानां धाता दाता। वसुवित् वसूनां कनकरजतादीनां वेदिता लंभयिता। यशोभनदाता :सुदत्र : एवं गुणविशिष्टो हि पुरुषो लोके स्तूयते इति एवंरूपमेवार्थमेतन्मन्त्रवाक्यमाह। अथ :स्तुत्य :अत एव पणाय्य चतुर्थपादमनूद्य व्याचष्टे। अथ प्रतिपाद्यमाना सरस्वती वाग्वै वागात्मिकैव न तु नदीरूपा। सैव सरस्वतीएषा धर्मदुधा धर्मस्य धर्मार्थस्य पयसदोग्ध्री धेनुः। सरस्वत्येहि इ :

:त्याह्वानमन्त्रे तस्यास्तादात्म्यप्रतिपादनात् सात्र वाक् यज्ञो वै यज्ञ एव। स्तुतशस्त्रादिरूपया तयैव तस्य निष्पाद्यत्वात्। अत प्र :यज्ञं अस्मभ्यं प्रयच्छ। येन खलु यज्ञेन वयं देवान् हविर्भुजणाम तपयमि इति अमुमेवार्थमेतन्मन्त्रवाक्यं

सरस्वतिशब्देन प्रतिपादयति। यद्यपि इह हे सरस्वति। तथाविधम् उक्तलक्षणं त्वदीयं स्तनं इहास्मिल्लोके धातवे धातुं पातुं अकब्राह्मणे व्याख्यायते। एवं दुग्ध :अर्थ :प्रतीयते। तथापि सरस्वतिशब्दसूचित :कुरु। इति मन्त्रार्थ :ृवा उत्थाय होत्रा इत्युच्यमाने गार्हपत्यं समीपं गच्छेत् इत्याह। अथ दोहनान्तरं गार्हपत्यं उर्वन्तरिक्षं इति मन्त्रेण गच्छेत्। "उपद्रव पयसा"

-। तथा च कात्यायनेनोक्तम्:बंधुबंधक :असावेव खलु अग्नि

"उपद्रव पयसेत्युच्यमाने गच्छत्युर्व्वन्तरिक्षमिति"[52]

एवं प्रकारेण गवां महत्वं ब्राह्मणग्रन्थेषु प्रतिपादितम्। एतेरेयब्राह्मणे छन्दसां महत्वं प्रकटयन् समासेन गवां महत्वमुपदिष्टम्। गोपथ ब्राह्मणे प्रायेण शतपथ ब्राह्मणस्यैव पक्ष। सामवेदस्य सन्ति अनेकानि ब्राह्मणानि तेषु :प्रकारान्तरेण समुपदिष्ट : क्वचित् सृष्टिप्रक्रियायां गवां वैशिष्ट्यम् भणितम्। गानप्रक्रियायां च गौसाम श्रूयते। पर्यालोचनेन गवां वैशिष्ट्यं सर्वत्र ग्रन्थेषु भणितमस्ति।

आरण्यकग्रन्थेषु गोतत्त्वविमर्श :

आरण्यकग्रन्थ। किमिदमा:अपेक्षित :। अस्य आरण्यकस्य सामान्येन प्रथमं परिचय:ब्राह्मणग्रन्थान्तर्गते पठित :रण्यकम् -

सम्प्रति ब्राह्मणशेषवत् ग्रन्थान्ते पठितोऽस्ति। :आरण्यकग्रन्थ

एकत्र ब्राह्मणग्रन्थे बहुविधान :तत्रैव आरण्यके अध्यात्मयज्ञस्य महत्वं भवति। अनेन द्रव्ययज्ञस्य अनादर :द्रव्ययज्ञा : शु :किन्तु द्रव्ययज्ञादेव पाञ्चभौतिकशरीरस्य बाह्याभ्यन्तरत :प्रकटितद्धिरिष्यते। कामानां सिद्धिप्रथमं :भोगानां प्राप्ति : अध्यात्मयज्ञं प्रविशति। वाक्यान्तरेण वक्तुं शक्ये स्थूलात् सूक्ष्मस्यावाप्तिः। :जन :द्रव्ययज्ञेन सिद्ध्यति। द्रव्ययज्ञात् श्रान्त तत्रा :प्रतिभाति। अभुक्तकाम :निरर्थक :अतृप्तकामस्य अध्यात्म यज्ञे प्रवेशपि तं जनं हठात् भोक्तुमुद्वेलयति प्रेरयति च।

अतसर्वप्रथमं :वर्तते मनुष्य :विपरीत :काल :। अद्यतनीय:निश्चेतव्य :द्रव्ययज्ञस्य सम्यगनुष्ठानं कृत्वा अध्यात्मयज्ञे प्रवेश : आत्मवादस्यैव चिन्तने रतो विभाति। सर्वत्र कथा प्रसंगे आत्मतत्वचिन्तनस्य वार्ता प्रामुख्येन प्रसारयति जीवनस्य प्राथमिकं महत्वमपि न वेत्यसौ कथं ब्रह्मज्ञानी भूत्वा स्वयं भ्रष्टसांसारिकान् वञ्चयितुं आत्मानं प्रदर्शयति। तस्मादत्र :

वदामि वानप्रस्थानां संन्यासिनां च कृते आरण्यकं उत्पन्नम्।

आरण्यकमित्यत्र अरण्य शब्दात् भवार्थे वुञ् प्रत्ययभवति त :ेन आरण्यकमिति निष्पन्नम् अर्थात् अरण्ये भवम् आरण्यकम्। सदाशिव वामन आप्टे स्वकीये संस्कृत अंग्रेजी कोश ग्रन्थे आरण्यक शब्दस्य अर्थं प्रतिपादितवान् तस्य

भावविद्यते। अस्य ब्राह् :ग्रन्थ :कश्चित प्रौढ :धार्मिकदार्शनिक निबन्धाभ्यां संपृक्त - आरण्यकम् - वर्तते :मणसाहित्येन सह संबद्धः अस्ति। अरण्येऽनूच्यमानत्वात् आरण्यकम्।

अरण्येऽध्ययनादेव आरण्यकमुदाहृतम्।।

अत्र विचारणीयोऽयं अरण्य शब्द :लक्षणया अरण्य शब्द :कोशग्रन्थे वनस्य पर्यायत्वेन पठित :। अभिधया अरण्यशब्दः गृहेऽपि भवितुमर्हति। अस्माकं :। एकान्त:विषयोऽत्र विवेचित :चिन्तनं अभ्यासश्च एकान्ते संभवति। अतिगभीर गृहे स्थित्वा एव ग्रन्थ :आचार्या :सायणाचार्य प्रभृतयग्रन्थिभेदका :एतादृश :न श्रूयते। अत :अभवन्। तेषामरण्ये वास :

- आरण्यकम् :ग्रन्थविशेष

अरण्याध्ययनादेतत् आरण्यमितीर्यते।

अरण्ये तदधीयतेत्येवं वाक्यं प्रवक्ष्यते।।

महाभारते शान्तिपर्वणि व्याख्यातं यथा दहननवनीतमुत्पद्यते मलयाचलात् चन्दनम् औषधीभिश्चामृतम् त :थैव वेदेभ्य आरण्यकम् इति ज्ञेयम्।

नवनीतं यथा दहन मलयाच्चन्दनं यथा। :

आरण्यकं च वेदेभ्य औषधिभ्योऽमृतं यथा।। :

आरण्यकेषु सकामकर्मणां प्रायेण अभावदृश्यते। अध्यात्मचिन्तने सर्वत्रास्य गतिर्भवति। बोधायनधर्मसूत्रे आरण्यकस्य :

- ब्राह्मणसंज्ञा कृता

विज्ञायते क"र्मादिष्वेतैर्जुहुयात् पूतो देवलोकान् समश्नुते इति हि ब्राह्मणमिति हि ब्राह्मणम्।

आरण्यकस्य रहस्यमपि संज्ञा कृता -

एवमिमे सर्वे वेदा निर्मिता"सान्वाख्याता :ऐतिहासा :सोपनिषत्का :सब्राह्मण :सरहस्या :सकल्पा :[154]अस्य ग्रन्थस्याध्ययनाधिकारी ब्रह्मचर्यव्रतधरः कश्चिद्भवति। एतदारण्यकं सर्वं नाव्रती श्रोतुमर्हति।

अस्याध्ययनं ग्रामे उतवारण्ये भवति स्म। यो निश्चितनोतीत्यध्याहारः। स पुमानात्मानमतिशयोऽऽविर्भूतमुपास्ते। कथं स्थावरजङ्गमजीवयोराविर्भा वातिशय इति चेदुच्यते। ओषधिवनस्पतिषु स्थावरजीवशरीरेषु रस आर्द्रत्वं तदेतज्जीवात्मनो

लिङ्गम्। न हि काष्ठपाषाणादिषु रसोऽस्ति। यदपि प्राणभृत्सु जङ्गमजीवशरीरेषु चित्तमन्तकरणं तदपि जीवात्मनो : सिद :लिङ्गम्। तच्च मृत्पाषाणादिषु न दृश्यते। अतो रस चित्तजीवलिंगयो दर्शनादोषवतिशयेनाऽऽविर्भाव्ऱधः।

- गवादिपशुषु उक्त वैपरीत्यं दर्शयति"

अथेतरेषां पशूनामशनापिपासे एवाभिविज्ञानं न विज्ञातं वदन्ति न विज्ञातं पश्यन्ति न विदुः श्वस्तनं न लोका लोकौ त एतावन्तो भवन्ति यथाप्रशं हि संभवा"इति :[53]

अयमर्थ । तदेव वैलक्षण्यं:मनुष्यवैलक्षण्यद्योतनार्थोऽथ शब्द :प्रपच्यते अशनाशब्देनाशितुमिच्छोच्यते। अशनायेति पदे यकारस्य लुप्तत्वात्। येयं बुभुक्षया च पिपासा ते एवोमे अभिलक्ष्य पशूनां विज्ञानमस्ति न तु मनुष्यवत् पूर्वविज्ञानकथनादिकम्। ते गवादिपशवएतावन्त एतावन्मात्रविज्ञाना स्तात्कालिक क्षुधादिज्ञान मात्रोपेता भवन्त :ि। तत्र हेतुरुच्यते यथा प्रशं पूर्वस्मिज्ञानकर्मानुष्ठानाधिकारयुक्ते जन्मनि यादृशी प्रज्ञा शास्त्रीया लौकिकी वाऽभ्यस्ता। कर्मणोऽप्येतदुपलक्षणम्। कर्मापि विहितं प्रतिषिद्धं वा यादृशमनुष्ठितं तादृशीं प्रज्ञां तादृशं कर्मचानतिक्रम्य यस्मात् संभवा : प्राणिनां जन्मानि भवन्ति। तस्मात् ज्ञानकर्मानुसारेण पशूनां बुद्धिमानं युक्तम्। एतदेवाभिप्रेत्य परलोकगामिनं जीवं प्रति वाजसनेयिन आमनन्ति -'तं विद्याकर्मणि समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा च इति पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापपापेन इति च। : तदेवं मनुष्यदेहस्योत्तमोपाधित्वात्ुतमोपाधयस्तथापि मनुष्यस्यैव प्रायेण शास्त्राधिकारित्वात् -

पुरुष एवोक्तमयमेव महान् प्रजापतिः।

आरण्यके गूढं रहस्यमेव चर्चितम्। अनेन प्रकारेण आरण्यकं गवां भौतिकं कलेवरं नैव मीमांसितम्। क्वचित् संक्षेपेण अध्यात्मरीत्या प्रतिपादनं दृश्यते। अस्माकं शोधप्रबन्धे तादृशस्य चिन्तनस्य प्रायेण प्रयोजनं नास्ति। तस्मात् यत् किञ्चित् प्राप्तं विज्ञानं तत्र तत् सर्वं यथाज्ञानमुपन्यस्तम्।

आरण्यकन दृश्यते। आरण्यकानां संख्याऽपि न्यूना एव। रहस्यात्मको विषय उभयत्र ग्रन्थेषु :उपनिषदोर्मध्ये विषयगतो भेद-ग्रथितः। तस्मात वृहदारण्यकम् एकं आरण्यकमपि भवति उपनिषच्च। स्वातन्त्र्येण क्वचित भेद श्रूयते। :

उपनिषद् ग्रन्थेषु गोतत्त्व विमर्श :

उपनिषद् शब्दस्य व्युत्पत्तिलभ्योऽर्थ - विचार्यते। शैवभाष्यभूमिकायां परिभाषा काचनकृता तामेवात्र उपस्थाप्यते :

उपनिभ्यां सदेर्धातोक्विपि चोपनिषन् :मता।

अन्तर्भावितण्यन्तस्य सदेर्विशरणादिषु।।

केचिन्नर्थेषु मन्यन्ते इदं रूपं तु संभवात्।

अनया ब्रह्मसामीप्यमुपवेष्टुं हि साधकाः।।

अर्हा भवन्ति क्षिप्रं यत् ते नैवोपनिषन्मता।

यद्वा सामीप्यमायातां सर्वभावेन वै नृणाम्।।

शिथिलयति दुःखानां समूहं प्रथमं यतः।

अविद्याहेतुकान् क्लेशान् निषादयति तत्क्षणात्।।[54]

ततो गमयति ब्रह्म तेन सोपनिषन्मता।।१ उपनिषदि शब्दे उप नि उपसर्गौ षद्लु विशरणगत्यवसादनेषु इत्यर्थेषु षद् धातुश्च। सत्युपसर्गे धात्वर्थाउपनिषद्यते प्राप्यते - प्रद्योतन्ते प्रकाशन्ते वा। शब्दस्तोममहानिधौ उपनिषद् शब्दस्य व्याख्याने प्रोक्तं : ब्रह्मविद्या अनयःा

इति[55]

तथा च शांकरभाष्ये मुण्डकोपनिषदि सन्तस्तेषां :सरा :य इमां ब्रह्मविद्यां उपनयन्त्यात्मभावेन श्रद्धभक्तिपुर - गर्भजन्मजरारोगाद्यनर्थपूगं

निशात्यति परं ब्रह्म वा गमयति अविद्यादि संसारकारणश्चात्यन्तमवसादयति विनाशयतीत्युपनिषद्।

उपनिषत्सु गवां महत्वं रहस्यात्मकेन रूपेण परिबृंहितम्। यथा छान्दोग्योपनिषदि -

"पुरुषो निधनम् :प्रतिहार :प्रस्तावो गाव उद्गीथोऽश्वा :पशुषु पञ्चविधं सामोपासीताजा हिंकारोऽवय"[56]

अयमर्थसामगानमध्ये क्रियते अस्य वर्गीकरणम् अधस् :भवति। हिंकार :सामगानस्य गानभेदेन कश्चित् विशिष्ट क्रम :तनेन रेखाङ्कनेन भवति -

1. हिंकार अजा - :

2. प्रस्ताव :अवि - :

3. उद्गीथ :गाव - :

4. प्रतिहार :अश्वा - :

5. निधनम् :पुरुष -

हिंकारादयपञ्च सामवेदस्योच्चारण प्रक्रियायां वैशिष्ट्यं विदधति। :

तत्रापि उद्गीथस्य सम्बन्ध गवा साकं वर्तते। :

चतुर्थेऽध्याये जानश्रुतिपौत्रायणस्य एक - प्राप्यते। यस्मिन् पट्शतानि गवां विषये चर्चा प्रचलति :संवाद :

तदुह जानश्रुतिषट्शतानि गवां निष्कमश्वतरीरथं प्रतिचक्रमे तं हाभ्युवाद। रैक्वेमानि षट् शतानि गवामयं :पौत्रायण : निष्कोऽयमश्वतरीरथो नु म एतां भगवो देवातां श ाधि यां देवतामुपास्य इति।।

तमु ह परसहस्रं गवां निष्कमश्वतरी :पौत्रायण :प्रत्युवाचाह हारे त्वा शूद्र तवैव सह गोभिरस्त्विति तदुह पुनरेव जानश्रुति : रथं दुहितरं तदादाय प्रतिचक्रमे।

अस्मिन्नेवाध्याये सत्यकाम जाबालस्य कथा भवति। सत्यकाम जावालगौतमस्याश्रमे गत : ्वा विद्याप्राप्त्यर्थं प्रार्थनाञ्चकार गौतम – सत्यकामस्य प्रार्थनाम गीकृत्य परिचयं पप्रच्छ :

तं होवाच किं गोत्रो नु सौम्यासीति स होवाच नाहमेतद्वेद भो यद्गोत्रोऽहमस्म्यपृच्छं मातरं सा मा प्रत्यब्रवीद्बध्वहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वामलभे साहमेतन्न वेद यद्गोत्रस्त्वमसि जबालां तु नामास्मिसत्यकामो नाम त्वमसीति सोऽहं सत्यकामो जाबालोऽस्मि भो इति।

तं होवाच नैतदब्राह्मणो विवक्तुमर्हति समिधं सोम्याहरोप त्वा नेष्ये न सत्यादगा इतितमुपनीय कुशानामबलानां चतुशतां : सोम्यानुसंव्रजेति ता अभिप्रस्था :गता निराकृत्योवाचेमापयन्नुवाच नासहस्रेणावर्तयेति स ह वर्षगणं प्रोवास ता यदा सहस्रं संपेदुः।।[57]

अयं भावगौतमाय सर्वं सत्यभाषणं मात्रा यदुक्तं निवेद्य गौतमात् आदेशं प्राप्य कार्य संपादितवान्। :स सत्यकामो जाबाल : सत्यकामस्य विशुद्धं सत्यं श्रुत्वा ब्राह्मणकुलोत्पन्नोऽयं इति :गौतम विनिश्चित्य उपनयनं च कारयित्वा गाश्चारणाय पालनाय तमुपदिदेश। गोसहस्रेषु कृशानां गवां चतुशत संख्याकानां पृथक् कृत्य तस्मै प्रियच्छात्राय शिष्याय : कर्तव्यः। तथा :तावत् वनमध्ये वास :न भवेयु :आसीत् यावत् इमा सहस्रसंख्याका :सोपदेशपूर्वकं ददौ। तत्र उपदेश सावधान ेन गवां सेवा विधेया। इमागौतमस्य वाचं :कृशाश्च आसन्। परन्तु सत्यकाम :रोगग्रस्ता :गवा :सर्वा :

वर्षैः सहस्रं संपेदुः। अस्यामाख्यायिकायां :परिपालयन् बहुवर्षं यावत् वनमध्ये गोसेवां कुर्वन् जीवनं यापयामास। बहुभि वर्धते। :स्वयमेव जायते। मुखमण्डलस्य कान्ति :भवति। विद्या प्राप्ति :विकास :वैशिष्ट्यं इदं भवति यत् गो सेवयां विद्याया :आचारस्य च तेनैव व्याजेन परिपालनं भवति। भारतस्य प्राचीने गुरुकुले गोपालनं कर्म आवश्यकमासीत्। अन्तेवासिन दृढव्रतोभूत्वा वनमध्ये गोपालनं च :सर्वे नियमेन गोपालनं कुर्वन्ति स्म। सत्यकामो जाबालकार। कदा सहस्रं भविष्यति इति चिन्तां कदाचिदपि न कृतवान्। सद्य एव देवयोगात् एको महान् ऋषभ :गाव :सत्यकाम प्रोवाच सहस्र संख्याका : जाबालो यत्र सायं भवति :। आचार्यकुलं त्वया गोभिः साकं गन्तव्यम्। तत्रैव दिव्यं ज्ञानं तस्मै दत्तवान्। सत्यकाम:सम्पन्ना - स्म तत्रैव

अग्निष्टे वक्तेति सह श्वोभूते गा अभिप्रस्थापयांचकार ता यत्राभि सायं बभुवुः तत्र अग्निमुपसमाधाय गा उपरुध्य " "प्राङ्मुखोपविवेश :समिधमाधाय पश्चादग्ने[58].............

मार्गमध्ये कतिपयैः दिवसविधेया। आचा :दिव्यज्ञानं प्राप्तवान्। जीवने गासवा सर्वैः मनुष्य :दिविदेवै :र्य कुलं प्राप्य आचार्यमुखात् सत्यकामस्य प्रशंसा इत्थं वर्तते -

इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव। ब्रह्मविदिव वै सौम्य भासि को नु :प्राप हाचार्यकुलं तमाचार्योऽभ्युवाद सत्यकाम" त्वानुशशासेत्यन्ये मनुष्येभ्य इति ह प्रतिजज्ञे भगवाँस्त्वेव मे कामं ब्रूयात्। श्रुतंह्येव मे भगवढ्शेभ्य आचार्योद्येव विद्या विदिता साधिष्ठं प्रापयतीति तस्मै हैवदेवोवाचात्र ह न किंचन वीयायेति वीयायेति"[59] एवं प्रकारेण उपनिषत्सु गवां महत्वं प्रकटितम्।

सन्दर्भग्रन्थाः

1. तत्रैव।
2. शुक्ल यजुर्वेद -17.93
3. शुक्ल यजुर्वेद -17.94
4. शतपथब्राह्मण :

5. शुक्ल यजुर्वेद -18.26
6. शतपथ ब्राह्मण -9.3.3.7
7. शुक्ल यजुर्वेद -18.27
8. शुक्ल यजुर्वेद -28 अध्याये।
9. शुक्ल यजुर्वेद - :31.8
10. शुक्ल यजुर्वेद - :34.21
11. शुक्ल यजुर्वेद 34.22
12. शतपथ ब्राह्मण -7.1.1.5
13. भटभास्कर तैतिरीय संहितायाम् :
14. सायणाचार्य :
15. पू - सूत्रम् .मी.2.1.7 .22-23
16. महाभारतम् उद्योगपर्व -16
17. शतपथ ब्राह्मण -1.1.5.22
18. शतपथ ब्राह्मण 1.6.3.8.1. 36
19. शतपथ ब्राह्मण -1.6.3.8.1.36
20. शतपथ ब्राह्मण -2.2.2.2.4.12
21. शतपथ ब्राह्मण तत्रैव -
22. शतपथ ब्राह्मण -2.2.2.2.4.15
23. शतपथ ब्राह्मण -2.2.2.2.4 .16-17
24. शतपथब्राह्मण -2.2.2.2.4.18
25. कात्यायनधीत सूत्रम् -4.15.8-9-10
26. 'शतपथब्राह्मण -3.1.2.1.2 .13-17

27. शतपथब्राह्मण -3.2.4.3.1.12

28. कात्यायन श्रौतसूत्रम् -7.177.178

29. शतपथ ब्राह्मण -3.2.4.3.1.13

30. शतपथब्राह्मण 3 -.2.4.3. 14

31. शतपथब्राह्मण तत्रैव -

32. कात्यायन श्रौतसूत्र -7.166

33. शतपथब्राह्मण तत्रैव

34. शतपथ ब्राह्माण -3.2.6.3.4.2

35. शतपथ ब्राह्मण तत्रैव -

36. शतपथ ब्राह्मण-4.2.3.2.4.21

37. शतपथ ब्राह्मण -4.3.1.3.4.7

38. शतपथ ब्राह्मण तत्रैव -

39. शतपथ ब्राह्मण तत्रैव -

40. शतपथनाहाण -5.3.1.2

41. शतपथब्राह्मण तत्रैव -

42. शतपथ ब्राह्मण -5.2.5.10

43. शतपथब्राह्मण -5.3.1.3.4.18

44. शतपथब्राह्मण-5.4.6.5.5.35

45. शतपथब्राह्मण -5.4.7.5.5.17

46. 'शतपथ ब्राह्मण -7.4.2.5.2 15-17

47. शतपथ ब्राह्मण-7.4.2.5.2.19

48. शतपथब्राह्मण -7.4.3.5.2.34

49. शतपथ ब्राह्मण-9.1.2.1.2.13
50. तत्रैव
51. 1 शतपथब्राह्मण तत्रैव -
52. 1 शतपथब्राह्मण ' तत्रैव
53. 1 शतपथ ब्राह्मण -11.4.6.6.3.1-2
54. 1 शतपथ ब्राह्मण -12.2.4.4.2
55. 2 शतपथ ब्राह्मण -13.1.9.3
56. 1 शतपथ ब्राह्मण -14.1.5.2.1.7
57. 2 तै-संहिता .7.1.6
58. 1 शतपथ ब्राह्मण 14 -.1.5.2.1. 10
59. 1 शतपथब्राह्मण – तत्रैव

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# राज्य के सप्तांगों में कोष की महत्ता



डॉ. आरती यादव
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, संस्कृत – विभाग,
चौ. चरण सिंह पी. जी. कॉलेज हेंवरा सैफ़ई, इटावा, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 261-273
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांश–** राज्य प्रशासन में कोश की भूमिका अत्यन्त महनीय है। उसके बिना न तो सेना का सुचारू रुप से संचालन हो सकता है और न ही न्याय व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकती है इसलिए राजा को कोष वृद्धि का हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। अन्यथा राज्य व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं चल पायेगी।

**मुख्यशब्द –** राज्य, सप्तांग,कोष, राज्य, प्रशासन, न्याय, व्यवस्था,

व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए अर्थ अत्यन्त आवश्यक है। भारतीय मनीषियों द्वारा गहन चिन्तन, मनन के पश्चात् व्यक्ति और समाज के लिए सुस्थापित पुरुषार्थ चतुष्टय में अर्थ का महत्वपूर्ण स्थान है। अर्थ की महत्ता किसी भी देश, काल अथवा परिस्थिति में अनिवार्य है। अर्थ के बिना लोकयात्रा कथमपि सम्पन्न नहीं हो सकती। आवास, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, शिक्षा आदि अर्थ के बिना सिद्ध नहीं हो सकती। धर्म और काम की सिद्धि भी बिना अर्थ के नहीं होती। परोपकार और यज्ञ के लिए भी अर्थ आवश्यक है जो लोग यह समझते हैं कि अर्थ अनर्थ का मूल है, यह तो केवल मात्र माया है, असत्य है- इसकी उपेक्षा करनी चाहिये या इसकी ओर से सर्वथा त्यागवृत्ति ही कल्याण का मार्ग है – यह पूर्णत: सत्य नहीं कहा जा सकता है। वेदों में स्थान- स्थान पर इस आशय के मन्त्र उपलब्ध होतें हैं। जिनमें प्रार्थना की गई है कि हम गौ, अश्व, हिरण्यादि अपार सम्पत्ति के स्वामी बनें -

**वयं स्याम, पतयो रयीणाम् -** **ऋ.१०/१२/१०.**

वेद मन्त्रों में परमात्मा से धन प्राप्ति की प्रार्थनाये अनेक मन्त्रों में की गई हैं-

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**उभा हि हस्ता वसुना प्रणुस्व।** - अर्थात् हे प्रभो। हमारे दोनों हाथों को धनों से अच्छी प्रकार भर दो- **यजु५/१९.**

**वयं भगवन्त स्याम** –हे प्रभो। हम सब प्रकार के ऐश्वर्यों से परिपूर्ण होवें। **-यजु. ३४/३८.**

वैदिक साहित्य के बाद रामायण, महाभारत आदि में भी अर्थ का गौरवगान किया गया है। मनुस्मृति में राजा के लिए अर्थ – संग्रह की बड़ी सुन्दर व्यवस्था प्रतिपादित हैं। राजा अर्थ अति लोभ से दूसरों के सुख के मूल को नष्ट न करे अर्थात् लोभ से कर न ले –

**नोच्छिन्द्यादात्मनो मूलं परेषां चातितृष्णया ।**
**उच्छिन्दन्ह्यात्मनो मूलमात्मान तांश्च पीडयेत्॥ मनु.७/१३९**

अर्थ की सुदृढता के लिए मनु ने चार उपाय बताये हैं –

१.अप्राप्त के प्राप्ति की इच्छा

२. नित्य देखने से प्राप्त की रक्षा

३. रक्षित की वृद्धि

४. बढे हुए धन का व्यय

**अलब्धं चैव लिप्सेत लब्धं रक्षेत्प्रयत्नत: ।**
**रक्षितं वर्धयेच्चैव वृद्धं पात्रेषु नि:क्षिपेत् ॥ - मनु.७/९९.**

अर्थ की महत्ता पर मनु लिखते हैं कि सब पवित्रताओं में अर्थ की पवित्रता अति श्रेष्ठ है –

**सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परमं स्मृतम् ॥ - मनु.३/१६.**

महाभारत में धर्म के समान अर्थ की महत्ता व्यापक रूप से कही गई है। दरिद्र मनुष्य पास में खड़ा हो तो लोग उसको इस प्रकार देखते हैं मानों वह कोई पापी या कलंकित हो। अत: दरिद्रता इस जगत में एक पाप है। पतित और निर्धन में कोई अन्तर नहीं है। जैसे पर्वतों से बहुत सी नदियां बहती रहती हैं उसी प्रकार बढे हुए संचित धन से सब प्रकार के शुभ कर्मों के अनुष्टान होता रहते हैं। धन से ही काम और स्वर्ग की सिद्धि होती है। लोगों का जीवन निर्वाह भी धन के बिना नहीं हो सकता।[1]

महान नीति निष्णात विदुर जी ने अर्थ की महत्ता इस प्रकार प्रतिपादित की है – अर्थ ही समस्त कर्मों की मर्यादा के पालन में सहायक है, अर्थ के बिन धर्म और काम भी सिद्ध नहीं होते, धनवान मनुष्य धन के द्वारा उत्तम धर्म का पालन और अजितेन्द्रिय पुरुषों के लिये दुर्लभ कामनाओं की प्राप्ति कर सकता है। जिस प्रकार सभी प्राणी सदैव ब्रह्मा जी की उपासना करते हैं उसी प्रकार उत्तम जाति के मनुष्य भी सदा धनवान् पुरुष की कामना करते रहते हैं[2]।

---

[1] शान्तिपर्व ८/१४-१७

[2] शान्तिपर्व १६७/१२-१५

अर्थ की महत्ता इस बात से भी सिद्ध हो जाती है कि चाणक्य सदृश महान आचार्य ने 'कौटिल्य अर्थशास्त्र' जैसे विशाल ग्रन्थों का प्रणयन किया। काव्य का प्रयोजन निरूपित करते हुए आचार्य मम्मट यश के पश्चात दूसरा स्थान अर्थ को प्रदान करते हैं। **-काव्यं यशसे अर्थकृते।**

राज्य प्रशासन में कोष की भूमिका –

केवल जनसमूह से ही राज्य का निर्माण नहीं होता है प्रत्युत राज्य के लिए जनसमूह का भौगोलिक सीमाओं के भीतर रहना आवश्यक है, जनसमूह को स्वामी के अनुशासन के अनुसार चलना होगा, राज्य के लिए एक सुव्यवस्थित आर्थिक व्यवस्था होगी (कोश) रक्षा के लिए बल होगा (सेना), सलाह के लिए मंत्री होगें। इस प्रकार मनीषियों ने राजा के लिए सप्तांगों की कल्पना की है

शुक्रनीतिसार ने राज्य के सप्तांगों की तुलना शरीर के अगों से की है- राजा ,मन्त्री, मित्र, कोश, देश, दुर्ग, किला, सेना ये राज्य के सात अंग कहे गये हैं –

**स्वाम्यमात्यसुहृत्कोश राष्ट्रदुर्ग बलानि च ।**
**सप्तांगमुच्यतेराज्यंत्रमूर्धानृप: स्मृत: ॥**
**दृगमात्यासुहृत्छ्रोत्रंमुखंकोशाबलं मन:।**
**हस्तौपादौदुर्गराष्ट्रौराज्यांगानिस्मृतानिहि॥ - शुक्र-१/६१-६२.**

मनुस्मृति और अर्थशास्त्र में इन्हें राज्य की प्रकृतियां बताया गया है-

अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, अर्थ तथा दण्ड नाम की प्रकृतियां है। यह पांचों प्रत्येक बारह की होती हैं। इस प्रकार कुल ७२ प्रकृतियां हैं-

**अमात्यराष्ट्रदुर्गार्थदण्डाख्या: पञ्च चापरा:।**
**प्रत्येकं कथिता होता संक्षेपेण द्विसप्तति:॥ - मनु. ७/१५७**
**स्वाम्यमात्य जनपददुर्गकोश दण्डमित्राणि प्रकृतय:। - अर्थ.६/९६/१**

कोश-

राज्य के संचालन के लिए राजा के पास भरपूर कोश की आवश्कता सदैव बनी रहती है। विभिन्न प्रकार के व्यय राजा तभी कर सकता है जब उसके पास पर्याप्त धन हो।

**एकार्थसमुदायो य: स्यात्पृथक्पृथक्॥ -शुक्र.४/१६**

अर्थात् जो एक प्रकार के धन का समुदाय हो उसे पृथक-पृथक कोश कहते हैं।

कोश का महत्व-

कोश के महत्व के विषय में कौटिल्य का कहना है कि जिस राजा का कोश रिक्त हो जाता है वह नगरवासियों को चूसने लगता है। कौटिल्य ने ठीक ही कहा है कि राज्य के सारे व्यापार कोश पर निर्भर रहते हैं। अत: राजा को सर्वप्रथम कोश पर ध्यान देना चाहिए-

**कोशपूर्वा: सर्वारम्भा। तस्मात् पूर्व कोश्मवेक्षते। -अर्थ.२४/८**

बिना वित्त के न तो सैन्य व्यवस्था हो सकती है, न न्याय और चिकित्सा, शिक्षा, यातायात आदि सभी कार्यों के लिए अर्थ आवश्यक है। जिस राजा का कोश जितना समृद्ध होगा वह अपने राज्य को उतना ही सुदृढ और जनहितकारी बना सकेगा। राजकोश के क्षीण हो जाने पर सम्पूर्ण राजव्यवस्था चरमरा जायेगी।

वैदिक साहित्य में और स्मृति ग्रन्थों में ही नहीं अपितु रामायण महाभारत आदि में भी राजा के लिए कोश की आवश्यकता पर बहुत बल दिया गया है। राजा के लिए इन्द्र शब्द का प्रयोग यह बताता है कि वह इन्द्र अर्थात ऐश्वर्य वाला होना चाहिए। कोश से दुर्बल राजा को छोड़कर राजसेवक दूसरे राजाओं के पास चले जाते हैं। उसकी कोई नीति सफल नहीं होती। महान अर्थशास्त्री और राजनीति के आचार्य महामति चाणक्य ने भी अर्थ के महत्व को उद्घोषित किया है। वेद में नाना प्रकार के व्यापार, उद्योग, शिल्प, आदि का वर्णन प्राप्त होता है ये सब सुव्यवस्थित रूप से चले इस दृष्टि से धन की महती आवश्यकता है। व्यापार आदि की वृद्धि पर समाज के व्यक्तियों के पास अपनी आवश्यकता पूर्ति के पश्चात् जो द्रव्य बचता है उसका संग्रह होने लगता है और उस एकत्रित धन से अन्य व्यक्तियों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए देने तथा व्यय करने की शक्ति प्राप्त होती है। राजा को विभिन्न माध्यमों से जो कर प्राप्त होता है वह भी बढता जाता है। इस प्रकार राजा और प्रजा दोनों के पास संग्रहीत होने वाले धन से कोशों की स्थापना की जानी चाहिए।

व्यक्तिगत राशियों का सामूहिक रूप में रक्षण और उससे व्यापार संचालन आजकल की बैंकिंग प्रणाली का आधार है। इसका प्रारंभ भले ही आधुनिक काल में अर्थात १९वीं या २०वीं सदी में हुआ होगा, किन्तु वेद के अध्ययन से इसका संकेत मिल जाता है। वेदमन्त्र में प्रार्थना की गई है –

**निधीनां त्वा निधिपतिं हवामहे। -यजु,२३.१९**

अर्थात निधयों के निधिपति के रूप में हम तुमको स्वीकार करते है। निधिपति शब्द स्पष्ट रूप से कोश का निर्देश दे रहा है। निधिपति- कोषाध्यक्ष बनने के लिए गणन कला में निपुण होना चाहिए। इसलिए वेद इसी मन्त्र में कहता है-

**गणानां त्वा गणपतिं हवामहे। - यजु-२३.१९**

राजा और प्रजा के कोष भिन्न-भिन्न होते हुए भी सब पर नियन्त्रण राजा का होना चाहिए। ताकि उसका दुरुपयोग न हो।

महाभारत में कोष को राज्य का मूल माना गया है। भीष्मपितामह युधिष्ठिर से कहते हैं राजा अपने तथा शत्रु के राज्य से धन लेकर अपने खजाने को भरता रहे, क्योंकि कोश से ही धर्म की वृद्धि होती है और राज्य की जड़ें मजबूत होती है। इसलिए राजा कोष का संग्रह करे, संग्रह करके आदरपूर्वक उसकी रक्षा करे और रक्षा करके निरन्तर उसको बढाता रहे यही राजा का सदा से चला आने वाला धर्म है-

**स्वाराष्ट्रात् परराष्ट्राच्च कोषं संजनयेन् नृप: ।**
**कोषाद्धि धर्म: कौन्तेय राज्यमूलं च् वर्धते ॥**
**तस्मात् संजनयेत कोशं सत्कृत्य परिपालयेत्।**
**परिपाल्यानुतनुयादेष धर्म सनातन:। - शान्तिपर्व. १३३/१२**

यहां पर कोश संग्रह के विषय में यह भी कहा गया है कि विशुद्ध आचार- विचार में रहने वाला कभी कोश का संग्रह नहीं कर सकता और जो बहुत ही क्रूर है, वह भी सफल नहीं हो सकता। अत: मध्यम मार्ग का आश्रय लेकर कोश संग्रह करना चाहिए। यदि राजा निर्बल हो तो भी उसके पास कोश नहीं रह सकता। जो कोशहीन है

उसके पास सेना नहीं ठहर सकती, जिसके पास सेना नहीं है, उसका राज्य कैसे टिक सकता है और जो राज्य से हीन हो गया उसके पास लक्ष्मी नहीं रह सकती -

**न कोश: शुद्धशौचेन न नृशंसेन जातुचित् ।**
**मध्यं पदमास्थाय कोशसंग्रणं चरेत् ।**
**अबलस्य कुत: कोशो ह्यकोशस्य कुतोबलम् ।**
**अबलस्य कुतो राज्यभराज्ञ: श्रीर्भवेत् कुत: । - शान्तिपर्व. १३३/३-४**

राजा का यह भी कर्तव्य बताया गया है कि वह प्रतिदिन अपने गणक- लेखकों द्वारा प्रस्तुत आय व्यय के लेखे का निरीक्षण करे।

जिस राजा के पास धन का भण्डार नहीं है उसकी साधारण मनुष्य भी अवहेलना करते हैं। उससे थोड़ा लेकर लोग संतुष्ट नहीं होते हैं और न ही उसका कार्य करने में उत्साह दिखाते हैं -

**हीनकोशं हि राजानमवजानन्ति मानवा ।**
**न चास्याल्येन तुष्यन्ति कार्यमत्युत्सहन्ति च ॥ -शान्तिपर्व. १३३/६**

गौतम का कहना है कि कोश राज्य के अन्य छ: अंगों के आधार है। शांति पर्व ने भी कोश की महत्ता गाई है-

**कोशश्च सततं रक्ष्यो यत्नगारथाय राजाभि:।**
**कोशमूला हि राजान कोशमूलकारो भव:।। -शान्तिपर्व. ११९/१६**

**कामन्दक** ने तो यहां तक कहा है कि यह लौकिक प्रसिद्धि है कि राजा कोश पर आधारित है। **मनु** ने कहा है कि राज्य का कोश एंव शासन राजा पर निर्भर रहता है अर्थात् राजा को उन पर व्यक्तिगत ध्यान देना चाहिए -

**अमात्ये दण्ड आयन्तो दण्डे वैनयिकी क्रिया।**
**नृपतौ कोशराष्ट्रे च् दूते सन्धिविपर्ययो॥ -मनु. ७/६५**

**कौटिल्य** ने अर्थशास्त्र में कहा है कि कोश की उन्नति खान पर निर्भर है, कोश की समृद्धि से शक्तिशाली सेना तैयार की जा सकती है। इस कोशगर्भा पृथिवी को कोश और सेना से ही प्राप्त किया जा सकता है -

**आकरप्रभव: कोश कोषाद्दण्ड; प्रजायते।**
**पृथिवी कोषदण्डाभ्यां प्राप्यते कोशभूषणा॥ -अर्थ. २८/१२.**

**शुक्रनीति** में बल का मूल कोश बताया गया है -

**तथाकोशस्तुसंधार्य: स्वप्रजा रक्षणक्षम:।**
**बलमूलोभवेत्कोश: कोशमूलंबलंस्मृतम्॥ -शुक्र. ४/२९.**

इसी में यह भी कहा गया है कि कोश का संग्रह परलोक और इस लोक में सुखदाई होता है -

**बलप्रजारक्षणार्थयज्ञार्थ कोश संग्रह :।**
**पत्रेहचसुखदोनृपस्यान्यश्चदु:खद:।। -शुक्र.४/१८.**

अर्थात् सेना, प्रजा की रक्षा, यज्ञ लिए कोश का संग्रह परलोक और इस लोक में सुखदाई होता है और अन्य कोश दुख का दाता कहा है। और जो कोश स्त्री और पुत्र के लिए ही किया हो वह केवल उपभोग के लिए होता है और परलोक में नरकार्थ है सुखदाई भी नहीं-

**स्त्रीपुत्रार्थकृतोयश्चसोपभोगाय केवल:।**

**नरकायैवसज्ञेयोनपरत्र सुख प्रद:॥** **- शुक्र. ४/१९.**

इसी अध्याय में कहा गया है कि जिस राजा ने नीति और बल को त्यागकर अपनी प्रजा की पीड़ा से धन का संचय किया हो उस राजा का राज्य शत्रुओं के अधीन हो जाता है –

**व्यक्त्वानीतिबलंस्वीयप्रजापीडतोधनम् ।**
**संचितं येन तन्तस्यस्वराज्यंशत्रुसाद्भवेत्॥** **- शुक्र. ४/२३.**

शान्ति पर्व में कहा गया है कि –कोश खाली होते ही राजा शत्रुओं के अधीन हो जाता है –

**असंशयं पुण्यशील: प्राप्नोति परमां गतिम्।**
**त्रिविष्टपे पुण्यतमं स्थानं प्राप्नोति पार्थिव:।**
**कोशक्षये त्वमित्राणां वशं कौसल्य गच्छति॥** **शान्ति. १०६/१८.**

अर्थात् पुण्यशील राजा निश्चय ही परमगति को प्राप्त होता है, कोष खाली होते ही राजा शत्रुओं के अधीन हो जाता है। **शान्तिपर्व** में ही कहा है कि राजा का कोश नष्ट होने से ही उसके बल का नाश हुआ करता है -

**राज्ञ: कोशक्षयादेव जायते बलसंक्षय:।**

कोश की तुलना यज्ञ की सिद्धि के लिए प्रयुक्त सामग्रियों से की गई है-

**यज्ञार्थमन्यदभवति यज्ञे नार्थस्तथापर:।**
**यज्ञास्यार्थार्थमेवान्यन्तत्सर्वं यज्ञसाधनम्॥**

अर्थात् जैसे यज्ञ की सिद्धि के लिए अन्य सामग्रियां होती है, उत्तम यज्ञ चित्त संस्कार का कारण हुआ करता है और यज्ञ सम्बन्धी अन्य बातें भी किसी विशेष उद्देश्य की सिद्धि के लिए होती हैं तथा यह सब यज्ञ का साधन ही है, वैसे ही कोश का कारण दण्ड, बल का कारण कोश और शत्रु पराभव का कारण कोश, बल तथा नीति ये तीनो ही राज्य पुष्टि के निमित्त हुआ करते हैं।

इसी पर्व में कहा गया है कि धन से मनुष्य यह लोक और परलोक दोनों पर ही विजय प्राप्त कर लेता है, निर्धन को इसमें सफलता नहीं मिलती। वह नहीं के बराबर होता है। पण्डित लोग धनहीन पुरूष को ही दुर्बल कहते हैं, धन से ही मनुष्य बलवान् होता है, धनवान् मनुष्य को सब कुछ सुलभ है। कोश तथा कोशवाला मनुष्य सब विपदाओं से पार हो जाता है, कोष के जरिए धर्म, अर्थ, काम तथा इस लोक और परलोक में सुख लाभ होता है-

**धनेन जयते लोकावुभौ परमिमं तथा।**
**सत्यं च धर्मवचनं यथा नास्त्यधनस्तथा॥**
**अनधं दुर्बलं प्राहुर्धनेन बलतान्भवेत्।**
**सर्व धनवत प्राप्यं सर्वं तरति कोशवान्।**
**कोशाद्धधर्श्च कामश्य परो लोकस्तथाप्ययम्॥** **- शान्ति.१२८/४३,४९**

कोष गृह निर्माण की विधि-

**कौटिल्य** ने अर्थशास्त्र में कोष निर्माण की विधि इस प्रकार बताई है। इसका निर्माण सन्निधाता को करना चाहिए -

**सन्निधाता कोशगृहं यष्यगृहं कोष्ठागारं कुप्यगृहगायुधागारं बन्धनागारं च कारयेत्।** **-अर्थ. २१/५.**

कैसे निर्माण करना चाहिए इसका उल्लेख इस प्रकार करते हैं – शिलारहित स्थान में बावड़ी के समान एक चौरस गड्ढा खुदवाकर चारों ओर से उसकी दीवारों और उसके फर्श को मोटी मजबूत शिलाओं से चुनवाना चाहिए। उसके बीच में मजबूत लकड़ियों से बने हुए पिंजरे के समान अनेक कोठरियां हों, उसमें तीन मंजिल हो, तीनों मंजिलों में बढियां दरवाजे तथा सुन्दर फर्श हो, ऊपर नीचे चढने उतरने के लिए उसमें सोपान लगा हो। उसके दरवाजों पर देवताओं की मूर्तियां अंकित हो, इस प्रकार का एक भूमि गृह बनवाना चाहिए उस भूमिगृह के ऊपर एक कोशगृह बनवाना चाहिए, उस पर बाहर भीतर से बन्द की जाने वाली अर्गलाएं हों, एक बरामदा हो, पक्की ईंटों से उसको बनया गया हो, एवं वह चारों ओर अनेक पदार्थों से भरे हुए मकानों से घिरा हो। जनपद के मध्य भाग में प्राणदण्ड पाये पुरूषों के द्वारा आपत्ति में काम आने वाला एक ध्रुव निधि (गुप्त खजाना) बनवाना चाहिए –

चतुरश्रां वापीमनुदकोपस्नेहां खानयित्वा पृथुशिलाभिरूभयत: पार्श्वं मूलं च प्रचित्य सारदारुप्'च् भूमिसमत्रितलमनेकविधानं कुट्टिममदेश्स्थानतलमेकद्वारं यन्त्रयुक्तसोपानं देवतापिधानं भूमिगृहं कारयेत्।तस्योपर्युभयतोनिषधं सप्रग्रीवभैष्टकं भाण्ड्वाहिनीपरिक्षप्तं कोशगृहं कारयेत्, प्रसादं वा। जनपदान्ते ध्रुवनिधिमापर्थमभित्यक्तै: पुरूषै कारयेत्।

कोष के गुण-

**अर्थशास्त्र** में **कौटिल्य** ने कोश का गुण इस प्रकार दिया है –राजकोश ऐसा होना चाहिए जिसमें पूर्वजों की तथा अपनी धर्म की कमाई संचित हो, इस प्रकार धान्य, सुवर्ण, चांदी, नाना प्रकार के बहुमूल्य रत्न तथा हिरण्य से भरा- पूरा हो, जो धुर्भिक्ष एवं आपत्ति के समय सारी प्रजा की रक्षा कर सके। इन गुणों से युक्त खजाना कोष संपन्न कहलाता है –

**धर्माधिगत: पूर्वे: स्वयं वा हेमरूप्य प्रायाश्चितस्थूलरत्नाहिष्यो दीर्घामत्यापदमनायर्ति सहेतेति कोशसम्पत्।**
**-अर्थ.९६/१.**

**राजनीतिरत्नाकर** में भी कहा गया है कि कोश के ज्ञाता लोग ऐसे को पसंद करते हैं जिसमें दिया जाय बहुत, पर निकाला जाय बहुत कम। वह प्रसिद्ध हो वहां देवताओं की पूजा की गई हो, अभिलिखित द्रव्यों से भरा हुआ हो, सुन्दर हो, विश्वस्त जनों की देखरेख में हो, मोती, सोना और रत्नों से परिपूर्ण हो, पिता पितामह के अनुरुप हो, धर्म से उपार्जित किया गया हो और व्यय का भार सहन करने वाला हो -

**बह्यदानोअल्पनि:स्राव: रूयात: पूजितदैवत:।**
**ईप्सितद्रव्यसम्पूर्णो हृध् स्वाप्तैरधिष्ठित:।**
**मुक्ताकनकरत्नाढ्य: पितृपैतामहोचित:।**
**धर्माजितों व्ययसह: कोष: कोषज्ञसम्मत:। -राजनीतिरत्नाकर- अष्टमतरंड़:**

राजनीतिरत्नाकर में ही कहा गया है कि कोष के जानकार विश्वस्त जनों द्वारा रक्षित कोष को सदा बढाना चाहिए और समय पर धर्म, अर्थ तथा काम की वृद्धि के लिए उसका व्यय भी करना चाहिए –

**संवर्धयेत् सदा कोषमाप्तै स्तज्ज्ञैरधिष्ठितम्।**
**काले चास्य व्ययं कुर्यात त्रिवर्गपरिवृद्ये॥ - राजनीतिरत्नाकर-अष्टमतरंड़:**

कोश वृद्धि के साधन –

कोश भरने का प्रमुख साधन कर है अत: धर्मशास्त्रों द्वारा उपस्थापित करग्रहण के सिद्धांतों की व्याख्या कर लेना उचित है -

(१)प्रथम सिद्धांत यह था कि स्मृतियों द्वारा निर्धारित कर के अतिरिक्त राजा अन्य कर नहीं लगा सकता था, अर्थात राजा अपनी ओर से मनमानी नहीं कर सकता था। कर की मात्रा वस्तुओं के मूल्य एवं समय पर निर्भर थी क्योंकि आक्रमण, दुर्भिक्ष आदि विपत्तियां भी आ सकती थीं। **गौतम धर्म सूत्र** में कहा गया है -

**राज्ञो बलिदानं कर्षकैर्दशममष्टमं षष्ठं वा ॥ -गौ.ध.सू.२/१/२४.**

अर्थात् कृषक खेत में जो उत्पन्न होता है उसका दसवां, आठवां अथवा छठां भाग कर के रूप में दे। यह व्यवस्था भूमि के अति भोग, मध्यम भोग और अल्पभोग के विषय में है। अति भोग भूमि का दसवां अंश, मध्यम भोग का आठवां अंश और अल्प भोग का छठा अंश कर के रूप में देना चाहिए। इसी प्रकार **मनु** ने भी कहा है –

**पञ्चाशदभाग आदेयो राजा पशुहिरण्ययो:।**
**धान्यानामष्टमो भाग:षष्ठो द्वादश एववा।। -मनु. ७/१३०.**

अर्थात् राजा के द्वारा पशु तथा सोने का पचासवां भाग तथा धान्य का आठवां, छठां या बारहवां भाग ही कर के रूप में लिया जाना चाहिए।

यह कर तो कृषि उपज के विषय में है धर्मशास्त्रों में कर के विषय में विस्तृत विवरण प्राप्त होता है कि राजा किससे कितना द्रव्य कर के रूप में ले जैसे गौतम धर्मसूत्र में ही प्रत्येक व्यापार आदि के लिए अलग-अलग करों की व्यवस्था की गई है -

**पशुहिरण्ययोरप्येके पञ्चाशदभाग:। -गौ.धर्म.सू.२/१/२५**

अर्थात् कुछ आचार्यो का मत है कि पशुपालन से जीविका चलाने वाले और धन देकर ब्याज कमाने वाले प्रतिवर्ष क्रमश: पशुओं तथा मूलधन का पचासवां भाग राजा को कर के रूप में प्रदान करें।

**अर्थशास्त्र** में भी करों का विस्तार से वर्णन किया गया है । धान्यों का चौथा हिस्सा और वन में होने वाले अन्न का तथा रूई, लाख, जूट, छाल, कपास, ऊन, रेशम, औषधि, गन्ध, पुष्प, फल, शाक, बांस, सूखा मांस आदि का छठां हिस्सा राजा के द्वारा कर के रूप में लिया जाय। हाथी दांत और गाय आदि के चमड़े का आधा हिस्सा राज कर में लिया जाए। जो व्यक्ति इन वस्तुओं को छिपाकर बेचे उन्हें प्रथम साहस का दण्ड दिया जाय –

**चतुर्थमंशं धान्यानां षष्ठं वन्यानां तूललाक्षाक्षौम वल्ककार्पास रौमकौशेयकौषगन्धपुष्पफलशाकपण्यानां काष्ठवेणुमांसवल्लूराणां च गृहीयु:।दन्ताजिनस्यार्धम्। अनिसृष्टं विक्रीणानस्य पूर्व:साहसदण्ड:।**
**-अर्थ.९०/२**

यह भी कहा गया है कि कर प्रजा की अनुमति से वसूल किया जाय-

**जनपदं महान्तमल्पप्रमाणं वादेवमातृकं प्रभूतधान्यं धान्यस्यांशं तृतीयं चतुर्थं वा याचेत। यथासारं मध्यमवरं वा।**
**– अर्थ.९०/२**

अर्थात् बड़े या छोटे ऐसे जनपदों से अन्न का तीसरा या चौथा हिस्सा राजकर प्रजा की अनुमति से वसूल किया जाए, जहां का जीवन वृष्टि पर निर्भर हो और जहां काफी अनाज पैदा होता हो। इसी प्रकार मध्यम श्रेणी के या छोटे जनपदों से भी अन्न संग्रह किया जाय।

सोना, चांदी,इत्यादि वस्तुओं पर कर इस प्रकार अर्थशास्त्र में वर्णित है -

सोना, चांदी, हीरा, मणि, मोती, मूंगा, घोड़े और हांथी आदि व्यापारिक वस्तुओं पर उनकी लागत का पचासवां हिस्सा कर लिया जाये। इसी प्रकार सूत, कपड़ा, तांबा, पीतल, कांसा, गन्ध, जड़ी-बूटी और शराब पर चालीसवां हिस्सा, गेहूं धान आदि अन्न, तेल, घी, लोहा और बैलगाड़ियों पर तीसवां हिस्सा, कांच के व्यापारी तथा बड़े-बड़े कारीगरों पर बीसवां हिस्सा छोटे-छोटे कारीगरों तथा कुलटा स्त्रियों को घर में रखने वालों से दसवां हिस्सा और लकड़ी, बांस, पत्थर, मिट्टी के बर्तन, पकवान तथा हरे शाक आदि का पांचवां हिस्सा सरकारी टैक्स लिया जाए -

**सुवर्णरजत वज्रमणि मुक्ता प्रवालाश्वहसि पञ्चाशत्कारा:। सूत्रवस्त्रताम्र..........काष्ठवेणुपाषाणमृदभाण्डपक्वान्न हरितपत्या: पञ्चकरा:। - अर्थ. ९०/२**

अर्थशास्त्र में ही कहा गया है कि राजा किसानों को सहायता भी दे –

**धान्य पशुहिरण्यादिनिविशमानायदद्यात्। चतुर्थमंशं धान्यानां बीजभवतशुद्धं च हिरण्येन क्रीणीयात्।**

अर्थात् नये बसने वाले किसानों को अन्न, बैल, पशु और धन सरकार की ओर से सहायतार्थ दिया जाए। इस तरह के किसानों से राजा उनकी उपज का चौथा हिस्सा खरीद ले और फिर बीज तथा उनके गुजारे लायक छोड़कर बाकी भी खरीद ले।

श्रोत्रिय से कर लेने का विधान नहीं है- **अकरांश्च" -गौ.धर्म.सू.२/१/११**

**उपकुर्वाणांश्च। -" " २/१/१२**

**अरण्यजातं श्रोत्रियस्वं च परिहरेत् । तदप्यनुग्रहणे क्रीणीयात्। -अर्थ.९०/१२**

अर्थात् जंगल में पैदा हुए तथा श्रोत्रिय द्वारा पैदा किये अन्न में राजा हिस्सा न ले । बीज और खाने योग्य अन्न को छोड़कर उसमें से भी राजा खरीद सकता है। यदि श्रोत्रिय खेती न करे तो समाहर्ता आदि अधिकारियों को चाहिए कि उस जमीन को वे गरमी की जुताई – बुवाई के लिए दूसरे किसानों को दे दें। यदि किसान की लापरवाही से बीज नष्ट हो जाए तो समाहर्ता उस पर दुगुना जुर्माना करे और दूसरी फसल पर उस सारी कार्यवाही को रजिस्टर में दर्ज कर दे। फसल की तैयारी होने पर किसानों को कच्चा पक्का अन्न लाने के लिए रोक दिया जाय। किन्तु वे देवपूजा या गाय के लिए मुट्ठी भर अनाज या मुट्ठी भर पुआल ला सकते हैं। किसानों को चाहिए कि वे भिखारी तथा गांव के नाईं, धोबी, कुम्हार आदि के लिए खलिहान में अन्न राशि के नीचे का हिस्सा छोड़ दे।

इसी प्रकार सरकार को पैदावार की कमी दिखाने के लिए किसान अपने ही खेत में चोरी करे तो उससे चोरी किए हुए अन्न का आठगुना दण्ड वसूल किया जाय । यदि कोई व्यक्ति अपने ही गांव में खड़ी फसल की चोरी करे तो चोरी के माल का पचास गुना दण्ड दिया जाय। यदि वह दूसरे गांव का हो तो प्राण दण्ड की सजा दी जाय।

पशुओं के विषय में इस प्रकार कहा गया है –

**कुक्कुट सूकरमर्धं दद्यात्। क्षुद्रपशव: षड्भागम् गोमहिषाश्च तरखरोष्ट्राश्च दशभागम्। बन्धकीपोषका राजप्रेष्याभि: परमरूप यौवनाभि: कोशं संहरेयु:।**

अर्थात् मुर्गे और सुअर पालने वाले उनकी आय का आधा हिस्सा कर दें। इसी प्रकार भेंड़ बकरी पालने वाले छठां हिस्सा, गाय. भैंसे, खच्चर, गधा तथा उंट पालने वाले दशवां हिस्सा राजकर दें। वेश्याओं के जमींदारों को चाहिए कि वे राज अनुमत रूपवती वेश्याओं द्वारा राजकोष के लिए धन जमा करें।

**पशुहिरण्योरप्येके पञ्चाशद्भाग:। - गौ. धर्म सू. २/१/९५.**

**शांतिपर्व** और **शुक्रनीतिसार** में छूट दे दी है कि आपत्तियों के समय राजा को भारी कर लगाने के लिए प्रजा से स्नेह पूर्ण याचना करनी चाहिए। कहा गया है कि अधिक कर लगाने के पूर्व राजा को चाहिए कि वह प्रजाजनों के समक्ष भाषण करे यथा-शत्रु आक्रमण करता है तो तुम्हारा सब कुछ यहां तक कि तुम्हारी पत्नियों तक को उठा ले जायेगा –

**प्रागेव तु करादानमनुभाष्य पुन: पुन:।**
**संनिपेत्य स्वविषये भयंराष्ट्रेप्रदर्शयेत॥** २४
**इयमापत्समुत्पन्ना परचक्रभयं महत्।**
**अपि नान्ताय कल्पेत वेणोरिव्फलागम:॥**२५
**अरण्यो में समुत्भाय बहुभिर्दस्युभि: सह।**
**इदमात्मवधायैव राष्ट्रमिच्छन्ति बाधितुम्॥**२६
**अस्यामापदि धोरायां संप्राप्ते दारूणे भये।**
**परित्राणाय भवतां प्रार्थयिष्ये धनानि व:॥**२७
**कलवमादित कृत्वा नश्येत्स्वं स्वयमेव हि।**
**अपि चेत्पुत्रदारार्थमर्थसंचय इष्यते॥-शान्तिपर्व अध्याय ८८**

कोश वृद्धि का द्वितीय साधन-

कोश वृद्धि का द्वितीय सिद्धांत बड़े कवित्वपूर्ण एवं आलंकारिक ढंग से कहा गया है जिसका तात्पर्य यह है कि कर दाता को हलका लगे जिसे वह बिना किसी कठिनाई के दे सके। उद्योग पर्व (३४/१७-१८) में कहा गया है "जिस प्रकार मधुमक्खी मधु तो निकाल लेती है किन्तु फूलो को बिना पीड़ा दिये छोड़ देती है, उसी प्रकार राजा को मनुष्यों से बिना कष्ट दिये धन लेना चाहिए। मधुमक्खी मधु के लिए प्रत्येक फूल के पास जा सकती है किन्तु उसे फूल की जड़ नहीं काट लेनी चाहिए माली के समान उसे व्यवहार करना चाहिए न कि अंगारकारक के समान –

**यथा मधु समादन्ते रक्षन् पुष्पाणि षट्पद:।**
**तद्वदर्थान्मनुष्येभ्ये आदद्यादविहिसया॥**
**पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत्।**
**मालाकार इवारामे ने यथाड्गार कारक:॥ -उद्योपर्व३४/१७-१८**

**मनु** ने भी कहा है- **यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यांवार्योकोत्सषट्पदा:।**
**तथाल्पाल्पो ग्रहीतत्यो राष्ट्रद्राज्ञाब्दिक:कर:॥ -मनु-७/१२**

अर्थात् जिस प्रकार जोंक, बछड़ा तथा भंवरा थोड़े -थोड़े भोजन को खाते हैं उसी प्रकार राजा के द्वारा राष्ट्र से थोड़ा- थोड़ा वार्षिक कर ग्रहण करना चाहिए ।

**शांतिपर्व** में भी कहा गया है-

**वत्सौपम्येन दोग्धतव्यं राष्ट्रमक्षीणबुद्धिना।**
**भृतो वत्सो जातबल:पीडांसहति भारत॥१८॥**

**न कर्म कुरुते वत्सो भृशं दुग्धो युधिष्ठिर।**
**राष्ट्रमत्यार्तदुगधं हि न कर्म कुरूते महत्॥ १९॥ –शान्तिपर्व अध्याय ८८**

अर्थात् जैसे लोग बछड़े को भूखा न करके गाय को दुहते हैं, वैसे ही बुद्धिमान राजा राज्य को दुहे, क्योंकि गाय का बछड़ा दूध पीकर बलवान होने पर अधिक कष्ट सह सकता है। हे युधिष्ठिर। जैसे गाय का दूध अधिक दुहने पर उसका बछड़ा कर्म करने में समर्थ नहीं होता , वैसे ही अत्यन्त दोहन करने से राष्ट्र भी दरिद्र होने से महान कर्म नहीं कर सकता ।

कोशवृद्धि का तृतीय सिद्धान्त-

तीसरे सिद्धान्त के अनुसार कर वृद्धि क्रमश: और वह भी एक समय कम ही होनी चाहिए। जैसा कि अर्थशास्त्र में कहा गया है –

**सकृदेव न द्विः प्रयोज्य: । तस्याकरणे वा समाहर्ता कार्यमयदिश्य पौरजानपदान् भक्षेत्। योगपुरूषाश्चात्र पूर्वमतिमात्रं दधु:। एतेन प्रदेशेन राजा पौरजानपदान् भिक्षेत। कायटिकाश्चैनानल्षं प्रयच्छत कुत्सयेयु:। सारतो वा हिरण्यमाढ्यान् याचेत्।**

इसी प्रकार **शांतिपर्व** में भी कहा गया है-

**उत्पत्तिं दानवृत्तिं च शिल्पं संप्रेक्ष्य चासकृत्।**
**शिल्पप्रतिकरानेव शिल्पिन: प्रति कारयेत्॥**
**उच्चावचकरा न्याय्या: पूर्वराज्ञांयुधिष्ठर।**
**यथा यथा न हीयस्तथा कुर्यान्महीपति:॥ - शान्तिपर्व८८/१२-१३**

**शुक्रनीतिसार** में कहा है- **तद्वृद्धिनीर्तिनैपुष्यात्क्षमाशीलनृपस्यच।**
**जायतेतोयतेतैवया वद्बुद्धि बलोदयम्॥ - शुक्रनीति ४/३२**

अर्थात् क्षमाशील राजा की नीतिनिपुणता से उनकी वृद्धि होती है इससे जितनी वृद्धि और बल का उदय हो उतने कोश वृद्धि का यत्न करे।

**राजतरंगिणी** का कहना है कि "कश्मीर का राजा कलश (१०६३-१०८९) वणिक की भांति आय व्यय की व्यौरा रखता था और बड़ी सावधानी बरतता था उसके पार्श्व में सदा एक लिपिक रहता था, जिसके हाथ में लिखने के लिए खड़िया एवं भूर्ज रहा करते थे।" राजतरंगिणी ७/५०७.५०८

**कामन्दक** ने विभागाध्यक्षों के कार्यों द्वारा कोश के भरण के लिए आठ प्रमुख स्रोतों का उल्लेख किया है- यथा – कृषि, जल -स्थल के मार्ग, राजधानी, जलों के बांध, हाथियों का पकड़ना, खानों में काम करना , धनिको से धन उगाहना, निर्जन स्थानों में नगरों एवं ग्रामों को बसाना।

**मानसोल्लास** में कहा गया है कि राजा को वार्षिक कर का तीन चौथाई भाग साधारणत: व्यय कर देना चाहिए और एक चौथाई बचाकर रखना चाहिए।

राजा को कर देने के विषय में बहुत से कारण बताये गए है जैसे- राजा रक्षा करता है अत: उसके लिए कर लेना चाहिए **-तद्क्षणधर्मित्वात् –गौ.ध.सू.२/१/२८**

अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने कोश वृद्धि के उपाय इस प्रकार बताये हैं-

"राष्ट्र की सम्पत्ति को बढाना, राष्ट्र के चरित्र पर ध्यान रखना, राजकीय अधिकारियों को रिश्वत लेने से रोकना, सभी प्रकार के अन्नोत्पादन को प्रोत्साहित करन , जल स्थल मे उत्पन्न होने वाली प्रत्येक व्यापार योग्य वस्तुओं

को बढाना, अग्नि आदि के भय से राज्य की रक्षा करना, ठीक समय पर यथोचित कर वसूल करना और हिरण्य आदि की भेंट लेना, ये सब कोष वृधि के उपाय हैं।" **अर्थशास्त्रम् २/२४/८**

कोष क्षय के कारण –

**अर्थशास्त्र** में कौटिल्य ने कोशक्षय के आठ कारण बताये हैं-

१.प्रतिबन्ध- राज कर को वसूल करना, वसूल करके उसे अपने अधिकार में न रखना और अधिकार में करके भी उसे खजाने में जमा न करना, यह तीन प्रकार का प्रतिबन्ध है। जो अध्यक्ष इन माध्यमों से कोष का क्षय करे उस पर क्षत राशि से दस गुना जुर्माना करना चाहिए –

**सिद्धिनामसाधनमनवतारणमप्रवेशनं वा प्रतिबन्ध:।तव दश बन्धो दण्ड:। -अर्थशास्त्र २/२४/८**

२.प्रयोग- कोष धन का स्वयं ही लेन देन करके वृद्धि का यत्न करना प्रयोग कहलाता है। ऐसे अधिकारी पर दुगुना जुर्माना करना चाहिए –

**कोषद्रव्याणां वृद्धिप्रयोग: प्रयोग:।**

३.व्यहार- कोष के द्रव्य से स्वयं ही व्यपार करना व्यवहार कहलाता है। ऐसा करने पर भी दुगुना दण्ड देना चाहिए ।

**पण्यव्यवहारो व्यवहार:। तत्रफलद्विगुणोदण्ड:।**

४.अवस्तार- राजकर वसूल करने वाला अधिकारी नियत समय से वसूली न करके रिश्वत लेने की इच्छा, समय बीत जाने का भय देकर प्रजा को तंग करके जो धन एकत्र करता है उसे अवस्तार कहते हैं ऐसा करने पर उसे नुकसान की राशि से पांच गुना दण्ड देना चाहिए –

**क्लृप्तमायं परिहाययति व्ययं वा विवर्धयति परिहायणम्। तत्रहीन चतुर्गुणो दण्ड:।**

५.परिहायण- जो अध्यक्ष अपने कुप्रबन्ध के कारण ही आय को कम कर देता और व्यय की राशि बढा देता है, उस क्षय को परिहायण कहते हैं। ऐसा करने पर अध्यक्ष को क्षय से चौगुना दण्ड दिया जाय-

६.उपभोग- राजकोष के द्रव्य को स्वयं भोग करना तथा दूसरों को भोग कराना 'उपभोग' क्षय है। इसके अपराध में अध्यक्ष को, यदि वह रत्नों का उपभोग करता है तो प्राण दण्ड ,सारद्रव्यों का उपभोग करता है तो मध्यम साहस दण्ड, और फल्गु एवं कुप्य आदि पदार्थों का उपभोग करता है तो,उससे द्रव्य वापस लेकर उसकी लागत का दण्ड दिया जाना चाहिए-

**स्वयमन्यैर्वा राज्यद्रव्याणामुपभोजनमुपभोग्:। तत्र रत्नोप्भोगे धात: सारोपभोगे मध्यम: साहसदण्ड:, फल्गुकुप्योपभोगेतच्चतावच्च दण्ड:।**

७.परिवर्तन- राजकोष के द्रव्यों को दूसरे द्रव्यों से बदल लेना परिवर्तन कहलाता है। इस कार्य को करने वाले अध्यक्ष के लिए भी उपयोग - क्षय के समान ही दण्ड दिया जाय।

**राजद्रव्याणामन्यद्रव्येणादानं परिवर्तनं, तद् उपभोगेन व्याख्यातम्।**

८.अपहार- प्राप्त आय को रजिस्टर में न चढाना, नियमित व्यय को रजिस्टर में चढाकर भी खर्च न करना और प्राप्त नीवी के सम्बन्ध में मुकर जाना, यह तीन प्रकार का अपहार है। अपहार के द्वारा कोषक्षय करने वाले अध्यक्ष को हानि से बारह गुना दण्डित करना चाहिए-

**सिद्धमायं न प्रवेशयति निबद्धं व्ययं न प्रयच्छति, प्राप्तां नीवीं विप्रतिजानीत इत्यपहारः। तव द्वादशगुणोदण्डः।** **-अर्थशास्त्र २/२४/८**

निष्कर्ष-इस प्रकार हम देखते हैं कि राज्य प्रशासन में कोश की भूमिका अत्यन्त महनीय है। उसके बिना न तो सेना का सुचारू रुप से संचालन हो सकता है और न ही न्याय व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकती है इसलिए राजा को कोश वृद्धि का हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। अन्यथा राज्य व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं चल पायेगी।

सन्दर्भ- ग्रन्थ सूची-:

१. कौटिलीय अर्थशास्त्रम्, कौटिल्य, (व्याख्याकार)- वाचस्पति गैरोला, चतुर्थ संस्करण २००३

२. मनुस्मृति, (सं-) श्रीमती उर्मिला रूस्तगी १-१२ अध्याय, जे. पी. पब्लिशिंग हाउस दिल्ली, संस्करण २००७

३. महाभारत, शान्तिपर्व, (प्र.सं.) डा. पं श्रीपाददामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल पारडी (जि. बलसाड) प्रथम संस्करण १९७९

४. राजनीतिरत्नाकरः, श्री चण्डेश्वर( व्याख्याकार) श्री वाचस्पति गैरोला एवं पं तारिणीस झा, चौ.संस्कृत, सीरीज आफिस, वाराणसी -१ प्रथम संस्करण १९७०

५.शुक्रनीति श्रीमच्छुकाचार्य,( नि.) खेमराज श्री कृष्णदास,

६.वैदिक व्यवस्था, डा. महावीर, समानान्तर प्रकाशन, प्रथम संस्करण २००१.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# शिवराजविजय में प्रतिपादित भौगोलिक परिदृश्य



डॉ० सुजीत कुमार
असि० प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
कर्मक्षेत्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
इटावा,उत्तर प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 274-278
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 10 Sep 2020
Published : 20 Sep 2020

**सारांशः–** व्यास ने भौगोलिक वर्णन के प्रसंग में विभिन्न राज्यों, नगरों, ग्रामों के साथ–साथ पर्वत श्रेणियों, पहाड़ियों, समुद्रों, नदियों आदि का वर्णन किया है, जो सभी सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं।

**मुख्यशब्द –** भौगोलिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रियता,शिवराजविजय, महाराष्ट्र, व्यास,संस्कृत।

भारतीय राष्ट्रियता का प्रधान तत्त्व सांस्कृतिक एकता है। सांस्कृतिक एकता के बल पर भारत की राष्ट्रियता का स्वरूप प्रबल और ओजपूर्ण बना हुआ है। विविधता में एकता का आदर्श भारतीय सांस्कृतिक चेतना का सार है। सांस्कृतिक चेतना के अन्तर्गत भौगोलिक परिदृश्य का महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें राज्य, नगर एवं ग्राम, दुर्ग, पर्वत और समुद्र तथा नदियों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

भूगोल शब्द से ठव् प्रत्यय लगकर भौगोलिक बना है, जिसका तात्पर्य पृथ्वी के प्राकृतिक तत्त्वों से है, जिसमें पहाड़, देश, नगर, नदी, समुद्र, झील, वनादि समाहित हैं। पं. अम्बिकादत्त व्यास कृत शिवराजविजय में इन्हीं प्राकृतिक तत्त्वों का विस्तृत स्वरूप प्राप्त होता है, जिसके आधार पर इस उपन्यास की भौगोलिक समीक्षा इस प्रकार है–

**राज्य–**शिवराजविजय की कथा महाराष्ट्र से सम्बन्धित है। व्यास ने शिवाजी को न केवल महाराष्ट्र की अपितु भारतवर्ष की आशा प्रकट करते हुए[1] अनेक राज्यों का उल्लेख किया है। शिवाजी के समय केवल दक्षिण देश को छोड़कर[2] सभी स्थानों पर मुसलमानों का अधिकार था। दिल्ली में औरंगजेब का शासन था,[3] उसी की विजय पताकाएँ– बङ्ग, कलिङ्ग, मगध, अङ्ग, मत्स्य, मिथिला, काशी, कोसल, कान्यकुब्ज, चोल, पाञ्चाल, काञ्ची, शूरसेन, सिन्धु और सौराष्ट्र में फहर रही थीं।[4] शिवाजी के समय समस्त राजपूताने पर मुगलों का अधिकार था, न चाहते हुए भी राजपूत उनकी अधीनता स्वीकार कर रहे थे।[5] दक्षिण में बीजापुर

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

और गोलकुण्डा दो स्वतन्त्र मुस्लिम राज्य थे,[6] जिस पर शिवाजी निपुणता पूर्वक अधिकार कर लेते हैं। आमेर और मरुदेश के राजा औरंगजेब के सेनापति के रूप में कार्यरत थे। महाराष्ट्र राज्य के कोंकण, खानदेश और कल्याण तीन प्रमुख भाग थे, जिस पर शिवाजी का अधिकार हो जाता है।[7]

इस उपन्यास में व्यास ने भारत के बाहर के देशों का यथातथ्य उल्लेख किया है। गजिनी[8] स्थान निवासी महमूद नामक यवन और गोरदेश[9] से आकर शहाबुद्दीन ने भारत पर आक्रमण किया। कम्बोज देश के लुटेरे गौरसिंह, श्यामसिंह सहित राजपूताने के अन्य लोगों का अपहरण करते थे।[10] शिवाजी के पराक्रम की गाथा हीरात, कम्बोज, गान्धार और समरकन्द तक फैली थी। उनके भेरीनाद पारसीक, चीन, वर्मा, सिंहल तक गूँजते थे।[11]

**नगर एवं ग्राम–** शिवराजविजय में अनेक नगरों एवं ग्रामों का वर्णन मिलता है। यमुना के किनारे बसी हुई विचित्र वैभवशाली दिल्ली भारत की राजधानी थी।[12] काशी के विश्वनाथ तथा बिन्दुमाधव मन्दिरों को म्लेच्छों ने धूल में मिला दिया था।[13] शिवाजी के निवास स्थान पूना नगर पर शाइस्ता खाँ के अधिकार कर लेने से दिल्लीश्वर और शिवाजी के मध्य युद्ध प्रारम्भ हो जाता है।[14] भोजपुर, पटना नगर सीताकुण्ड, विक्रमचण्डिका, मुद्गलपुर और वर्धमान नगर पूर्वी भारत के प्रमुख स्थान थे।[15] राजूताना देश में उदयपुर नाम की एक राजधानी थी, जहाँ के क्षत्रियकुल श्रेष्ठ राजाओं ने यवनों की अधीनता को स्वीकार नहीं किया[16] अम्बर देश के राजा महाराज 'जयसिंह ने जयपुर नगर की स्थापना की थी।[17] सूरत नगर में भगवान् रामचन्द्र का मन्दिर था।[18] इसी नगर पर शिवाजी के सेनापति स्वर्णदेव ने आक्रमण किया था। द्वारका से तीर्थयात्री जहाज द्वारा मुम्बापुरी होकर रामेश्वर की यात्रा के लिये जाते थे। अयोध्या प्रान्त के क्षत्रिय पूर्णतया पराजित हो चुके थे।[19] महाराष्ट्र से देहली के मार्ग में अहमद नगर, विदर्भदेश, इन्दौर, उज्जयिनी, वृन्दावन एवं मथुरा नगर पड़ता था।[20] शिवाजी ने राज्य स्थापना के अनन्तर सतारा नगरी को अपना निवास स्थान बनाया था।[21] इस प्रकार व्यास ने शिवराजविजय में राज्य के साथ–साथ नगर एवं ग्राम के स्वरूप को चित्रित किया है।

**दुर्ग–** शिवाजी के समय राज्यों की .ढ़ता दुर्गो पर आधारित थी। व्यास ने इस उपन्यास में अनेक दुर्गो का वर्णन किया है। व्यास द्वारा दिया गया दुर्गो का विवरण ऐतिहासिक तथ्यों से कुछ भिन्न है। शिवाजी के कार्य क्षेत्र से सम्बन्धित तीन मुख्य दुर्ग हैं–

**प्रतापदुर्ग–** यह दुर्ग भीमा नदी के किनारे बना है[22], जिसकी शिखरें चन्द्रमा को चूमती हुई दिखायी गयी हैं।[23] इसी किले से शिवाजी ने अफजल खाँ को पराजित किया था।[24] शाइस्ता खाँ द्वारा प्रेषित दूत रूप में उपस्थित गोपीनाथ पं. ने इसी दुर्ग में शिवाजी–अफजल खाँ से मिलने सम्बन्धी मन्त्रणा किया था।[25] गौरसिंह संन्यासी वेष में इसी दुर्ग के द्वारपाल की परीक्षा लेता है।[26] शिवाजी दिल्ली से वापस आने पर सर्वप्रथम प्रताप

दुर्ग में प्रवेश किये थे। ब्रह्मचारीगुरु अपने सेवकों के साथ इसी दुर्ग के समीप निवास करते थे।[27]

**तोरणदुर्ग**—तोरणदुर्ग की घाटी के उद्यान में घूमकर रघुवीरसिंह अपना मन बहलाता है।[28] इसी दुर्ग के समीप हनुमान् जी का सु.ढ़ तथा सुन्दर मन्दिर था।[29] तोरण दुर्ग में शिवाजी का दुर्गाध्यक्ष रहता है। इसी दुर्ग में रोशनआरा को दुर्गाध्यक्ष की निगरानी में आदर पूर्वक रखा गया है।[30] देवशर्मा, सौवर्णी सहित तोरणदुर्ग के समीप हनुमान् जी के मन्दिर में रहना स्वीकार करते हैं।[31] रघुवीरसिंह और सौवर्णी मिलन इसी दुर्ग की वाटिका में होता है। शिवाजी का पत्र सिंहदुर्ग से तोरणदुर्ग रघुवीर सिंह ही पहुँचाता है।[32]

अर्थात् मीमांसकानां यन्मतं वाचकत्वमात्ररूपं तदेवास्माकं मतमिति न युक्तम्। किन्तु केचिद्वाचकाः केचियोतकाः। तदुक्तं वाक्यपदीये -

स वाचको विशेषाणां संभवाद्योतकोऽपि वा॥ इति।

एवं च धात्वर्थप्रातिपदिकार्थयोर्भेदेनान्वयबोधो न व्युत्पन्न इति निपातातिरिक्तविषयं समानाधिकरणप्रातिपदिकार्थरभेदान्वय इत्यपि तथेत्यगत्या कल्पनीयम्। अत एव 'ओदनः पचति' इत्यत्र निपातातिरिक्तप्रातिपदिकार्थस्यौदनस्य कर्मता सम्बन्धेन धात्वर्थे पाकेऽन्वयो न भवतीति ओदन कर्मक: पाक इत्येवं न ततो बौधो जायते। निपातातिरिक्ततिनिवेशान्निपातार्थधात्वर्थयो र्भेदेनान्वयो नाव्युत्पन्न इति प्रजयतीत्यत्र निपातरूपप्रातिपदिकार्थस्य प्रकर्षाश्रयतासम्बन्धेन जिधात्वर्थे जयेऽन्वयो भवतीति ततः प्रजयतीतिरूपपद्यते। इत्थं निपातानां वाचकत्वे यथायथं दोषाभावेऽपि क्वचिद्योतकत्वमपि स्वीकार्यम्। अन्यथा प्रतिष्ठते' इत्यत्र गमनतवरुपेणानुभवसिद्धो बोधो न स्यात्। नामार्थधात्वर्थयोर्भेदनान्वयो न व्युत्पन्न इति व्युत्पत्तेर्निपातेतरत्वेन संकोचेऽपि प्रोपसर्गस्याभावे शक्तौ स्वीकृतायामपि धातोर्गतिनिवृत्यर्थकत्वेन गतिनिवृत्तिरूप धात्वर्थस्य प्रतियोगित्वसम्बन्धेन प्रोपसर्गवाच्येऽभावेऽन्वयेन गति निवृत्ति प्रतियोगिकाभाव इति बोधात् गमननिवृत्यभावत्वरूपेणैव बोधः स्यात्। द्योतकत्वे तु तिष्ठ तेर्धातोरेव लक्षणया गतिप्रतिपादकत्वाद् गमनत्वरूपेण बोधोऽनायासेन सिध्यति।

उपसर्गाणां द्योतकत्ववाचकत्व विचार सारः - अस्मिन् प्रकरणे उपसर्गनिपातानामुल्लेखः, तेषामर्थविचारः एवं च तेषां च द्योतकत्वं वाचकत्वं वेति विचारो विवेचितो वर्तते। शब्दशक्तिप्रकाशिकाकारः अपि निपातानामर्थविषये एवं प्रत्यपादयत् यत् चादीनां निपातानामपि केवलेन अर्थबोधने सामर्थ्य न भवति किन्तु प्रातिपदिकार्थेन सह अन्वयेनैव। इमे च निपाताः अनेकविधः स्वरादिचादिभेदेन। यद्यपि अन्यनैयायिकाः प्रादीनां धातोः प्राक् प्रयुक्तानामुपसर्गाणां द्योतकत्वं स्वीकुर्वन्ति, चादीनाञ्च वाचकत्वं "साक्षात् प्रत्यक्षतुल्ययोः"[10] इति अमरकोशबलात्। परञ्च वैयाकरणानामत्र आपत्तिः। तेषामयमाशयः यत् यथा प्रादीनां द्योतकत्वं चादीनामपि तथैव अथवा चादीनां यथा वाचकत्वं प्रादीनामपि तथैव तयोर्वैषम्ये बीजाभावः। तदुक्तं वैयाकरणभूषणसारे -

द्योतकाः प्रादयोः येन निपाताश्चादयस्तथा।

उपास्येते हरिहरौ लकारो दृश्यते यथा॥[11] इति॥

'अनुभवति' इत्यत्र अनुभवरूपः अर्थः न केवलस्य अनुमात्रस्य उपसर्गस्य। यतोहि तथा स्वीकारात् अनुकरोत्यादावपि अनोर्विद्यमानत्वात् तत्रापि अनुभवार्थः आपद्येत। न केवलस्य धातोरेव अनुभवोऽर्थः। 'अनुभवति' इत्यादौ यदि भूधातोरेव अनुभवः अर्थः स्वीक्रियेत तदा 'प्रभवति उद्भवति इत्यादावपि भवतेर्विद्यमानत्वात् तत्रापि अनुभवार्थः आपद्येत। भर्तृहरिरपि अस्मिन् विषये द्योतिका, वाचिका वा स्युः इत्युक्त्वा उभयत्रापि उभयं स्वीकरोति। तदुक्तं वाक्यपदीये -

निपाता द्योतकाः केचित् पृथगाभिधायिनः।

आगमा इव केऽपि स्युः सम्मूयार्थस्य वाचकाः॥[12] इति॥

वस्तुतस्तु वैयाकरणा: उभयत्रापि द्योतकत्वमेवाङ्गीकुर्वन्ति। यतोहि चादीनां प्रातिपदिकेन अन्वयं विना नार्थबोधनक्षमत्वम्। अत एव -

शरैरुपैरिवोदीच्यानुद्धरिष्यन् रसानिव।

इत्यादावन्वयो न स्यात् सुपाञ्च श्रवणं ततः।[13] इति॥

अयञ्चोस्रादिशब्दानां तत्सदृशपरत्वे इव शब्दस्य द्योतकत्वे सत्येव सङ्गच्छते। प्रादीनां च धातुं विना नार्थबोधनक्षमत्वम्। अत एव उक्तं शब्दकौस्तुभे भट्टोजिदीक्षितेन -

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।

प्रहारहारसंहारविहारपरिहारवत्।।

वैयाकरणभूषणसारे चादीनां निपातानाम् अर्थवोधनप्रकारः विस्तरेण प्रोक्तः।

सन्दर्भ ग्रन्था


1. शब्दकौस्तुभे कारिका
2. शब्दशक्तिप्रकाशिका कारिका - ११
3. वैयाकरणभूषणसारः निपातार्थनिर्णयः कारिका – ४२
4. वाक्यपदीयं द्वितीयकाण्डम् कारिका – १८४
5. वाक्यपदीयं द्वितीयकाण्डम् कारिका – १८६
6. वैयाकरणभूषणसारः निपातार्थनिर्णयः कारिका - ४५
7. वाक्यपदीये द्वितीयकाण्डम् कारिका – १६२
8. 'उपमानानि सामान्यवचनैः' इति सूत्रे महाभाष्ये
9. वैयाकरणभूषणसारः निपातार्थनिर्णयः कारिका - ४७
10. वाक्यपदीयम् क्रियासमुदेशः कारिका-04
11. वैयाकरणभूषणसार निपातार्थनिर्णयकारिका-42
12. वाक्यपदीय द्वितीयकाण्डकारिका-182
13. वैयाकरणभूषणसारनिपातार्थनिर्णयकारिका-45

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# भारत द्वारा सुरक्षा की खोज

**मदन कुमार वर्मा**
**एसो0 प्रोफेसर, उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत।**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number: 291-294
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**सारांश** – चीन द्वारा भारत की रणनीतिज्ञ घेराबन्दी के विरूद्ध भारत द्वारा राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाया गया कदम।

**मुख्यशब्द**–भारत, खोज, सुरक्षा, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय।

भारत अपने सुरक्षा की खोज में सतत् प्रयासरत् है क्योंकि सन् 1991 में सोवियत संघ का विखण्डन होने भारत अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगा दूसरे ओर चीन–पाकिस्तान की रणनीतिक गठजोड़ निरंतर भारत की चिंता को बढ़ाया है। भारत की कमोवेश स्थिति वैसी बन गयी जैसे कि फ्रांस की स्थिति दोनों विश्वयुद्ध के मध्य में थी। फ्रांस अपनी सुरक्षा की खोज में यूरोप में नये शक्ति समीकरण निरंतर बना रहा था, तो दूसरी ओर बिट्रेन तुष्टीकरण की नीति जर्मन के प्रति अपनाया था, जिसमें द्वितीय विश्वयुद्ध हो गया। भारत इन वैश्विक घटनाओं से शिक्षा लेते हुए अपनी सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है। ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। इसको दो भागों में बाँटकर हम अध्ययन कर सकते है।

1. भारत के विरूद्ध चीन द्वारा उठाये गये कदम
2. प्रतियुत्त्र में भारत द्वारा उठाये गये कदम।

चीन की विदेश नीति हीगल की विचारधारा का अनुसरण करती है जैसा हीगल ने कहा था, जिस प्रकार तालाब में बंधा पानी गंदा हो जाता है उसी प्रकार यदि निरंतर सेना को गतिमान न बनाये रखा जाय तो सैनिक में आलस्य व अन्य निम्न विचार घर बना लेते है। चीन अपनी इसी नीति पर चलते हुए अपने पड़ोसियों के विरूद्ध अपनी सेना को निरंतर उकसाता रहता है चाहे वे जापान, वियत नाम व भारत क्यों न

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

हो भारतचीन की इस रणनीति का सबसे बड़ा शिकार है। 05 मई 2020 को चीन–भारत के मध्य सीमा पर सैन्य संघर्ष हुआ यह घटना L.A.C. पर गलवान घाटी के पूर्वी लद्दाख में हुआ और भारत ने अपने 20 सैनिकों को 15 जून 2020 तक खो दिया। कई दौर के वार्ता के बाद चीन अपने सेना को पीछे हटाने को तैयार नहीं है। चीन की विस्तारवादी व आक्रामक रणनीति केवल यही नहीं रूकी जबकि अमेरिका व कई पाश्चात्य देशों ने चीन की निंदा की, और सलाह दिया कि चीन L.A.C. पर अपनी आक्रामक रणनीति रोके। इससे पूर्व भारत व चीन में सैन्य झड़प डोकलाम को लेकर 2017 में हो चुका हैं। डोकलाम दरअसल भूटान का हिस्सा है जिस पर चीन अपना अधिपत्य चाहता है इसमें भारत–चीन में सैन्य झड़प हो गयी। भारत पर भूटान की प्रतिरक्षा का भार है।

वास्तव में शीतयुद्ध की समाप्ति के पश्चात् भारत चीन एक दूसरे को रणनीतिक प्रतिद्वन्दी मानने लगे है जिससे दक्षिण ऐशिया में हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियाँ बढ़ी है जो भारत के लिए चिंता का विषय है, चीन धीरे–धीरे एक के बाद एक भारतीय पड़ोसियों से अपने सम्पर्क बढ़ाता जा रहा हैं–जैसे नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी से प्रगाढ़ सम्बन्ध है। जब भारत–चीन के साथ L.A.C. पर मई 2020 में सीमा पर संघर्षरत् था, तो नेपाल ने भारत के साथ सीमा विवाद को उठाया और नेपाल ने अपने राजनीतिक नक्शे में काला पानी, लिपुलेख और लीमपिया धुरा को नेपाल नक्शे में दिखाया जिसमें भारत व नेपाल से बीच तनाव बढ़ा। इसी प्रकार जब श्रीलंका ने चीन द्वारा लिये गये विशाल कर्ज को देने में असमर्थ हो गया तो श्रीलंका ने अपने हमबन टोटा पोर्ट को चीन को 2017 में 100 वर्ष के पट्टे पर दे दिया, जिससे भारत की चिंताए बढ़ गयी। 17–18 जनवरी 2020 को चीनी राष्ट्रपति ने म्यांमार की यात्रा की, इस यात्रा के दौरान सबसे उल्लेखनीय समझौता क्याउकर्पायू इकोनामिक जोन में चीन 1.3 विलियन का निवेश करेगा। क्याउरूर्पायू गहरे समुद्र का बन्दरगाह म्यांमार में बंगाल की खाड़ी में स्थित है, जिसने चीन की रणनीतिक उपलब्धि को बंगाल की खाड़ी में आसान बना दिया। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह जिसे चीन विकसित कर रहा है, इसके द्वारा भी चीन की हिन्द महासागर में उपस्थिति दर्ज की इस पोर्ट का वास्तव में रणनीतिक महत्व है यह मल्लका जलसंधि के निकट है। इसके अतिरिक्त चीन सिटवी समुद्री पोत की विकसित और प्रसार कर रहा है जो कोको द्वीप के निकट है जो हमारे अण्डमान–निकोबार को द्वीप–समूह के निकट है जिस म्यांमार ने चीन को दे दिया।

मालद्वीव जो दक्षिण–पश्चिम में श्रीलंका व भारत के पास अरेबियन समुद्र में स्थित है मालद्वीव चीन के सैन्य बेस दजीबूटी (Djibouti) और ग्वादर बंदरगाह के निकट है। मालद्वीव में चीन ने व्यापक निवेश किया है, बदले में मालद्वीव ने चीन के सिल्करूट का समर्थन किया है जो हिन्द महासागर से गुजरेगा। बांग्लादेश में चीन ने चित्तगांग बंदरगाह को व्यापारिक व नौ सैनिक उद्देश्यो के लिए प्रयोग कर रहा है।

इस प्रकार चीन के पिछले दो दशकों में हिन्द महासागर के सभी महत्वपूर्ण रणनीतिक बिन्दुओं पर अपना प्रभाव जमा लिया है, भारत को चीन के प्रतियुत्तर, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व वैश्विक स्तर पर चीन के विरूद्ध रणनीति बनानी होगी।

चीनी के प्रतियुत्तर में भारत ने अनेक कदम क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर उठाये है। भारत ने राष्ट्रीय स्तर अपनी सेनाओं का आधुनिकीकरण कर रहा है। तथा अपना परमाणु हथियार चीन व पाकिस्तान के प्रतियुत्तर में बढ़ा रहा है तथा लम्बी दूरी एवं अर्न्तमहाद्वीपीय मिसाइलों का विकास कर रहा है जैसा कि जार्ज फर्नाडीज ने भारत द्वारा किये गये परमाणु विस्फोट का कारण स्पष्ट करते हुए कहा था कि पाकिस्तान नहीं अपितू चीन हमारा दुश्मन नं0–1 है। दूसरी ओर भारत ने क्षेत्रीय स्तर पर वियत नाम, जापान व ताइवान से अपने सैनिक रणनीतिक सम्बंध बनाये है यही कारण कि वियतनाम के सर्मथन से भारत ने चीन सागर में अपने युद्ध–पोत उतारे है। ताइवान से रणनीति के सम्बन्ध बढ़ाने पर चीन तिलमिला उठा था। पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा मात्र स्थित वियतनाम, जापान व ताइवान के सम्बन्धों से चीन को संतुलित नहीं कर रहा है। अतः भारत अपने सुरक्षा के लिए अमेरिका से भी सम्बन्ध बढ़ाया है भारत ने अमेरिका के साथ Civil Nuclear Isolation Co-opration Agreement पर 2008 में समझौता किया। इस प्रकार भारत 34 वर्ष बाद वैश्विक नाभकीय अलगांव से मुक्त हुआ। साथ ही भारत वैश्विक स्तर चीन के साथ अपने सम्बन्धों को संतुलित करने के लिए क्वाड नाम संगठन में शामिल हुआ। चीन इस क्वाड को लेकर काफी चिंतित है, चीन ने इसे नाटो का एशियाई संस्करण कहाँ है क्वाड का पूरा नाम quadrilateral security dialogue है। जिसके सदस्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया एवं भारत है। चारों देश इण्डो–पैसेफिक क्षेत्र में आपसी सलाह और सहयोग से अपनी सुरक्षा को निश्चित करना चाहते है। क्वाड 2007 जापानी P.M. शिजो अम्बे के प्रयासों से अस्तित्व में आया। इसी वर्ष जापान ने भारत–U.S.A मालाबार नौसेना अभ्यास में भाग लिया।

इस प्रकार भारत पूर्व सोवियत संघ के सन् 1991में विघटित होने के पश्चात् भारत ने जो सुरक्षा खोज शुरू की, उसकी गति क्वाड तक आकर रूक गयी है, पर इसमें चीन की हरकतों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है।

जब से सन् 2007 से क्वाड का गठन हुए तब से भारतीय सेना व चीनी सेना के मध्य दो बार सैन्य झड़प हो चुकी है, चीन वास्तव में बड़ा युद्ध न लड़कर स्वयं पहलकर अपने पड़ोसी के क्षेत्र में घुस जाता है और जब पड़ोसी की सेना आती है तो कुछ दूर पीछे हटकर पड़ोसी के क्षेत्र में अपनी सेना तैनात कर देता है यह चीन की पुरानी रणनीति है। दूसरे इससे चीन की सेना गतिशील बनी रहती है। इसका निदान यह है कि चीन के सारे पड़ोसियों को एक व्यापक रणनीतिक सम्बन्ध के तहत जोड़ा जाये। तभी चीनी शक्ति को इस क्षेत्र में संतुलित किया जा सकता है।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची**


1. पाश्चात्य राजनीतिक चिंतक डॉ0 तिवारी G.D.
2. दो विश्व युद्धों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध–E.H. Car
3. प्रतियोगिता दर्पण नवम्बर, दिसम्बर–2020
4. अर्न्तराष्ट्रीय सम्बन्ध– पंत पुष्पेष
5. दैनिक जागरण अमर उजाला
6. हिन्दुस्तान टाईम्स

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# काव्यप्रकाश के आलोक में कालिदास समीक्षा

डॉ. नंदिता मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर,संस्कृत विभाग, जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी.जी, कॉलेज, महाराजगंज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 295-303
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**सारांश** – महाकवि के प्रति इस प्रकार की दोष दृष्टि का भी निवारण हो जाता है। जहाँ तक काव्यप्रकाशकार के बारे में कहा जा सकता है तो वे एक लक्षणग्रन्थकार हैं उसी दृष्टि से शास्त्र का निरूपण करते हैं और उदाहरण में अनेकानेक कवियों का उल्लेख करते हैं। उनकी स्वयं की दृष्टि में महाकवि कालिदास एक अद्वितीय कवि हैं जिनके लिए स्वयं उन्हें लिखना पड़ता है कालिदासादीनामिव यशः। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि आचार्य मम्मट की दृष्टि में भी महाकवि कालिदास असंदिग्ध रूप से महाकवि है।

**मुख्यशब्द** – काव्यप्रकाश, कालिदास, दोष, शास्त्र, लक्षणग्रन्थ, मम्मट।

आचार्य मम्मट की दृष्टि से महाकवि कालिदास की समीक्षा महाकवि की प्रशस्ति के ही सदृश है। काव्यशास्त्र की परम्परा में प्रायः आचार्यों ने कालिदासीय पद्यों का उदाहरण लक्षण ग्रन्थों में प्रस्तुत किया है। यह महाकवि के काव्यों का महत्त्व ही है कि इनके काव्यों में दोष से लेकर रस का निरूपण करने के लिए आचार्य इनका उल्लेख करते हैं। मम्मट के पूर्ववर्ती आचार्यों ने भी जैसे आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त प्रभृति[1] आचार्यों ने अत्यन्त विश्वासपूर्वक कालिदास का उल्लेख किया है। प्रायः काव्यों के विभिन्न सम्प्रदायों के अन्य आचार्यों के द्वारा भी कालिदास के उद्धरण निदर्शन के रूप में दिए गए हैं। जिनमें कतिपय पद्य तो अत्यन्त प्रसिद्ध है और विभिन्न सिद्धान्तों के प्रतिपादन में उन्हें देखा जाता है।[2] जैसे कि काव्यशास्त्र की परम्परा में काव्य घटक तत्त्वों अलंकारादि के तथा त्याज्य दोष आदि के निर्वचन में भी आचार्यों की प्रतिपादन शैली भिन्न–भिन्न है। काव्य प्रकाशकार ने प्रायः सम्पूर्ण काव्यप्रकाश में कालिदास के पद्यों का उदाहरण दिया है, जिनमकी संख्या लगभग 30–32 है। इनमें से भी दोष के उदाहरण के रूप में अधिक पद्य है। इनका विवरण निम्न प्रकार समझा जाना चाहिए

| **प्रसंग** | **उदाहरण** | **पृ0 सं0 काव्यप्रकाश[3]** |
|---|---|---|
| 1. विप्रलभ (शाप) | त्वामालिख्य मेघदूत मेघदूत, उ0 मे0 / 47 | 142 |
| 2. भयानक रस | ग्रीवाभंगाभिरामं शाकुन्तल, 1/7 | 148 |
| 3. भावशबलता | क्वकार्यं शशलक्ष्मणः विक्रमोर्वशीयम्, प्रक्षिप्त | 165 |
| 4. सन्दिग्धप्राधान्य | हरस्तुकिञ्चित् कुमारसम्भव, 3/67 | 247 |
| 5. अवाचक दोष | हा धिक् सा कि विक्रमोर्वशीयम्, प्रक्षिप्त मृदुपवनविभिन्नों | 320 |
| 6. अमंगल अश्लील | मृदुपवनविभिन्नो विक्रमोर्वशीयम्, 4/22 | 320 |
| 7. अविमृष्टविधेयांश | स्रस्तां नितम्बादवरोपयन्ती कुमारसम्भव, 3/55 | 327 |
| 8. अविमृष्टविधेयांश | वपुर्विरूपाक्षमलक्ष्यजन्मता कुमारसम्भव, 5/72 | 328 |

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

| | | |
|---|---|---|
| 9. प्रसज्यप्रतिषेध नञ् (उचित प्रयोग) | विक्रमोर्वशीयम्, 4/7 जुगोपात्मानमत्रस्त्रो | 330 |
| 10. पर्युदास नञ् (उचित प्रयोग) | रघुवंश, 1/21 कातर्यं केवला नीति | 343 |
| 11. प्रक्रान्त (तत् का यत् की अपेक्षा न रखना) | कातर्यं केवला नीति रघुवंश, 17/47 | 344 |
| 12. प्रसिद्ध (तत् का यत् की अपेक्षा न रखना) | द्वयं गतं सम्प्रति कुमारसंभव, 5/71 | 354 |
| 13. श्रुतिकटुपदैकदेश | तद्गच्छ सिद्ध्यै कुमारसंभ, 3/18 | 354 |
| 14. पदैकदेश निहितार्थ | यश्चाप्सरोविभ्रमण्डनानां कुमारसंभव, 1/4 | 355 |
| 15. अनभिहित वाच्य | त्वयि निबद्धरतेः विक्रमोर्वशीयम् 4/55 | 381 |
| 16. सर्वनामप्रक्रमभंगदोष | ते हिमालयामन्त्र्य कुमारसंभव, 6/49 | 389 |
| 17. पर्यायप्रक्रमभंगदोष | महीभृतः पुत्रवतोऽपि कुमारसंभव, 1/27 | 390 |
| 18. कारकप्रक्रमभंगदोष | गाहन्तां महिषा शाकुन्तल, 2/6 | 392 |
| 19. अमतप्रकम विरूद्ध | राममन्मथशरेण रघुवंश, 11/20 | 396 |
| 20. दोष का अपवाद | ज्याबन्धनिष्पन्द भुजेन रघुवंश, 6/40 | 425 |
| 21. ख्यात अर्थ में निर्हेतु की अदुष्टता | चन्द्रं गता पद्मगुणान्न कुमारसम्भव, 1/43 | 428 |
| 22. कष्टत्व का गुणत्व | रक्ताशोक कृशोदरी विक्रमोर्वशीयम्, 4/62 | 432 |
| 23. न गुण न ही दोष | तिष्ठेत कोपवशाद् विक्रमोर्वशीयम्, 4/9 | 441 |
| 24. अंगभूत रस दोष | दीप्ति पुनः पुनः कुमारसम्भव, प्रक्षिप्त | 454 |
| 25. प्रकृतिविपर्यय | क्रोधं प्रभो कुमारसम्भव, 3/72 दशम उल्लास | 457 |
| 26. ससंदेह | अस्याः सर्गविधौ विक्रमोर्वशीयम्, 1/100 | 472 |
| 27. वाक्यार्थ निदर्शना | क्व सूर्य प्रभवो रघुवंश, 1/2 | 588 |
| 28. समुच्चय | अयमेकपदे तया विक्रमोर्वशीयम्, 4/10 | 644 |
| 29. विशेष | गृहिणी सचिवः रघुवंश, 8/67 | 685 |
| 30. कालादि भेद से भग्न प्रक्रमता दोष | अतिथिं नाम रघुवंश, 17/1 | 713 |
| 31. अनुचितार्थत्त्व दोष | दिवाकराद्रक्षति कुमारसम्भव, 1/12 | 718 |

इस प्रकार मम्मट के काव्यप्रकाश में दोषों के उदाहरण के रूप में ही अधिक पद्यों को उदाहृत किया गया है। किन्तु इससे यह निष्कर्ष नहीं लिया जा सकता कि आचार्य मम्मट की दृष्टि में कालिदास की कविता दोषपूर्व है अपितु मम्मट द्वारा प्रथमोल्लास में कालिदासादीनामिव यशः को ही प्रमाण मानना चाहिए क्योंकि कालिदास ही मम्मट की दृष्टि में यशस्त्री कवि है। अर्थात् एक कवि के रूप में जितना यश कालिदास का है उतना किसी अन्य का नहीं। काव्यकारण को स्पष्ट करने के क्रम में महाकविसम्बन्धिनां के स्पष्टीकरण में साहित्यचूड़ामणि में कुमारसम्भव[4] तथा सुधासागर में रधुवंश[5] को उदाहृत किया गया है। वस्तुतः कालिदास के प्रति आलंकारिक आचार्यों में ऐसा ही मानने की परम्परा है। मम्मट ने जितनी मान्यता ध्वनिकार को दी है उसके अनुसार आनन्दवर्धन भी कालिदास को ही

महाकवि मानते है। आनन्दवर्धन की दृष्टि में भी कालिदास ही यशस्वी कवि है।[6] अतः महाकवि कालिदास के प्रति मम्मट भी उतने ही श्रद्धावान और विश्वस्त हैं, ऐसा कहा जाना उचित होगा। काव्यप्रकाश के अनुसार कालिदास की समीक्षा करने से पहले कुछ कह सकते है कि दोषों का अभाव ही गुण हो जाता है। इस दृष्टि से भोज आदि की दृष्टि में दोष अनित्य हुआ करते हैं। पुनश्च कहीं ये ही दोष गुण के भी प्रकार में दिखाई देते हैं। इस प्रकार मम्मट के द्वारा दोषों के उदाहरणों के रूप में दिये गए कालिदासीय पद्यों पर अत्यन्त सावधान होकर विचार किया जाना चाहिए। यद्यपि हम इसकी चर्चा आगे करेंगे तथापि अनेक आचार्यों और विद्वानों ने कालिदास के साहित्य में स्खलद्गतित्त्व पर विमर्श किया है और कुछ ने उनका निराकरण भी दिखाया है। अतः कालिदास के दोषों की चर्चा विद्वत् समाज में अत्यन्त महत्त्व की वस्तु बन गई। यथाक्रम हम उनका निरूपण करेंगे किन्तु काव्यप्रकाश के उल्लासक्रम से कालिदास के पद्यों पर यहाँ विचार किया जाना उचित होगा। सर्वप्रथम चतुर्थ उल्लास में तीन उदाहरण कालिदास के प्राप्त होते हैं जिनमें प्रथम विप्रलम्भ श्रृगांर दूसरा भयानक रस तथा तीसरा पद्य भावशबलता का है। यद्यपि भावशबतला का उदाहरण प्रक्षिप्त है तथापि मम्मट से पूर्व अभिनव गुप्त आदि आचार्यों ने भी विक्रमोर्वशीयम् के इस पद्य को उदाहृत किया है।[7] श्रृगांर के दो भेद सम्भोग और विप्रलम्भ का निर्वचन करते हुए प्रथम को अनन्त प्रकार का मानते हुए द्वितीय के पाँच प्रकार मम्मट ने बताए।[8] विप्रलम्भ श्रृंगार के पाँच प्रकारों में शापहेतुक विप्रलम्भ के उदाहरण के रूप में मेघदूत का निम्न पद्य मम्मट ने उदाहृत किया है

**त्वामालिख्य प्रणयकुपितां धातुरागैः शिलायामात्मानं ते चरणपतितं यावदिच्छामि कर्तुम्।**
**अस्रैस्तावन्मुहुरुपचितैर्दृष्टिरालुप्यते में क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगम नौ कृतान्तः।।**[9]

यद्यपि मम्मट ने इसकी कोई व्याख्या नहीं की किन्तु टीकाकारों ने पर्याप्त विचार किया है। सामान्य विद्धान्त के अनुसार नायिका आलम्बन है और उसका प्रणय कोप उद्दीपन है। पैरों में गिरना अनुभाव तथा कृतान्त के प्रति असूया व्यभिचारी भाव है। इन सबसे निष्पन्न होने वाली रति स्थायी भाव है।

भयानक रस के लिए शाकुन्तल के निम्न पद्य को मम्मट ने उदाहृत किया है –

**ग्रीवाभंगाभिरामं मुहुरनुपतति स्यन्दने बद्धदृष्टिः पश्यार्धेन प्रविष्टः शरपतनभयाद् भूयसा पूर्वकायम्।**
**दर्भैरार्द्धावलीढैः श्रमविवृतमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा पश्योदग्रप्लुतत्वाद् वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति।।**[10]

काव्य प्रकाश के अनुसार इस पद्य में मृग का भय वर्णित है। यद्यपि काव्यप्रकाश में इसकी कोई व्याख्या नहीं है तथापि सामान्य सिद्धान्त के अनुसार मृग के  पीछे चलने वाला राजा आलम्बन, शरपतन की सम्भावना उद्दीपन, बारम्बार ग्रीवाभंगादि अनुभाव तथा मृग के श्रम आदि व्यभिचारी भाव हैं। इन सबसे उत्पन्न भय स्थायी भाव है।

पचंम उल्लास में गुणीभूतव्यंगय के सन्दिग्धप्राधान्य नामक भेद के उदाहरण के रूप में कुमार सम्भव के तृतीय सर्ग का निम्न पद्य उद्धृत है

**हरस्तु किञ्चित्परिवृत्तधैर्यश्रयन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः।**
**उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोचनानि।।**[11]

मम्मट ने इस पद्य को सन्दिग्धप्राधान्य गुणीभूतव्यंगय प्रकार मानते हुए इसका व्याख्यान इस प्रकार किया है

**अत्र परिचुम्बतुमैच्छदिति कि प्रतीयमानं कि वा विलोचनव्यापारणं वाच्यं प्रधानमिति सन्देहः।**[12]

मेरी दृष्टि में यहाँ मम्मट के द्वारा अधरचुम्बन को व्यंग्य और लोचनत्रय के व्यापार को वाच्यार्थ माना गया है। यहाँ ये दोनों ही चमत्कारजनक है। अतः व्यंगयार्थ और वाच्यार्थ के चमत्कार की प्रधानता सन्दिग हो जाने से यह सन्दिधप्राधान्य गुणीभूतव्यग्य का उदाहरण हो गया। किन्तु यदि कुमारसम्भव में यह जहाँ है वही प्रसंग कुछ देर और निरन्तर बढ़ता जाता तो निश्चित रूप से यहाँ रति की ही व्यञ्जना होती। किन्तु अगले ही पल सारा प्रसंग ही बदल जाता है। अतः यहाँ व्यंगयार्थ जैसे ही चमत्कार की सम्भावना अभिधेयार्थ में सहृदय कर लेता है।

सप्तम उल्लास में व्रीडा, जुगुप्सा तथा अमंगल नामक तीन अश्लील[1] दोषों का निर्वचन करते हुए अश्लील[13] के उदाहरण के रूप में विक्रमोर्वशीयम् के चतुर्थ अंग का निम्न पद्य मम्मट द्वारा उदाहृत किया गया है –

**मृदुपवनविभिन्नो मत्प्रियाया विनाशाद् घनरूचिरकलापो निः सपत्नोऽद्य जातः।**<br>**रतिगिगलितबन्धे केशपाशे सुकेश्याः सति कुसुमसनाथे कं हरेदेष बर्ही।।**[14]

इस पद्य में मम्मट ने अमंगल रूप अश्लील माना है क्योंकि विनाश शब्द मृत्यु का बोधक है। अतः मम्मट ने इसे अमंगल कहते हुए दोष माना है। किन्तु यदि इस पूरे प्रसंग को पुरूरवा की दृष्टि से देखा जाए तो यह पुरूरवा की दशा को उसकी पूरी योग्यता के साथ चित्रित करने वाला गुण माना जा सकता है। सुधासागर टीका के अनुसार भी भावी अमंगल की सूचना होने पर कामशास्त्र की स्थिति में दोष नहीं माना जाता।[15] अतः विनाश शब्द का विवक्षित अर्थ अमंगल होने पर भी इस प्रसंग में कामशास्त्र की दृष्टि से उसका दोषत्व समाप्त हो जाता है।

अविमृष्टविधेयांश दोष के प्रसंग में मम्मट ने कुमारसम्भव के तृतीय सर्ग से निम्न पद्य उदाहृत किया है

**स्रस्तां नितम्बादवरोपयन्ती पुनः पुनः केसरदामकाञ्चीम्।**<br>**न्यासीकृतां स्थानविदा स्मरेण द्वितीयमौर्वीमिव कार्मुकस्य।।**[16]

मम्मट ने इस पद्य में अविमृष्टविधेयांश दोष मानते हुए इसका व्याख्यान निम्न प्रकार किया है

**अत्र द्वितीयत्वमात्रमुत्प्रेक्ष्यम्। मौर्वीं द्वितीयामिति युक्तः पाठः।**[17]

कुमारसम्भव के उक्त पद्य में द्वितीयत्व विधेय है। अतः उसे प्रधानतया प्रीत होना चाहिए था। किन्तु उत्तरपद प्रधान कर्मधारय समास में गौण हो जाने से वह प्रधान रूप से प्रतीत नहीं होता, अतएव यहाँ अविमृष्टविधेयांश दोष उत्पन्न हो जाता है। यदि द्वितीयमौर्वीं के स्थान पर मौर्वीं द्वितीयां यह पाठ होता तो अविमृष्टविधेयांश दोष नहीं रह जाता।

अविमृष्टविधेयांश दोष के एक अन्य उदाहरण के रूप में मम्मट के कुमारसम्भव का निम्न पद्य उदाहृत किया है

**विपुर्विरूपाक्षमलक्ष्यजन्मता दिगम्बरत्वेन निवेदितं वसु।**<br>**वरेषु यद् बालमृगाक्षि, मृग्यते तदस्ति किं व्यस्तमपि त्रिलोचने।।**[18]

कुमारसम्भव के इस पद्य में शिव के जन्म की आलक्ष्यता ही विधेय है। किन्तु यह अलक्ष्यता अन्यपदप्रधान बहुव्रीहि समास में गौण हो जाने से प्रधानतया निर्दिष्ट नहीं होती है। अतः अविमृष्ट विधेयांश दोष उतपन्न हो जाता है। यदि इस पद्य में समस्त पद के स्थान पर अलक्षिता जनिः प्रयोग किया जाता तो यह दोष नहीं रहता। कुछ व्याख्याकारों का मत है कि शिव का जन्म ही असिद्ध है अतः यहाँ अलक्ष्यजन्म ही विधेय है अतः कोई दोष नहीं।[19]

मम्मट ने दोष प्रकरण में केवल दोषों को ही निर्दिष्ट करने में महाकवि के पद्यों का प्रयोग नहीं किया है अपितु उचित प्रयोग को निर्दिष्ट करने के लिए भी महाकवि के पद्यों को उदाहृत किया है। मम्मट ने नञ् समान में अविमृष्टविधेयांश दोष का निर्वचन करते हुए प्रसज्यप्रतिषेध नञ् तथा पर्युदास नञ् दोनों के ही उचित प्रयोग को निर्दिष्ट करने में महाकवि के पद्यों को उदाहृत किया है। प्रसज्यप्रतिषेध नञ् के उचित प्रयोग के लिए आचार्य ने विक्रमोर्वशीयम् के चतुर्थ अंक का निम्न पद्य उदाहृत किया है

**नवजलधरः सन्नद्धोऽयं न दृप्तनिशाचरः सुरधनुरिदं दूराकृष्टं न तस्य शरासनम्।**
**अयमपि पटुधीरासारो न बाणपरम्परा कनकनिकषस्निग्धा विद्युत प्रिया न ममोर्वशी।**[20]

यहाँ विधेयांश के निषेधपरक होने के कारण नञ् का समासगत प्रयोग नहीं किया गया है जिससे विधेयांश प्रधानताया निर्दिष्ट हो रहा है। इस कारण यहाँ अविमृष्टविधेयांश दोष नहीं है तथा प्रसाज्य प्रतिषेध नञ् का उचित प्रयोग है।

पर्युदास नञ् के उचित प्रयोग के लिए आचार्य ने रघुवंश के प्रथम सर्ग के निम्न पद्य को उदाहृत किया है –

**जुगोपात्मानमत्रस्तो भेजे धर्मामनातुरः।**
**अगृध्नुराददे सोऽर्थानसक्तः सुखमन्वभूत्।।**[21]

इस पद्य में विधेयांश प्रतिषेधपरक है तथा नञ् का समासगत प्रयोग करने से कोई दोष उत्पन्न नहीं होता। अत्रस्त पद में पर्दुदास नञ् का प्रयोग है तथा विभिन्न क्रियाओं के साथ उसका विधान किया गया है।

सप्तम उल्लास में मम्मट ने पदांशगत श्रुतिकटु आदि दोषों के निर्वचन में पदैकदेश श्रुतिकटु के उदाहरण के रूप में कुमारसम्भव के तृतीयसर्ग का निम्न पद्य उदाहृत किया है –

**तद् गच्छ सिद्ध्यै कुरु देवकार्यमर्थोऽयमर्थान्तर लभ्य एव।**
**अपेक्षते प्रत्ययमंगलब्ध्यै बीजांकुरः प्रागुदयादिवाम्भः।।**[22]

कुमारसम्भव के उक्त पद्य में तारकासुर के वध हेतु कामदेव के प्रति इन्द्र की प्रार्थना वर्णित है। प्रार्थना में प्रायः मधुर भाषण ही शोभनीय होने के कारण सिद्ध्यै तथा लब्ध्यै पदों में पदांशगत श्रुतिकुट दोष उत्पन्न हो जाता है।

आचार्यों द्वारा पदों का क्रम विद्यमान न होने पर अक्रम दोष माना गया है। इस दोष के उदाहरण के रूप में मम्मट के कुमार सम्भव के निम्न पद्य को उदाहृत किया है –

**द्वयं गतं सम्प्रति शोचनीयतां समागमप्रार्थनया कपालिनः।**
**कला च सा कान्तिमती कलावतः त्वमस्य लोकस्य च नेत्रकौमुदी।।[23]**

आचार्य मम्मट के अनुसार इस पद्य में त्वं शब्द के पश्चात् चकार का प्रयोग किया जाना चाहिए था।[24] अतः पदों में क्रम विद्यमान न होने के कारण इसे अक्रम दोष के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया गया।

आचार्यों के अनुसार कुछ स्थल ऐसे भी होते हैं जहाँ दोष, दोष न रहकर गुण के रूप में परिवर्तित हो जाते है। प्रकरण वशाद् दोष के गुणके रूप में परिणत हो जाने के उदाहरण के रूप में मम्मट ने पुरुरवा की निम्न उक्ति को उद्धृत किया है –

**रक्ताशोक, कृशोदरी क्व नु गता त्यक्त्वानुरक्तं जनं नो दृष्टेति चालयसि किं वातावधूनं शिरः।**
**उत्कण्ठाघटमानषट्पदघटासंघदष्टच्छदस्तत्पादाहतिमनतरेण भवतः पुष्पोद्गमोऽयं कुतः।।[25]**

यद्यपि इस पद्य में विप्रलम्भ श्रृगांर की व्यञ्जना होने से दीर्घसमास तथा परुष वर्णों का प्रयोग हस पद्य में दोष उत्पन्न कर देता तथापि प्रकरणवशाद् वह दोष, दोष न रहकर गुण के रूप में परिणत हो जाता है। पुरुष वर्णो का प्रयोग विप्रलम्भ के अंगभूत कोप को और अधिक प्रकर्ष प्रदान कर मुख्य रस को भी और अधिक चमत्कारी बना देता है।

आचार्यों के अनुसार कुछ स्थल ऐसे भी होते हैं जहाँ न गुण होता औरन ही कोई दोष होता है। इस प्रसंग में मम्मट ने उदाहरण के रूप में विक्रमोर्वशीयम् के चतुर्थ अंग से निम्न पद्य को उदाहृत किया है –

**तिष्ठेत्कोपवशात्प्रभावपिहिता दीर्घं न सा कुप्यति स्वर्गायोऽपतिता भवेन्मयि पुनर्भावार्द्रमस्या मनः।**
**तां हर्तुं विबुधद्विषोऽपि न च मे शक्ताः पुरोवर्तिनीं सा चात्यन्तमगोचरं नयनयोर्यातेति कोऽयं विधिः।।[26]**

उक्त पद्य में न तो गुण है न कोई दोष। पिहिता पद के अनन्तर नैतद्यतः पद न्यून होते हुए भी गुण नहीं है और बिना इस पद्य के भी उत्तरकालीन ज्ञान पूर्वज्ञान का बाध कर देता है अतः कोई दोष भी नहीं है।

दशम उल्लास में भी अलंकार निरूपण के प्रसंग में आचार्य मम्मट ने महाकवि के कई पद्यों के उदाहृत किया है। किन्तु शोध–पत्र विस्तार के भय से सभी उदाहरणों की समीक्षा सम्भव न होने के कारण कुछ ही पद्यों की समीक्षा यहाँ की जा रही है। ससंदेह अलंकार के उदाहरण के रूप में मम्मट ने विक्रमोर्वशीयम् के प्रथम अंग का निम्न पद्य उदाहृत किया है –

**अस्याः सर्गविधौ प्रजापतिरभूच्चन्द्रो नु कान्तिप्रदः श्रृगरैकरसः स्वयं नु मदनो मासो न पुष्पाकरः।**
**वेदाभ्यासजडः कथन्नु विषयव्यावृत्तकौतूहलो निर्मातु प्रभवेन्मनोहरमिदं रूपं पुराणो मुनिः।।[27]**

इस पद्य में प्रजापति के उपमान के रूप में चन्द्रमा, मदन तथा वसन्त को कहा गया है। किन्तु किसी के भी वैधर्म्य का कथन न होने के कारण यह ससन्देह अलंकार का उदाहरण बन जाता है।

वाक्यार्थ निदर्शना के उदाहरण के रूप में मम्मट नेरघुवंश के निम्न पद्य को उदाहृत किया है –

**क्व सूर्य प्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः।**
**तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्।।**[28]

इस पद्य में छोटी सी नौका से सागर तरण का उपयुक्त सम्बन्ध न होने के कारण उडुप सागर तरणके समान ही अल्पबुद्धि के द्वारा सूर्यवंश का वर्णन, कवि की यह उक्ति उपमा में परिणत हो जाती है।

दशम उल्लास में अलंकार निरूपण करने के पश्चात् आचार्य मम्मट ने अलंकार दोषों के निरूपण में भी महाकवि के पद्यों को उदाहृत किया है।

आचार्य मम्मट ने अलंकार में अनुचितार्थतत्त्व दोष दिखलाने के लिए कुमारसम्भव का निम्न पद्य उदाहृत किया है–

**दिवाकराद्रक्षति यो गुहासु लीनं दिवा भतमिवान्धकारम्।**
**क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैः शिरसामतीव।।**[29]

इस पद्य में अचेतन अन्धकार का सूर्य से भय सम्भव न होने के कारण हिमालय से रक्षा की सम्भावना भी असम्भव ही है। अतः यहाँ उत्प्रेक्षा के समर्थन में अर्थान्तरन्यास का प्रयत्न व्यर्थ सा ही प्रतीत होता है। इस कारण मम्मट ने इस पद्य में अनुचितार्थतत्त्व नामक दोष की सम्भावना की है।

आचार्य मम्मट ने सम्पूर्ण काव्यप्रकाश में महाकवि के अनेक उदाहरणों के उदाहरणों को उदाहृत किया है। किन्तु शोध–पत्र के गौरव के भय से सभी पद्यों की समीक्षा न कर कुछ ही पद्यों की समीक्षा की गई है और अन्य समस्त पद्यों को पूर्व में तालिका के माध्यम से उल्लिखित कर दिया है।

निष्कर्षतः ऐसा कहा जाना उचित होगा कि आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश में जिन–जिन स्थानों पर महाकवि की चर्चा की है उनसे महाकवि का श्रेष्ठ कवित्व ही सिद्ध होता है। यह हम महाकवि के प्रति किसी श्रद्धाभावना के अनुशीलन होकर नहीं अपितु तर्कश्रित बुद्धि पर कह सकते हैं। काव्यप्रकाश वस्तुतः एक ऐसा महान ग्रन्थ है जिसे संस्कृत काव्यशास्त्र की श्रेष्ठ समीक्षा पद्धति की भी दृष्टि से सम्मान प्राप्त है। आचार्य मम्मट जब काव्यांगो का निरूपण करते हैं तो उनके अनुसार उनके उदाहरण भी देते हैं उदाहरणों को अपने लक्षण निष्कर्ष पर रखते भी हैं और परखकर उसे साहित्य प्रेमियों के लिए भी देते हैं। इस दृष्टि से मम्मट का दोष, गुण, अलंकार, रस आदि विवेचन वस्तुतः एक श्रेष्ठ समीक्षा की प्रस्तुति भी है। इसके लिए अधिकाधिक बार मम्मट ने कालिदास का उद्धृत भी किया। काव्यप्रकाश के जिन उल्लासों में कालिदास के उदाहरण प्राप्त होते हैं उनमें सप्तम और दशम उल्लास अर्थात् दोष और अलंकार प्रकरण हैं। जबकि रस और ध्वनि के भेदादि के उदाहण के रूप में कुछ ही उदाहरण हैं किनतु सप्तम उल्लास में भी जहाँ कि दोषों के उदाहरण के रूप में कालिदास के पद्यों को मम्मट के द्वारा उद्धृत किया गया वहीं कालिदास के ही पद्यो से उनमें से कुछ का परिमार्जन भी दिखाया गया। अतः विधेयाविमर्श आदि दोषों के रहने पर भी महाकवि के महाकवित्व के प्रति सन्देह नहीं किया जा सकता। वस्तुतः मम्मट की पद्धति भिन्न है और कहीं–कहीं उनका ध्यान दोषों के अन्वेषण के प्रकरण आदि पर नहीं किया जा सकता। वस्तुतः मम्मट की पद्धति भिन्न है और कहीं–कहीं उनका ध्यान दोषों के अन्वेषण के प्रकरण आदि पर नहीं जा पाया है या यह कहें कि उनका यह मानना है कि इस

प्रकार दोष किसी भी दशा में नहीं होने चाहिये। जैसे कि द्वितीय मौर्वी आदि में जबकि टीकाकारों ने प्रकरण का अंग होने के कारण भाव विशेष की उपस्थिति के कारण ऐसे प्रसंगों में दोषों का होना नहीं माना है। यथा –

**भाव्यमंगलादिसूचने कामशास्त्रस्थितौ च न दोषत्वम् वैमुख्याभावात्। शिवलिंग भगिनी–ब्रह्माण्डादिशब्देषु तु समुन्नीतगुप्तलक्षितेष्वसभ्यार्थानुपस्थितेर्नायं दोषः।**[30]

अतः महाकवि के प्रति इस प्रकार की दोष दृष्टि का भी निवारण हो जाता है। जहाँ तक काव्यप्रकाशकार के बारे में कहा जा सकता है तो वे एक लक्षणग्रन्थकार हैं उसी दृष्टि से शास्त्र का निरूपण करते हैं और उदाहरण में अनेकानेक कवियों का उल्लेख करते हैं। उनकी स्वयं की दृष्टि में महाकवि कालिदास एक अद्वितीय कवि हैं जिनके लिए स्वयं उन्हें लिखना पड़ता है कालिदासादीनामिव यशः। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि आचार्य मम्मट की दृष्टि में भी महाकवि कालिदास असंदिग्ध रूप से महाकवि है।

**सन्दर्भ :**


1. तरङ्गभ्रूभङ्गा क्षुभितविहगश्रेणिरशना
विकर्षन्ती फेनं वसनमिव संरम्भशिथिलम्।
यथाविद्धं याति स्खलितमभिसन्धाय बहुशो
नदीरूपेणेयं ध्रुवमसहना सा परिणत।। – ध्वन्यालोक, पृ0 212

(ख) तिष्ठेत्कोपवशात्प्रभावपिहिता दीर्घं न सा कुप्यति
स्वर्गायोत्पतिता भवेन्मयि पुनर्भावार्द्रमस्य मनः।
तां हर्तुंविबुधद्विषोऽपि न च मे शक्ताः पुरावेर्तिनीं
सा चात्यन्तमगोचरं नयनयोर्यातेति कोऽयं विधिः।। – लोचन, पृ0 184

2. द्वयं गतं ........................प्रभृति
यह पद्य आचार्य मम्मट ने स्वयं दोष प्रकरण में दो बार उद्धृत किया है।

3. आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, से प्रकाशित।

4. महाकविसम्बन्धिनां कुमारसम्भवादीनाम्। सा0चू0, पृ0 16

5. महाकविसम्बन्धिनां रघुवंशादीनाम्, न तु रामायणादीनाम्। सु0सा0, पृ0 17

6. येनास्निन्नतिविचित्रकविपरम्परावाहिनि संसारे कालिदासप्रभृतयो द्वित्राः
पञ्चषा वा महाकवय इति गण्यन्ते। ध्वन्यालोक, पृ0 94

7. क्वकार्यं शशलक्षणः क्व च कुलं भूयोऽपि दृश्येत सा
दोषाणां प्रशमाय मे श्रुतमहो कोपेऽपि कान्तं मुखम्।
किं वक्ष्यन्त्यापकल्मषाः कृतधियः स्वप्नेऽपि सा दुर्लभा
चेतः स्वास्थ्यमुपैहि कः खलु युवा धन्योऽधरं धास्यति।। लोचन, पृ0 186

8. (क) तत्र श्रृगारस्य द्वौ भेदौ, सम्भोगी विप्रलम्भश्च। तत्राद्यः
परस्परावलोकनालिङ्गनाधपानपरिचुम्बनाद्यनन्तभेदत्वाद–परिच्छेद्य इत्येक एव गण्यते। का0प्र0, पृ0 132
(ख) अपरस्त अभिलाषविरहेर्ष्याप्रवासशापहेतुक इति पञ्चविधः। का0प्र0,पृ0 136

9. मेघूदतम, उ0मे0, 47

10. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, 1/7

11. कुमारसम्भवम्, 3/67
12. काव्यप्रकाश, 247
13. त्रिधेति व्रीडाजुगुप्साऽमङ्गलव्यञ्जकत्वाद्। का0प्र0 319
14. विक्रमोर्वशीयम्, 4/22
15. भाव्यमङ्गलादिसूचने कामशास्त्रस्थितौ च न दोषत्वम् वैमुख्याभावात् । शिवलिङ्ग–भगिनी–ब्रह्माण्डादिशब्देषु तु समुन्नीतगुप्तलक्षितेष्वसभ्यार्थानुपस्थितेर्नायं दोषः। सुधासागर टीका, पृ0 321
16. कुमारसम्भव, 3/55
17. काव्यप्रकाश, पृ0 327
18. कुमारसम्भव, 5/72
19. काव्यप्रकाश, श्रीनिवास शास्त्री, पृ0 293
20. विक्रमोर्वशीयम्, 4/7
21. रघुवंश, 1/21
22. कुमारसम्भव, 3/18
23. कुमारसम्भव, 5/71
24. अत्र त्वं शब्दानन्तरं चकारो युक्तः। का0प्र0, 394
25. विक्रमोर्वशीयम्, 4/62
26. विक्रमोर्वशीयम् 4/9
27. विक्रमोर्वशीयम् 1/10
28. रघुवंश, 1/2
29. कुमारसम्भव, 1/12
30. सुधासागर टीका, पृ0 321

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# भाषाविज्ञानदृष्ट्या मैथिलीसंस्कृतभाषयोः ध्वनितत्त्वानुशीलनम्



गौतमकुमारराजहंस:
शोधार्थी,
श्रीसदाशिवपरिसर:, पुरी,
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय:।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 304-314

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**शोधपत्रसारांश:-** संस्कृतं मैथिली च भारतीये द्वे मुख्ये भाषे स्तः। उभयोः भाषयोर्मध्ये अस्ति कश्चन समीपतरः सम्बन्धः। अस्य सम्बन्धस्य ज्ञानं भाषाविज्ञानस्य माध्यमेन भवति। भाषाविज्ञानस्य तुलनात्मकशाखया द्वयोः भाषयोः समग्रं भाषावैज्ञानिकं तौलनिकं च चिन्तनं क्रियते । अनया रीत्या मैथिलीसंस्कृतभाषयोः ध्वनिसम्बन्धिनी कीदृशी भाषावैज्ञानिकी चिन्तनधारा अस्ति तथा उभयोर्भाषयोर्मध्ये ध्वनिविषयकं किं साम्यं किञ्च वैषम्यम् अस्तीति अस्मिन् शोधपत्रे विव्रियते।

**कूटशब्दाः-** ध्वनिः , ध्वनिविज्ञानम् , भाषाविज्ञानम्, मैथिली, संस्कृतम्, स्वराः, व्यञ्जनानि।

**1. ध्वनिशब्दार्थनिरुपणम्** - ध्वनति ध्वनयति वेति व्युत्पत्या ध्वनिरिति पदेन शब्द: गृह्यते । ध्वनि: अक्षररूपेण परिचीयते। पस्पाशाह्निके तत्त्वालोके प्रतिपाद्यते यत् " ध्वनि: कादिवर्णात्मक:" । ध्वनय एव वर्णा: इति भाव:।[1] ध्वन्यालोके आनन्दवर्धनेन उक्तं यत् वैयाकरणा: श्रूयमाणेषु वर्णेषु ध्वनिरिति व्यवहरन्ति ।[2] यत्र ध्वनिपदेन शब्द: गृहीत: , तत्र स: शब्द: व्यक्ताव्यक्तसाधारण: ध्वनिरूप: । यथा पदार्थयो: अभिघाताख्यसंयोगात् पटत् पटत् इति, वेणो: विभागाच्च चटत् चटतेति अव्यक्ता: ध्वनय: प्रादुर्भवन्ति । पुनश्च जिह्वाव्यापारेण ताल्वादिस्थानेभ्य: वायो: संयोगात् व्यक्ता: वर्णरूपा: ध्वनय: प्रभवन्ति । अत्र उभयत्रापि ध्वनिशब्दव्यापार: प्रचलति लोके । भाषाविज्ञानदृष्ट्या अत्र ध्वनिशब्द: सामान्यार्थपर: न विद्यते न च साहित्यपर: । यथा कोलाहलं कुर्वत: छात्रान् शान्तयितुं शिक्षकद्वारा मार्जन्या उत्पीठिकायामुपरि ताडनानन्तरं य:

[1] तत्त्वालोक:

[2] ध्वन्यालोक:, प्रथमोद्योत:

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

ध्वनि: जायते स: सामान्य : ध्वनि: किञ्च साहित्ये मानवेतरवस्तुभिरपि उत्पन्न: ध्वनि: कदाचित् सार्थकध्वनिरिति मन्यते । यथा रघुवंशे राज्ञ: दिलीपस्य गोचारणार्थं गम्यमाने समये वंशवृक्षछिद्रद्वारा समुत्पन्न: ध्वनि: यशोगानात्मक: स्वीकृत: महाकविना कालिदासेन -

**स कीचकैर्मारुतपूर्णरन्ध्रै:, कूजद्भिरापादितवंशकृत्यम् ।**

**शुश्राव कुञ्जेषु यश: स्वमुच्चै: उद्गीयमानं वनदेवताभि:।।**[3]

विषयेस्मिन् वाक्यपदीये प्रतिपादितमस्ति यत् प्राणिनां ध्वनौ सर्वत्र संस्काररुपा प्रतिभा एव कारणं भवति-

**अभ्यासात् प्रतिभाहेतु: सर्व: शब्दपरै: स्मृत: ।**
**बालानाञ्च तिरश्चां च यथार्थप्रतिपादने ।।**

वस्तुत: मानवभिन्नेषु पश्व◌ादिषु अपि स्वाभाविकी काचित् प्रतिभा वर्तते , येन मनुष्याह्वाने पशव: प्रवृत्ता: भवन्ति । पुनश्च पशव: यदा हुँ इत्याकारयन्ति तदा वत्सा: तत्क्षणमेव तेषां समक्षमायान्ति। अनेन ज्ञायते यत् अव्यक्तध्वनिरपि ग्राह्यो वर्तते। भाषाविज्ञाने तु एवम्प्रकारका: ध्वनय: ध्वनिविज्ञानस्य विवेचने विश्लेषणे वा न गृह्यन्ते अपितु मानववागिन्दियै: व्यक्ता: उच्चारिता: वा ध्वनय एव ग्राह्यास्सन्ति ।

**2.ध्वने: परिभाषा-**

भाषा मानवस्य ध्वन्यात्मिका अभिव्यक्तिर्वर्तते । ध्वनिसमूह एव भाषा एतदर्थमेव कथ्यते । भाषाविज्ञाने सामान्यरूपेण श्रवणेन्द्रियग्राह्य: वागिन्द्रियद्वारा व्यक्त: वायुविशेष: एव ध्वनिपदवाच्यो भवति । भाषाविज्ञानपरिधौ ध्वनि: वक्तरि श्रोतरि वायौ च समाश्रितो वर्तते । भौतिकविज्ञानानुसारं ध्वनिरेका शक्तिरस्ति । अस्माभि: यत्किमपि श्रूयते तद्ध्वनिरिति कथ्यते । अत्र मानवानां वचनम् , पक्षिणां कलरव:, मेघानां गर्जनम्, सर्वमपि अन्तर्भवति । अत: ध्वने: क्षेत्रं सुविस्तृतं मन्यते । डा० भोलानाथतिवारीमहोदयस्य मतेन वैज्ञानिकदृष्ट्या ध्वनि: वायुमण्डलीयस्य प्रभावस्य परिवर्तनं वर्तते । परिवर्तनमिदं वायुकणानां ( Air-Particles) प्रभावेण विरलेन ( Rarefaction) च भवति ।[4] अस्माभि: पूर्वमेव ज्ञातं यदत्र भाषाविज्ञाने ध्वनि: व्यापकरूपेण न स्वीक्रियते अपितु संकुचित एवार्थ: स्वीकृत: । इत्थं ध्वनिरत्र द्विविध: भवति -




[3] रघु०

[4] भा० वि० -पृ० 305

डा० अम्बादासजीमहोदयस्य मतानुसारं " य: ध्वनि: मनुष्यस्य वागवयवै: उत्पद्यते स: भाषणध्वनि: भवति । यश्च वृक्षाणां संयोगेन मेघानां परस्परं मेलनेन उत्पन्नो भवति स : सामान्य: ध्वनि: कथ्यते ।[5] ध्वनिशब्दस्य परिभाषा भारतीयै: पाश्चात्यैश्च बहुभि: विद्वद्भि: कृता वर्तते । अत्र कतिपयविदुषां ध्वनिशब्दविषयिणीं परिभाषामुदाहरामि -

(1) भाषाध्वनि: भाषायां प्रयुक्तस्य ध्वने: लघुतर: खण्ड: विद्यते । यस्य उच्चारणश्रवणदृष्ट्या स्वतन्त्रम् अस्तित्त्वं स्यात् ।[6]

(2) भाषाविज्ञानदृष्ट्या मानवध्वनियन्त्रेण नि:सृत: शब्द: ध्वनिरिति कथ्यते।[7]

(3) ध्वनि: मानवस्य नियतस्थानप्रयत्नाभ्याम् उच्चारित: श्रोत्रेन्द्रियद्वारा गृहीत: शब्दलहरीविशेष: अस्ति ।[8]

उपर्युक्तपरिभाषाभि: ध्वने: कानिचित् वैशिष्ट्यानि परिलक्ष्यन्ते -

(1) ध्वनि: भाषाया: लघुतम: खण्ड: अस्ति।

(2) ध्वने: स्वतन्त्रमस्तित्त्वं विद्यते।

(3) ध्वनौ उच्चारणश्रवणपक्षयो: गुरुत्त्वपूर्णं स्थानमस्ति।

(4) ध्वनि: वागवयानां साहाय्येन उच्चरितो भवति।

(5) प्रत्येकं ध्वनि: पूर्ण: स्वतन्त्रश्च भवति।

वस्तुत: ध्वने: क्षेत्रन्तु अत्यन्तं विस्तृतमस्ति परमत्र भाषाध्वनिरेव मम विवेच्यविषयोऽस्ति । भाषाध्वने: विचार: भाषाविज्ञानस्य ध्वनिविज्ञानेन अङ्गेन क्रियते अत: किमिदं ध्वनिविज्ञानमिति आदौ विचारयाम: ।

ध्वनिविज्ञानं भाषाशास्त्रस्य महत्त्वपूर्णमङ्गं विद्यते । आङ्ग्लभाषायां ध्वनिविज्ञानस्य कृते पदद्वयं प्रयुज्यते - Phonology, Phonetics इति । उभयो: पदयो: Phone इति ग्रीकमूलशब्द: अस्ति । Phone इत्यस्य **ध्वनि:** इत्यर्थो भवति । संस्कृतव्याकरणे अपि **भण्** धातो: अर्थ: ध्वननमित्यस्ति । ग्रीकभाषायां संस्कृतस्य चतुर्थ: वर्ण: द्वितीयवर्णत्वेन परिवर्तते । अत: भण् इत्यस्य भकार: फकाररूपेण परिवर्तते। । उभयो: आङ्ग्लपदयो: अर्थ: ध्वनिविज्ञानमेव। यद्यपि उभयो: पदयो: अर्थे साम्यमस्ति तथापि केचन सूक्ष्मभेदमपि चिन्तयन्ति ।

अत: सामान्यतया वक्तुं शक्यते यत् " यत्र ध्वनेरितिहास: , उत्पत्ति: , ध्वनिपरिवर्तनम् , भाषामात्रस्य ध्वनीनां स्वनानां वा उच्चारणप्रक्रियाया: ध्वनिभेदानाञ्च विस्तृतं विवेचनं विश्लेषणं वा क्रियते तत् ध्वनिविज्ञानं कथ्यते ।

---

[5] भाषिकी ,पृ० 59

[6] भोलानाथ तिवारी , भा०वि० , पृ० 305

[7] प्रो०डोनियलजोन्स:, भाषिकी, पृ० 66

[8] डा० बाबूराम सक्सेना , भाषिकी ,पृ० 66

**3. वैदिकसंस्कृतध्वनय:-**

वैदिकसंस्कृते अधोलिखिता: 52 ध्वनय: प्राप्यन्ते । यद्यपि संस्कृतध्वनिविषये विविधेषु ग्रन्थेषु ध्वने: संख्याविषये एकमतं नास्ति तथाप्यत्र सामान्यरूपेण स्वीकृता: व्यावहारिका: वैदिकलौकिकसंस्कृतध्वनय: प्रस्तूयन्ते -

**स्वरा:-**

मूलस्वरा- अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ए ओ -11

संयुक्तस्वरा:- ऐ (अइ) औ (अउ)- 02

**व्यञ्जनानि -**

स्पर्शव्यञ्जनानि - क् ख् ग् घ् ङ् - कण्ठ्यवर्णा:, च् छ् ज् झ् ञ् - तालव्यवर्णा:,

ट् ठ् ड् (ळ्) ढ् (ळ्ह्) ण् - मूर्धन्यवर्णा:, त् थ् द् ध् न् - दन्त्यवर्णा:, प् फ् ब् भ् म् - ओष्ठ्यवर्णा: - 27

अन्तस्था : - य् र् ल् व् - 04 , अघोषसंघर्षीवर्णा:- श् ष् स् - 03 , घोषोष्म:- ह् - 01

अघोषोष्म:- : ( विसर्ग:), क्- जिह्वामूलीय: , प् - उपध्मानीय:- 03

शुद्धानुनासिक:- अनुस्वार: - 01 = 52

**4. लौकिकसंस्कृतध्वनय:-**

**मूलस्वरा-** अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ए ओ -11

**संयुक्तस्वरा-:** ऐ (अइ) औ (अउ) - 02

**व्यञ्जनानि -**

स्पर्शव्यञ्जनानि -

क् ख् ग् घ् ङ् - कण्ठ्यवर्णा:, च् छ् ज् झ् ञ् - तालव्यवर्णा:, ट् ठ् ड् ढ् ण् - मूर्धन्यवर्णा: ,त् थ् द् ध् न् - दन्त्यवर्णा: , प् फ् ब् भ् म् ओष्ठ्यवर्णा: - 25

अन्तस्था : - य् र् ल् व् - 04 ,अघोषसंघर्षीवर्णा-: श् ष् स् - 03 ,घोषोष्म-: ह् - 01

अघोषोष्म-: : ( विसर्ग(: – 01 , शुद्धानुनासिक-: अनुस्वार: - 01 = 48

**5. मैथिलीध्वनय:-**

भाषाशास्त्रे भाषाया: उपयोगाय ध्वनि: स्वन: स्वनिमो वोच्यते। अस्यैव रैखिकप्रतीक: वर्ण: ध्वनिर्वा भवति। तेषामेव वर्णानां सुविन्यस्ता सूची वर्णमाला कथ्यते। मैथिल्या: प्रचलिता वर्णमालासारिणी अधस्तात् द्रष्टुं शक्यते[9]-

स्वरा: व्यञ्जनानि च -

अ , आ , इ ,ई ,उ , ऊ , ऋ ,ॠ, ऌ,, ए , ऐ , ओ , औ , अं अ :

[9] मै.परि.पृ.31

क् ख् ग् घ् ङ् , च् छ् ज् झ् ञ् , ट् ठ् ड् ढ् ण् ,त् थ् द् ध् न् ,प् फ् ब् भ् म् , य् र् ल् व् श् ष् स् ह्
वर्णमालायामस्यां ये ध्वनयो वर्णा वा सन्ति तेषामुपजीव्यं तु वैदिकं लौकिकं वा संस्कृतं मन्यते। किन्तु मैथिल्यां केचन ध्वनय: अनुपयुक्तास्सन्ति। मैथिल्यां प्रायश: सर्वाभ्य: भाषाभ्य: शब्दा: सन्ति, आधिक्यं तु संस्कृतशब्दानामेव विद्यते। अत एव सर्वे संस्कृतध्वनय: प्राप्यन्ते। तर्हि केचन अनुपयुक्ता: सन्तीति यत् प्रोक्तं तस्य अभिप्रायद्वयं विद्यते।[10] -

(1) मैथिलीशब्देषु ऋ , ॠ ऌ, ञ् , ण् , य् व् , श् , ष् चेति ध्वनीनां प्रयोगा: दृश्यन्ते, परं विशुद्धमैथिल्याम् एतेषां प्रयोगा: नावलोक्यन्ते।

(2) भाषाशास्त्रदृष्ट्या सूक्ष्मतयाऽवलोकनेन ज्ञायते यत् वर्णमालायां केवलं मूलध्वनय: भवेयु: न तु भेदोपभेदा: ध्वनय:। यतोहि भेदोपभेदानां ध्वनीनां समाप्तिरेव नास्ति। यथा - केयो कखनहु किनल बजताह। कखनहु किनल । कखनहु कीऽनल। कीऽऽनल इति।[11]

**6. मैथिलीसंस्कृतभाषयो: ध्वनीनां साम्यं वैषम्यञ्च-**

संस्कृतात् वर्तमानमैथिलीं यावत् भाषाया: विकासक्रम: महान् अस्ति। अत्र ध्वन्यात्मक-परिवर्तनं महत्त्वपूर्णं विद्यते यतोहि ध्वनि: भाषाया: विशिष्ट: अंश:। भाषायां परिवर्तनस्य प्रथमारम्भ: ध्वनिपरिवर्तनादेव मन्यते। अतोऽत्र प्रमुखं भवति यत् संस्कृतध्वनय: मैथिल्यां कथं प्राप्ता:? यद्यपि ध्वनिपरिवर्तनस्य बहूनि कारणानि मन्यन्ते किन्तु तेषामत्र उल्लेखो न क्रियते। अधुना अत्र ध्वनिपरिवर्तनस्य प्रवृत्याधारेण द्वयो: भाषयो: परस्परं तौलनिकं सम्बन्धं पश्याम:।

**7. संस्कृतध्वनीनां मैथिल्यां परिवर्तनम् -**

परिवर्तनं सृष्टे: निरन्तरं प्रवर्तमान: नियम:। आचार्यः यास्क: निरुक्ते वार्ष्यायणे: मतमुद्धरन् वदति यत् संसारस्य सर्वेषु भौतिकतत्त्वेषु षड्विकारा: भवन्ति।[12] तथैव या कापि भाषा आत्मान: स्वरूपं परिवर्तयति। यथा वैदिकसंस्कृतं लौकिकसंस्कृतरूपेण परिवर्तितम्। पुनश्च पालि-प्राकृतापभ्रंशादिरूपेण परिवर्त्य वर्तमानभारतीयभाषा मैथिलीत्यादिरूपा अभवत्।

मयोक्तं यत् भाषायां परिवर्तनारम्भ: ध्वनिपरिवर्तनेन आरभते। इदं ध्वनिपरिवर्तनं प्राचीनकालादारभ्य अद्यावधि निरवच्छिन्नं जायमानं वर्तते। विषयेस्मिन् प्राचीनकालाद् विचारोऽपि प्रवर्तत एव। ध्वनिपरिवर्तनविषये आचार्ययास्क: , पतञ्जलि: ,पाणिनि: , भर्तृहरिश्चेत्यादय: प्रमुखा: विवेचनम् अकार्षु:। पाश्चात्यविद्वत्सु पिशेल: , ग्रियर्शन: , मैक्समूलर:, ब्लूमफील्डश्चेत्यादय: सादरं स्मर्यन्ते।

वैदिकभाषाम् आरभ्य आधुनिकभारतीयार्यभाषां यावत् यत् ध्वनिपरिवर्तनं समभवत्तस्य द्विधा विभागो भवति- (1) मात्रात्मकपरिवर्तनम् (2) गुणात्मकपरिवर्तनञ्च।[13]

मात्रात्मके परिवर्तने स्वराणां ह्रस्वदीर्घादिपरिवर्तनं विचार्यते किञ्च गुणात्मके एक: वर्ण: अन्यवर्णरूपेण कथं परिवर्त्यते इति वर्ण्यते।

---

[10] तत्रैव

[11] तत्रैव,पृ.32

[12] निरुक्तम् ,1.2

[13] Elements of the Science of Language.P.123

(1) मात्रात्मकपरिवर्तनम् ( Quantative Change)

संस्कृभाषायां मात्राया: सम्बन्ध: कालेन सह मन्यते। ध्वनीनाम् उच्चारणदृष्ट्या स्वर: त्रिविध: भवति - ह्रस्व: दीर्घ: प्लुतश्च। एतेषामुच्चारणकालविषये उच्यते -

**एकमात्रा भवेध्रस्व: द्विमात्रो दीर्घ उच्यते।**
**त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो व्यञ्जनं चार्धमात्रकम्।।**

एवं रीत्या स्वराणां मात्रासु ह्रस्वदीर्घप्लुतादिभेदेन यत् परिवर्तनं जायते तत् मात्रात्मक-परिवर्तनं मन्यते। यथा -

अ > आ , आ > अ , इ > ई , ई > इ , उ > ऊ ,ऊ >उ ।

डा.बनारसीदासजैन: मात्रात्मकपरिवर्तनस्य प्रधानं कारणं बलाघातं स्वीकरोति।[14]

(2) गुणात्मकपरिवर्तनम् (Qualitative Change)

गुणात्मकपरिवर्तनस्य अभिप्रायोऽस्ति यत् एक: स्वर: अपरस्वरेण किञ्च एकं व्यञ्जनम् इतरव्यञ्जनरूपेण कथं परिवर्तितं भवति इति।[15] यथा-

अ> इ , क्> ग् , च् > ज् , व् > ब् , य् > ज् ।

**स्वराणाम् आदावन्ते स्थिति:-**

प्राचीनभारतीयभाषासु शब्दस्य आदिस्वर: आधुनिकभारतीयभाषासु प्राय: संरक्षित एव परम् आदिस्वरे स्वराघातस्य अभावेन तत्र विकारोत्पन्न:। मैथिल्याम् ऋकारं विहाय संस्कृतस्य सर्वेऽपि स्वरा: सुरक्षिता: सन्ति , किन्तु मैथिल्याः ध्वनिनियमानुसारं क्वचित् दीर्घात् ह्रस्व: क्वचिच्च ह्रस्वात् दीर्घ: अभवत् ।[16] अधुना संस्कृतमैथिलीभाषयो: स्वरव्ञ्जनयो: परिवर्तनं कथं भवतीति अ परिशीलयामि।
यथा-

| संस्कतम् – अ/आ | मैथिली- अ/आ |
|---|---|
| अर्क: | आक |
| हस्त: | हाथ |
| आकाश: | अकास |
| पाताल: | पताल |

| संस्कतम् – इ/ई | मैथिली – इ /ई |
|---|---|
| भिक्षा | भीख |
| गौरी | गोरि |
| ईश्वर: | इसर |

---

[14] BSOS, VOL.28 , P.NO.316

[15] S.K .Bhardwaj , Linguistic Studies in Dharam Sutras,P.No.35

[16] मै॰ परि॰ पृ. 51

| संस्कतम् – उ /ऊ | मैथिली – उ/ऊ |
|---|---|
| मुष्टि: | मूठि |
| प्रभूतम् | बहुत |
| मूर्ख: | मुरुख |
| सूर्य: | सुरुज |

संस्कतम् - ऋ          मैथिली – अ /आ ,इ /ई, उ/ ऊ

ऋध्वनि: मैथिल्यां चतुर्धा  परिवर्तित: अस्ति । यथा -

(क)  ऋ = अ/आ - वृषभ: > बसहा,  गृहम् > घर , विकृतम्  > विकट

(ख) ऋ = इ/ई - कृष्ण: > किसन,  घृणा > घिन , घृत> घी , धृष्ट:> ढीठ

(ग) ऋ=उ/ऊ -       भृज्ज:> भूज,  शृणोति > सुनए,  पृच्छा- पूछ

(घ)  ऋ= इति -  वृक्ष:> बिरिछ, तृप्त:> तिरिपित,  पृथ्वी >पिरथी

| संस्कृतम्- ए/ऐ | मैथिली- ए/ऐ |
|---|---|
| एकादश: | एगारह |
| ज्यैष्ठ: | जेठ |
| तैलम् | तेल |
| चैत्र: | चेत |

| संस्कृतम्- ओ/ औ। | मैथिली - ओ/औ |
|---|---|
| ओष्ठम् | ओठ |
| पौत्र: | पोता |
| गौरी | गोरि |
| औषधम् | औखद |

| संस्कतम्- क् | मैथिली - ग् |
|---|---|
| सकलम् | सगर |
| शाक: | साग |

| संस्कतम्- ग् | मैथिली-घ् |
|---|---|
| गृहम्<br>ग्रास: | घर<br>घास |

| संस्कतम्- य् /ध् | मैथिली-ज्/झ |
|---|---|
| योध्यम्<br>बोध्यम् | जूझब<br>बूझब |

| संस्कतम्- त् | मैथिली-ट् |
|---|---|
| खट्वा<br>त्रोटनम्<br>मणित्रिक: | खाट<br>टूटब<br>मनटीका |

| संस्कतम् -द्/ल् | मैथिल-ड् |
|---|---|
| भाण्ड:<br>दोलिका<br>तालम् | भाँड<br>डोल<br>ताड |

| संस्कतम्- ठ | मैथिली-ढ् |
|---|---|
| पठ्<br>पीठिका<br>वृद्धः | पढब<br>पीढी<br>बूढ |

| संस्कतम्- ल्/ण् | मैथिली-न् |
|---|---|
| लवणम्<br>गणनम् | नोन<br>गनब |

| संस्कतम् -ल् /ज्ञ् | मैथिली- न् |
|---|---|
| नमृ<br>ज्ञाति:<br>ज्ञातिगृहम्<br>लवणम्<br>लिम्पनम् | नाति<br>नाति<br>नइहर<br>नोन<br>निपब |

य् – अयं ध्वनि: तत्समशब्देष्वेव दृश्यते। मैथिल्यामस्य उच्चारणं परम्परया र् ह् ध्वन्यो: अग्रे ज् ध्वनिवत् भवति। अन्यत्र संस्कृतवदेव। लेखनं तु सर्वत्र यकार: एव भवति। यकारस्य जकारोच्चारणं कदाचित् शुक्लयजुर्वेदस्य मिथिलाञ्चले प्रभावादपि मन्तुं शक्यते। उदाहरणानि यथा-

| संस्कृतम् | मैथिली |
|---|---|
| यमुना<br>आर्य<br>सह्यम् | जमुना<br>आर्ज<br>सहज |

व् - विशुद्धमैथिल्याम् अस्य प्रयोग: न दृश्यते। मैथिल्यां तत्समशब्देषु वकारस्य प्रयोग: भवति किन्तु तत्र बकारवदुच्चारणं श्रूयते।[17]

यथा –

| संस्कृतम् | मैथिली |
|---|---|
| शिव:<br>विद्या<br>देवता<br>नवम् | सिब<br>बिद्या<br>देबता<br>नऽब |

किन्तु स्पर्शानन्तरं वकारोच्चारणमेव भवति। यथा-

| | |
|---|---|
| स्वाद:<br>क्वाथ:<br>अन्वय:<br>त्वदीयम् | स्वाद<br>क्वाथ<br>अन्वय<br>त्वदीय |

[17] मै.परि.पृ.42

ष - षध्वनिरपि तत्समेषु एव प्राप्यन्ते। अत्रापि वैदिकोच्चारणपद्धते: प्रभाव: स्पष्टत: परिलक्ष्यते। यथा-

| संस्कृतम् | मैथिली |
|---|---|
| षष्ठी | खष्ठी |
| षड् रस: | खटरस: |
| दोष: | दोख |
| षडानन: | खडानन |

इत्थं मैथिलीसंस्कृतभाषयो: ध्वनिविज्ञानदृष्ट्या अध्ययनेन ज्ञायते यत् मैथिल्या: ध्वन्यात्मकवैशिष्ट्यं संस्कृतभाषया सह साम्यं भजते। क्वचित् मैथिली लौकिकसंस्कृतभाषाया: अपेक्षा वैदिकसंस्कृतभाषया साकम् अधिकं नैकट्यं स्थापयति। वर्तमानमैथिल्यां वैदिकसंस्कृतस्य बह्व्य: विशेषता: सन्ति। प्रातिशाख्यग्रन्थानां शिक्षा-ग्रन्थानाञ्चानुसारं **“यद्भूतं यच्च भाव्यम् "** इत्यस्योच्चारणं **" जद्भूतं जच्च भाव्यम् "** इति भवति। एषा एव प्रवृत्ति: प्रायश: मैथिल्यां विलोक्यते।

मैथिल्यां वेदवत् 'ष्' ध्वने: 'ख' उच्चारणं मिलति। वैदिकसंस्कृते ळ् , ळ्ह् ध्वनी लौकिके लुप्तौ किन्तु मैथिल्यामस्यास्तित्वं विद्यत एव। अत्र ऐ, औ इत्यनयो: उच्चारणं अइ /अउ इति सन्ध्यक्षरवत् भवति।[18] यथा-

| संस्कृतम् | मैथिली |
|---|---|
| कैलाश: | कइलास |
| वैदेही | वइदेही |
| गौतम: | गउतम |

एषा प्रवृत्ति: प्राकृतादिद्वारा समागता इति प्रतिभाति। मैथिली-भाषायां वर्गस्य प्रथमवर्णस्य स्थाने शब्दान्ते तृतीयवर्ण: प्रयुज्यते। यथा-

संस्कृतम् मैथिली

शाकम्, साग

पुनश्च मैथिलीभाषायां समीकरणं, विषमीकरणम्, सघोषीकरणम्, अघोषीकरणम्, आगम:,लोप:, विपर्ययश्चेत्यादिप्रवृत्तयोऽपि लभन्ते। मैथिल्यां सानुनासिकताया: प्रवृत्ति: महत्त्वपूर्णा विद्यते।

इत्थं मैथिल्या: सर्वा: अपि ध्वन्यात्मकविशेषता: परिशील्य वक्तुं शक्यते यत् मैथिली संस्कृतात् न केवलं विकसिता अपितु संस्कृतभाषाया: काश्चन विशेषता: अपि आत्मनि समाहृत्य अद्यापि स्वस्य स्वतन्त्रं किञ्चन विशिष्टं चिह्नं स्थापयति।

[18] मै॰भा॰वि॰ पृ॰69

सन्दर्भग्रन्थसूची-

1. अष्टाध्यायी- पाणिनिः , शिवसंस्कृतसंस्थानम् , वाराणसी ,2003
2. निरुक्तम् – सम्पादकः,प्रो. उमाशंकरशर्मा ऋषि, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी,1989
3. मैथिली भाषा का विकास , गोविन्द झा ,बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी,पटना, 2008
4. मैथिली परिशीलन , पं. गोविन्द झा, मैथिली अकादमी , पटना , 2007
5. भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र – डा.कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी,2010
6. भाषाविज्ञान तथा लिपिविज्ञान – प्रो. ब्रह्मचारी सुरेन्द्र कुमार , नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय, पटना ,2009
7. लघुसिद्धान्तकौमुदी- पं.सदाशिवशास्त्री , चौखम्बा संस्कृत सीरीज ,वाराणसी ,2014
8. वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी – डा. अर्कनाथ चौधरी , जगदीश संस्कृत पुस्तकालय , जयपुर,2015
9. संस्कृतभाषाविज्ञानम् – चक्रवर्ती श्रीरामाधीनचतुर्वेदी , चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी,2011
10. Linguistic Analysis of Paninian Grammar – Dr.Shashibhushan Mishra , The Banaras Mercantile Co. Kolkata,2012
11. Outlines of linguistic analysis, B.Bloch & G.L.Trager, Linguistic Society of America, 1942

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# वैदिक संस्कृति में चिकित्सा विज्ञान



डॉ. ज्योति कपूर
एसोसियेट प्रोफेसर
संस्कृत विभाग
सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय,
प्रयागराज,उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 315-318

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**सारांश** – आधुनिक युग में आयुर्वेद में प्रयोग में आने वाले औषाधीय पादपों का संरक्षण किया जाना भी परम आवश्यक है। वनों के अत्यधिक दोहन, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण आदि के कारण कई औषधीय प्रजातियाँ लुप्त प्रायः हो गयी है। अतः इनके संरक्षण हेतु आधुनिक तकनीकों यथा जैव प्रौद्योगिकी, जर्मप्लाज्म संरक्षण एवं जीन बैंक स्थापित करके भी औषधीय पादपों का संरक्षण किया जा सकता है। यदि इसी गति से वृक्ष संपदा को नष्ट किया जाता रहेगा तो वो दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से प्राणवायु समाप्त होकर यहाँ जीवन ही समाप्त हो जायेगा।

**मुख्यशब्द–** वैदिक, संस्कृति, चिकित्सा, विज्ञान, औषधीय, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण।

भारत भूमि की समृद्ध प्राचीन परम्परा ही ज्ञान–विज्ञान के अक्षुण्ण भण्डार की रही है। इस पवित्र धरा पर 'वेद' अर्थात ज्ञान का भण्डार ही वैदिक ऋषियों की थाती मानी जाती है। भारतीय जनों की अमित आकांक्षा ''तमसो मा ज्योतिर्गमय'' की है। वैदिक वाड्मय एक विज्ञान सागर है, जिसकी गम्भीरता तथा विस्तार अनन्त है। वैदिक विज्ञान की महत्ता इसी से स्पष्टतः परिलक्षित होती है कि ऋषियों ने निर्देश दिया ''विज्ञानमुपास्व'' विज्ञान की उपासना करो। वैदिक ज्ञान का अगाध स्रोत विज्ञान है। अतः विज्ञान की उपासना करनी चाहिए।

संस्कृति मानव के भूत, वर्तमान और भावी जीवन का सर्वागीण प्रकार है, विचार और कर्म के क्षेत्र में राष्ट्र का जो सृजन है, वहीं उसकी संस्कृति है। संस्कृति मानव जीवन की प्रेरक शक्ति स्वीकार्य है। वह जीवन की प्राणवायु है। संस्कृति के माध्यम से हम दूसरों के साथ संतुलित स्थिति प्राप्त करते है। वैदिक विज्ञान को समुन्नत रूप प्रदान करने में संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान मान्य है।

वेद भारतीय संस्कृति के मूल स्रोत तथा सम्पूर्ण संस्कृत वाड्मय की अमूल्य निधि है। वैदिक सम्पदा में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, नीति, आचार विचार व्यवहार व्यवस्था, गणित विज्ञान, अन्तरिक्ष विज्ञान, सामान्य

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

विज्ञान, शिल्प वेद, न्याय पद्धति, योग, दर्शन, भुगोल आदि विभिन्नन विषयों का उल्लेख प्राप्त होता है। जो कि वर्तमान आधुनिक समाज के लिए एक वैज्ञानिक आधार प्रस्तुत करता है। वेदों में रोगों के उपचार, निदान तथा औषध विज्ञान का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

चिकित्सा विज्ञान की परम्परा भारत में ऋग्वेद के काल से ही चली आ रही है। मानव जीवन को सुव्यवस्थित रखने के लिए चिकित्सा विज्ञान पर प्राचीनकाल में भी चिन्तन हुआ था। आयुर्वेद शास्त्र चिकित्सा विज्ञान का अपर रुप है। सुश्रुत, चरक, काश्यप और वाग्भट्ट तथा अन्य आचार्यों ने आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद माना है। काश्यप ने "पञ्चम वेद'' कहा है।[1] ब्रहमवैवर्तपुराण ''पञ्चम वेद''मानता है।[2] इस प्रकार आयुर्वेद ''पुण्यतम वेद'' के रूप में मान्य है। आयुर्वेदके तीन अंग्गों के प्रवर्तक आचार्य हुए। भरद्वाज काय चिकित्सा के प्रवर्तक हैं उनकी परम्परा का आदिम ग्रन्थ हैं चरक संहिता। धन्वन्तरि शल्य चिकित्सा के प्रवर्तक है उनकी परम्परा का श्रेष्ठ ग्रन्थ है सुश्रुत संहिता। काश्यप ऋषि कौमार भृत्य (बाल चिकित्सा) के प्रवर्तक आचार्य थे जिनके सिद्धान्तों का प्रतिपादक श्लाधनीय ग्रन्थ है काश्यप संहिता।

वैदिक साहित्य के अनुसार अश्विनी कुमार, वरुण, रुद्र, आदि देवता वैद्य थे। अश्विनी कुमारों की ख्याति नेत्र चिकित्सक एवं टूटी हड्डी को जोड़ने में विशेषज्ञ के रूप में थी । वरूण एक विशाल औषधालय के अध्यक्ष थे, जिसमें सहस्त्रों वैद्य कार्य करते थे।[3] वैदिक साहित्य के बाद के काल में भारद्वाज नाम के विद्वान को आयुर्वेद का आदि आचार्य कहा गया है। उनके व उनके शिष्यों के बाद पुनर्वसु से दूसरी परम्परा प्रारम्भ होती है। पुनर्वसु के छः शिष्यों ने आयुर्वेद की खोज को आगे बढ़ाया। इसके बाद चरक का योगदान आता है। चरक संहिता आयुर्वेद का उत्कृष्ट ग्रन्थ है। चिकित्सा विज्ञान में चरक,वाग्भट्ट (छठी शताब्दी ) और भावमिश्र (1550) का योगदान सराहनीय है। उन्होने रोगों के निदान एवं उपचार का जो वर्णन किया है, उससे अपरिचित रहकरआजकल के चिकित्सक जनता का अधिक कल्याण नहीं कर सकते। यही नहीं सुश्रुत ई.पू. पाँचवी शताब्दी में हुए थे आौर चिकित्साशास्त्र के सफलआचार्य थे। यह चिकित्सा विज्ञान परम उपयोगी, यशवर्द्धक आयुरक्षक तथा पौष्टिक है।

चिकित्साशास्त्र का प्रमुख लक्ष्य है रोग निवारण। प्राचीन वैदिक संस्कृति में मानव जीवन के दीर्घायु के लिए लता – वन–वनस्पति –वृक्ष– नदी का भी महत्व प्रतिपादित है। नमो वृक्षेम्यः, वृक्षाणां पतये नमः, औषधीनां पतये नमः, अरण्यानां पतये नमः [4] इत्यादि सन्दर्भो से स्पष्ट है कि पार्यावरण के संरक्षण तथा दीर्घायु की रक्षा के लिये इन वनस्पतियों को नमस्कार किया गया है। यहीं नहीं जल, वनस्पति आदि मानव जीवन के लिये उपयोगी व लाभदायक औषधियाँ है।[5] शुद्ध प्राणवायु जीवन के लिये आवश्यक है। वृक्ष एवं वनस्पति वायु को प्राणवान एवं मधुमय बनाते है। प्रदूषण रहित वायु संसार के लिये दवा है। इस प्रकार की वायु को विश्वभेषज कहा गया है।[6] वैदिक काल में मंत्र दृष्टा ऋषियों को ज्ञात था कि भेषजवात हृदय के लिये सुखकर तथा आयुवर्धक होता है।[7] वैदिक युग में अनेक पेड़ पौधों को खोजने और नामकरण का अथक प्रयास किया गया है। ऋग्वेद, यजुर्वेद और विशेष रुप से अथर्ववेद में विभिन्न वनस्पतियों का वर्णन है। वटवृक्ष, पीपल और शाल्मली वृक्ष वैदिक युग से ही संस्कृत साहित्य में अपना विशेष स्थान रखते है। वृक्ष मानवमात्र को प्राणवायु देते हैं, इसलिए वे मानवमात्र के रक्षक, पोषक और माता – पिता है। मनुष्य प्राणवायु के विना जीवित नहीं रह सकता, अतः वृक्ष, वन, वनस्पतियों और औषधियों को रक्षक बताया गया है। प्राचीन भारत में वनस्पति विज्ञान की युग के अनुरुप प्रगति हुई। प्राचीनकाल से ही वनस्पतियों के प्रति

लोगों का लगाव रहा और आज भी है। किन्तु प्राचीन काल के ऋषियों को वनस्पति जगत के प्रति विशेष लगाव तथा उनको वनस्पतियों के अध्ययन की आवश्यकता आयुर्वेद की दृष्टि से विशेष रूप से थी। ऋग्वेद में वर्णित है।[8]

**यत्रौषधीः सभग्मत राजानः समिताविव।**

**विप्रः स उच्यते मिषग् रक्षोहामीव चातनः।।**

ऋग्वेद में एकपूर्ण सूक्त औषधि युक्त है।[9] ऋग्वेद के 23 मंत्रों में औषधियों का महत्व प्रतिपादित किया गया है तथा वनस्पतियों से होने वाले विविध गुणों की महत्वपूर्ण बातें कहीं गयी है। अथर्ववेद के मंत्रों में वृक्ष –वनस्पतियों और ओषधियों की उपयोगिता वर्णित है तथा इनके गुण–धर्म बताये गये है।[10] वृक्ष वनस्पति मानव जाति की रक्षा के लिये अनिवार्य है। यजुर्वेद में वर्णित है कि वृक्ष प्रदूषण को दूर करते है। अतः उन्हें 'शमिता' (शमन कर्ता) प्रदूषण निरोधक कहा गया है।[11] कौषीतकी ब्राह्मण में एक महत्वपूर्ण बात है कि वृक्ष–वनस्पतियाँ परमात्मा का उग्र रुप है।[12] वैदिक साहित्य में औषधि शब्द का व्यापक अर्थ में प्रयोग हुआ है। इसमें सभी प्रकार के वृक्ष वनस्पति आ जाते है। औषधि की सामान्य व्याख्या है। ओषधयः फलः पाकान्ताः'' जिनके फल पकते हैं। औषधि शब्द की कई प्रकार से व्याख्या की गयी है। सायण ने इसकी व्युत्पत्ति दी है –''ओषः पाकः फलपाकः यासु धीयते इति ओषधयः।" अर्थात जिनके फल पकते हैं, उन्हे औषधि कहते हैं। यास्क ने इसकी निरूक्ति दी है कि जो शरीर से उर्जा उत्पन करके उसे धारण करती है या जो दोष प्रदूषण आदि को दूर करती है।[13] शतपथ ब्राहमण में भी ओषधियों को दोष – नाशक कहा है।[14] प्रत्येक व्यक्ति दीर्घायुष्य तथा स्वस्थ जीवन ंकी आकांक्षा करता है। मानव जीवन को सुखी, दीर्घायु और निरोग बनाने के लिये आयुर्वेद का आर्थिक आविर्भाव हुआ है।[15]

प्राकृतिक–तत्वों के आश्रयभूत भेषज –कर्म प्राकृतिक – चिकित्सा से अभिहित है। अथर्ववेद के भैषज्य सम्बन्धी सूक्तों में प्राकृतिक– चिकित्सा को समाहित किया गया है यथा–मिट्टी, पर्वत जल, नदी, स्रोत, मेघवृष्टि, अग्नि, विद्युत, वायु, सूर्य चन्द्रादि, प्राकृतिक पदार्थो से चिकित्सा विधान है। अथर्ववेद में बाँबी की मिट्टी को आस्राव मेषज कहा गया है।[16] जल द्वारा भी कुछ रोगों का निदान है। घाव भरने निद्राक्षय, स्वप्नदोष तथा वंशानुगत रोगों को दूर करने का अनुपम गुण जल में विद्यमान है। वर्षा के जल को शतवृष्ण्य अर्थात सौ गुनी शक्ति वाला गया है – ''पर्जन्यं शतवृष्ण्यम्''[17] वायु द्वारा शरीर के अन्दर रक्त शुद्ध होता है। वायु विश्व भेषज है। सूर्य हृदयरोग, कामला, अपची तथा शिरोरोगों की चिकित्सा में महत्वपूर्ण है। सूर्य मनुष्य के लिये जीवनदाता है। सूर्य की किरणें रोगों के विष को बाहर खींच लेती है। सूर्योपासना, सूर्य नमस्कार तथा सूर्य स्नान का रोग निवारण के लिये महत्व बतलाया गया है। इस प्रकार अथर्ववेद में रोगों के निवारणार्थ भिन्न–भिन्न चिकित्सा पद्धतियाँ है।

आज के इस आधुनिक युग में आयुर्वेद में प्रयोग में आने वाले औषाधीय पादपों का संरक्षण किया जाना भी परम आवश्यक है। वनों के अत्यधिक दोहन, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण आदि के कारण कई औषधीय प्रजातियाँ लुप्त प्रायः हो गयी है। अतः इनके संरक्षण हेतु आधुनिक तकनीकों यथा जैव प्रौद्योगिकी, जर्मप्लाज्म संरक्षण एवं जीन बैंक स्थापित करके भी औषधीय पादपों का संरक्षण किया जा सकता है। यदि इसी गति से वृक्ष संपदा को नष्ट किया जाता रहेगा तो वो दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से प्राणवायु समाप्त

होकर यहाँ जीवन ही समाप्त हो जायेगा। अतः वनों व औषाधियों के संरक्षण व पोषण हेतु हम सभी कृत संकल्प हो जाये।

इस प्रकार वैदिक युग से ही चिकित्सा विज्ञान प्रचलित रहा है, जिसका कालान्तर में विकास हुआ।

## संदर्भ सूची


1. एवमेवरवलु वेदनासु–आयुर्वेदमेवानुधावन्ति तस्मात् ब्रूमः–ऋग्वेद, यजुर्वेद सामाथर्ववेदेभ्यः पञ्चमोऽयमायुर्वेद – का. वि.।
2. ब्रहम वै. पु. 1/16/9–10
3. ऋग्वेद – 1, 29, 9
4. यजुर्वेद 16, 17, 16.20
5. मधुमान्नो वनस्पति = ऋग्वेद – 21, 90,80 सुमित्रया न आप ओषधयः सन्तुः = यजुर्वेद = 36.23 ओषधयः शान्तिः, वनस्पतयः शान्तिः =यजुर्वेद = 36.96
6. आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रूपः। अथर्वेद = 4, 13, 3
7. त्वं हि विश्वभेषजो देवानां दूत ईयसे ।।
8. वात आवातु भेषजं शुभ मयोभु नो हृदे। प्राण आयूंषि तारिषत्। ऋग्वेद = 10/1/86
9. ऋग्वेद – 10, 97.6
10. ऋग्वेद – 10.97.1 से 23
11. डॉ. कपिलदेव द्विवेदी कृत ग्रन्थ–वेदों में आयुर्वेद पृष्ठ – 235–277 विश्वभारती अनुसन्धान परिषद भदोही।
12. प्राणोवनस्पतिः । कौषी. 12.7 प्राणो वै वनस्पति। ऐतः 2.4 और 10
13. वनस्पति शमिता। यजु. 29.34
14. ओषधयः ओषढ़ धयन्तीती वा। ओषत्येना धयन्तीति वा। दोषं ध्यन्तीति वा निरुक्त–9.27
15. ओषं ध्येति तत् ओषधयः समभवम्। शत 2.2.4.5
16. हिताहितसुखे दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्। मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेद स उच्यते। (चरकसूत्र–1.41)
17. अथर्वेद –2.3.4
18. अथर्ववेद – 1.3–1

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# महाभारत के आदिपर्व में वर्णित राजधर्म : एक अध्ययन



अशोक कुमार वर्मा
सहायक आचार्य,
संस्कृत विभाग,
जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी0जी0 कालेज,
महराजगंज,उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 319-323

**Publication Issue :**
September-October-2020

**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**सारांश** – आदिपर्व के अन्तर्गत राजधर्म के कुछ तथ्यों का वर्णन हमें यत्र–तत्र प्राप्त हो जाता है जिससे तात्कालिक राजव्यवस्था का दृष्टान्त कुछ अंशों में प्रतिभासित हो जाता है जो हमारे ज्ञानवर्धन में सहायक होता है।

मुख्यशब्द – महाभारत,आदिपर्व,राजधर्म, राजव्यवस्था।

प्राचीन काल में आधुनिक शासन–प्रणाली अर्थात् लोकतंत्र का अभाव था, राजतंत्र–शासन व्यवस्था का प्रचलन था जिसमें शासनतन्त्र की प्रधानता राजाश्रित थी। सम्प्रभुता सम्पन्न राजा ही होता था। राजा में ही शासनतन्त्र की समस्त शक्तियाँ सन्निहित होती थी। उसका आदेश ही कानून होता था। राज्य के अन्य पदाधिकारी राजा के सहायक की भूमिका का निर्वाहन करते थे। कहने का अभिप्राय यह है कि राज्य की समस्त कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका शक्तियों का प्रधान राजा ही होता था। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि राजा की नीति स्वेच्छाचारिता पर आधारित होती थी। राजा को भी व्यापक रूप से धर्मशास्त्रों के नियमों–विनियमों के अन्तर्गत राजव्यवस्था का संचालन करना पड़ता था। ऐसा न करने पर राजा को पदच्युत भी किया जा सकता था। इस प्रकार राजा का पद अति उत्तरदायित्वपूर्ण होता था, निरंकुशता का भी कोई स्थान नहीं था। राज्य शासन सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो इसके लिए राजा अपने अधीनस्थ विभिन्न पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति करता था। राज्य शासन के कुशल संचालन के लिए धर्मशास्त्र के अन्तर्गत 'राजधर्म' को भी समाविष्ट किया गया जो कि कालान्तर में अतिमहत्ता प्राप्त विषय बन गया क्योंकि 'राजधर्म' के सम्यक् अनुपालन से राजा को इहलोक एवं परलोक– दोनों लोकों के लाभों की प्राप्ति होगी ऐसी मान्यता दृढ़ होने लगी।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

राजधर्म प्रजा के चतुर्दिक–उन्नयन का हेतु समझा जाता था। चाहे प्रजा की धर्म विषयक उन्नति हो, अर्थविषयक हो, काम–विषयक हो या मोक्ष–विषयक हो सबकी सफलता के आश्रय का केन्द्रबिन्दु 'राजधर्म' के प्रशस्त अनुपालन में ही सन्निहित था।

'राजधर्म' शब्द दो शब्दों के योग से बना है– राज + धर्म। 'राजधर्म' में षष्ठी तत्पुरुष समास है जिसका अर्थ है राजा का धर्म (राज्ञ : धर्मः)। धर्म शब्दः इति कर्त्तव्यतावचनः अर्थात् धर्म को हम कर्तव्य के रूप में लेते हैं। 'राजधर्म' कहते किसे हैं? इसका आशय क्या है? इसका अनुपालन कब सुनिश्चित होता है? इसका प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष प्रतिफल क्या है? आदि विषयों के बारें में अतिविस्तार से चर्चा महाभारत में की गयी है जो आधुनिक राजशास्त्र अनुवर्तकों के लिए प्रेरणास्त्रोत व मार्गदर्शन का सिद्धान्त प्रस्तुत करती हैं।

राजधर्म के सन्दर्भ में आदिपर्व में भी कुछ चर्चा यत्र–तत्र प्राप्त होती है। अध्याय 41 में राजा के महत्त्व को दर्शाते हुए, राजाविहीन राज्य की भीषणता एवं विकट परिस्थिति का 'शमीकमुनि' द्वारा वर्णन किया गया है। शमीकमुनि के अनुसार– यदि राजा रक्षा न करें तो भारी कष्ट पहुँचता है।[1] राजा के बिना सुखपूर्वक धर्म का अनुष्ठान भी नहीं हो सकता है।[2] जिस देश में राजा न हो वहाँ अनेक प्रकार के दोष पैदा हो जाते हैं। ऐसे धर्म की मर्यादा त्यागकर उच्छृंखल बने हुए लोगों को राजा अपने दण्ड के द्वारा शिक्षा देता है।[3] दण्ड भय के उत्पत्ति के कारण है फिर भय से ही तत्काल शान्ति स्थापित होती है।[4] राजा से धर्म की स्थापना होती है और धर्म से स्वर्गलोक की प्रतिष्ठा होती है। राजा से सम्पूर्ण यज्ञकर्म प्रतिष्ठित होते हैं और यज्ञ से देवताओं की प्रतिष्ठा होती है।[5]

देवता जब प्रसन्न होते हैं तो वर्षा होती है, वर्षा से अन्न पैदा होता है और अनन्त से निरन्तर मनुष्यों के हित का पोषण करते हुए राज्य का पालन करने वाला राजा मनुष्यों के लिए विधाता– (धारण–पोषण करने वाला) है। राजा दस श्रोत्रिय के समान है ऐसा मनुजी का कथन है।[6]

अध्याय 108 श्लोक संख्या 25 में किन्हीं विशिष्ट कारणों से उत्तराधिकारी का अधिकार च्युत होने की बात कही गयी है, इस श्लोक में यह बताया गया है कि धृतराष्ट्र अंधे होने के कारण और विदुर जी पारशव अर्थात् शूद्रा के गर्भ से ब्राह्मण द्वारा उत्पन्न होने के कारण राज्य न पा सकें अतः पाण्डु ही राजा बने।[7]

अध्याय 169 श्लोक 75 में राजाओं को पुरोहित किसे बनाना चाहिए? इसका वर्णन मिलता है, इसके अन्तर्गत यह बताया गया है कि जो छहों अंगों सहित वेद के स्वाध्याय में तत्पर सत्यवादी, धर्मात्मा और मन को वश में रखने वाले हों, ऐसे ही ब्राह्मण राजाओं के पुरोहित होने चाहिए।[8]

इसी अध्याय में पुरोहित के महत्त्व के बारें में भी गन्धर्वराज चित्ररथ ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा है कि केवल शौर्य तथा साहस के बल पर राजा कोई, बड़ा कार्य नहीं कर सकता, ब्राह्मणत्व के साथ मिले बिना क्षत्रशक्ति नितान्त निष्प्रभ होती है।[9] ब्राह्मण परिचालित राज्य हर तरह से निरापद रहता है।[10]

अध्याय 182 के श्लोक संख्या–6 से 10 में वर्णित है कि आचार्य धौम्य की पुरोहित के पद पर नियुक्ति करके पाण्डवों ने अपने आपको सनाथ और कृतकृत्य समझा।[11]

अध्याय 19 में कणिक द्वारा धृतराष्ट्र को दिये गये कूटनीति विषयक बहुशः उपदेश वर्णित है। सही मायनों में यह नकारात्मक 'राजधर्म' का उपदेश है। मंत्रिप्रवर कणिक को बुलाकर पाण्डवों के यश, पराक्रम से ईर्ष्या रखने वाले धृतराष्ट्र ने पूछा कि हे कणिक तुम निश्चय पूर्वक मुझे बताओ कि पाण्डवों के साथ सन्धि करनी चाहिए या विग्रह। इस पर कणिक ने राजनीति के सिद्धान्त का परिचय देने वाली तीखी बात करते हुए कहते हैं कि– राजा को सर्वदा दण्ड देने के लिए उद्यत रहना चाहिए, सदा ही पुरुषार्थ प्रकट करना चाहिए, अपनी दुर्बलता प्रकट नहीं होने देना चाहिए, लेकिन शत्रु की दुर्बलता को जानने के लिए सदैव प्रयास करना चाहिए, अवसर मिलते ही आक्रमण करना चाहिए जैसे कछुआ अपने अंगों की रक्षा करता है उसी प्रकार राजा को अपने सब अंगों (सप्ताङ्ग) की रक्षा करनी चाहिए। यदि कोई कार्य शुरू कर दें तो उसे पूरा किए बिना कभी न छोड़े क्योंकि शरीर में चुभा हुआ शूल यदि आधा टूटकर भीतर रह जाए तो बहुत दिनों तक कष्ट देता रहता है। आपत्ति में फँसे हुए शत्रु को अवश्य मार डालना चाहिए, शत्रु दुर्बल हो तो भी किसी प्रकार की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए क्योंकि जैसे थोड़ी सी आग ईंधन का सहारा पाकर सामूचे वन को जला देती है, उसी प्रकार छोटा शत्रु भी विनाशकारी बन जाता है। स्वयं दुर्बलता की स्थिति में शत्रु के सम्मुख सर्वथा दीन–हीन बन जाना चाहिए जैसे–बहेलिए के सामने मृग हो जाते हैं। इस प्रकार सामादि उपायों से विश्वास उत्पन्न करके शत्रु को मार डालना चाहिए। शत्रु को मारने से ही राजा निर्भय हो सकता है। शत्रु पक्ष के त्रिवर्गों प्रभुशक्ति, उत्साह शक्ति, मन्त्रशक्ति, पंचवर्गों (अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, कोश, सेना) और सप्तवर्गों, (साम, दाम, भेद, दण्ड, उद्वन्धन, विषप्रयोग, आग लगाना–शत्रु को वश में करने या दबाने के ये सात साधन हैं) का सर्वथा से अन्य आश्रयियों का स्वतः ही विनाश हो जाता है।[12]

कणिक कूटनीति वर्णन प्रसंग में आगे कहते हैं कि– लोक में विद्वान पुरुषों का यह सारा आयोजन ही अभीष्ट फल की सिद्धि के लिए होता है। जब तक समय बदलकर अपने अनुकूल न हो जाए तब तक शत्रु को कंधे पर बिठाकर ढोना पड़े तो ढ़ोना भी चाहिए। परन्तु जब अपने अनुकूल समय आ जाए तब उसे उसी प्रकार नष्ट कर दें जैसे घडे को पत्थर पर पटक कर फोड़ दिया जाता है।[13]

धृतराष्ट्र ने पुनः पूछा हे कणिक, साम, दाम, दण्ड अथवा भेद के द्वारा शत्रु का नाश कैसे किया जाता है? इस प्रश्न के उत्तर में कणिक ने किसी वन में रहने वाले चालाक गीदड़ और उसके चार मित्रों, बाघ, चूहा, भेड़िया और नेवले का वृतान्त के माध्यम से यह बताते हैं कि डरपोक को भय दिखाकर फोड़ ले, जो अपने से शूरवीर हो उसे हाथ जोड़कर वश में कर लेना चाहिए, लोभी को धन देकर तथा बराबर और कमजोर को पराक्रम से वश में कर लेना चाहिए।

आगे भी कणिक ने कहा कि ऐश्वर्य चाहने वाला राजा शत्रु की भूमिका में आए हुए पुत्र, भाई, मित्र, पिता, गुरु आदि को भी मार डाले। शत्रु पर क्रोध शून्य बने रहें, मीठे वचन ही बोले, शत्रु को मार कर भी दया दिखाये, शोक करें, रोयें और आँसू बहाए, शत्रु के प्रति विश्वास उत्पन्न करें, स्वागत सत्कार करें अवसर आने पर सर्प की भाँति तीखे दाँतों से काटे जिससे शत्रु फिर उठकर बैठ न सके।

आगे के श्लोक में कणिक जी कहते है कि जो विश्वास पात्र नहीं हैं उस पर कभी विश्वास न करें, परन्तु जो विश्वासपात्र हैं उस पर भी अति विश्वास न करें क्योंकि अतिविश्वास से उत्पन्न होने वाला भय राजा की जड़–मूल का भी नाश कर डालता है।[14]

गुप्तचर नियुक्ति के सन्दर्भ में कणिक जी कहते हैं कि– शत्रु के राज्य में पाखण्डी, तपस्वी जैसे वेश–भूषा वाले गुप्तचरों को उद्यान, घूमने–फिरने के स्थान, देवालय, मद्यपान के अड्डे, गली या सड़क, सम्पूर्ण तीर्थस्थान, चौराहे, कुएँ, पर्वत, वन, नदी तथा जहाँ मनुष्यों की भीड़ इकट्ठी होती हो उन सभी स्थानों पर नियुक्त करना चाहिए।

नीतिज्ञ राजा के विषय में कणिक कहते हैं कि ये ऐसे वृक्ष के समान रहें जिसमें फूल तो खूब लगे हों, परन्तु फल न हों, वह बातों से लोगों को फल की आशा दिलाये (उसकी पूर्ति न करें) फल लगने पर भी उस पर चढ़ना अत्यन्त कठिन हो (लोगों की स्वार्थसिद्धि में वह विघ्न डाले या विलम्ब करें) वह देखने में पक्का लगे किन्तु रहे कच्चा (स्वार्थियों की दुराशा को पूर्ण न होने दे) कभी स्वयं जीर्ण न हो (तात्पर्य यह है कि अपना धन खर्च करके शत्रुओं का पोषण न करें)। धर्म, अर्थ और काम का सामंजस्य स्थापित करें। बुद्धि से ही कोई कार्य करें किसी को आशा देकर दीर्घकाल तक रोके रखना चाहिए। राजा को चाहिए कि अपने मनोभाव को किसी के सामने प्रकट न करें। अनुकूल अवसर आने पर उसका प्रयोग करें।

इस प्रकार कणिक ने कूटनीति का चरम–उदाहरण दिया परन्तु यह राजनीति सर्वथा स्वार्थ पर आधारित है यह छद्मनीति का अंग है। कल्याण साधक राजा के लिए यह 'राजधर्म' का अंग नहीं है फिर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से दूसरे से सावधानी के स्तर से यह कूटनीति एक मार्ग–दर्शिका का काम अवश्य करती है।

अध्याय 122 के श्लोक 77 में सीमित परिवार की बात जिसे आज की भाषा में हम 'परिवार नियोजन' (Family Planning) कहते हैं की चर्चा की गयी है। जब पाण्डु ने कुन्ती से तीन सन्तान की प्राप्ति कर लिए तो पुनः लोभवशात् वह और सन्तानोत्पत्ति की बात कुन्ती से कहना चाहते हैं, इस पर कुन्ती उन्हें रोकते हुए कहती हैं कि आर्यपुत्र! आपत्तिकाल में भी तीन से अधिक चौथी सन्तान उत्पन्न करने की आज्ञा शास्त्रों में नहीं दी है। तीन से अधिक चौथी सन्तान चाहने वाली स्त्री स्वैरिणी होती है और पाँचवे पुत्र के उत्पन्न होने पर कुलटा समझी जाती है।[12]

इस प्रकार हम देखते है कि आदिपर्व के अन्तर्गत राजधर्म के कुछ तथ्यों का वर्णन हमें यत्र–तत्र प्राप्त हो जाता है जिससे तात्कालिक राजव्यवस्था का दृष्टान्त कुछ अंशों में प्रतिभासित हो जाता है जो हमारे ज्ञानवर्धन में सहायक होता है।

**सन्दर्भ**

1. यदि राजा न संरक्षेत् पीडा नः परमा भवेत्।। महाभारत, आदिपर्व 41/22
2. न शक्नुयाम चरितुं धर्मं पुत्र यथासुखम्।। महाभारत, आदिपर्व 41/23

3. अराजके जनपदे दोषा जायन्ति वै सदा।
उद्वृत्तं सततं लोकं राजा दण्डेन शास्ति वै।। महाभारत, आदिपर्व 41/27
4. दण्डात् प्रतिभयं भूयः शान्तिरुत्पद्यते तदा।। महाभारत, आदिपर्व 41/28
5. राज्ञा प्रतिष्ठितो धर्मो धर्मात् स्वर्गः प्रतिष्ठितः
राज्ञो यज्ञक्रियाः सर्वा यज्ञाद् देवाः प्रतिष्ठिताः।। महाभारत, आदिपर्व 41/29
6. देवाद् वृष्टिः प्रवर्तेत वृष्टोरोषध्यः स्मृताः।
ओषधिभ्यो मनुष्याणां धारयन् सततं हितम्।। महाभारत, आदिपर्व 41/30
मनुष्याणां च यो धाता राजा राज्यकरः पुनः।
दशश्रोत्रियसमो राजा इत्येवं मनुरब्रवीत।। महाभारत, आदिपर्व 41/31
7. धृतराष्ट्रस्त्वचक्षुष्ट्वाद् राज्यं न प्रत्यपद्यत।
पारसवत्वाद् विदुरो राजा पाण्डुर्बभूव ह।। महाभारत, आदिपर्व 108/25
8. वेदे षडङ्गे निरताः शुचयः सत्यवादिनः।
धर्मात्मानः कृतात्मानः स्युर्नृपाणां पुरोहिताः।। महाभारत, आदिपर्व 169/75
9. यस्तु स्यात् कामवृत्तोऽपि पार्थ ब्रह्मपुरस्कृतः।
ब्राह्मणप्रमुखं राज्यं शक्यं पालयितुं चिरम्।। महाभारत, आदिपर्व 169/73—80
10. पुरोहितमिमं प्राप्य........धर्मकामार्थतत्त्ववित्।। महाभारत, आदिपर्व 173/11—15
11. तत उत्कोचकं तीर्थं गत्वा धौम्याश्रमं तु ते।
ते धर्मविदा पार्था याज्या धर्मविदः कृताः।। महाभारत, आदिपर्व 182/6—10
12. उत्सिक्ताः पाण्डवा नित्यं तेभ्योऽसूये द्विजोत्तम।
ततः सहायांस्तत्पक्षान् सर्वांश्च तदनन्तरम्।। महाभारत, आदिपर्व 139/3—16
13. फलोर्थोऽयं समारम्भो.........घटमिवाश्मनि।। महाभारत आदिपर्व 139/21—22
14. न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नातिविश्वसेत्।
विश्वासाद् भययुत्पन्नं मूलान्यपि निकृन्तति।। महाभारत, आदिपर्व 139/62
15. नातश्चतुर्थं प्रसवमापत्स्वपि वदन्त्युत।
अतः परं स्वैरिणी स्याद्बन्धकी पंचमे भवेत्।। महाभारत, आदिपर्व 122/77

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 SHISRRJ | Volume 3 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# उपसर्गाः

**डॉ0 सन्तोष माझी**
सहाध्यापकः, व्याकरणविभागः राष्ट्रियसंस्कृतविद्यालयः, तिरुपतिः (आ. प्र.)

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 324-329
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

**सारांशः** – माहेश्वरप्रसादात्प्राप्तमक्षरसमाम्नायम् आधारीकृत्य हि महर्षि पाणिनिः व्याकरणं व्यरचयत्। तच्च सूत्रात्मकं महत् विद्यते। स च व्याकरणग्रन्थः "अष्टाध्यायी" इति प्रसिद्धः। अस्याम् अष्टाध्याय्याम् ऊनचत्वारिंशत्-शताधिकत्र्यशीति (3983) सूत्राणि विद्यन्ते। अन्यव्याकरणानामपेक्षया पाणिनीयव्याकरणस्य प्रसारः सम्प्रति दृश्यते। तत्र च कारणं बहूनामाचार्याणां मतान्यपि अत्र संगृहीतानि। वैदिकानां लौकिकानां शब्दानां साधुत्वम् अस्मिन् व्याकरणे निरूप्यते।

**मुख्यशब्दः- उपसर्गाः**, महर्षि पाणिनिः, व्याकरणग्रन्थः, अष्टाध्यायी वस्था।

अस्मिन् शास्त्रे नामाख्यातउपसर्गनिपातत्वेन चातुर्विध्यं लौकिकशब्दानां कृतमस्ति। निघण्टुकाराः वदन्ति यत् वैदिकशब्दानामपि "नामाख्यात उपसर्गनिपातत्वेन" विभाजनं कृतमस्ति। तदेवमाधारीकृत्य यास्कमुनिना निघण्टुव्याख्यानामसरे अर्थात् निरुक्ते उक्तमस्ति यत् –

तान्येतानि चत्वारि पदजातानि नामाख्याते च।
उपसर्गनिपाताश्च तानीमानि भवन्ति।। इति।।

तत्रैव यास्कमुनिना इदमपि उक्तम् यत् – **"तत्रैतन्नामाख्यातयोर्लक्षणम्[1]" "प्रदिशन्ति[2]" "भावप्रधानमाख्यातम्[3]" "सत्त्वप्रधानानि नामानि[4]"** इति। यच्च मतमनुसृत्य श्रीमत्कौण्डभट्टेन भूषणसारे – **'भावप्रधानमाख्यातम्' 'सत्त्व-प्रधानानि नामानि'** [5] इति निरुक्तात् भूवादिसूत्रादिस्थ-क्रियाप्राधान्यबोधकभाष्याच्च "धात्वर्थभावनाप्राधान्यम् अध्यवसीयते" इति मतमुपस्थापितम्।

'भावप्रधानम्' इत्यत्र भावपदस्यार्थः 'क्रिया'। तेन 'पचति', 'गच्छति' इत्यादीनां ग्रहणम्। आख्यातपदे क्रियांशस्य प्राधान्यता भवति। 'सत्त्व-प्रधानानि' इत्यत्र सत्त्वपदस्यार्थः 'द्रव्यम्' इति। तच्च क्रियाभिन्नम्। यथा 'पाकः', 'कृतिः' इत्यादि। यत्र लिङ्गकारकादिसम्बन्धयोग्यत्वं तदेव द्रव्यम् इत्यर्थः। एवम् प्रकारेण नामाख्यातयोः व्याख्यां कृत्वा सम्प्रति उपसर्गम् अनुसरामः।

---

1 निघण्टुः
2 तत्रैव
3 तत्रैव
4 तत्रैव
5 भूषणसारः

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

पाणिनिप्रणीताष्टाध्याय्यां प्रथमाध्याये चतुर्थपादे 'उपसर्गाः क्रियायोगे'[6] इति सूत्रं विद्यते। अत्र 'प्रादयः' इति अनुवर्तते। "गतिश्च"[7] इति च। एवञ्च प्रादयः क्रियायोगे उपसर्गसंज्ञाः गतिसंज्ञाश्च स्युः इति सूत्रार्थः। तद्यथा क्रियायोगे प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अपि, सु, उत्, अभि, प्रति, परि, उप एतेषाम् उपसर्गसंज्ञा भवति। सम्प्रति एते उपसर्गाः द्योतकाः उत वाचकाः इति शङ्का उदेति। तत्र बहवो मतभेदाः दृश्यन्ते। तद्यथा –

1. निरुक्ते गार्ग्य ऋषिमते – "उपसर्गाः वाचकाः"[8] इति।
2. निरुक्तकारः यास्कमुनिमते "उपसर्गाः वाचकाः"[9] इति।
3. शाकटायनमते "उपसर्गाः द्योतकाः" इति।
4. मीमांसकाः नैयायिकाश्च उपसर्गाः द्योतकाः इति वदन्ति। परन्तु एते निपाताः वाचकाः इति मन्यन्ते।
5. वैयाकरणाः उपसर्गाः निपाताश्च द्योतकाः इति मन्यन्ते।
6. वैयाकरणेषु भर्तृहरिस्तावत् मध्यमार्गानुयायी। अर्थात् ते उपसर्गाः वाचकाः द्योतकाश्च भवन्ति इति वदन्ति। तद्यथा –

**"स वाचको विशेषाणां सम्भवाद् द्योतकोऽपि वा"**[10] इति।

**उपसर्गाः वाचकाः**

उपसर्गाः वाचकाः। तद्यथा –

"उच्चावचाः पदार्था भवन्तीति" गार्ग्यः। अर्थात् उपसर्गाणां नानार्थकत्वं सिध्यतीति गार्ग्यः। अमुं प्रसङ्गम् आधारीकृत्यैव यास्कमुनिना उपसर्गाणां नानार्थकत्वं साधितम्। अत्र (निरुक्ते) यास्कमुनिना एकैकस्य उदाहरणैः एकैकः अर्थः प्रदर्शितः। तद्यथा –

**1. आङ् – 'आ' इत्यर्वागर्थे।**

आ अर्थात् आङ् उपसर्गः। 'अर्वाक्' अर्थात् समीपार्थे प्रयोगः भवति। तद्यथा – "सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन[11]" इत्यत्र।

**2. प्र-परा – 'प्र', 'परा' इत्येतस्य प्रातिलोम्यम्।**

'प्र', 'परा' इत्युपसर्गद्वयं 'प्र' इत्युपसर्गस्य विपरीतार्थकं भवति। अर्थात् दूरार्थकः इति। तद्यथा

याश्चे दमुपशण्वन्ति याश्च दूरं परागताः।
सर्वाः सङ्गत्य वीरूधोऽस्यै सं दत्त वीर्यम्।।[12]

**3. अभि – 'अभि' इत्याभिमुख्यम्।**

'अभि' इत्युपसर्गः आभिमुख्यार्थे अथवा नम्रतार्थे प्रयुक्तः। तद्यथा –

**(अ) अभिमुखार्थे –**

---

6 अष्टाध्यायी 1/4/59
7 तत्रैव 1/4/60
8 निरुक्तम्
9 तत्रैव
10 भर्तृहरिकारिका
11 ऋग्वेदः 10.71.10
12 तत्रैव 10.97.21

**न वा अरण्यानिर्हन्त्यन्यश्चेन्नाभिगच्छति।**

**स्वादोः फलस्य जग्ध्वाय यथाकामं निपद्यते।।**[13]

**(आ) नम्रतार्थकत्वे –**

"अभित्वादेव सवितरीशानं वार्च्याणाम् सदावन्भागमीमहे"[14]

**4. प्रति – 'प्रति' इत्येतस्य प्रातिलोम्यात्**

अर्थात् 'प्रति' इत्युपसर्गः 'अभि' इत्युपसर्गस्य विपरीतार्थक इत्यर्थः। अर्थात् दूरार्थकः। तद्यथा

**अग्ने मन्युं प्रतिनुदन्परेषामदब्धो गोपाः परि पाहि नस्त्वम्।**

**प्रत्यञ्चो यन्तु निगुतः पुनस्तेऽश्चैषां चित्तं प्रबुधां वि नेशत्।।**[15]

**5. 'अति', 'सु' – 'अति', 'सु' इत्यभिपूजितार्थे।**

अर्थात् 'अति', 'सु' इत्युपसर्गद्वयं प्रशंसापरकं भवति। तद्यथा –

(अ) 'अति' – यः परस्याः परावतस्तिरोधन्वातिरोचते स नः पर्षदति द्विषः।[16]

(आ) 'सु' – सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्म्यं सुषिरामिव।[17]

**6. 'निर्', 'दूर्' – 'निर्', 'दुर्' इत्युपसर्गद्वयम् 'अति', 'सु' इत्युपसर्गद्वयस्य विपरीतार्थकः भवति। अर्थात् निन्दार्थकः तद्यथा**

**(अ) 'निर्' –**

**युवमेतं चक्रथुः सिन्धुषु प्लवमात्मन्वन्तं पक्षिणं तौग्र्यायकम्**

**येन देवत्रा मनसा निरूहथुः सुपप्तनी पेतथुः क्षोदसो महः।।**[18]

**(आ) 'दुर्' –**

**आ भूरिपाशावनृतस्य सेतु दुरत्येतू रिपवे मर्त्याय**

**ऋतस्य मित्रावरुणा पथा वामपो न नावा दुरिता तरेम।।**[19]

**7. 'नि', 'अव' - 'नि', 'अव' इति विनिग्रहार्थीयौ।**

अर्थात् 'नि', 'अव' इत्युपसर्गद्वयं अभुभूत इत्यर्थे भवति। तद्यथा –

(अ) 'नि' –

उदग्ने तिष्ठ प्रत्या तनुषअव न्यमित्रौ औषतात्तिग्महेतै

यो नो अरातिं समिधानं चक्रे नीचा तं धक्ष्यतसं नशुष्कम्।[20]

---

[13] ऋग्वेदः 10.146.5

[14] तत्रैव 1.24.3

[15] तत्रैव 10.128.6

[16] तत्रैव 10.187.2

[17] तत्रैव 8.69.22

[18] ऋग्वेदः 1.18.2.5

[19] तत्रैव 7.65.3

[20] तत्रैव 4.4.4.

(आ) 'अव' –

ऊर्ध्वौ भव प्रति विध्याध्यस्मदाविष्कृणुष्व दैव्यान्यग्ने
अव स्थिरा तनुहि यातुजूनां जामिमर्जामि प्रमृणीहिशत्रून्।।[21]

**8. उत – 'उत' इत्येतयोः प्रातिलोम्यम्।**

'उत' उपसर्गः 'नि', 'अव' इत्युपसर्गद्वयस्य विपरीतार्थकः अरथात् उत्थार्थकः इत्यर्थः। तद्यथा –

"उदग्ने तिष्ठ प्रत्या .................. न शुष्कम्"[22]

**9. सम् - 'सम्' इत्येकीभावम्।**

अर्थात् 'सम्' इत्युपसर्गाः ऐक्यभावार्थकः। तद्यथा –

**संगच्छध्वं सं वदध्वं संवो मनांसि जानताम्।**
**देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते।।[23]**

**10. 'वि', 'अपि' - 'वि', 'अपि' इत्येतस्य प्रातिलोम्याम्।**

अर्थात् 'वि', 'अपि' इत्युपसर्गद्वयम् 'सम्' –

(अ) वि –

मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः परावत् आ जगन्था परस्याः
सृकं संशाय विमिन्द्र तिग्मं वि शत्रून्ताकि हवि मृध नुदस्व।।[24]

(आ) अप –

आराच्छत्रमप बाधस्व दुरमुग्रो यः शम्बव पुरूहूतः तेन अस्म
धेहि यमवद् गोमदिन्द्र कृधीधियं जरित्रे वाजरत्नाम्।।[25]

**11. अनु – अनु इति सादृश्यपरभावम्।**

अर्थात् अनु इत्युपसर्गः सादृश्यार्थकः। तद्यथा –

**(अ) अनु सादृश्यार्थकत्वे –**

**सद्यो जातस्य ददृशानमाजो यदस्य वातो अनुवाति शोचिः।**
**वृणक्ति तिग्मातमसेषु जिह्वां स्थिरा चिदन्ना दयते वि जम्भैः।।[26]**

**(आ) अनु पश्चातार्थकत्वे –**

**सहस्तोमाः सदृछन्दसः आवृः सहप्रभा ऋषयः सप्त दैव्याः।**
**सर्वेषां पन्थानमुदृश्य धीरा अन्वालेभिरे रथ्योश्च रश्मीन्।।[27]**

---

[21] तत्रैव 4.4.5

[22] तत्रैव 4.4.4.

[23] ऋग्वेदः 10.191.2

[24] तत्रैव 10.180.2

[25] तत्रैव 10.42.7

[26] तत्रैव 4.7.10

**12. अपि - 'अपि' इति संसर्गः।**

अर्थात् 'अपि' इत्युपसर्गः संसर्गार्थकः। तद्यथा उतस्य वाजी क्षिपणिं तुरण्यति ग्रीवायां बद्धो अपिकक्ष आसनि। क्रतुं दधिक्रा अनु सन्तवीत्वत्पथामङ्कास्यन्वीपनीफणत्।।[28]

**13. उप - 'उप' इत्युपजनम्।**

अर्थात् 'उप' इत्युपसर्गः वृद्ध्यार्थे प्रयुक्तः। तद्यथा –

आ घा ता गच्छानुत्तरा युगानि यत्र जामयः कृष्णवन्नजामि।
उप बर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिच्छस्व सुभगे पतिं मत्।।

**14. परि - 'परि' इति सर्वतोभावम्।**

अर्थात् 'परि' इत्युपसर्गः सर्वतोभावः इत्यर्थे प्रयुक्तः। तद्यथा –

परितो षिञ्चता सुतं सोमो य उत्तमं हविः।
दधन्वो ययो नयी अपन्वन्तरा सुषाव सोममद्रिभिः।।[29]

**15. अधि - 'अधि' इत्युपरिभावे ऐश्वर्ये वा**

'अधि' इत्युपसर्गः परिभावः। ऐश्वर्यार्थकश्च भवति। तद्यथा –

**(अ) ऐश्वर्यार्थकत्वे –**

**हिरण्यशृङ्गऽयो अस्य पादा मनोजवा अवर इन्द्र आसीत्।**
**देवा इदस्य हविरद्यमायन्यो अर्वन्तं प्रथमो अध्यतिष्ठत्।।[30]**
**किं स्विद्वनं क उ स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निषृतक्षुः।**
**मनीषिणो मनसा पृच्छतेदु तद्यदध्यतिष्ठद्भुवनानि धारयन्।।[31]**

**"एकमुच्चावयानर्थान् प्राहुः।"** अर्थात् एवम् प्रकारेण उपसर्गाणां वाचकत्वमिति सिद्धान्तः श्रीमद् यास्कमुनिना विविधवैदिकमन्त्राणामुपस्थापनपुरस्सरं प्रत्यपादि।

किन्तु वैयाकरणाः उपसर्गाः द्योतकाः इति मन्यन्ते। तद्यथा –

**उपसर्गाः द्योतकाः –** धातुपाठे भू सत्तायाम्, एध वृद्धौ, अद भक्षणे, हु दानादानयोः, दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहार–द्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु, षूञ् अभिषवे, तुद व्यथने, रूधिर् आवरणे, तनु विस्तारे, चुर स्तेये इत्यादि धात्वर्थनिर्देशः कृतः। अथापि तत्र धातोः स एव अर्थः, अन्यार्थः नास्तीति न चिन्तनीयम्। धातवः अनेकार्थाः। तेषाम् अर्थाः सर्वैर्निरूपयितुमशक्यया प्रयोगेणैव ज्ञातव्याः। तत्रापि उपसर्गाणां योगेन विविधाः अर्थविशेषाः एकस्यैव भवन्ति इति निरूपयन् भट्टोजिदीक्षितेन भू धातोरेव विविधोपसर्गयोगे विभिन्नार्थबोधकत्वं कथमिति समन्वयः अकारि। तद्यथा –

---

[27] ऋग्वेदः 10.130.7

[28] तत्रैव 4.40.4

[29] तत्रैव 9.9.107.1

[30] ऋग्वेदः 1.163.9

[31] तत्रैव 10.81.4

**उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।**

**प्रहाराहारसंहारविहारपरिहारवत्।।**[32]

कारिकायामस्यां हृञ् धातोः विविधोपसर्गयोगे धातुपाठनिर्दिष्ठार्थापेक्षया कथमन्यार्थबोधकत्वमिति निदर्शितं प्रहार इत्यादिना। अत्र प्रहारः – कुशाद्याघातः, आहारः – भक्षणम्, संहारः – वधः, विहारः – क्रीडा, परिहारः – परित्यागः इत्यर्थः।

एतदेव अमरेणआपि उक्तम्। तद्यथा –

**स्यादाभाषणमालापः प्रलापोऽनर्थकं वचः।।**

**अनुलापो मुहुर्भाषा विलापः परिदेवनम्।**

**विप्रलापो विरोधाक्तिः संलापो भाषणं मिथः।।**

**सुप्रलापः सुवचनम् अपलापस्तु निह्नवः।**[33]

अत्र लप धातोः उपसर्गयोगे विविधार्थाः प्रदर्शिताः। एवंरूपेण केचन **'उपसर्गा वाचकाः'** इति च मन्यन्ते।

**सहायकग्रन्थसूची**


1. **अष्टाध्यायीसहजबोधः** – पुष्पा दीक्षित, पाणिनीयशोधसंस्थान, छत्तीसगढ, 2004.
2. **ऋग्वेदसंहिता**, विद्यनिधिप्रकाशन, दिल्ली, 2004.
3. **निघण्टु**, यास्कः, श्रीमत्स्वामिदयानन्दसरस्वरीकृतशब्दानुक्रमणिकया सहितः, वैदिक पुस्तकालय अजमेर.
4. **पाणिनीय अष्टाध्यायीसूत्रपाठः** सम्पा – कृष्णदास अकादमी वारणसी, पं सत्यनारायणशास्त्री खण्डुडी, 2012
5. **प्रौढमनोरमा**, (प्रथमो भागः) भट्टोजिदीक्षित, सम्पा. – श्रीसीतारामशास्त्री, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी, वैक्रमाब्द – 2021
6. **भूषणसार-परमलघुमञ्जुषयोः सिद्धान्तानां समीक्षा**, डा. राममनोहरमिश्रः, सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी।
7. **लघुशब्दन्दुशेखरः**, नागेशभट्टः, चौखम्बासंस्कृतप्रतिष्ठानदिल्ली – 2001.
8. **लघुशब्देन्दुशेखरः**, वाराणसी, चौखम्बा विद्याभवन, हरिनारायण तिवारी, सम्पा. – 2014.
9. **व्याकरणमहाभाष्यम्,**चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठान, दिल्ली, 2021.
10. **वाक्यपदीयम् (ब्रह्मकाण्डम्)**, भर्तृहरिः, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2006..
11. **वैयाकरणभूषणसारः**, कौण्डभट्टः, चोखम्बासंस्कृतसिरीज्, वाराणसी, 1969.
12. **वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी**, (संश्रिगिरिधरशर्मा, म. म (मोतीलाल बनारसीदास, देहली, 1997.
13. **वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदीतत्त्वबोधिनीसहिता**, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2006.


32 भर्तृहरिकारिका

33 अमरकोषः 2/6/15.16

# महाभाष्यवचनाच्च सर्वेषां शब्दानां धातुप्रत्यनिष्यन्तत्वात् को नाम धात्वर्थ ?

**डॉ. छगन लाल महोलिया**

**सह आचार्य (संस्कृत), श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर।**

**Article Info**
Volume 3, Issue 5
Page Number : 330-331
**Publication Issue :**
September-October-2020
**Article History**
Accepted : 20 Sep 2020
Published : 30 Sep 2020

इति महाभाष्यवचनाच्च सर्वेषां शब्दानां धातुप्रत्ययनिष्पन्नत्वात् को नाम धात्वर्थ इति जिज्ञासा कस्य हृदयाम्बुजे नोदेति ? दार्शनिकानां मते धात्वर्थविषये पर्याप्तं वैमत्यमवलोक्यते । वैयाकरणानां मतद्वयं वर्तते । प्राचीनं नवीनं च । वैयाकरणास्तु फलव्यापारयोः धातुवाच्यत्वं स्वीकुर्वन्ति आख्यातार्थश्च कर्तृकर्मणी । तत्र आख्यातार्थकर्तुरपि' चैत्रः ओदनं पचति' चैत्रादिनाऽभेदेनान्वयः फलञ्च अनुकूलत्वसम्बन्धेन व्यापारे विशेषणम् आख्यातार्थकर्तुरपि व्यापारे एव निरूपकत्वसम्बन्धेनाऽन्वयः व्यापारमुख्यविणेष्यकश्च शाब्दबोधः' भावप्रधानमाख्यातम्' सत्त्वप्रधानानि नामानि' इति निरुक्तवचनात् । तण चोक्तं कौण्डभट्टेन

प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि' इति गौतमसूत्रोक्तप्रमाणेषु वैयाकरणैः प्रधानतया शब्दस्य प्रामाण्यमुररीक्रियते । तदुक्तम्महाभाष्ये' शब्द प्रमाणका वयम् यच्छब्द आह तदस्माकम्प्रमाणम्' तत्र' नामान्याख्यातजानीति शाकटायनो नैरुक्तसमयश्च न सर्वाणीति गार्यो वैयाकरणानां चैके इति निरुक्तवचनात्

नाम च धातुजमाह निरुक्ते ।
व्याकरणे शकटस्य च तोकम् ।।
फलव्यापारयोर्धातुराश्रये तु तिङः स्मृताः ।
फले प्रधानं व्यापारस्तिर्थस्तु विशेषणम् ।। इति ।

फलव्यापारौ धातुवाच्यौ आख्यातार्थः कर्तृकर्मणी व्यापारमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधश्चेति वैयाकरणानां मतम् ।

तत्र को नाम व्यापार इति जिज्ञासायां कौण्डभट्टाः साध्यत्वेनाभिधीयमानायाः क्रियाया एव व्यापारत्वं स्वीकुर्वन्ति । उक्तञ्च तैः - व्यापारस्तु भावनाभिधा साध्यत्वेनाविधीयमाना क्रिया । भर्तृहरिणाऽप्युक्तम्

यावत् सिद्धमसिद्धं वा साध्यत्वेनाभिधीयते ।
आश्रितक्रमरूपत्वात् सा क्रियेत्यभिधीयते ।।

अनेन लक्षणेन ज्ञायते यद् व्यापाररूपा क्रिया द्विविधा भवति - सिद्धा साध्या च । तत्र साध्यस्वभावक्रिया तिङन्तस्थले सिद्धस्वभावक्रिया च कृदन्तस्थले भवति । साध्यरूपक्रिया तत्रैव भवति यत्र क्रियान्तराकाङ्क्षा न भवति । यथा - गच्छति इत्यत्र प्रतीयमाना उत्तरदेशसंयोगानुकूलव्यापाररूपा क्रिया साध्यस्वभावा । उक्तञ्च कौण्डभट्टेन - तथा च क्रियान्तराकाङ्क्षानुत्थापकतावच्छेकरूपत्वं साध्यत्वम् । अनुभव एव क्रियायाः साध्यत्वे प्रमाणम्, तथाहि पचति' पाकः' इत्यत्र धात्वर्थः विक्लित्त्यनुकूलव्यापाररूपोऽस्ति, किन्तु पाकः इत्यत्र क्रियान्तराकाङ्क्षा भवति पचति इत्यत्र क्रियान्तरस्य आकाङ्क्षा न भवति । अतः' पचति गच्छति' इत्यत्र साध्यरूपैव क्रिया । पाक इत्यत्र पच्यातुवाच्या क्रिया साध्यस्वभावा प्रत्ययघजादिवाच्या च सिद्धस्वभावा इति सिध्यति । उक्तञ्च कौण्डभट्टेन.

साध्यत्वेन क्रिया तत्र धातुरूपनिबन्धना ।
सिद्धभावस्तु यस्तस्याः स घजादिनिबन्धनः ।।
वस्तुतः सांध्यत्वेन प्रतीयमाना क्रिया एव व्यापारः ।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

नागेशमते व्यापारस्य स्वरूपं११ धात्वर्थफलजनकत्वे सति धातुवाच्यत्वम् । यथा पचादिधातौ फूत्कारादिव्यापाराः धातुवाच्याः सन्ति । सर्वेषामेव तेषां व्यापाराणां धातुवाच्यत्वात् । उक्तञ्च -' अयञ्च १२ व्यापारः फूत्कारत्वाधःसन्तापनत्वयत्नत्वादितत्तद्रूपेण वाच्यः ।' पचति' इत्यादौ तत्तत्प्रकारक बोधस्यानुभवसिद्धत्वात् । न च पच्यातोरनेकव्यापारवाचकत्वे' नानाधर्मावच्छिन्नशक्यतानिरूपितैकधर्मावच्छिन्न शक्ततावत्त्वरूपनानार्थतापत्तिः स्यादिति चेत् - अत्रोच्यते बुद्धिविशेषस्य शक्यतावच्छेदकत्वस्वीकारेण न नानार्थतापत्तिः । उक्तञ्च वाक्यपदीयेऽपि

गुणभूतैरवयवैः समूहः क्रमजन्मनाम् ।
बुद्धया प्रकल्पिताऽभेदः क्रियेति व्यपदिश्यते ।। १३ ।

तस्मात् - फूत्काराधः श्रयणाधिश्रयणादिसर्वेषां धातुवाच्यत्वात् धात्वविक्लित्तिजनकत्वाच्च व्यापारत्वमक्षुण्णमेव ।

वैयाकरणभूषणसारस्य दर्पणव्याख्यायां यदिदं व्यापारलक्षणं खण्डितं तन्न समीचीनम् । युक्तिविरुद्धत्वात् । तथा हि -' अत एव न तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वरूपं तन्त्रान्तरप्रसिद्धं तत् । तदवच्छिन्नस्य धातुवाच्यत्वे साक्षाद्विक्लित्तिजनकान्तिमानिसंयोगदशायां' पचति' प्रयोगः स्यात् न त्वधिश्रयणादिदशायामपि तेषामन्तिमाग्निसंयोगेनान्यथासिद्धतयाविक्लित्त्यजनकत्वात् इति ।

सिद्धान्ते तु तेषामन्यथासिद्धत्वाभावाद् विक्लित्तिं प्रति जनकत्वेन तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वमस्त्येवेति न कश्चन दोषः । तस्मात् नागेशमते' व्यापारत्वं तज्जन्यत्वे सति - तज्जन्यजनकत्वरूपम् । कौण्डभट्टमते साध्यत्वेनाभिधीयमाना क्रिया एव व्यापारः इति ।

मयायंमाशयः

एवञ्च फलाभावात् व्यापारमात्रमेवार्थोऽस्त्यादीनाम् । अतः फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्वरूपं सकर्मकत्वं तेषां नास्ति । तस्यायमाशयः - यदि तत्र फलांशस्य प्रतीतिर्नास्ति । अतः फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्वमपि नास्ति तर्हि तद्वाच्ये व्यापारे तद्वाच्यफलजनकत्वं कथं स्यात्, फलांशाभावात् धातुवाच्यव्यापारे धातुवाच्यफलजनकत्वं कथं स्यात्, फलांशाभावात् धातुवाच्यव्यापारे धातुवाच्यफलजनकत्वाभावात् धातुवाच्यत्वे सति धातुवाच्यफलजनकत्वं व्यापारे नास्ति, अतः अव्याप्तिदोषः, अतः नागेशाभिमतव्यापारलक्षणं अव्याप्तिदोषग्रस्तत्वात् न समीचीनम् ।

वस्तुतः कौण्डभट्टाभिमत एव व्यापारो युक्तियुक्तत्वात् स्वीकरणीयः, नागेशभट्टाभिमत व्यापारस्वीकारे तु नागेशवचनैरेव विरोधः स्यात् । तथाहि सकर्मकत्वाकर्मकत्वस्वरूपविवेचनप्रसङ्गे तदुक्तम् क्वचित्तु५ फलंशाभावदकर्मकत्वम् । यथाऽस्त्यादौ केवलं सत्तादिरेवार्थः, अत्र फलांशस्य सूक्ष्मदृष्ट्याप्यप्रतीतेः इति ।

**सन्दर्भाः**


१. गौतमन्यायदर्शनम्, १. १. ३
3 यास्कनिरुक्तम्, १. ४. १
निरुक्तम्, १. ९
5. वै. भू. सा. धावनिर्णये
9. वै. भू. सा. धात्वर्थनिर्णये
११. परमलघुमञ्जूषायां, धात्वर्थविचारः
15. वाक्यपदीयम् क्रियासमुद्देशः ४
प. ल. म. धात्वर्थनिरूपणे
2. महाभाष्यम् १. १. १
4. महाभाष्यम् १. १. १
6. वै. भू. सा. कारिका २
8. वाक्यपदीयम - क्रियासमुद्देशः, १
10 .वाक्यपदीयम् २. ८.
12. ४८ वै. भू. सा. धात्वर्थनिर्णये
14. वै. भू. सा. दर्पणटीकायाम्, पृ. १६

TECHNO SCIENCE ACADEMY

THE INTERNATIONAL OPEN ACCESS PUBLISHER

**Shodhshauryam**

**International Scientific Refereed Research**


**Publisher**

**Technoscience Academy**

Website : www.technoscienceacademy.com

Email: info@technoscienceacademy.com

**Email: editor@shisrrj.com**